विपरीतप्रत्यंगिरापुनश्चर्या

डॉ. रामप्रिय पाण्डेय

विपरीतप्रत्यंगिरापुनश्चर्या

डॉ. रामप्रिय पाण्डेय

स्वाध्यायान्न प्रमदितव्यम्
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन-वाराणसी

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
598

विपरीतप्रत्यङ्गिरापुनश्चर्या

साङ्गोपाङ्ग-विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणपद्धतिः

लेखक एवं सम्पादक

डॉ० रामप्रिय पाण्डेय

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

© सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी अंश का किसी भी रूप में पुनर्मुद्रण या किसी भी विधि (जैसे-इलेक्ट्रोनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या कोई अन्य विधि) से प्रयोग या किसी ऐसे यंत्र में भंडारण, जिससे इसे पुन: प्राप्त किया जा सकता हो, प्रकाशक की पूर्वलिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

विपरीतप्रत्यङ्गिरापुनश्चर्या

पृष्ठ : 30+769
ISBN : 978-93-85005-31-2

प्रकाशक
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001
दूरभाष : +91 542-2335263
email : chaukhambasurbharatiprakashan@gmail.com
website : www.chaukhamba.co.in

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

संस्करण 2018 ई.
मूल्य : ₹ 900.00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली 110002
दूरभाष : +91 11-23286537; 32996391
email : chaukhambapublishinghouse@gmail.com

●

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113, दिल्ली 110007

●

चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001

सम्पादकीय

'पञ्चायतन' के पञ्चदेवों में शक्ति का विशिष्ट स्थान होता है, शक्ति को उमा कहा गया है, यह उमा साक्षात् ब्रह्म ही है। ब्रह्म का अपर पर्याय ही उमा है।

ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म में ॐकार में तीन वर्णमातृकाओं का संयुक्त रूप होता है। अकारो विष्णु: (आत्मतत्त्व) उकारो महेश: (ईश्वरतत्त्व) मकारो शक्ति: (परतत्त्व) का वाचक है, इन अकार, उकार तथा मकार के संयोग से ही ॐकार शब्द ध्वनित होता है, अकार, उकार तथा मकार के वर्ण व्यत्यासत्वेन उकार, मकार तथा अकार के संयोजन से उम बनता है तथा स्त्रीलिङ्ग में टाप् करने पर उमा शब्द निष्पन्न होता है जो शक्ति स्वरूपिणी साक्षात् ब्रह्म का ही वाचक है।

उमा ही साक्षात् मूल प्रकृति और परब्रह्म स्वरूपिणी है तथा समस्त चराचर जगत् के प्रबुद्धों, देवदानओं सबकी देवता हैं।

या मूलप्रकृतिः शुद्ध जगदम्बा सनातनी।
सैव साक्षात्परं ब्रह्म सास्माकं देवतापि च॥

उमा ही सच्चिदानन्दविग्रहा, सुनिष्कला, नित्यानन्दमयी, शुद्धा, ज्ञानमयी, नित्या, वाचातीता तथा प्रकृति स्वरूपिणी है।

स्थिता प्रकृतिरेका सा सच्चिदानन्दविग्रहा।
शुद्धाज्ञानमयी नित्या वाचातीता सुनिष्कला॥

समस्त चराचर जगत् में सर्वमयी शक्ति उमा ही है, वे कहाँ कहाँ नहीं है अर्थात् सर्वत्र ही है।

किं नाहं पश्य संसारे यद्वियुक्तं किमस्ति हि।
सर्वमेवाहमित्येवं निश्चयं विद्धि पद्मज॥

इस नामरूपात्मक जगत् में यह उमा ही सर्व रूपोंवाली हैं, समस्त सृष्टि रूप देवी मय है अत: स्वयं उमा ही विश्वरूपिणी हैं।

सर्वरूपमयी देवी सर्वं देवीमयं जगत्।
अतोऽहं विश्वरूपां तां नमामि परमेश्वरीम्॥

अखिल ब्रह्माण्डनायिका मातेश्वरी उमा परमेश्वर की प्रधान शक्ति हैं, जो परब्रह्म परमात्मा

के सृष्टि का कल्याण तथा उसकी रक्षा करती हैं, वे ही व्यवहारचतुष्टय के समय विभिन्न रूपों को ग्रहण करती हैं—

एकैव शक्तिः परमेश्वरस्य भिन्नाश्चतुर्धा व्यवहारकाले।
पुरुषेषु विष्णु भोगे भवानी समरे च दुर्गा प्रलये च काली॥

इनकी श्रद्धा-भक्तिपूर्वक आराधना करके मनुष्य अपने जीवन में समस्त कामनाओं की पूर्ति कर आप्तकाम हो जाता है।

यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।
परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान्॥

ये उमा ही कार्य भेद से नव रूपों वाली हो जाती है इनमें द्वितीया भद्रकाली ही विपरीत प्रत्यङ्गिरा के रूप में प्रतिष्ठित है।

काली नवविधा प्रोक्ता सर्वतन्त्रेषु गोपिता।
आद्या दक्षिणकाली सा भद्रकाली तथापरा॥१॥
अन्या श्मशानकाली च कालकाली चतुर्थिका।
पञ्चमी गुह्यकाली च पूर्वं या कथिता मया॥२॥
षष्ठी कामकलाकाली सप्तमी धनकालिका।
अष्टमी सिद्धिकाली च नवमी चण्डकालिका॥३॥
भद्रकालीपरागुह्या विपरीतासमावृता।
प्रत्यङ्गिरासमाख्याता लोककल्याणहेतवे॥४॥

भद्रकाली की उपासना समस्त अभिचारों को विपरीत कर देता है अर्थात् समस्त दुःखों को सुखों में बदल देता है, इनके मन्त्रस्तोत्रादि का पाठ करने से साधक सर्व समर्थ बन जाता है और इस विपरीत काली के प्रभाव से सर्वत्र आनन्द प्राप्त करता है इसमें कोई भी सन्देह नहीं है।

पठनाद्धारणाद्देवि! सृष्टि संहारको भवेत्।
अभिचारादिकाः सर्वा या या साध्यतमाः क्रियाः॥४॥
स्मरणेन महाकाल्या नाशंजग्मुः सुरेश्वरि।
सिद्धविद्या महाकाली यत्रेवेह च मोदते॥५॥

प्रस्तुत ग्रन्थ के लेखन में पद्धति को सरलतम बनाने में बह्वस्थलों में पुनरुक्ति हुई है जो संस्कृत और कर्मकाण्डोपासनादि न जाननेवालों के लिए है जिससे उनको कोई कठिनाई न हो, पिपासु जन इससे लाभान्वित होगें।

श्रावण शुक्ला पञ्चमी सम्बत् २०६९ **रामप्रिय पाण्डेय**



श्रीगुरोः स्तुतिकुसुमाञ्जलिः

काश्यामुपेत्यविधिवत् तपसाबलेन, प्राप्तश्रियः सकलशास्त्रविचारदक्षान्।
अध्यापनेन सततं कृतशास्त्ररक्षान्, श्रीवायुनन्दनबुधान् प्रणमामि नित्यम्॥१॥
पूर्वं नमस्त्रिमुनिशास्त्रविचक्षणाय, साहित्यमर्मविदुषे कृतिने ततश्च।
मीमांसया दलितदुर्व्यसनाय पश्चात्, श्रीवायुनन्दन! महामतये नमस्ते॥२॥
शास्त्राण्यधीत्य बहवः कटुकैर्विवादैर्ग्रस्तान्तरास्तु समयं क्षपयन्ति नित्यम्।
श्रौतप्रभाविलसिता गुरवो मदीयाः श्रीविश्वनाथपदभक्तिजुषः किलासन्॥३॥
साहित्यशास्त्रसुरवृक्षविवर्धनेन, तस्यामृताभफलदानमनोहरेण।
सत्रेण भारतधरा किल यस्य भाति, तस्मै बृहस्पतिनिभाय नमो नमस्ते॥४॥
ये ब्रह्मवंशविभुताकलितान्तरङ्गा, आचारतश्च भृतभूरिविभूतिभङ्गाः।
गङ्गावगाहनशिवार्चनतत्परास्ते, श्रीवायुनन्दनबुधा गुरवो जयन्ति॥५॥
भस्मत्रिपुण्ड्रविलसच्छुभविग्रहाणां, विद्याविलासविगलन्मधुवाग्झराणाम्।
पाण्डेयवर्यविदुषां पदयोर्नतिर्नो, भूयादहर्निशममङ्गलनाशनाय॥६॥
काश्यां विपश्चिदतुलासु सभासु सभ्या, यत्सन्निधौविधृतमौननिभा अभूवन्।
तान् विश्वनाथपदपङ्कजभृङ्गभूतान्, श्रीवायुनन्दनगुरून् सततं स्मरामि॥७॥
जाज्वल्यमाननिजपावनविग्रहेण, लोकोत्तरेण महसा च तपोबलेन।
श्रीविश्वनाथपदमाशुगतं भवन्तं, ध्यात्वा पितः वयमहो कृतिनो भवामः॥८॥

परमपूज्यश्रीपितृचरणगुर्वर्पणमस्तु

।।श्रीः।।

श्रद्धासुमनाञ्जलीः

साहित्योदधिमज्जितोऽतिगहनान् ग्रन्थान् समालोचयन्,
शास्त्राभ्यासपरायणः प्रतिदिनं स्वाध्यायशीलः सुधीः।
शृङ्गारादिरसैः सदार्द्रहृदयो विद्वद्वरेण्याऽग्रणीः,
वन्द्यः पण्डितवायुनन्दनकविर्विश्वेश्वरोपासकः॥१॥
रामे भक्तियुतो यथाऽमितबली वायोः सुतः कीर्तिमान्,
रामाभ्यां समधीतवाननलसः शास्त्रं तथा बुद्धिमान्।
प्राप्नोद् व्याकरणे पटुत्वमचिरं विद्योतितो ज्योतिषा,
सत्संस्कारमथाग्रहीद् द्विजकुलस्याप्यत्र बाल्ये व्रती॥२॥
विद्याम्भोधिनिमज्जनोद्धुरमना सारस्वतः साधकः,
काशीं मुक्तिकरीमुपेत्य विदुषः कालीप्रसादादसौ।
विज्ञातुं समुपस्थितः प्रमुदितः शास्त्रार्थतत्त्वं परं,
पातुं काव्यसुधारसं च रुचिरं श्रेयस्करं दुर्लभम्॥३॥
काश्यां संस्कृतशिक्षणेऽतिनिपुणोऽयं विश्वविद्यालये,
आचार्येति प्रतिष्ठिते गुरुपदे संशोभितोऽभूदहो।
आदर्शञ्च समस्तशिक्षकगणस्यादर्शयन् सुन्दरम्,
छात्राध्यापनतरः समभवद् विजयते वाणीसुतः सात्त्विकः॥४॥
श्रीवायुनन्दन-पाण्डेयं ज्ञानमार्तण्डरूपिणम्।
आचार्यप्रवरं भक्त्या भूयो भूयो नमाम्यहम्॥५॥

श्रद्धासुमनाञ्जलिः श्रीगुर्वर्णणमस्तु

भूमिका

जीव ही माया जनित वृत्तियों के द्वारा आबद्ध होने से पशु संज्ञक होता है, शक्ति के ही कारण पशुत्व की अवधारणा होती है, जीव को पाशविक वृत्तियों के अज्ञानावरण से आच्छादन करने के जो कारक है उनमें मायाशक्ति ही मूल है।

स्वरूपावरणे चास्य शक्तय: सततोद्यता:।
यत: शब्दानुवेधेन न विना प्रत्ययोद्भव:।।

शक्ति ही जीव को बन्धन प्रदान करती है वही अविद्या से ग्रस्त कर संसार के विषयों में आवद्ध कर देती है।

सेयं क्रियात्मिका शक्ति: शिवस्य पशुवर्त्तिनी।
बन्धयित्री स्वमार्गस्था ज्ञाता सिद्ध्युपपादिका।।

विश्वरूप शरीरधारी शिव से जीव अभिन्न है, केवल उसकी मायाशक्ति से स्वरूपाभिव्यक्ति न होने से संकुचित स्वरूपवाला होता है, संकोच भी चिदैक्य रूप से विकसित होने के कारण चिन्मय होता है अत: समस्त जीव विश्वशरीरधारी शिव ही है।

यस्मात् सर्वमयो जीव:. सशरीरीसदाशिव:।

जीव और शिव में अभेद है अर्थात् जो जीव है वही शिव है, अविद्या के कारण संकोच-वश शिव ही जीव संज्ञक होता है।

शिवजीवयोरभेद:. संकोचात् जीवसंज्ञक:।

इस अभेदात्मकता का परिज्ञान ही मुक्ति है तथा इसका अपरिज्ञान ही बन्धन है।

एतत् तत्त्वपरिज्ञानमेव मुक्ति:.........................।
एतत् तत्त्वापरिज्ञानमेव च बन्ध:......................।

बन्धन का संग्राहक विकल्प है, विकल्प का संग्राहक चित्त है और चित्त में रहनेवाली चिति(शक्ति) जब अपने स्वरूप को संकुचित करती है तो उनकी दो प्रकार की अवस्था हो जाती है, प्रथम संकोचावलम्बन, द्वितीय पूर्णव्याप्तावलम्बन। इसी संकोचावलम्बन के कारण ही शिव का विश्वात्मक व्यापक शरीर संकुचित होकर जीव हो जाता है, उसमें उसकी शक्ति भी संकोच को धारण करके अपनी पूर्णव्याप्तावस्था की अविद्या के कारण जीवमय हो जाती है अत: जिस प्रकार शिव विश्वरूप शरीरवाले हैं उसी प्रकार विश्वरूपिणी शक्ति

भी संकुचित चिद्रूप वटबीज के सदृश संकुचित समस्त विश्वरूप होती हैं, इसी कारण कहा गया है कि शिव शरीरी भी है, शरीर भी है एवं समष्टि रूप से समस्त शरीरों का शरीरी आत्मा है।

शक्ति को ही कालिका कहा गया, ये ही भेदोपभेद से अनन्त रूपोंवाली कही गयी हैं, उन्हीं के कारण साक्षात् ब्रह्म ही ब्रह्माविष्णु तथा महेश्वर रूप होकर सृष्टिस्थिति और विनाश करते हैं।

या मूलप्रकृतिः शुद्धा जगदम्बा सनातनी।
सैव साक्षात्परं ब्रह्म सास्माकं देवतापि च॥
अयमेको यथा ब्रह्म तथा चायं जनार्दनः।
तथा महेश्वरश्चाहं सृष्टिस्थित्यन्तकारिणः॥
एवं हि कोटिकोटीनां नानाब्रह्माण्डवासिनाम्।
सृष्टिस्थितिविनाशानां विधात्री सा महेश्वरी॥

'कल' शब्दसंख्यानयोः, 'कल' विक्षेपे, 'कल' गतौ, 'कल' शब्दे धातुओं से शब्द, विक्षेप, गति के अर्थ में कल धातु से **कलति, कलते, कलयति, कलयते वा सर्वं आत्मनि इति कलः**, जिसका अर्थ होता है जो अपने अन्दर ध्वनि करे, सबकी रचना करे, ज्ञान करे, सिद्ध करे, मुक्त करे उसको कल कहते हैं, स्वार्थ में अण् प्रत्यय करने पर कल ही काल हो जाता है, जो सभी भूतों को प्रेरित करता है, स्पन्दित करता है इत्यादि अर्थ निकलता है अर्थात् जो अपने में ही स्वयं स्फुरित हो, संचरित हो, समस्त भूतों को संचालित करता हो, प्रेरित करता हो, सक्रिय करता हो उसे काल कहते है, यह काल ही पृथिवी तत्त्व प्रधान शरीर में व्याप्त रहता है सदैव वर्तमान रहता है इसका कोई आद्यन्त नहीं है इसी से इसे ईश्वर कहते हैं, भूत वर्तमान भविष्य से अतीत होने के कारण ध्रुव तथा सर्व सामर्थ्यवान होने तथा सबका हित करने एवं सबको अपने में समाहित करने के कारण ही शिव कहते है। काल शब्द समय का भी वाचक है। काल की शक्ति ही काली है। जिसके कारण काल सामर्थ्यवान होता है वही काली है। उसके बिना शिव शवरूप हो जाता है। यह काल ही महत् स्वरूपात्मक होने से महाकाल तथा अनन्त अनादिनिधन अखण्ड नित्य और विभु होने से परमेश्वर है, उसी से समस्त भुवनों की उत्पत्ति होती है वही सर्व प्रथम देवता है।

कलशब्दसंख्यानयोः, कलविक्षेपे, कलगतौ, कलशब्दे इति धातोः कलति, कलते, कलयति, कलयते वा सर्वं आत्मनि इति कलः स्वार्थे अण् कृते कालेति शब्दः).निष्पद्यते, कालयति प्रेरयति सर्वाणि भूतानि अर्थेति काल शब्दोद्बुध्यते। कु पृथिव्यां आत्मनः लाति आयाति व्याप्यति इति कालः। स नित्यः, आद्यन्तविहीनः नित्यवर्तमानकालिकः, ईश्वरः, ध्रुवः, शिवः। धातुनां अनेकार्थत्वात् कालशब्दः

समयवाचकश्च। कालस्य ईः शक्तिः कालिः। शक्तिः सामर्थ्यवचकश्च। कालियुक्तः कालः सर्वसामर्थ्यशालिनः, तद्विहीनः शवरूपः। शक्तियुक्तः शिवः महदात्मकः परमेश्वरात्मकः अनन्तः अनादिनिधनः अखण्डः नित्यः विभुः।

कालोऽश्वो वहति सप्तरश्मिः सहस्राक्षोऽजरो भूरिरेताः।
तमारोहन्ति कवयो विपश्चितस्तस्य चक्रा भुवनानि विश्वा॥१॥
स इमा विश्वा भुवनान्यञ्जत् कालः स ईयते प्रथमो नु देवः।
स एव सम्भुवनान्याभरत् स एव सम्भुवनानि पर्यैत्॥२॥
पिता सन्नभवत् पुत्र एषां तस्माद् वै नान्यत् परमास्ति तेजः।

काल से ही दिवस, पृथिवी उत्पन्न हैं, काल से समस्त भूतादि पोषित हैं, काल ही तप है, काल ज्येष्ठ है, काल ही ब्रह्म में समाहित है, काल ही सभी का ईश्वर है, काल ही समस्त जन्म लेने वालों का पिता हैं, काल ही प्रजा का निर्माण करता है, काल ही स्वयम्भू है।

कालोऽमुं दिवमजनत् काल इमाः पृथिवीरुत।
कालेऽहं भूतं भव्यं पोषितं ह वै तिष्ठते॥१॥
काले तपः काले ज्येष्ठं काले ब्रह्म समाहितम्।
कालो ह सर्वस्येश्वरो यः पितासीत् प्रजायेत्॥२॥
कालः प्रजा असृजत कालोऽगे प्रजापतिम्।
स्वयम्भू कश्यपः कालात् तपः कालादजायत॥३॥

इस लोक तथा परलोक में जिनसे पुण्य का विधान होता है उसे ही ब्रह्म तथा काल कहते है वही एक मात्र परम देवता है।

इमं च लोकं परमं च लोकं पुण्यांश्च लोकान् विधृतीश्च पुण्याः।
सर्वान् लोकानभिजित्य ब्रह्मणा कालः स इयते परमो नु देवः॥

काल से ही ऋचायें है और उसी से यज्ञ उत्पन्न होता है।

कालाद् ऋचः समभवन् यजुः कालादजायत।

यहीं काल समष्टि और व्यष्टि दो भेदों वाला है, जिससे यह महाकाल और खण्डकाल रूपोंवाला है, खण्डकाल का ही वाचक समय है, जिसका क्षण, दिन, पक्ष, मास, वर्ष, युग और मन्वन्तर स्वरूप है।

नित्यौ जन्यश्च कालौ द्वौ तयोराद्यः परेश्वरः।
सोऽवाङ्मनसगम्योऽपि देही भक्तानुकम्पया॥१॥
निश्चितं कालनानात्वमनादिनिधनं च यत्।
कीर्त्तितं यत्पुरस्तान्मे सुते यश्चात्ति च प्रजाः॥२॥
भूतानामन्तकृत्कालः कालोऽन्यः कलनात्मकः।

यह काल ही मायावी अर्थात् शक्ति सम्पन्न है, यह सर्वज्ञ, स्वतन्त्र, नित्य, अलुप्तशक्ति, अनन्त शक्तिवाला है, सम्पूर्ण जगत् इसके अधीन है।

मायावी सर्वशक्तीशः कालः कालकरः प्रभुः।
करोति कालः सकलं संहरेत् काल एव हि॥१॥
कालः स्थापयते विश्वं कालाधीनमिदं जगत्।

तथा च,

सर्वज्ञतातृप्तिरनादिबोधः स्वतन्त्रतानित्यमलुप्तशक्तिः।
अनन्तशक्तिश्च विभोर्विधिज्ञा आहुः षडङ्गानि महेश्वरस्य॥

इस परमेश्वर महाकाल की कलना शक्ति ही काली है, वह महाकाल के साथ नित्य अत्यन्त अभेदमयी है।

कलयतीति कालि, महाकालस्य ईः शक्ति महाकालिः। सा च नित्य अभेदरूपा। कार्यकारणवसात् भेदरूपाश्च।

महाकाल शिव ही शक्ति महाकाली है, जो शक्ति महाकालि है वही महाकाल है। जिस तरह से चन्द्रिका चन्द्र में ही रहती है उसी प्रकार महाकालशिव तथा महाकालीशिवा भी अभिन्न हैं।

शिवाभिन्ना पराशक्तिः सर्वकर्मशरीरिणी।
वामादीच्छादिभेदेन मिथुनत्रयतां गता॥१॥
न शिवेन विना देवी न देव्या च विना शिवः।
नान्ययोरन्तरं किञ्चिच्चन्द्रचन्द्रिकयोरिव॥२॥

महाकालशिव शक्ति महाकालीशिवा से तथा महाकालीशिवा महाकालशिव से कभी भी भिन्न तथा पृथक् नहीं होती।

न शिवः शक्तिरहितो न शक्तिर्व्यतिरेकिणी।
शक्तिशक्तिमतोर्भेदः शैवे जातु न वर्ण्यते॥

शुद्ध महेश्वर अपने शक्ति के द्वारा ही पर, परापर और अपरा भेदयुक्त अवस्थावाले हैं।

परापर परेशान शशाङ्ककृतशेखर।
योगाधियोगिन् सर्वज्ञ सर्वभूतदयापर॥

इनकी शुद्धशक्ति भी पर, परापर तथा अपरा भेद से विभिन्न भेदमयी तथा विभिन्न रूपोंवाली हैं। ये ही विद्याभेद से तारा, छिन्नमस्ता, त्रिपुरसुन्दरी, बाला, बगला, भैरवी, काली, दक्षिणकाली, कुब्जिका, शबरेश्वरी, अघोरा, राजमातङ्गी, सिद्धिलक्ष्मी, अरुन्धती, अश्वारूढा, भोगवती, नित्यक्लिन्ना, कुक्कुटि, कौमारी, वाराही, चामुण्डा, भुवनेश्वरी, उच्छिष्टचाण्डालिनी, चन्द्रघण्टा, कालसङ्कर्षिणी तथा अपरा भेदोंवाली हैं।

तारा च छिन्नमस्ता च तथा त्रिपुरसुन्दरी।
बाला च बगला चापि त्रिपुरा भैरवी तथा॥१॥
काली दक्षिणकाली च कुब्जिका शबरेश्वरी।
अघोरा राजमातङ्गी सिद्धिलक्ष्मीररुन्धती॥२॥
अश्वारूढा भोगवती नित्यक्लिन्ना च कुक्कुटी।
कौमारी चापि वाराही चामुण्डा चण्डिकापि च॥३॥
भुवनेशी तथोच्छिष्टचाण्डली चण्डघण्टिका।
कालसङ्कर्षणी चापि गुह्यकाली तथाऽपरा॥४॥

शक्ति के बिना किसी अन्य तत्त्व का नाम और स्वरूप नहीं होता है।

शक्त्याविनापरेतत्त्व नाम धाम न विद्यते।
शिवशक्तिमतोर्भेदः शैवे जातु न वर्ण्यते॥

सत् तो परमेश्वर है, चित् उनकी अन्तरङ्ग शक्ति है, इनका स्वरूप आनन्द है, शक्ति के नित्य प्रवाह से ही शिव शक्ति में कोई भेद नहीं है अर्थात् जो शिव है वही शक्ति है तथा जो शक्ति है वही शिव है।

परब्रह्म परमात्मा परमेश्वर भूतभावन विश्वनाथ परमशिव सकल, निष्कल और निष्कलसकल भेद से तीन स्वरूपों वाले है तथा उनकी परमाशक्ति भी परमेश्वर के समान ही सकल, निष्कल तथा निष्कलसकल भेदवाली हैं, निष्कलब्रह्ममहाकाल की निष्कलशक्तिमहाकाली जो प्रधानभूता हैं उन्ही में संयुक्त रहती हैं, वे ही सकलब्रह्मशिव के अंकभूता पराशक्ति भी निष्कलसकलारूपा परापरा स्वरूपिणी तथा सकलारूपा अपरा स्वरूपिणी हैं, ये ही त्रिगुणात्मिका रूपिणी हैं, ये त्रिगुणात्मिका रूपिणी देवी ही इस निखिल संसार की जनिका हैं, सम्पूर्ण संसार इन्हीं में इन्हीं से उत्पन्न होता है, संसार के उत्पन्न होने में ये ही प्रधान कारणभूता हैं, वह शक्ति नित्यरूपा हैं, सम्पूर्ण जगत् उन्हीं का रूप हैं तथा उन्होंने समस्त विश्व को व्याप्त कर रखा है।

नित्यैव सा जगन्मूर्तिस्तया सर्वमिदं ततम्।
तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयतां मम॥१॥
देवानां कार्यसिद्ध्यर्थमाविर्भवति सा यदा।
उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याभिधीयते॥२॥

कार्य भेद से गुण संयोग में तत्तद् सकलरूपग्रहण कर विभिन्न रूप में प्रकट होकर तत्तद् कार्य में मूल कारण रूप से व्याप्त है, निष्कलरूपाशक्तिमहाकाली ही कार्य भेद से सकलरूपाभद्रकाली हैं, ये भद्रकाली ही परारूपिणी महाप्रत्यङ्गिरा है, शरीर के समस्त अङ्गों में पूर्णरूपेण व्याप्त होने के कारण ही इन्हें प्रत्यङ्गिरा कहा जाता है तथा विपरीत रतातुरा होने से ही विपरीतप्रत्यङ्गिरा कहते हैं।

वाच्छाभेदाद् द्रव्यभेदाः काष्ठभेदाः भवन्ति हि।
फलं फलानामन्यत् स्यादन्यदन्नस्य पार्वतिः॥

कलिकाल में मनुष्य तप से हीन, वेदादिज्ञान से हीन और अल्पायु होते हैं, अत्यधिक क्लेश के कारण मानसिक तथा शारीरिक रूप से अत्यन्त कमजोर हो गये हैं, वे अपने हित में आध्यात्मिक परिश्रम करने में असमर्थ हैं। वे उपासना करने में अन्यमनस्क हो गये हैं, उपासना में उनका मन नहीं लगता है।

तपःस्वाध्यायहीनानां नृणामल्पायुषामपि।
क्लेशप्रयासाशक्तानां कुतो देहपरिश्रमः॥

कलिकाल में गृहस्थ लोग, साधु, महात्मा समस्त जीव मात्र अत्यन्त कष्ट में युक्त होकर अत्यन्त कुण्ठित होकर आपस में इर्ष्या, द्वेष, काम, क्रोध, लोभादि से लिप्सित हो कर अपने समाज के लोगों पर अभिचारादिक व्यवहार कर रहे हैं, मनुष्य अपने पूर्व जनित कृत्यों के फलस्वरूप विभिन्न प्रकार के कष्टों को प्राप्त करता है, मनुष्यों के इस दुःखमूलक जीवन को विपरीत करके सुखमूलक जीवन के लिए एक मात्र सहायक महामाहेश्वरी भद्रकाली स्वरूपभूता देवी महाप्रत्यङ्गिरा हैं, ये ही इस कलिकाल मनुष्यों को सुखी करने में समर्थ हैं, समस्त स्त्री पुरुषों के हित के लिए तथा बालकों की रक्षा के लिए शुभ फल देने वाली महाप्रत्यङ्गिरा ही हैं।

धारणीया महाविद्या प्रत्यङ्गिरा शुभोदया।
नर-नारीहितार्थाय बालानां रक्षणाय च॥

ये देवी अपने भक्तों का अभीष्ट सिद्ध करने के लिए सदैव तत्पर रहती हैं, जगत् के समस्त जीवों का निःस्पृह भाव से रक्षा करती हैं।

साधु साधु महाभागे! जन्तूनां हितकारिणी!।
त्वद्वाक्येन सुरारिघ्ने! कथयामि न संशयः॥

यह विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा समस्त ग्रहबाधा, परकृत समस्त अभिचार, समस्त दुष्टों का मर्दन करनेवाली तथा सारे पापों को विनष्ट करनेवाली है, मनुष्यों को समस्त सौभाग्य प्रदान करती और पुष्टि देती हैं। घोर अरण्य में, महाभयानक तूफान में, राजद्वार एवं दुर्भिक्ष आदि महाभय के उपस्थित होने पर इस महाविद्या के स्वयं पाठ करने अथवा अन्यों से पाठ कराने से समस्त कार्य सिद्ध होते हैं।

देवी प्रत्यङ्गिराविद्या सर्वग्रहनिवारिणी।
मर्दिनी सर्वदुष्टानां सर्वपापप्रणाशिनी॥१॥
सौभाग्यजननी देवीं बलपुष्टिकरी तथा।
चतुष्पथेषु घोरेषु वनेषु पवनेषु च॥२॥

राजद्वारेषु दुर्भिक्षे महाभय उपस्थिते।
पठिता पाठिता विद्या सर्वसिद्धिकरी स्मृता॥३॥
लिखित्वा च करे कण्ठे बाहौ शिरसि धारयेत्।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो मृत्युं नास्ति कदाचन॥४॥
धारयेद्योगयुक्तो यस्तस्य रक्षा भवेद् ध्रुवम्।
धारिता वाऽर्चिता विद्या प्रत्यङ्गिरा शुभोदिता॥५॥
गृहे चैवाऽष्टसिद्धिश्च देवराक्षसपन्नगाः।
न तस्य पीड़ां कुर्वन्ति ये चाऽन्ये पीडकग्रहाः॥६॥
विद्यानामुत्तमा विद्या पठिता वाऽर्चिता सदा।

योगादि करनेवाला व्यक्ति यदि इस विद्या के यन्त्र तथा मन्त्र को धारण करता है, तो निश्चय ही उसके योग में कोई विघ्न नहीं आते, इस विद्या के प्रभाव से उसकी सदैव ही रक्षा होती है तथा सहज ही सारे कार्य पूरे हो जाते है, यह विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा धारण करने तथा अर्चन पूजन करने से शुभ फल देनेवाली कही गयी है, विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की आराधना करने से साधक के घर में समस्त कार्य स्वयं ही सिद्ध होतें हैं ये प्रत्यङ्गिरा देवी घोर रूप से सदैव अपने साधक की रक्षा करती है, उपासना करने पर अपने साधक के ही अङ्ग में सदैव निवास करती हैं तथा उसकी सदैव रक्षा करती हैं और अपने भक्तों का सभी प्रकार से कल्याण करती हैं।

अङ्गं अङ्गं प्रत्यङ्गं, प्रत्यङ्गे भवा ईः शक्तिः प्रत्यङ्गी, प्रत्यङ्गी भवा यस्या सा शक्तिः प्रत्यङ्गिरा, विपरीता या प्रत्यङ्गिरा सा विपरीत प्रत्यङ्गिरा।

यस्याऽङ्गस्था महाविद्या प्रत्यङ्गिरा सुभाषिता।
सिद्धा सुसिद्धा नित्या विद्येयं परमा स्मृता॥१॥
श्रीमतां घोररूपेण भाषिता घोररूपिणी।

विधानपूर्वक विपरीतप्रत्यङ्गिरा के अनुष्ठान करने पर साधक के समस्त शत्रु विनष्ट हो जाते हैं, साधक जिस किसी पदार्थ का स्पर्श करता है, जो कुछ भी खाता है, वह सब अमृत हो जाता है, प्रत्यङ्गिरा के साधक की कभी दारुण अथवा अकाल मृत्यु नहीं होती है, इनके उपासना से दूसरे के द्वारा किये गये अभिचार, भूतप्रेतादि, यक्षराक्षसवेतालादि कृत समस्त-दुःखदायी फल सद्यः समाप्त हो जाते हैं, साधक लक्ष्मी तथा वसुधा को प्राप्त करता है, प्राणापहारक शत्रु भी उस साधक के वशीभूत हो जाते है, इस विद्या का अनुष्ठान करनेवाला साधक इस विद्या के प्रभाव से समस्त विद्याओं महाविद्याओं को सहज ही निर्विघ्नतापूर्वक प्राप्त कर लेता है, पूर्व काल में इस विद्या का समुचित अनुष्ठान करके देवताओं ने असुरों पर विजय प्राप्त किया था, इस विद्या के प्रभाव से मूर्ख भी वागीश तथा निर्धन और महादरिद्र भी धनवान हो जाता है।

श्रृणुदेवी! महाविद्यां सर्वसिद्धि प्रदायकम्।
यस्यविज्ञानमात्रेण शत्रुवर्गा लयं गताः॥१॥
विपरीत महाकाली सर्वभूत भयंकरी।
यस्याः प्रसादमात्रेण कम्पंते च जगत्रयम्॥२॥
न च शान्तिप्रदः कोऽपि परमेशो न चैवहि।
देवताः प्रलयं यान्ति किं पुनर्मानवादयः॥३॥
पठनाद्धारणाद्देवि! सृष्टि संहारको भवेत्।
अभिचारादिकाः सर्वा या या साध्यतमाः क्रियाः॥४॥
स्मरणेन महाकाल्या नाशंजग्मुः सुरेश्वरि।
सिद्धविद्या महाकाली यत्रेवेह च मोदते॥५॥
सप्त लक्ष महाविद्या गोपिता परमेश्वरि।
महाकाली महादेवि! शङ्कर श्रेष्ठदेवता॥६॥

साधक विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की उपसना करके तथा उनके कृपा प्रसाद से परब्रह्म और महेश्वर हो जाता है और अन्यों के द्वारा किये गये समस्त अभिचारिक विषाक्त कृत्यों को नष्ट करके उनसे छुटकारा पा लेता है।

यस्या प्रसाद मात्रेण परब्रह्म महेश्वरः।
कृतिमादि-विषघ्नीषा प्रलयादि निवर्तिका॥

महाप्रत्यङ्गिरा के दर्शन मात्र से महेश्वर भी कम्पायमान हो जाते हैं, उनके निग्रह मात्र से समस्त पृथ्वी लय को प्राप्त हो जाती है।

त्वदङ्घ्रि दर्शनादेव कम्पमानो महेश्वरः।
यस्य निग्रह मात्रेण पृथिवी प्रलयं गता॥

विपरीत महाप्रत्यङ्गिरा की साधना करने से विपरीत महाप्रत्यङ्गिरा के भक्त के भीतर स्वयं दशों महाविद्यायें आश्रय ग्रहण करके वास करती हैं तथा उस साधक की रक्षा करती हैं। विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा के साधक की पूर्व दिशा में भुवनेश्वरी, दक्षिण दिशा में दक्षिण-कालिका, नक्षत्रों की स्वामिनी पश्चिम दिशा में, उत्तर दिशा में भैरवी, ईशान कोण में हमेशा प्रचण्डचण्डिका, अग्नि कोण में बगला देवी, नैर्ऋत्य कोण में मातङ्गी, वायव्य कोण में धूमावती, ऊपर तथा नीचे सुन्दरी तथा जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति अवस्था और वाम तथा दक्षिण भाग में स्वयं षोडशी त्रिपुरसुन्दरी महाप्रत्यङ्गिरा भद्रकालिका के अंशरूप से साधक के अङ्गों में विद्यमान होकर साधक की रक्षा करती हैं, यही भद्रकाली ही विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा है जिनकी उपसना करके दुःख को सुख में परिवर्तित किया जा सकता है।

दशविद्या यदाज्ञाता दशद्वार समाश्रिता।
प्राचीद्वारे भुवनेशी दक्षिणेकालिका तथा॥१॥

नाक्षत्री पश्चिमें च उत्तरे भैरवी तथा।
ऐशान्यां सततं देवि! प्रचण्डचण्डिका तथा॥२॥
आग्नेयां बगला देवी रक्षः कोणे मातङ्गिनी।
धूमावती च वायव्ये अधश्चोर्ध्वे च सुन्दरी॥३॥
सम्मुखे षोडशी देवी जाग्रत्स्वप्न स्वरूपिणी।
वामभागे च देवेशी महात्रिपुरसुन्दरी॥४॥
अंश रूपेण देवेशी सर्वादेव्याः प्रतिष्ठिताः।
महाप्रत्यङ्गिरा चैव प्रत्यङ्गिरा तथोदिता॥५॥

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा के ही प्रभाव से महाविष्णु कर्त्ता, पालनकर्त्ता और संहार कर्त्ता है।

महाविष्णु यदाज्ञाता भुवनानां महेश्वरि।
कर्त्तापाता च संहर्ता सत्यं सत्यं वदामिते।

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा का साधक वेदशास्त्रादि के गुप्त रहस्यों को जान कर आनन्द प्राप्त करता है और महाकाली की कृपा से भुक्ति तथा मुक्ति दोनों प्राप्त करता है।

भुक्तिमुक्तिप्रदादेवि महाकाली सुनिश्चितम्।
वेदाशास्त्रप्रगुप्ता सा नन्दस्य च दैवतैरपि॥

ये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा भद्रकाली अनन्त सूर्य के प्रकाश के समान आभावाली हैं, सभी जन्तुओं में भयङ्करी है, सर्व मन्त्रमयी है, निगम और आगम का निर्माण करनेवाली है, वे महाप्रलय करनेवाली हैं, विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा का साधक ध्यान, ज्ञान से विहीन हो कर भी उसके मुख से वेदान्त की बातें निकलती हैं।

अनन्तकोटिसूर्याभा सर्वजन्तुभयङ्करी।
ध्यानज्ञानविहीना सा वेदान्तामृतवर्षिणी॥१॥
सर्वमन्त्रमयीकाली निगमाऽगमकारिणी।
निगमाऽगमकारी सा महाप्रलयकारिणी॥२॥

भद्रकाली ही विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा के रूप में प्रतिष्ठित है, जिनकें स्मरण मात्र से साधक के समस्त शत्रु विलय को प्राप्त हो जाते हैं।

यस्याङ्गधर्मलवा च सा गङ्गापरमोदिता।
महाकाली नगेऽनुस्था विपरीता महोदया॥१॥
विपरीता प्रत्यङ्गिरा तत्र काली प्रतिष्ठिता।
साधकस्मरणमात्रेण शत्रूणां विलयङ्गता॥२॥

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की उपासना करनेवाला साधक शिव के सदृश योगी, विष्णु के समान स्थिर और सबके द्वारा पूज्य हो जाता है।

नाशं जग्मुः नशीं जग्मुः सत्यं सत्यवदामि ते।
परब्रह्म महादेवी पूजनैरीश्वरी भवेत्॥१॥
शिवकोटि समोयोगी विष्णुकोटिसमः स्थिरः।
सर्वैराराधितासावै भुक्तिमुक्ति प्रदायिनी॥२॥

गुरु द्वारा प्रदत्त विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा मन्त्र को अष्टोत्तरशत जप करने के बाद श्वेत सर्षप के द्वारा शत्रुओं से आत्मरक्षा तक्षण करना चाहिये।

गुरु मन्त्रं शतं जप्त्वा श्वेत सर्षपमानयेत्।
आत्मरक्षा शत्रुनाशं सा करोति तक्षणात्॥

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की साधना करने पर भक्तों की आयु और यश की वृद्धि होती है, तथा वे कुबेर के समान धनवान होकर समस्त सुखों को प्राप्त कर लेता है।

आयुर्वृर्द्धियशोवृद्धिस्तेजो वृद्धिस्तथैव च।
कुबेर इव वित्ताढ्यः सर्वसौख्यमवाप्नुयात्॥

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा विद्या, कभी भी दूसरे के शिष्यों और शठ के सामने प्रकाशित नहीं करना चाहिये, केवल अपने पुत्र अथवा भक्तियुक्त अपने शिष्य को ही देना चाहिये।

शठाय परशिष्याय न प्रकाश्या कदाचन।
पुत्राय भक्तियुक्ताय स्वशिष्याय तपस्विने॥
प्रदातव्या महाविद्या चात्मवर्गप्रदा यतः।

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा के साधक द्वारा क्रोध करने पर विरोधी देवता भी लय को प्राप्त हो जाते है तो भूतप्रेतादि और मानवों की कोई बात ही नहीं है।

क्रोधादेवगणाः सर्वेलयं यास्यन्ति निश्चितम्।
किं पुनर्मानवा देवि! भूतप्रेतादयो मृता॥

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा के समान कोई विद्या न है न हो सकती है, विपरीत जीवन को अपने अनुकूल बनाने के लिए विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की उपासना ही श्रेयष्कर होती है।

विपरीता समा विद्या न भूता न भविष्यति।

उपासना में निर्देशित नियमों का अनुपालन अति अनिवार्य है, नियमों के अनुपालन न करने से सिद्धि की हानि होती है।

नियमास्तत्र भुयांसः प्रकर्तव्याः प्रयत्नतः।
अवैधकरणात् सिद्धिहानिः स्यान्नात्र संशयः॥

तन्त्रमन्त्र की साधना से पूर्व कुछ नियमों का अनुपालन कठोरता पूर्वक करना चाहिये। किसी भी मन्त्र के जपानुष्ठान में अङ्ग शुद्धि, सकलीकरण एवं समस्तकर्म विधिविधान पूर्वक ही करना चाहिये, आत्मरक्षा के लिए सकलीकरण की आवश्यकता होती है।

किसी भी मन्त्र की उपासना करते समय उस पर पूर्ण श्रद्धा रखना आवश्यक होता है अन्यथा वांछित फल की प्राप्ति नहीं हो पाती है। मन्त्रों की साधना में शरीर का स्वस्थ एवं पवित्र रहना अत्यन्त आवश्यक है, चित्त शान्त हो तथा मन में किसी प्रकार की ग्लानि न रहे। शुद्ध हवादार पवित्र एवं एकान्त स्थान में ही मन्त्र साधना करनी चाहिये, साधना जब तक पूरी न हो जाये तब तक स्थान परिवर्तन नहीं करना चाहिये।

जिस मन्त्र की साधना के लिए जो विधान वर्णित है उसी के अनुरूप सभी कर्म करना चाहिये अन्यथा परिवर्तित करने से विघ्नबाधाएँ उपस्थित हो जाती है और सिद्धि में सन्देह हो जाता है तथा साधना भी खण्डित हो जाती है, जिसका परिणाम सदैव साधक के प्रतिकूल ही होता है।

मन्त्र के पुरश्चरण में जितनी संख्या निर्धारित है उतनी संख्या में जप करने के पश्चात् ही दशांश हवन, तर्पण, मार्जन तथा ब्राह्मण भोजन करना चाहिये। ब्राह्मण भोजन में उन्हीं ब्राह्मणों का चयन करना चाहिये जो पूर्व में विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की साधना कर लिये हो, यदि किसी कारण ऐसे ब्राह्मण उपलब्ध नहीं हो पाते है तो शुद्ध वैदिक ब्राह्मणों का चयन करना चाहिये, इन नियमों के अनुपालन में त्रुटि होने पर कार्य की सिद्धि में सन्देह हो जाता है। पूजन में जो दिशा निर्देशित है तथा पूजन सामग्री निर्देशित है उन्हीं का प्रयोग करना चाहिये।

काम्यादि प्रयोगों में एक बार में एक ही मन्त्र की साधना करनी चाहिये तथा एक समय केवल एक ही मनोभिलाषा की पूर्ति का सङ्कल्प करना चाहिये, कई अभिलाषाओं को सङ्कल्प में योजन करने से भी कार्य की परिसिद्धि में संन्देह हो जाता है, साधकों को चाहिये कि अपने उपासना को गोपनीय रखे, प्रचार होने पर आलोचना होती है तथा विघ्न उपस्थित होते हैं, उचित ज्ञाता के ही निर्देशन में साधना करनी चाहिये।

ब्रह्मणों को इनकी उपासना सात्विक पदार्थो से ही करनी चाहिये।

द्रव्येण सात्त्विकेनैव ब्राह्मणः पूजयेच्छिवाम्।

किसी भी उपासना में जब तक समस्त विषयों का पूर्ण ज्ञान न हो जाये, तब तक उपासना तथा पुरश्चरण में प्रवृत्त नहीं होना चाहिए अन्यथा अनर्थ होता है।

न शास्त्रमालोक्य वदेन्नाचरेन्न जपेदपि।
न पश्येन्नोपदिश्याच्च न कुर्यान्नैव साधयेत्।।
गुरूपदेशतो लब्ध्वा जपन्यासार्चनादिकम्।
पश्चात् तत्साधयेत् सर्वं सदा तद्भावभावितः।।

इस संसार में मनुष्य ही एक विचारवान है, लेकिन विवेक का सदुपयोग आज के समय में कोई भी नहीं करता है, सर्वत्र सभी जन भौतिक समृद्धि के लिए दिन-रात प्रयत्नशील

हैं, वे भौतिक प्रयत्नशीलता में इतना व्यस्त हैं कि उन्हें कर्तव्याकर्तव्य का तनिक भी स्मरण नहीं है, आज व्यक्ति किसी भी तरह से, कैसे भी धर्माधर्म का विचार किये बिना ही प्रतिकूल आचरण का आश्रय ग्रहण करके जल्दी-से-जल्दी ही समृद्ध बन जाना चाहता है, वह अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपनाता रहता है, अपने अगल-बगल के प्रतिद्वन्दियों को भौतिक संसाधनों के साथ-साथ तन्त्र-मन्त्र का भी सहारा लेकर क्षुद्रतान्त्रिकों (प्रेतादि उपासक, टोनाटोटकादि) का आश्रय लेकर अन्यान्य प्रकार से अपने प्रतिद्वन्दी के अहित की कामना से विभिन्न प्रकार के प्रेतादियुक्त अभिचारादि (षट् कर्म-मारण-मोहन-उच्चाटन-वशीकरण-आकर्षणादि) कराने लगता है, जिसके प्रभाव में आकर अभिचारित व्यक्ति विभिन्न प्रकार से परेशान रहता है, मनुष्य अपने स्वार्थ-साधन में सदैव असत्य भाषण में ही संलिप्त रहता है, सदैव ही अन्यों के अहित चिन्तन में ही अनुरक्त रहता है, मनुष्य युगानुकूल कालुष्य से लिप्त होकर कलुषित हृदय होकर रह गया है, जिससे समस्त समाज ही कष्टों से युक्त हो दुःखग्रस्त हो गया है। इस समस्या से मुक्ति के लिए विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा उपासना मुख्य साधन है।

श्रद्धावान् पुरुष उपासना करके लाभान्वित हो ऐसी विपरीतप्रत्यङ्गिरा की उपासनात्मक पद्धति नहीं थी, इस स्थिति में विद्वानों के आग्रह पर लोककल्याण हेतु श्रीविश्वनाथस्वरूप परम पूज्य सततस्मरणीय स्वपितृचरण स्व० श्रीवायुनन्दन पाण्डेय जी के आशिर्वाद से प्रस्तुत प्रबन्ध का लेखन हुआ, जनसामान्य महादेवी की कृपा प्राप्त कर समस्त कामनाओं की पूर्ति कर सकें, यद्यपि इस ग्रन्थ के लेखन में पूर्ण सतर्कता का व्यवहार किया गया है, फिर भी टंकणादि की त्रुटियां सम्भव है, अतः इस उपासना में उद्यत होने के पूर्व पूर्णतः शिक्षादीक्षा के बाद ही प्रवृत्त होना चाहिये।

विद्वच्चरणचञ्चरीक,

रामप्रिय पाण्डेय

।।श्रीः।।

श्रीगणेशस्तोत्रम्

श्रीगणेशाय नमः। आचम्य प्राणायामं कृत्वा न्यासं कुर्यात्।

ॐ गं वक्रतुण्डाय नमः दक्षिणहस्ते न्यस्यामि।

ॐ गं शूर्पकर्णाय नमः वामहस्ते न्यस्यामि।

ॐ गं विघ्नेशाय नमः ओष्ठे न्यस्यामि।

ॐ गं गजाननाय नमः सम्पुटे न्यस्यामि।

ॐ गं लम्बोदराय नमः दक्षिणपादे न्यस्यामि।

ॐ गं एकदन्ताय नमः वामपादे न्यस्यामि।

ॐ गं ब्रह्मणस्पतये नमः शिरसि न्यस्यामि।

ॐ गं शिवतनुजाय नमः चिबुके न्यस्यामि।

ॐ गं विनायकाय नमः दक्षिणनासिकायां न्यस्यामि।

ॐ गं ज्येष्ठराजाय नमः वामनासिकायां न्यस्यामि।

ॐ गं विकटाय नमः दक्षिणनेत्रे न्यस्यामि।

ॐ गं कपिलाय नमः वामनेत्रे न्यस्यामि।

ॐ गं धरणीधराय नमः दक्षिणकर्णे न्यस्यामि।

ॐ गं आशापूरकाय नमः वामकर्णे न्यस्यामि।

ॐ गं महोदराय नमः नाभौ न्यस्यामि।

ॐ गं धूमकेतवे नमः हृदये न्यस्यामि।

ॐ गं मयूरेशाय नमः ललाटे न्यस्यामि।

ॐ गं स्वानन्दाय नमः दक्षिणबाहौ न्यस्यामि।

ॐ गं सच्चित्सुखधाम्ने नमः वामबाहौ न्यस्यामि।

सदात्मरूपं सकलादिभूतममायिनं सोऽहमचिन्त्यबोधम्।
अनादिमध्यान्तविहीनमेकं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१॥

अनन्तचिद्रूपमयं गणेशं अभेदभेदादिविहीनमाद्यम्।
हृदि प्रकाशस्य धरं हृदिस्थं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥२॥
समाधिसंस्थं हृदि योगिनां यः प्रकाशरूपेण विभान्तमेतम्।
सदानिरालम्बसमाधिगम्यं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥३॥
स्वबिम्बभावेन विलासयुक्तं प्रत्यक्षमायां विविधस्वरूपम्।
स्ववीर्यकं तत्र ददाति यो वै तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥४॥
त्वदीयवीर्येण समर्थभूतं स्वमायया संरचितञ्च विश्वम्।
तुरीयकं ह्यात्मप्रतीतिसंज्ञं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥५॥
त्वदीयसत्ताधरमेकदन्तं गुणेश्वरं यं गुणबोधितारम्।
भजन्तमत्यन्तमजं त्रिसंस्थं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥६॥
ततस्त्वया प्रेरितनादकेन सुषुप्तिसंज्ञं रचितं जगद् वै।
समानरूपं ह्युभयत्र संस्थं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥७॥
तदेकविश्वं कृपया प्रभूतं द्विभावमादौ तमसा विभान्तम्।
अनेकरूपं च तथैकभूतं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥८॥
ततस्त्वया प्रेरितनादकेन बभूव सूक्ष्मं जगदेक संस्थम्।
सुसात्त्विकं स्वप्नमनन्तमाद्यं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥९॥
तदेव स्वप्नं तपसा गणेशं सुसिद्धरूपं विविधं बभूव।
सदैकरूपं कृपया च तेऽद्य तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१०॥
त्वदज्ञया तेन त्वया हृदिस्थं तथा सुसृष्टं जगदंशरूपम्।
विभिन्नजाग्रन्मयमप्रमेयं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥११॥
विभिन्नजाग्रद्रजसां विभान्तं विलोकितं तत्कृपया स्मृतेन।
बभूव भिन्नं च सदैकरूपं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१२॥
सदेव सृष्टा प्रकृतिस्वभावात्तदन्तरं त्वं च विभाति नित्यम्।
धियः प्रदाता गणनाथ एकं तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१३॥
त्वदज्ञया भान्ति ग्रहाश्च सर्वे प्रकाशरूपाणि विभान्ति खे वै।
भ्रमन्ति नित्यं स्वविहारकार्याः तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१४॥
त्वदज्ञया सृष्टिकरो विधाता त्वदज्ञया पालक एव विष्णुः।
त्वदज्ञया संहरको हरोऽपि तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१५॥
यदज्ञया भूमिजलेऽत्र संस्थे यदाज्ञया यः प्रवहन्ति नित्यम्।
स्वतीर्थसंस्थश्च कृतः समुद्रः तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१६॥
यदाज्ञया देवगणा दिविस्था ददन्ति वै कर्मफलानि नित्यम्।
यदाज्ञया शैलगणाः स्थिरा वै तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१७॥

यदाज्ञया शेषधराधरो वै यदाज्ञया मोहप्रदश्च कामः।
यदाज्ञया कालधराऽर्यमा च तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१८॥
यदज्ञया वाति विभाति वायुः यदाज्ञयाऽग्निर्जठरादिसंस्थः।
यदाज्ञयेदं सचराचरं च तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥१९॥
यदन्तरे संस्थितमेकदन्तं तदज्ञया सर्वमिदं विभाति।
अनन्तरूपो हृदिबोधकं यः तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥२०॥
सुयोगिनो योगबलेन साध्यं प्रकुर्वते कः स्तवनेन स्तौति।
अतः प्रणामेन सुसिद्धदोऽस्तु तमेकदन्तं शरणं व्रजामः॥२१॥

फलश्रुतिः

एकदन्त उवाच

भवत्कृतं मदीयं यत् स्तोत्रं प्रीतिप्रदं च यत्।
भविष्यति न सन्देहः सर्वसिद्धिप्रदायकम्॥१॥
यं यमिच्छति तं तं वै दास्यामि स्तोत्रपाठतः।
पुत्रपौत्रादिकं सर्वं कलत्रं धनधान्यकम्॥२॥
गजाश्वादिकमत्यन्तं राज्यभोगादिकं ध्रुवम्।
भुक्तिं मुक्तिञ्च योगं वै लभते शान्तिदायकम्॥३॥
मारणोच्चाटनादीनि राजबन्धादिकं च यत्।
पठतां शृण्वतां नृणां भवेन्न बन्धनादिकम्॥४॥
एकविंशति वारं यः श्लोकानैवेकविंशतीन्।
पठेच्च हृदि मां स्मृत्वा दिनानि त्वेकविंशतीन्॥५॥
न तस्य दुर्लभं किंचित् त्रिषु लोकेषु वै भवेत्।
असाध्यं साधयेन्मर्त्यः सर्वत्र विजयी भवेत्॥६॥
नित्यं यः पठति स्तोत्रं ब्रह्मभूतः स वै नरः।
तस्य दर्शनतः सर्वे देवाः पूता भवन्ति च॥७॥

त्रैलोक्यमोहनं नाम श्रीगणेशस्तोत्रं परिपूर्णम्

⁂

विषय-सूची

सम्पादकीय ३
स्तुतिकुसुमाञ्जलिः ५
श्रद्धासुमनाञ्जलिः ६
भूमिका ७
श्रीगणेशस्तोत्रम् १९
विषयसूची २२
विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापूजनयन्त्रम् २९

तान्त्रिक विधिः

मङ्गलाचरणम् १
सपर्या में आवश्यक कृत्य १
गुरुपूजनम् १
मानसोपचारपूजनम् १
यज्ञभूमिपूजनम् २
तत्त्वशोधनम् २
प्राणायामम् ३
आचमनम् ४
तिलकम् ४
शिखाबन्धनम् ४
समान्यार्घ्यस्थापनम् ५
द्वारदेवतापूजनम् ५
यज्ञभूमिसंस्कारम् ६
देहरक्षान्यासः ८
भूतशुद्धिविधिः १०
बुद्धिशोधनम् १२
अभिमन्त्रणम् १३
अघोरकरम् १३
श्रीगुरुतर्पणम् १३
इष्टदेवतातर्पणम् १३
संवित्स्तवनम् १३
भूतशुद्धिः १४
स्वशरीरे इष्टदेवताप्रतिष्ठाविधिः १५
व्यापकन्यासः १६
त्वगादिन्यासः १६
प्राणशक्तिपीठदेवतान्यासः १७
प्राणशक्तिर्ध्यानम् २२
शिवपुष्पाञ्जलिः ३४
चक्रन्यासः ३५
अन्तर्मातृकान्यासः ३६
चक्रस्थमातृकान्यासः ३६
बहिर्मातृकान्यासः ३७
मातृकान्यासः ३७
अनुलोमसंहारादिक्रमन्यासः ४२
अनुलोमसृष्ट्यादिक्रमन्यासः ४४
अनुलोमस्थित्यादिन्यासः ४६
विलोमसंहारन्यासः ४९
विलोमसृष्टिन्यासः ५१
विलोमस्थितिन्यासः ५४
श्रीमातृकाऋषिन्यासः ५६
श्रीमातृकाछन्दादिन्यासः ५७
श्रीमातृकाबीजवर्णस्वरूपवाहनन्यासः ५९
योगिनीन्यासः ६२
सिद्धपीठन्यासः ७१

आसनन्यासः	७४
श्रीपात्रविशेषार्घ्यपात्रासादनम्	७६
वर्धनीकलशस्थापनम्	७६
वर्धनीकलशाधारचक्रम्	७७
वर्धनीकलशपूजनम्	७९
विशेषार्घ्यसमर्पणम्	८१
पात्रसंस्कारम्	८४
अग्निमण्डलपूजनम्	८६
अग्निकलानांपूजनम्	८७
अर्कमण्डलपूजनम्	८७
अर्ककलानांपूजनम्	८८
सोममण्डलपूजनम्	८८
सोमकलानांपूजनम्	८९
अङ्कुशमुद्रालक्षणम्	९०
गालिनीमुद्रालक्षणम्	९०
धेनुमुद्रालक्षणम्	९१
सकलीकरणमुद्रालक्षणम्	९१
शङ्खमुद्रालक्षणम्	९१
कवचमुद्रालक्षणम्	९४
अस्त्रमुद्रालक्षणम्	९४
मत्स्यमुद्रालक्षणम्	९४
योनिमुद्रालक्षणम्	९४
धेनुमुद्रालक्षणम्	९५
पाद्यपात्रस्थापनम्	९५
आचमनीयपात्रस्थापनम्	९५
तत्त्वशुद्धिः	९६
क्षेत्रकीलनम्	९७
क्षेत्रकीलनाङ्गबलिदानम्	९८
दिग्रक्षणम्	११४
पञ्चगव्यकरणम्	११६
अन्तःपूजनम्	११८
कुण्डलिनीध्यानम्	११८
शिवशिवाध्यानम्	११९
कुण्डलिनिस्तुतिः	१२०
अक्षमालास्तुतिः	१२२
अक्षमालाजपम्	१२४
बाह्यपूजनम्	१३७
प्रधानकलशस्थापनम्	१३७
पीठदेवतास्थापनंपूजनञ्च	१४५
अग्निमण्डलम्	१४७
अर्कमण्डलम्	१४८
सोममण्डलम्	१४९
पीठशक्तिनां पूजनम्	१५१
श्रीष्टविपरीतप्रत्यङ्गिरापूजनम्	१५३
आवाहनीमुद्रालक्षणम्	१५४
पद्ममुद्रालक्षणम्	१५५
स्थापनीमुद्रालक्षणम्	१५५
सन्निधानमुद्रालक्षणम्	१५६
सन्निरोधनमुद्रालक्षणम्	१५६
सम्मुखीकरणमुद्रालक्षणम्	१५७
अवगुंठनमुद्रालक्षणम्	१५७
सकलीकरणमुद्रालक्षणम्	१५८
धेनुमुद्रालक्षणम्	१५९
महामुद्रालक्षणम्	१५९
लेलिहानमुद्रालक्षणम्	१६०
योनिमुद्रालक्षणम्	१६१
महायोनिमुद्रालक्षणम्	१६१
खड्गमुद्रालक्षणम्	१६१
मुण्डमुद्रालक्षणम्	१६२
डमरुमुद्रालक्षणम्	१६२
त्रिशूलमुद्रालक्षणम्	१६२
वरमुद्रालक्षणम्	१६२
अभयमुद्रालक्षणम्	१६३
विपरीतप्रत्यङ्गिरागायत्रीमन्त्रम्	१६३

तत्त्वमुद्रालक्षणम् १७५
अञ्जलिमुद्रालक्षणम् १७६
शिवार्चनम् १७६
अमोघशिवकवचम् १८८
आवरणादिपरिवारार्चनम् १९६
दिव्यगुरुणां पूजनम् १९७
सिद्धौघगुरुणां पूजनम् १९७
मानवौघगुरुणां पूजनम् १९८
प्रथमावरणम् २००
द्वितीयावरणम् २०१
तृतीयावरणम् २०२
चतुर्थावरणम् २०४
ब्राह्मीध्यानम् २०५
वैष्णवीध्यानम् २०५
माहेश्वरीध्यानम् २०५
कौमारीध्यानम् २०५
अपराजिताध्यानम् २०६
वाराहीध्यानम् २०६
नारसिंहीध्यानम् २०६
चामुण्डाध्यानम् २०६
पञ्चमावरणम् २०७
षष्ठावरणम् २०९
सप्तमावरणम् २११
अष्टमावरणम् २१२
नवमावरणम् २१३
वटुकादिपूजनम् २१४
दैनिकबलिदानम् २१५
वटुकबलिदानम् २१६
योगिनीबलिदानम् २१८
गणेशबलिदानम् २१९
क्षेत्रपालबलिदानम् २२१
राजराजेश्वरबलिदानम् २२३
कालबलिदानम् २२५
मृत्युबलिदानम् २२७
दिग्पालादिबलिदानम् २२८
भूतादिबलिदानम् २३०
अखण्डदीपपूजनम् २३२
पुस्तकपूजनम् २३२
तर्पणम् २३३
कर्पूरनीराजनम् २३४
मूलमन्त्रजपम् २३९
मूलमन्त्रप्राणायामम् २४०
मन्त्र कुल्लुका २४०
मन्त्रसेतु २४०
मन्त्रमहासेतु २४०
मन्त्रनिर्वाणम् २४०
मुखशोधनम् २४०
प्राणयोगम् २४०
उद्दीपनम् २४१
मूलमन्त्रम् २४१
मूलमन्त्रार्थम् २४१
बलिपदार्थसंस्कारम् २४२
सहस्रनामार्चनम् २४४
नित्यपठनीयस्तोत्रम् २८१
कालीकवचम् २८१
कालीहृदयम् २८४
श्रीकालीपटलम् २८९
विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरामहामन्त्रम् २९६
प्रयोगार्थमन्त्रम् २९९
मूलमन्त्रम् २९९
सहस्राक्षरामहामन्त्रम् ३००
कालीशतनामस्तवनम् ३०८
सहस्रनामस्तोत्रम् ३१२
श्रीमहाविद्यास्तोम् ३२५

श्रीकर्पूरस्तोत्रम्	३२९
श्रीकालिकाक्षमापनस्तोत्रम्	३३५
श्रीमहादेवीस्तवेन्द्रम्	३४०
ब्रह्मगाथास्तवम्	३४६
श्रीकाल्यष्टकम्	३४८
कालिस्तवनम्	३४९
होमार्थतान्त्रिकाग्निस्थापनम्	३५२
स्थण्डिलयन्त्रम्	३५२
अग्निजिह्वांन्यासः	३५४
सात्त्विकन्यासः	३५४
राजसन्यासः	३५५
तामसन्यासः	३५५
अग्न्यधिष्ठातान्यासः	३५५
मूर्तिन्यासः	३५६
पीठन्यासः	३५७
इष्टशक्तिन्यासः	३५७
वह्निचक्रम्	३५८
पीठदेवताविन्यासम्	३५९
पीठशक्तिनांपूजनम्	३६४
अग्नेर्प्राणप्रतिष्ठा	३६६
अग्न्यावरणार्चनम्	३६६
प्रथमावरणपूजनम्	३६६
द्वितीयावरणपूजनम्	३६७
तृतीयावरणपूजनम्	३६७
चतुर्थावरणपूजा	३६७
पञ्चमावरणपूजनम्	३६८
कुशकण्डिकापात्रासादनञ्च	३६९
ब्रह्मावरणम्	३६९
सप्तजिह्वाहुतिः	३७२
षडङ्गाहुतिः	३७२
अग्निमूर्त्याहुतिः	३७३
दिक्पालाहुतिः	३७३
दिक्पालास्त्राहुतिः	३७३
श्रीष्टदेवताय हवनम्	३७४
प्रथमावरणाहुतिः	३७५
द्वितीयावरणाहुतिः	३७५
गुरुपंक्त्याहुतिः	३७५
रश्मिदेवताहवनम्	३७६
ब्राह्म्याद्याष्टशक्त्याहवनम्	३७७
अष्टभैरवायहवनम्	३७७
योगिनीनां हवनम्	३७७
दशदिक्पालाय हवनम्	३७८
दशदिक्पालायुधायहवनम्	३७८
खड्गाद्यास्त्रायहवनम्	३७९
वटुकाद्याय हवनम्	३७९
मूलमन्त्रहवनम्	३७९
सहस्रनामहवनम्	३७९
क्षमाप्रार्थना	४१६
कुमारीसुवासिनीपूजनम्	४१९
कुमारीस्तोत्रम्	४२३
छागादिबलिदानम्	४३०
पार्श्वपूजनम्	४३०
अङ्गपूजनम्	४३१
बलिगायत्री	४३२
खड्गप्रार्थना	४३२
नीराजनविधिः	४३३
दीपज्योतिपूजनम्	४३३
विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायन्त्रोद्धार	४३६
यन्त्रप्रतिष्ठा	४३६
यन्त्रेदेवीप्राणप्रतिष्ठा	४३६
जपमालासंस्कारम्	४५१
पञ्चगव्यसंस्कारम्	४५१
मातृकाविन्यासः	४५२
मन्त्रसंस्कारम्	४६२

शापोद्धारम् ४६२
उत्कीलनम् ४६२
चेतनीम् ४६२
आह्लादनीम् ४६३
तेजोद्दीपनम् ४६३
मन्त्राभ्यजननम् ४६३
सूतकनिवारणम् ४६३
उभयसूतकत्यागम् ४६३
मन्त्रप्रत्यक्षम् ४६३
प्राणस्थापनम् ४६४
मन्त्रस्पन्दनम् ४६४
मन्त्रदीपनम् ४६४
मन्त्रताडनम् ४६४
मन्त्रनिबोधनम् ४६४
मन्त्राभिषेचनम् ४६४
मन्त्रदाहनम् ४६४
मन्त्रविमलीकरणम् ४६५
मन्त्रपुनर्जीवनम् ४६५
मन्त्रप्रोक्षणम् ४६५
मन्त्राप्यायनम् ४६५
तर्पणम् ४६५
पुनर्दीपनम् ४६६
गोपनम् ४६६
आवश्यक निर्देश ४६७

वैदिकविधिः

स्वस्तितिलकधारणम् ४६८
पञ्चगव्यप्रासनम् ४६८
त्रिराचमनम् ४६८
पवित्रीधारणम् ४६८
पवित्रिकरणम् ४६८
यज्ञभूमिपूजनम् ४६९
शिखास्पर्शनम् ४६९
श्रीगुरुस्मरणम् ४६९
स्वस्तिवाचनम् ४६९
प्रधानसङ्कल्पः ४७२
गणेशाम्बिकापूजनम् ४७३
गणेशाथर्वशीर्षः ४८७
देव्याथर्वशीर्षः ४९०
स्वस्तिकलशस्थापनम् ४९७
स्वस्तिकलशप्रतिष्ठा ४९८
स्वस्तिकलशपूजनम् ४९९
पुण्याहवाचनम् ५०६
पुण्यकारकमन्त्रम् ५०९
अभिषेकम् ५१६
षोडशमातृकास्थापनम् ५१९
षोडशमातृकापूजनम् ५२४
सप्तघृतमातृकास्थापनपूजनञ्च ५३४
आयुष्यमन्त्रम् ५४५
साङ्कल्पिकेनविधिनानान्दिश्राद्धम् ५४६
आचार्यादिवरणम् ५३३
एकतन्त्रेण आचार्यादिवरणम् ५५३
आचार्यवरणम् ५५३
ब्रह्मावरणम् ५५३
उपद्रष्टावरणम् ५५४
गाणपत्यवरणम् ५५४
सदस्यवरणम् ५५५
ऋत्विकवरणम् ५५५
नियमनिवेदनम् ५५५
रक्षोघ्नकर्मम् ५५७
पञ्चगव्यकरणम् ५५९
सर्वतोभद्रपूजनम् ५६०
सर्वतोभद्रदेवानांस्थापनम् ५६०
सर्वतोभद्रदेवानांपूजनम् ५६७
अन्तःपूजनम् ५७५

कुण्डलिनीध्यानम् ५७५
शिवशिवाध्यानम् ५७६
कुण्डलिनीस्तुतिः ५७७
अक्षमालास्तुतिः ५७९
अक्षमालाजपम् ५८१
पीठदेवतापूजनम् ५९५
पीठशक्तिपूजनम् ५९८
इष्टदेवतापूजनम् ६००
प्रधानदेवताप्रतिष्ठा ६०४
अग्न्युत्तारणम् ६०४
दैनिकबलिदानम् ६१५
अखण्डदीपपूजनम् ६३३
पुस्तकपूजनम् ६३५
मूलमन्त्रजपम् ६३७
श्रीप्रत्यङ्गिरामहास्तोत्रम् ६४१
अग्निस्थापनम् ६५४
पञ्चभूः संस्कारम् ६५४
अग्निसंस्कारम् ६५४
ग्रहाणां पूजनम् ६५७
ग्रहमण्डलचक्रम् ६५७
ग्रहमण्डलदेवतास्थापनम् ६५८
ग्रहमण्डलदेवतापूजनम् ६६५
असंख्यातरुद्रपूजनम् ६७३
कुशकण्डिकाविधिः ६८३
हवनप्रकरणम् ६८७
सूर्यादिग्रहाणांहवनम् ६८७
असंख्यातरुद्रायहवनम् ६९०
प्रधानदेवतायहवनम् ६९०
आवाहितदेवतानांहोमम् ६९९
अग्निपूजनम् ७०५
स्विष्टिकृद्धोमः ७०५
भूरादिनवाहुतिः ७०६
कुमारीसुवासिनीपूजनम् ७०७
छागादिबलिदानम् ७१२
नींराजनम् ७१५
दीपज्योतिपूजनम् ७१५
शीतलीकरणम् ७१६
पुष्पाञ्जलिम् ७१७
हवनाङ्गबलिदानम् ७१८
एकतन्त्रेणदिग्पालादिबलिदानम् ७१८
इन्द्राय बलिदानम् ७१८
अग्नये बलिदानम् ७१९
यमाय बलिदानम् ७२०
निर्ऋतये बलिदानम् ७२०
वरुणय बलिदानम् ७२१
वायवे बलिदानम् ७२१
सोमाय बलिदानम् ७२२
ईशानाय बलिदानम् ७२३
ब्रह्मणे बलिदानम् ७२३
अनन्ताय बलिदानम् ७२४
एकतन्त्रेणग्रहादिबलिदानम् ७२५
सूर्याय बलिदानम् ७२५
चन्द्रमसे बलिदानम् ७२६
भौमाय बलिदानम् ७२७
बुधाय बलिदानम् ७२८
बृहस्पतये बलिदानम् ७२८
शुक्राय बलिदानम् ७२९
शनैश्चराय बलिदानम् ७३०
राहवे बलिदानम् ७३१
केतवे बलिदानम् ७३१
एकतन्त्रेणलोकपालादिबलिदानम् ७३२
गणेशाय बलिदानम् ७३३
दुर्गायै बलिदानम् ७३४
वायवे बलिदानम् ७३४

आकाशाय बलिदानम् ७३५
अश्विनीकुमारौ बलिदानम् ७३६
वास्तोस्पतये बलिदानम् ७३६
क्षेत्रपालाय बलिदानम् ७३७
पूर्णाहुतिहवनम् ७४०
वसोद्धारा हवनम् ७४१
अग्नेर्प्रदक्षिणा ७४१
हवनीयभस्मधारणम् ७४२
विभिन्नदानादिसङ्कल्पः ७४३
ब्रह्मणे पूर्णपात्रदानम् ७४३
यजमानायश्रेयोदानम् ७४३
आचार्यादिभ्यो दक्षिणादानम् ७४३
आचार्याय गोदानदानम् ७४४
ब्रह्मणे वृषभदानम् ७४४
गाणपत्ये अश्वदानम् ७४४
उपद्रष्टागन्त्रीदानम् ७४४
सदस्याणां सुवर्णदानम् ७४४
भूयसीदक्षिणादानम् ७४४
ब्राह्मणभोजनम् ७४५
आवाहितदेवतानामुत्तरपूजनम् ७४६
महागणपतिपूजनम् ७४६
महागौरीपूजनम् ७४६
स्वस्तिकलशदेवतापूजनम् ७४६
षोडशमातृकापूजनम् ७४६
सप्तघृतमातृकापूजनम् ७४७
सर्वतोभद्रदेवतापूजनम् ७४७
प्रधानकलशस्थदेवानां पूजनम् ७४७
विपरीतप्रत्यङ्गिरापूजनम् ७४७
ग्रहमण्डलस्थदेवतापूजनम् ७५२
असंख्यातरुद्रपूजनम् ७५२
आवाहितदेवतानां विसर्जनम् ७५५
आचार्याय प्रधानपीठदानम् ७५६
यजमान-अभिषेकम् ७५७
छायापात्रदानम् ७५८
अपराधक्षमापनम् ७५८
यजमानरक्षाबन्धनम् ७५९
यजमानपत्नीरक्षाबन्धनम् ७५९
यजमानतिलकम् ७५९
यजमान-आशीर्वादम् ७५९
यजमानपत्नी-आशीर्वादम् ७६०
देवीपुष्पाञ्जलिस्तोत्रम् ७६१
पूजनोपयोगीसामग्रीम् ७६८

* * *

।।श्रीः।।

विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापूजनयन्त्रम्

यन्त्रोद्धारम्

विन्दुत्रिकोणसंयुक्तं षट्कोणसमन्वितम्।
कालीपीठे यजेद्देवीं त्रिपञ्चकोणाढ्यकर्णिके।।
अष्टपत्रे षोडशाब्जे वृत्तभूपुरसंयुते।
विपरीतासमाकाली प्रत्यङ्गिरातथोदिता।।



विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा भगवती विपरीता महाकाली स्वरूपा हैं अत: इनका कालीपीठ पर ही आवरण पूजन होता है। आवरणस्थ देवता भी परब्रह्मरूपिणी महाकाली के ही अधिकांश है, यद्यपि शास्त्र में बहुत प्रकार के यन्त्र उद्धृत हैं। महाब्रह्मस्वरूपिणी देवी कालिका के ही दक्षिणकाली, काली, महाकाली, भद्रकाली, श्मशानकाली, कामकलाकाली, गुह्यकाली, निशाकाली, कालरात्री आदि भेद हैं, जिसमें भद्रकाली की अवान्तर भेद रक्षाकाली है, ये ही विपरीतप्रत्यङ्गिरा के रूप में प्रतिष्ठित हैं। विपरीतरतातुरा होने के कारण काली को विपरीता कहा जाता है, उपासना करने पर साधक के अङ्गों में स्थित हो जाने के कारण इन्हें प्रत्यङ्गिरा कहा जाता है। काली की लोक में विभिन्न रूपों में आराधना की जाती है। उपासक की हर प्रकार से रक्षा करने के कारण इन्हें रक्षाकाली कहा जाता है तथा समस्त प्राणीमात्र का कल्याण करने के कारण इन्हें भद्रकाली कहा जाता है। ये परारूपिणी कालिका हैं, इनकी आराधना भी कालिका के समान की जाती है। ये सदैव अपने आराधक की सर्वाङ्गीण रक्षा करती हैं । ये महाकाली ही सर्व कल्याणकर्त्तृ सभी प्रकार से रक्षाकर्त्तृ देवी विपरीता ही विपरीतप्रत्यङ्गिरा हैं। इनके सम्प्रदाय क्रम में बहुत भेद होने से अनेक विधियाँ तथा यन्त्र भी अनेक प्रकार के हैं जिसमें विन्दु-त्रिकोण-षट्कोण-त्रिपञ्चकोणात्म कर्णिका के सहित अष्टदल-षोडशदल तथा एक भूपुरवाला यन्त्रोद्धार है, इसी यन्त्र पर आवरण देवताओं का पूजन होता है, मध्यविन्दु में महाब्रह्मस्वरूपिणी विपरीता देवी का तथा त्रिकोण में काली, महाकाली तथा भद्रकाली, षट्कोण में वाणीब्रह्मा, लक्ष्मीविष्णु, गौरीरुद्र त्रिपञ्चकोणों में काली की पञ्चदश रश्मिदेवियों, अष्टदल में ब्राह्मीवैष्णवी आदि शक्तियों, षोडशदल में स्तम्भिन्यादि शक्तियों के बाद भूपुर में इन्द्रादि दशदिग्पालों के साथ दिग्पालों के वज्रादि आयुधों के बाद माधवादि देवताओं तथा वटुकादि का अर्चन होता है। उपासना में यही चक्र सर्वोपयुक्त है ।

यन्त्रलेखनम्

सर्वप्रथम विन्दु निर्मित करे, पश्चात् एक त्रिकोण का निर्माण करे, त्रिकोण के बाहर षट्कोण, षट्कोण के बाहर तीन पञ्चकोणात्मक त्रिकोण लिखे उसके बाहर त्रिकोणात्मत्रितय लिखकर एक वृत्त की रचना करे, उस वृत्त के ऊपर एक अष्टदल का निर्माण कर उसके बाहर एक षोडशदल निर्मित करके अन्त में एक भूपुर का निर्माण करने पर पूजन यन्त्र होगा।

उपर्युक्त स्वरूपवाला चक्र भोजपत्र या किसी धातु पत्र पर अष्टगन्ध से विधिपूर्वक लिखने के बाद कलश पर स्थापित करके उस पर आवरण देवताओं का आवाहन स्थापन पूजन करना चाहिये।

यन्त्रोद्धारं परिपूर्णम्

❀

।।श्रीः।।

श्रीमहाविपरीतप्रत्यङ्गिरापुनश्चर्या

मङ्गलाचरणम्

शिवोत्सङ्गे समासीनां लालयन्तीं विनायकम्।
विद्याकल्पलताबीजं वन्दे सर्वार्थदां शिवाम्॥

शिव के साथ दिव्यासन पर बैठी हुई, अपने पुत्र गणेश का लालन करती हुई, विद्याकल्पलता के बीजरूप शिवा भगवती पार्वती की सभी प्रकार के अर्थबोध के लिए वन्दना करता हूँ।

सपर्या में आवश्यक कृत्य

गुरु-पूजनम्

प्रातः नित्यस्नानादिकृत्य से निवृत्त होकर गुरु-इष्टदेवता तथा दिक्पालों को नमन कर सन्ध्यावन्दनादि से निवृत्त होकर दीक्षाप्रदायी स्वगुरु का मानसोपचार पूजन करे।

श्रीनाथादि गुरुत्रयं गणपतिं पीठत्रयं भैरवम्,
सिद्धौघं बटुकत्रयं पदयुगं दूतीक्रमं मण्डलम्।
वीरानद्व्यष्टचतुष्कषष्टिनवकं वीरावलीपञ्चकम्,
श्रीमन्मालिनिमन्त्रराजसहितं वन्दे गुरोर्मण्डलम्॥१॥

श्रीनाथादि तीनों गुरुओं, गणपति, तीनों पीठों के अधिपति भैरवों, मानवौघदिव्यौघ-सिद्धौघों, तीनों वटुकों, दूतीक्रम मण्डलों के समस्त गुरुओं के दोनों चरणों का वन्दन करता हूँ। बयासी तथा चौसठों प्रकार के वीरों तथा पाँच प्रकार के वीरावलियों के साथ मालिनी मन्त्रराज के सहित समस्त गुरुओं के साथ गुरुमण्डल की वन्दना करता हूँ॥१॥

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥२॥

गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महादेव महेश्वर शिव हैं, गुरु ही साक्षात् ब्रह्म हैं, इसलिए श्रीगुरु को नमस्कार है॥२॥

मानसोपचारपूजनम्—श्री गुरुदेवाय नमः ध्यायामि। स्वगुरु का नाम पूर्वक ध्यान करे जैसे—**श्रीविश्वनाथाय गुरुदेवाय नमः ध्यायामि।**

ॐ लँ पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि नमः।

ॐ हँ आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि नमः।

ॐ यँ वायवात्मकं धूपं समर्पयामि नमः।

ॐ रँ वह्न्यात्मकं दीपं समर्पयामि नमः।

ॐ वँ अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि नमः।

ॐ सँ सर्वात्मकं मन्त्रपुष्पं समर्पयामि नमः।

ॐ प॒वित्रै॑स्त्थोव्वैष्ण्ण॒व्यौ॑सवि॒तुर्व्वः॑प्प्रस॒वऽउत्पु॑ना॒म्म्यच्छि॑द्द्रेणप॒वित्रै॑ण॒सूर्य्य॑स्य र॒श्मिभिः॑॥ तस्य॑तेप॒वित्र॑पतेप॒वित्र॑पूतस्य॒यत्का॑मःपु॒नेतच्छ॑केयम्॥

इस मन्त्र से कुशादि निर्मित पवित्री धारण करे।

यज्ञभूमिपूजनम्

पुरश्चरण स्थान पर जाकर द्वार के चौखट पर गन्धाक्षतपुष्प से अभ्यर्चन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं भं भद्रकाल्यै नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। दाहिनी चौखट पर पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं भं भैरवाय नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। बायें चौखट पर पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं लं लम्बोदराय नमः गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। ऊपरी चौखट पर पूजन करे।

साधक सर्वप्रथम पाँच वर्ण के रंगे हुए अत्यन्त शुद्ध स्थान में बैठकर पूजा वेदी के बाहर अपने गुरु, इष्ट, देवता तथा दिक्पालों को प्रणाम कर पवित्री धारण करे और आचमन प्राणायाम करने के उपरान्त हाथ में कुशा-निर्मित मोटक लेकर मौन होकर पापशान्ति के लिए महाकाली से प्रार्थना करे।

तत्त्वशोधनम्

ॐ हूं ह्रीं क्लीं हूं आत्मतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ह्रीं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै विद्यातत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं क्लीं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै शिवतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै ऐं क्लीं ह्रीं हूं स्वाहा सर्वतत्त्वं शोधयामि स्वाहा।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै ऐं क्लीं ह्रीं हूं स्वाहा। मूल मन्त्र से तीन बार आचमन करे।

ऊपरिलिखित मन्त्रों से आचमन करने के बाद मूल मन्त्र से तीन बार आचमन करे, फिर प्राणायाम में एक बार मन्त्र का मानस जप करते हुए जो नासिका उस समय चल रही हो, उससे वायु को मन्त्र जपकाल तक धीरे-धीरे फेफड़े में भरे तथा चार बार जप करते हुए वायु को रोक कर फिर धीरे-धीरे दो बार जप करते हुए बाहर निकाल दे यथा एक बार मूलमन्त्र जप करके पूरक कर, चार बार जप करके कुम्भक करे, दो बार जप करके रेचन करे। सर्वत्र इसी विधि से प्राणायाम करे। तदनन्तर पापनिवृत्ति के लिए देवी से प्रार्थना करे।

ॐ देवि! त्वत्प्रकृतं चित्तं पापाक्रान्तक भून्मम।
तन्निस्सरन्तु चित्तान्मे पापं हूँ फट् च ते नमः॥१॥

हे चिद्रूपिणी महादेवि! मैं पाप से आक्रान्त हो गया हूँ, हमारे चित्त में प्रकट होकर समस्त पाप जो हमारे चित्त में समाहित हो गये हैं, उन पापों को निकाल दो, हे हूँ फट् स्वरूपिणि! आपको नमस्कार है॥१॥

सूर्यः सोमो यमः कालो महाभूतानि पञ्च च।
एते शुभाऽशुभस्येह कर्मणो नवसाक्षिणः॥२॥

सूर्य-सोम-यम-काल तथा पञ्चमहाभूत पृथ्वि-जल-अग्नि-वायु-आकाश कर्म के नव साक्षी देवताओं को नमस्कार है॥२॥

प्राणायामः

मूल मन्त्र को एक बार पढ़ कर पूरक करे, चार बार पढ़ कर कुम्भक करे, दो बार पढ़ कर रेचन करे, इस प्रकार तीन बार प्राणायाम अवश्य करे।

ॐ वज्रोदके हूँ फट् स्वाहा। मन्त्र से जल नदी कूपादि से ग्रहण करे।

ॐ हूँ स्वाहा। मन्त्र से जल को पूजन गृह में लाये।

ॐ ह्रीं विशुद्ध सर्वपापानि शमयाशेष विकल्पमपनय हूँ फट् स्वाहा। जल शोधन करे।

ॐ ह्रौँ स्वाहा। पैर धोये।

ॐ ऐँ कालिकायै नमः। त्रिराचमन करे।

ॐ ऐँ कपालिन्यै नमः। आचमन करे।

ॐ ऐँ कुल्लायै नमः। फिर मन्त्र से हस्त, पाद प्रोक्षण करे।

ॐ ऐँ कुरुकुल्लायै नमः। हाथ से ओष्ठ को शुद्ध करे।

ॐ ऐँ कुल्लायै नमः। हाथ प्रक्षालित करे।

मूल मन्त्र से दशो अङ्गुलियों को सङ्कुचित करे।

तर्जनी और अङ्गुष्ठ से नासिका को पोंछे।

अनामिका और अङ्गुष्ठ से दोनों कानों को पोंछे।

कनिष्ठिका और अङ्गुष्ठ से नाभि को पोंछे।

हाथ तल से हृदय को पोंछे।

सभी अङ्गुलियों से मस्तक तथा हाथ तक बाहुओं को पोंछे।

आचमनम्—मूल मन्त्र से तीन बार आचमन करे—

ॐ वज्रोदके हूँ फट् स्वाहा। पात्र में जल ग्रहण करे।

ॐ हूँ फट् स्वाहा। हाथ में जल ग्रहण करे।

ॐ ह्रीँ विशुद्धं सर्वपापानिशमयाशेषविकल्पमपनय हूँ फट् स्वाहा। मन्त्र से पाद प्रक्षालन करे।

ॐ ह्रीँ स्वाहा। पुनः आचमन करने के पश्चात् अपने ऊपर तिलकादि लगाये।

तिलकम्

देव्यास्त्रं विलिखेद्भाले कालीबीजं ततो हृदि।
शक्तिं मध्यगतां कृत्वा कूर्चबीजं न्यसेत्सुधी॥

ललाट पर देवी का अस्त्र(त्रिशूल) लिखे, हृदय पर **क्रीँ** बीज लिखे, नाभि पर शक्ति बीज **ह्रीँ** लिखे तथा नाभि के नीचे **हूँ** बीज बुद्धिमान साधक को लिखना चाहिये।

रक्त चन्दन से ललाट, उदर, हृदय, कण्ठ, दक्ष पार्श्व, वाम पार्श्व, दोनों अंस, दोनों पृष्ठ, ककुद, दोनों भुजा, मूर्धा इत्यादि चतुर्दश स्थानों में तिलक करे।

शिखाबन्धनम्

ॐ मणिधरिणि वज्रिणि शिखरिणि सर्वलोकवशंकरि हूँ फट् स्वाहा।

ॐ उर्ध्वकेशे विरूपाक्षि मांसशोणितभोजने।
तिष्ठ देवि! शिखामध्ये चामुण्डे चाऽपराजिते॥१॥

ऊपर की तरफ उठी हुए केशोंवाली (ऊर्ध्व स्थित शिखा के केशों में रहनेवाली) विरूपाक्षी विरूप नेत्रों (विशेष तृतीय नेत्र)वाली, मांस-रक्त का भोजन करनेवाली, अपराजिता (कभी किसी से पराजित न होनेवाली), चामुण्डा (काली) देवी हमारे शिखा में निवास कर हमें तेजोवान् बनायें॥१॥

ॐ चिद्रूपिणि महामाये दिव्यतेजःसमन्विते।
तिष्ठ देवि! शिखामध्ये तेजोवृद्धिं कुरुष्व मे॥२॥

दिव्य तेज से युक्त चिद् स्वरूपिणी महामाया हमारी शिखा में स्थित होकर हमारे तेज की वृद्धि करें॥२॥

समान्यार्घ्य-स्थापनम्



मूल मन्त्र से तीन बार पुन: आचमन करके अपने बाँयें तरफ निर्दिष्ट मण्डल बनाये, फिर अधोलिखित पूजन करे।

ॐ आधारशक्तये नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। पुष्पाक्षतादि से पूजन करे।

ॐ फट्। प्रक्षालित शंखपात्र को मण्डल पर स्थापित करे।

ॐ नमः। शंखपात्र में जल भरे।

अङ्कुशमुद्रा द्वारा अन्तरिक्षस्थ सूर्यमण्डल से तीर्थसहित नदियों का आवाहन करे।

ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु॥

इस जल में गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु और कावेरी आदि नदियाँ आकर हमें सान्निध्य प्रदान करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै नमः। शंखपात्र स्थित जल में गन्धपुष्पाक्षतादि छोड़ कर, धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर, मत्स्यमुद्रा से आच्छादित कर, प्रणव से अट्ठारह बार अभिमन्त्रित करे।

द्वारदेवतापूजनम्

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणपतये नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के ऊपर पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के बाँयें पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के दक्षिण पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ योगिनीभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि। द्वार के नीचे पूजन करे।

चारों दिशाओं में—

यज्ञसूत्रप्रदा ज्येष्ठा यज्ञकर्मकरी तथा।
यशस्विनी यकारस्था यूपस्तम्भनिवासिनी॥९१॥
रञ्जिता राजपत्नी च रमा रेखा रवेरणी।
रजोवती रजश्चित्रा रजनीरजनीपति:॥९२॥
रागिनी राज्यनीराज्या राज्यदा राज्यवर्धिनी।
राजन्वती राजनीतिस्तथा रजतवासिनी॥९३॥
रमणीरमणीया च रामारामावतीरती।
रेतोवती रतोत्साहा रोगहृद्रोगकारिणी॥९४॥
रङ्गारङ्गवती रागा रागज्ञारागकृद्रणा।
रञ्जिकाऽरञ्जिकारञ्ज्ञा रञ्जिनी रक्तलोचना॥९५॥
रक्तचर्मधरा रञ्ज्ञा रक्तस्था रक्तवादिनी।
रम्भा रम्भफलप्रीती रम्भोरू राघवप्रिया॥९६॥
रङ्गवृन्द्रगणमधुर रोदसी रोदसीग्रहा।
रोधकृद्रोधहन्त्री च रोगभृद्रोगशयिनी॥९७॥
बन्दीबन्दीस्तुता बन्धबन्धूककुसुमाधरा।
वन्दितावन्दितामाता विन्दुरा वैन्दवीविधा॥९८॥
विङ्की विङ्ककपलाविङ्का विङ्कस्थाविङ्कवत्सला।
वदिर्विलग्नाविप्रा च विधिर्विधिकरीविधा॥९९॥
शङ्गिनीशङ्गवलया शङ्गमालावतीशमी।
शङ्गपात्राऽशनीशङ्गा शङ्गग्रीवाशशिप्रभा॥१००॥
शंभ्वी शरावती श्यामा श्यामाङ्गी श्यामलोचना।
श्मशानस्था श्मशाना च श्मशानस्थलभूषणा॥१०१॥

शमदा शमहन्त्री च शाकिनी शङ्कुशेखरा।
शान्ति शान्तिप्रदा शेषा शेषस्था शेषदायिनी॥१०२॥
शेमुषी शोषिणी शीरी शौरिः शौर्याशिरा शिरिः।
शापहा शापहानीश शम्पाशपथदायिनी॥१०३॥
शृङ्गिणी शृङ्गपलभुक्शङ्करी शाङ्करी च या।
शङ्काशङ्कापहासंस्था शाश्वती शीतला शिवा॥१०४॥
शिवस्था शवभुक्ता वा शाववर्णा शिवोदरी।
शायिनी शावशयना शिंशपा शिशुपालिनी॥१०५॥
शवकुण्डलिनी शैवा शङ्करा शिशिराशिरा।
शवकाञ्चि शवश्रीका शवमाला शवाकृतिः॥१०६॥
शयनी शङ्कुवाशक्तिः शन्तनु:शीलदायिनी।
सिन्धु:सरस्वतीसिन्धुः सुन्दरी सुन्दरानना॥१०७॥
साधु:सिद्धिः सिद्धिदात्री सिद्धा सिद्धसरस्वती।
सन्तति:सम्पदा सम्पत्संवित्सरतिदायिनी॥१०८॥
सपत्नीसरसासारा सरस्वतिकरी स्वधा।
सर:समासमाना च समाराध्यासमस्तदा॥१०९॥
समिद्धासमदासमा सम्मोहा समदर्शना।
समिति:समिधासीमा सावित्रीसविधासती॥११०॥
सवताऽसवनादाः आसवनासमरासमी।
सिमिरासततासाध्वी सुधीचिन्त्यसहायिनी॥१११॥
हंसी हंसगतिर्हंसा हंसोज्ज्वलनिचोलुयुक्।
हलिनी हलदा हाला हरश्री हरवल्लभा॥११२॥
हेलाहेलावती ह्येषा ह्रेपस्था ह्रेषवर्द्धिनी।
हन्ताहन्तिः हर्ताहत्याहा हन्ततापहारिणी॥११३॥
हङ्कारी हन्तकृद्धङ्काहीहा होता हताहता।
हेमप्रदा हंसवती हारी हातरिसम्मता॥११४॥
होरी होत्री होलिका च होमा होमोहविर्हरिः।
हारिणी हरिणीनेत्रा हिमाचलनिवासिनी॥११५॥
लम्बोदरी लम्बकर्णा लम्बिका लम्बविग्रहा।
लीलालोलावतीलोला ललनी लालितालता॥११६॥
ललामलोचनालोच्य लोलाक्षीलक्षणालला।
लम्पतीलुम्पतीलम्पा लोपामुद्राललन्तिनी॥११७॥

लन्तिकालम्बिकालम्बा लघिमालघुमध्यमा।
लघीयसी लघुदयी लूतालूतनिवारिणी॥११८॥
लोमभृल्लोमलोप्ता च लुलुतीलुलुसंयती।
लुलायस्था चलहारी लङ्कापुरपुरन्दरी॥११९॥
लक्ष्मीर्लक्ष्मीप्रदा लक्ष्म्या लक्षबलमतिप्रदा।
क्षुण्णाक्षुपाक्षणाक्षीणा क्षमाक्षान्तिः क्षणावतीः॥१२०॥
क्षामा क्षामोदरी क्षीमा क्षौमभृत्क्षत्रियाङ्गना।
क्षयाक्षमाकरीक्षीरा क्षीरदा क्षीरसागरा॥१२१॥
क्षेमङ्करी क्षयकरी क्षयतत्क्षणदाक्षतिः।
क्षुरन्ती क्षुद्रिकाक्षुद्रा क्षुत्क्षामाक्षरपातका॥१२२॥

फलश्रुतिः

मातुः सहस्रनामेदं सर्वकामप्रदायकम्।
यः पठेत्प्रयतो नित्यं स एव स्यान्महेश्वरः॥१२३॥

प्रत्यङ्गिरा माता का यह सहस्रनाम भक्तों की समस्त कामनाओं को प्रदान करनेवाला है, जो भक्तजन प्रयत्नपूर्वक इस सहस्रनाम का नित्य पाठ करता है वह महेश्वर के समान हो जाता है।।१२३।।

अनाचान्तः पठेन्नित्यं दरिद्रो धनदो भवेत्।
मूकः स्याद्वाक्पतिर्देवि रोगी नीरोगतां व्रजेत्॥१२४॥

अनवरत नियमित पाठ करनेवाला दरिद्र भी धनवान् हो जाता है। मूक व्यक्ति भी वाणीवान् हो जाता है। मूर्ख व्यक्ति बुद्धिमान् तथा तर्कवान् हो जाता है। यदि रोगी व्यक्ति इस सहस्रनाम का पाठ करता है, तो वह निरोगी हो जाता है।।१२४।।

अपुत्रः पुत्रमाप्नोति त्रिषु लोकेषु विश्रुतम्।
वन्ध्यापि सूते तनयान् गावश्च बहुदुग्धदाः॥१२५॥

पुत्रहीन व्यक्ति इस सहस्रनाम का पाठ करता है, तो पुत्रवान् हो जाता है और तीनों लोकों की ख्याति पाता है। यदि वन्ध्या स्त्री पाठ करती है, तो वह भी पुत्र प्राप्त करती है और बहुत दूध देनेवाली गायें प्राप्त करती हैं, राजा भी उसके दास के समान वश में हो जाते हैं।।१२५।।

राजानः पादनम्राः स्युस्तस्य दासा इव स्फुटाः।
अरयः संक्षयं यान्ति मनसा संस्मृता अपि॥१२६॥

इस सहस्र नाम का पाठ करनेवाले साधक के सामने समस्त राजकर्मी दास के समान उससे व्यवहार करने लग जाते हैं, यदि कोई मन से भी सहस्रनाम पाठ करनेवाले प्रत्यङ्गिरा भक्त से शत्रुता सोचते हैं, तो वह तुरन्त ही नष्ट हो जाते हैं।।१२६।।

दर्शनाद् देवता यं ते नरा नार्योऽपि तद्वशाः।
कर्त्ता हन्ता त्वयं वीरो जायते नात्र संशयः॥१२७॥

सहस्त्रनाम पाठ करने वाले प्रत्यङ्गिरा भक्त के वश में देवतादि और समस्त नारियाँ हो जाती हैं, वह वीर पुरुष हो जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है॥१२७॥

यं यं कामयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।
दुरितं न च तस्यास्ते नास्ति शोकः कदाचन॥१२८॥

सहस्त्रनाम पाठ करने वाला साधक जो जो कामना करता है, उसे उसे तुरन्त निश्चय ही प्राप्त कर लेता है, उसके साथ कभी भी दुरित नहीं होता तथा उसे शोक कभी नहीं प्राप्त होता है॥१२८॥

चतुष्पथेऽर्द्धरात्रौ च यः पठेत्साधकोत्तमः।
एकाकी निर्भयो धीरो दशावर्तं स्तवोत्तमम्॥१२९॥

चौराहे के चतुष्पथ पर अर्द्धरात्रि में जो साधकोत्तम एकान्त में निर्भय होकर गम्भीरतापूर्वक इस सहस्त्रनाम का दशावृत्ति पाठ करता है, वह साधक श्रीप्रत्यङ्गिरा भगवती की कृपा से समस्त कामनाओं को प्राप्त करता है॥१२९॥

मनसा चिन्तितं कार्यं तस्य सिद्धिर्न संशयः।
विना सहस्त्रनाम्ना यो जपेन्मन्त्रं कदाचन॥१३०॥

सहस्त्रनाम का पाठ करनेवाला साधक मन से जो भी चिन्तन करता है। वह कार्य अवश्य हीं सम्पन्न हो जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है। बिना सहस्त्रनाम पाठ के कदाचिद् यदि कोई प्रमादवश मन्त्र जप करता है॥१३०॥

न सिद्धो जायते तस्य मन्त्रः कल्पशतैरपि।
कुजवारे श्मशाने च मध्याह्ने यो जपेदथ॥१३१॥

वह कभी सिद्धि नहीं प्राप्त कर पाता है, चाहे वह सैकड़ों कल्प तक जप करता रहे। अतः अपना हित चाहनेवाले साधक को सहस्त्रनाम का अवश्य पाठ करना चाहिये। मङ्गल वार को श्मशान में मध्याह्न में जाकर जो सौ बार जप करता है॥१३१॥

शतावर्त्या सजपेत् कर्त्ता हर्त्ता नृणामिह।
रोगान्तं घोरनिशायान्ते पठितामसि संस्थितः॥१३२॥

मङ्गलवार को श्मशान में मध्याह्न में जाकर जो सौ बार जप(पाठ) करता है, वह मनुष्य अपने शत्रुओं को निश्चय ही नष्ट कर देता है और मध्यरात्रि में पाठ करने से रोग को नष्ट कर देता है॥१३२॥

सद्यः नीरोगतामेति यदि स्यान्निर्भयस्तदा।
अर्द्धरात्रे श्मशाने वा शनिवारे जपेन्मनुम्॥१३३॥

शनिवार के दिन अर्द्धरात्रि में सहस्रनाम पाठकर्त्ता निश्चय ही नीरोग तथा निर्भय हो जाता है॥१३३॥

अष्टोत्तरसहस्रं तद्दशवारं जपेत्ततः।
सहस्रनाम चैतद्धि तदा याति स्वयं शिवा॥१३४॥

जो भक्त विधिपूर्वक प्रत्यङ्गिरा देवी पूजन करके इस अष्टोत्तरसहस्रनाम का दश बार पाठ करता है, उसकी महादेवी शिवा स्वयं रक्षा करती है॥१३४॥

महापवनरूपेण घोरगोमायुनादिनी।
तदा यदि न भीतिः स्यात्ततो द्रोहीति वा भवेत्॥१३५॥

इस सहस्रनाम का पाठ करनेवाले के लिए सभी यदि द्रोही हो जायें और घोर भयंकर तूफान, भयंकर ध्वनि होने पर भी भय नहीं होता है॥१३५॥

तदा पशुबलिं दद्यात्स्वयं गृह्णाति चण्डिका।
यथेष्टं च वरं दत्त्वा याति प्रत्यङ्गिरा शिवा॥१३६॥

विधिवत् पूजन करके सहस्रनाम का पाठ करके बलि प्रदान करने पर चण्डिका स्वयं बलि ग्रहण करती हैं और भगवती प्रत्यङ्गिरा शिवा उस साधक को उसका अभीष्ट वर प्रदान करके कृतार्थ करती हैं॥१३६॥

रोचनागुरु-कस्तुरी-कर्पूरमदचन्दनः ।
कुङ्कुमप्रथमाभ्यां तु लिखितं भूर्जपत्रके॥१३७॥

गोरोचन, अगुरु, कस्तुरी, कर्पूर, मद, चन्दन, कुंकुम सभी को समान भाग में मिला करके भोजपत्र पर देवी का यन्त्र लिख करके॥१३७॥

शुभनक्षत्रयोगे तु कृत्रिमाकृतसक्रियः।
कृतसम्पातना सिद्धिर्धारयेद्दक्षिणे करे॥१३८॥

शुभ नक्षत्र, शुभ योग में सिद्ध करके दाहिने हाथ में धारण करता है, तो प्रहास में कृत्रिम कार्य भी करने पर सत्य हो जाता है॥१३८॥

सहस्रनाम स्वर्णस्थं कण्ठे वापि जितेन्द्रियः।
तदा यन्त्रे नमेन्मन्त्री क्रुद्धा संम्रियते नरः॥१३९॥

सहस्रनाम को शुभनक्षत्रयोग में लिख करके सुवर्ण में भर करके कण्ठ में धारण करने तथा जितेन्द्रिय रहने से क्रोध करने मात्र से ही शत्रु मर जाता है॥१३९॥

यस्मै ददाति यः स्वस्ति स भवद्धनदो यमः।
दुष्टश्वापदजन्तूनां न भीः कुत्रापि जायते॥१४०॥

सहस्रनाम को धारण करनेवाले साधक का कुबेर तथा यमादि सभी देवता भला ही करते है, तो दुष्टादि जन्तुओं की क्या बात, अर्थात् साधक को कभी भी भय नहीं होता है॥१४०॥

बालकानामिमां रक्षां गर्भिणीनामपि ध्रुवम्।
मोहनं स्तम्भनाकर्षमारणोच्चाटनानि च॥१४१॥

यह विद्या बालकों की रक्षा करती है, गर्भिणियों की तो निश्चय ही रक्षा करती है, मोहन, स्तम्भन, आकर्षण, उच्चाटन इत्यादि परकृत्य॥१४१॥

यन्त्रधारणतो नूनं जायन्ते साधकस्य तु।
नीलवस्त्रे विलिखितं ध्वजायां यदि तिष्ठति॥१४२॥

प्रत्यङ्गिरायन्त्र को धारण करनेवाले साधक की कभी हानि नहीं करते हैं। नीले वस्त्र में धारण यन्त्र को लिख करके यदि ध्वजा पर लगाया जाता है॥१४२॥

तदा नष्टा भवत्येव प्रचण्डा परिवाहिनी।
एतज्जप्तं महाभस्म ललाटे यदि धारयेत्॥१४३॥

तो संग्राम में प्रचण्ड शत्रुओं का समुदाय होने पर भी साधक उनको नष्ट कर देता है। यदि इसका जप करके अभिमन्त्रित भस्मादि का यदि तिलक धारण करता है, तो॥१४३॥

तद्दर्शनत एव स्युः प्राणिनस्तस्य किङ्कराः।
राजपत्न्योऽपि वशगाः किमन्याः परयोषितः॥१४४॥

तिलक करने वाले साधक को देख करके राजपत्नी भी वश में हो जाती है, अन्य स्त्रियों की तो बात ही क्या, वे तो तुरन्त ही वश में हो जाती हैं॥१४४॥

एतज्जप्तं पिबेत्तोयं मासैकेन महाकविः।
पण्डितश्च महादीक्षो जायते नात्र संशयः॥१४५॥

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल को एक मास तक पीता है, तो वह महाकवि और महापण्डित तथा महादीक्षित हो जाता है इसमें कोई संशय नहीं हैं॥१४५॥

शक्तिं सम्पूज्य देवेशि पठेत्स्तोत्रं वरं शुभम्।
इह लोके सुखं भुक्त्वा परत्र त्रिदिवं व्रजेत्॥१४६॥

प्रत्यङ्गिरा शक्ति का विधिवत् पूजन करके इस सहस्रनामस्तोत्र का पाठ जो साधक करता है, वह शुभ वर प्राप्त करता है इस लोक में जबतक रहता है, तबतक समस्त भोगों को भोगता है और पर लोक में भी समस्त सुख पाता है॥१४६॥

इदं नामसहस्रं तु प्रत्यङ्गिरामनोहराम्।
गोप्यं गुप्ततमं लोके गोपनीयं स्वयोनिवत्॥१४७॥

यह प्रत्यङ्गिरा का मनोहर सहस्रनाम गोपनीयों में भी परमगोपनीय है, इसको अपने योनि के समान गुप्त रखना चहिये॥१४७॥

श्रीरुद्रयामलतन्त्रे दशविद्यारहस्ये प्रत्यङ्गिरासहस्रनामस्तोत्रं परिपूर्णम्

❀

महाविद्यास्तोम्

ध्यानम्—हाथ में पुष्प लेकर ध्यान करे।

चतुर्भुजां महादेवीं नागयज्ञोपवीतिनीम्।
महाभीमां करालास्यां सिद्धविद्याधरैर्युताम्॥१॥

चार भुजाओंवाली, महादेवी, नाग (पवित्रकसंज्ञक) यज्ञोपवीत को धारण की हुई, महा विशाल शरीरवाली, विकराल मुखवाली, सिद्धों एवं विद्याधरादिकों से सेवित तथा गणों से युक्त॥१॥

मुण्डमालावलीकीर्णां मुक्तकेशीं स्मिताननाम्।
एवं ध्यायेन्महादेवीं सर्वकामार्थसिद्धये॥२॥

मुण्डमालावली को धारण की हुई, खुले हुए केशवाली, हास्य मुखवाली महादेवी का सभी कामनाओं की सिद्धि के लिए ध्यान करता हूँ॥२॥

शिव उवाच

दुर्लभं तारिणीमार्गं दुर्लभं तारिणीपदम्।
मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं दुर्लभं शवसाधनम्॥३॥

इस संसार में तारणी का मार्ग अतिदुर्लभ है, तारिणी का पद जानना भी अतिदुर्लभ है, मन्त्रों के अर्थ भी जानना अतिदुर्लभ है तथा शवसाधन भी अतिदुर्लभ है॥३॥

श्मशानसाधनं योनिसाधनं ब्रह्मसाधनम्।
क्रियासाधनकं भक्तिसाधनं मुक्तिसाधनम्॥४॥

श्मशान का साधन करना, योनि का साधन करना, ब्रह्म का साधन करना, क्रियायोग का साधन करना, भक्ति का साधन करना तथा मुक्ति का साधन करना इस संसार में अत्यन्त दुर्लभ तथा दुरूह है॥४॥

तव प्रसादाद् देवेशि! सर्वाः सिध्यन्ति सिद्धयः।
नमस्ते चण्डिके चण्डि! चण्डमुण्डविनाशिनी!॥५॥

हे देवताओं की ईश्वरि! आप के ही प्रसाद पूर्वक कृपा से सभी सिद्ध लोग समस्त सिद्धि पाते हैं, चण्ड-मुण्ड असुरों का संहार करनेवाली चण्डिका, महामहाचण्डी देवी आपको नमस्कार है॥५॥

नमस्ते कालिके! काली महाभयविनाशिनि!।
शिवे रक्ष जगद्धात्रि! प्रसीद हरवल्लभे!॥६॥

हे कालिकादेवि! कालरूपी महाभय का विनाश करनेवाली, आपको नमस्कार है, हे शिव की अर्धाङ्गिनि! हे जगत् को धारण करनेवाली भगवती शिवे! रक्षा करो, हे हर की वल्लभा! प्रसन्न होकर, हमारी रक्षा कीजिये॥६॥

प्रणमामि जगद्धात्रीं जगत्पालनकारिणीम्।
जगत् क्षोभकरी विद्यां जगत्सृष्टिविधायिनीम्॥७॥

जगत् का धारण तथा पालन करनेवाली, आपको प्रणाम है। जगत् का संहार करने वाली महाविद्यारूपिणी देवी, जगत् की सृष्टि करनेवाली महादेवी आपको प्रणाम है॥७॥

करालां विकटां घोरां मुण्डमालाविभूषिताम्।
हरार्चितां हराराध्यां नमामि हरवल्लभाम्॥८॥

हे महादेवि! कराल, विकट, घोर, मुण्डमाला से विभूषित, हर के द्वारा अर्चित, हर के द्वारा आराधित, हर की प्राणवल्लभा देवी आपको नमस्कार है॥८॥

गौरीं गुरुप्रियां गौरवर्णालङ्कारभूषिताम्।
हरिप्रियां महामायां नमामि ब्रह्मपूजिताम्॥९॥

हे गौरि! गुरु (भगवान् शङ्कर) की प्रिया, गौर वर्णवाली, विभिन्न आभूषणों से विभूषित, हरि की प्रिया, महामाया, ब्रह्म की पूजिता आपको नमस्कार है॥९॥

सिद्धां सिद्धेश्वरीं सिद्धविद्याधरगणैर्युताम्।
मन्त्रसिद्धिप्रदां योनिसिद्धिदां लिङ्गशोभिताम्॥१०॥

साधनाओं से सिद्ध होनेवाली, सिद्धों की ईश्वरी, सिद्धविद्याधरगणों से युक्त, मन्त्रों को सिद्धि प्रदान करनेवाली, योनिसिद्धि प्रदान करनेवाली, लिङ्ग (निष्कलरूप) से सुशोभित महादेवी आपको नमस्कार है॥१०॥

प्रणमामि महामायां दुर्गां दुर्गतिनाशिनीम्।
उग्रामुग्रमयीमुग्र तारामुग्रगणैर्युताम्॥११॥

सभी दुर्गति का नाश करनेवाली, उग्रों में उग्र तथा उग्रताराओं से और उग्र गणों से युक्त हे महामाया दुर्गादेवि! आपको नमस्कार है॥११॥

नीलां नीलघनश्यामां नमामि नीलसुन्दरीम्।
श्यामाङ्गीं श्यामघटितां श्यामवर्णविभूषिताम्॥१२॥

हे नीला देवि! नीलप्रभा से विभूषित श्यामा, नीलसुन्दरी देवी को नमस्कार है, श्याम वर्ण के अङ्गोंवाली, श्याम घटाओं के सदृश, श्याम वर्ण से विभूषित देवी आपको नमस्कार है॥१२॥

प्रणमामि जगद्धात्रीं गौरीं सर्वार्थसाधिनीम्।
विश्वेश्वरीं महाघोरां विकटां घोरनादिनीम्॥१३॥

जगत् को धारण करनेवाली, सभी साधनों की साधिका, विश्व की ईश्वरी, महा विशाल, विकट तथा भयङ्कर नाद करनेवाली देवी आपको नमस्कार है॥१३॥

आद्यामाद्या गुरोराद्यामाद्यनाथप्रपूजिताम्।
श्रीदुर्गां धनदामन्नपूर्णां पद्मां सुरेश्वरीम्॥१४॥

हे आद्या महामाया! आदि गुरु, आदिनाथ भगवान् शङ्कर से प्रपूजित श्रीदुर्गा, धन प्रदान करनेवाली, धनदा देवी, अन्नपूर्णा, कमलदलनिवासिनी, देवताओं की स्वामिनी आपको नमस्कार है॥१४॥

प्रणमामि जगद्धात्रीं चन्द्रशेखरवल्लभाम्।
त्रिपुरासुन्दरीं बालामबलागणभूषिताम्॥१५॥

हे चन्द्रशेखर शङ्कर की वल्लभा! सम्पूर्ण जगत् को धारण करनेवाली देवी, त्रिपुरसुन्दरी अबलागण से विभूषित बाला भगवती को प्रणाम है॥१५॥

शिवदूतीं शिवाराध्यां शिवध्येयां सनातनीम्।
सुन्दरीं तारिणीं सर्वशिवागणविभूषिताम्॥१६॥

हे शिव को दूत बनानेवाली शिवदूति! शिव की आराध्या, शिव की ध्येया, सनातनी सुन्दरी, तारिणी सभी शिवागणों से विभूषित देवी को नमस्कार है॥१६॥

नारायणीं विष्णुपूज्यां ब्रह्मविष्णुहरप्रियाम्।
सर्वसिद्धिप्रदां नित्यामनित्यगुणवर्जिताम्॥१७॥

हे नारायणी! विष्णु की पूज्या ब्रह्म-विष्णु-हर की प्रिया, सभी सिद्धि को प्रदान करनेवाली, नित्या (सदासर्वदा रहनेवाली) अनित्य गुणोंवाली देवी आपको नमस्कार है॥१७॥

सगुणां निर्गुणां ध्येयामर्चितां सर्वसिद्धिदाम्।
दिव्यां सिद्धिप्रदां विद्यां महाविद्यां महेश्वरीम्॥१८॥

सगुण तथा निर्गुण रूपोंवाली, सभी सिद्धि को प्रदान करने वाली, दिव्य रूपोंवाली दिव्य सिद्धि को प्रदान करनेवाली, महाविद्या-महामहेश्वरी आपको नमस्कार है॥१८॥

महेशभक्तां माहेशीं महाकालप्रपूजिताम्।
प्रणमामि जगद्धात्रीं शुम्भासुरविमर्दिनीम्॥१९॥

महेश की भक्ति से भक्तिमान्, महा ईश्वरी महाकाल के द्वारा विधिपूर्वक पूजित, जगत् को धारण करनेवाली, शुम्भासुर का संहार करनेवाली देवी आपको सतत नमस्कार है॥१९॥

रक्तप्रियां रक्तवर्णां रक्तबीजविमर्दिनीम्।
भैरवीं भुवनां देवीं लोलजिह्वां सुरेश्वरीम्॥२०॥

हे रक्त प्रिया! रक्त वर्णवाली, रक्तबीज असुर का संहार करनेवाली, सम्पूर्ण भुवन की अधिष्ठात्री, भुवनों में व्याप्त भैरवी देवी, लोलजिह्वावाली देवताओं की ईश्वरी आपको सतत नमस्कार है॥२०॥

चतुर्भुजां दशभुजां अष्टादशभुजां शुभाम्।
त्रिपुरेशीं विश्वनाथप्रियां विश्वेश्वरीं शिवाम्॥२१॥

चारभुजा-दशभुजा-अट्ठारह भुजाओं से शोभायमान, त्रिपुर की ईश्वरी, विश्वनाथ की प्रिया, विश्व की ईश्वरी शिवा आपको प्रणाम है॥२१॥

अट्टहासां अट्टहासप्रियां धूम्रविनाशिनीम्।
कमलां छिन्नभालां च मातङ्गीं सुरसुन्दरीम्॥२२॥

मुख से सदैव अट्टहास करनेवाली, अट्टहास को प्रेम करनेवाली, धूम्रासुर का विनाश करनेवाली, कमला, छिन्नमस्तिका, मातङ्गी तथा त्रिपुरसुन्दरी रूपिणी आपको नमस्कार है॥२२॥

षोडशीं विजयां भीमां धूम्रां च बगलामुखीम्।
सर्वसिद्धिप्रदां सर्वविद्यामन्त्रविशोधिनीम्॥२३॥

षोडशी, विजया, भीमा, धूम्रा, बगलामुखी, समस्त सिद्धियों को देनेवाली, सभी मन्त्रों का शोधन करनेवाली महादेवी आपको नमस्कार है॥२३॥

प्रणमामि जगत्तारां सारां च मन्त्रसिद्धये।
इत्येवं च वरारोहं स्तोत्रं सिद्धिकरं परम्॥२४॥

जगत् को तारनेवाली, सभी मन्त्रों की सारभूता मन्त्रसिद्धि प्रदान करनेवाली आपको प्रणाम है, वर को प्रदान करनेवाली देवी सभी सिद्धियों को प्रदान करनेवाला आपका स्तोत्र सभी सिद्धियों को देनेवाला है॥२४॥

पठित्वा मोक्षमाप्नोति सत्यं वै गिरिनन्दिनि!।
कुजवारे चतुर्दश्यां अमायां जीववासरे॥२५॥

चतुर्दशी के दिन मङ्गलवार होने पर तथा अमावस्या को गुरुवार होने पर इस स्तोत्र का पाङ्ग करने से निश्चय ही बाधाओं तथा दुःखों से छुटकारा मिल जाता है॥२५॥

शुक्रे निशिगते स्तोत्रं पठित्वा मोक्षमाप्नुयात्।
त्रिपक्षे मन्त्रसिद्धिः स्यात् स्तोत्रपाठाद्धि शङ्करि!॥२६॥

हे शङ्करि! शुक्रवार को अर्धरात्रि में इस स्तोत्र का पाठ करने से निश्चय ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीन पक्ष (पैंतालिस दिन) तक इसका पाठ करने से मन्त्र की अवश्य ही सिद्धि प्राप्त होती है॥२६॥

चतुर्दश्यां निशाभागे शनिभौमदिने तथा।
निशामुखे पठेत् स्तोत्रं मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्॥२७॥

चतुर्दशी को शनिवार या मङ्गलवार पड़ने पर निशामुख (अर्धरात्रि) में इस स्तोत्र का पाठ करने से अवश्य ही सिद्धि प्राप्त होती है॥२७॥

केवलं स्तोत्रपाठाद्धि मन्त्रसिद्धिरनुत्तमा।
जागर्ति सततं चण्डी स्तोत्रपाठाद् भुजङ्गिनी॥२८॥

केवल पाठ करने मात्र से ही उत्तम सिद्धि प्राप्त होती है तथा सतत निश्चय ही भुजङ्गिनी चण्डी देवी (कुण्डलिनी) जाग्रत् होती है।।२८।।

अनेन स्तोत्र पाठाख्येन महाविद्याकालिका प्रीयतां न मम।

मुण्डमालातन्त्रेमहाविद्यास्तोत्रं परिपूर्णम्

❋

कर्पूरस्तोत्रम्

विनियोग:—**ॐ अस्यश्रीकालिकाकर्पूरस्तवराजस्य श्रीमहाकालऋषिः उष्णिक्छन्दः श्रीकालिकादेवता क्रीँबीजं ह्रीँशक्तिः हूँकीलकं श्रीकालिकादेवताप्रीत्यर्थे जपे पाठे विनियोगः।**

कर्पूरं मध्यमाऽन्त्यस्वरपररहितं सेन्दुवामाक्षियुक्तं,
बीजं ते मातरेतत्त्रिपुरहवधु त्रिष्कृतं ये जपन्ति।
तेषां गद्यानि पद्यानि च मुखकुहरादुल्लसन्त्येव वाचः,
स्वच्छन्दं ध्वान्तधाराधररुचिरुचिरे सर्वसिद्ध्यङ्गतानाम्॥१॥

हे माता! हे त्रिपुर हरवधु! हे कृष्णमेध के समान काले वर्णवाली भगवती, कर्पूर शब्द के मध्य एवं अन्त्य व्यञ्जन(पकार एवं रकार) तथा उसमें युक्त स्वर (पकार के मध्य अकार तथा रकार के अकार को अलग करके अवशिष्ट ककार में रकार युक्त करके उसमें चन्द्रविन्दु (सानुनासिक अनुस्वार) संयुक्त कर वामाक्षि दीर्घ ईकार से युक्त करने पर निर्मित क्रीँ इस मन्त्र को जो क्रीँ क्रीँ क्रीँ तीन बार जप करते है उनके मुख विवर से अनायास ही गद्य और पद्य का स्वच्छन्द स्फुरण होने लगता है और उनमें अणिमादि सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।।१।।

ईशानः सेन्दुवामश्रवणपरिगतो बीजमन्यन्महेशि!,
द्वन्द्वं ते मन्दचेता यदि जपति जनो वारमेकं कदाचित्।
जित्वा वाचामधीशं धनदमपि चिरं मोहयन्नम्बुजाक्षी,
वृन्दञ्चन्द्रार्धचूडे प्रभवति स महाघोररावावतंसे॥२॥

हे महेशि!, हे चन्द्रार्धचूडे, हे महाभयानक बाल शव का कर्णाभूषण धारण करनेवाली, हे भगवति! ईशान(हकार) उसमें चन्द्रविन्दु(सानुनासिक अनुस्वार) तथा वाम श्रवण उकार युक्त करने पर निर्मित हूँ का दो बार अर्थात् हूँ हूँ जो उच्चारण करता है वह मूर्ख भी शास्त्रार्थ में बृहस्पति तथा धन में कुबेर को भी पीछे कर देता है और समस्त सुन्दरियों को मोहने में समर्थ हो जाता है।।२।।

ईशो वैश्वानरस्थः शशधरविलसद् वामनेत्रेण युक्तो,
बीजं ते द्वन्द्वमन्यद्विगलितचिकुरे कालिके ये जपन्ति।

द्वेष्टारं घ्नन्ति ते च त्रिभुवनमभितो वश्यभावं नयन्ति,
सृक्कद्वन्द्वास्त्रधाराद्वयधरवदने दक्षिणे कालिकेति॥३॥

ईश(हकार), वैश्वानर(र्), को शशधर, सानुनासिक अनुस्वार एवं वाम नेत्र दीर्घ ईकार से युक्त करने पर जो ह्रीँ निर्मित होता है उसका जो साधक दो बार अर्थात् ह्रीँ ह्रीँ का उच्चारण करता है वे अपने समस्त शत्रुओं का बध कर देता है तथा हे विस्रस्त केशोंवाली, हे ओष्ट प्रान्तों में निरवच्छिन्न रक्त की दो धाराओं को धारण करनेवाले मुखोंवाली, हे दक्षिणकालिके माता! बहुत क्या कहें, इस मन्त्र का जप करनेवाला साधक त्रिलोकी को अपने वश में कर लेता है॥३॥

ऊर्ध्वं वामे कृपाणं करकमलतले छिन्नमुण्डं ततोऽधः,
सव्येऽभीतिः वरं च त्रिजगदघहरे दक्षिणे कालिके च।
जप्त्वैतन्नामवर्णन्तव मनुविभवं भावयन्तस्तदर्थम्,
तेषामष्टौ करस्थाः प्रकटितवदने सिद्धयः त्र्यम्बकस्य॥४॥

हे प्रकटित वदने!(विस्तृत मुखोंवाली) हे त्रिजगदघहरे! तीनों लोकों के पापं को नष्ट करनवाली, हे माता! ऊपर के बायें हाथ में कृपाण तथा नीचे के बायें हाथ में छिन्न मुण्ड तथा ऊपर के दाहिने हाथ में अभय एवं नीचे के दाहिने हाथ में वर मुद्राओं को धारण करनेवाली, तुम्हारे रूप का जो साधक मन्त्र का जप करते हुए ध्यान करता है वे शिव के आठों अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है॥४॥

वर्गाद्यं वह्निसंस्थं विधुरतिललितं तत्त्रयं कूर्चयुग्मम्,
लज्जाद्वन्द्वञ्च पश्चात्स्मितमुखि तदधष्ठद्वयं योजयित्वा।
मातर्ये त्वां जपन्ति स्मरहरमहिले भावयन्ते स्वरूपम्,
ते लक्ष्मीलास्यलीलाकमलदलदृशः कामरूपा भवन्ति॥५॥

हे मन्द मुस्कानोंवाली, हे स्मरहरमहिले!(शिवप्रिये), वर्ग का आदि अक्षर ककार उसे वह्नि रेफ से युक्त कर उस पर विधुरतिललित ईकार तथा सानुनासिक अनुस्वार की मात्रा लगाकर क्रीँ मन्त्र के तीन बार उच्चारण करने के पश्चात् कूर्चयुग्म हूँकार द्वय तथा लज्जाद्वन्द्व ह्रीँकार के पश्चात् दो ठ उसके पश्चात् स्वाहा लगाकर अर्थात् क्रीँ क्रीँ क्रीँ हूँ हूँ ह्रीँ ह्रीँ ठः ठः स्वाहा इस मन्त्र का जो लोग तुम्हारा ध्यान करते हुए जप करते हैं वे अपनी दृष्टि के प्रक्षेप मात्र से लक्ष्मी को जहाँ तहाँ नचाते रहते हैं तथा इच्छानुसार रूप धारण करने में समर्थ हो जाते हैं॥५॥

प्रत्येकं वा द्वयं वा त्रयमपि च परं बीजमत्यन्तगुह्यम्,
त्वन्नाम्ना योजयित्वा सकलमपि सदा भावयन्तो जपन्ति।
तेषां नेत्रारविन्दे विहरति कमला वस्त्रशुभ्रांशुविम्बे,
वाग्देवीं दिव्यमुण्डस्रगतिशयलसत्कण्ठिपीनस्तनाढ्ये॥६॥

हे मुण्ड माला से विभूषित कण्ठवाली! हे पीन स्तनोंवाली भगवति कालिके! क्रीँ क्रीँ क्रीँ हूँ हूँ ह्रीँ ह्रीँ इन सात अक्षरो वाले बीज मन्त्र के प्रथम भाग क्रीँ क्रीँ क्रीँ अथवा दो भाग क्रीँ क्रीँ क्रीँ हूँ हूँ अथवा तीनों भाग क्रीँ क्रीँ क्रीँ हूँ हूँ ह्रीँ ह्रीँ अथवा क्रीँ क्रीँ क्रीँ हूँ हूँ ह्रीँ ह्रीँ के साथ तुम्हारा नाम दक्षिणे कालिके लगाकर जो लोग इस परम गुह्य मन्त्र का जप करते हैं उनके नेत्रारविन्द में लक्ष्मी विहार करती है तथा चन्द्रमण्डल के सदृश उनके मुख में वाग्देवी निवास करती है।।६।।

गतासूनां बाहुप्रकरकृतिकाञ्चीपरिलसन्,
नितम्बां दिग्वस्त्रां त्रिभुवनविधात्रीं त्रिनयनाम्।
श्मशानस्थे तल्पे शवहृदि महाकालसुरतः,
प्रसक्तां त्वां ध्यायन् जननि जडचेता अपि कविः।।७।।

हे मातः! श्मशान में शय्या पर शव के हाथों की बनी हुई करधनी को नितम्ब स्थल पर धारण करनेवाली, वस्त्र रहित, त्रिलोक की सृष्टि में समर्थ, तीन नेत्रोंवाली, शव के हृदय पर महाकालशिव के साथ सुरत में प्रसक्त तुम्हारे इस रूप को जड़ प्रकृति का महामूर्ख भी ध्यान करे तो वह महाकवि हो जाता है।।७।।

शिवाभिर्घोराभिः शवनिवहमुण्डस्थिनिकरे,
परं सङ्कीर्णायां प्रकटितचितायां हरवधुम्।
प्रविष्टां सन्तुष्टामुपरिसुरते नातियुवतीं,
सदा त्वां ध्यायन्ति क्वचिदपि न तेषां परिभवः।।८।।

हे माता! घोर शिवाओं से व्याप्त तथा मुर्दो के मुण्ड एवं हड्डियों से युक्त श्मशान में जलती हुई चिता के मध्य में प्रविष्ट हुई शान्त चित्तवाली, विपरीत रति से सन्तुष्ट होनेवाली, युवतिरूप से सम्पन्न तुम्हारे रूप का जो लोग ध्यान करते हैं उनका पराभव कभी नही होता है।।८।।

वदामस्ते किं वा जननि! वयमुच्चैर्जडधियो,
न धाता नापीशो हरिरपि न ते वेत्ति परमम्।
तथापि त्वद्भक्तिर्मुखरयति चास्माननमिते,
तदेतत् क्षन्तव्यं न खलु पशुरोषः समुचितः।।९।।

हे माता! ब्रह्मा, विष्णु तथा सदाशिव भी तुम्हारे जिस परम तत्त्व को नहीं जानते, फिर उसे मेरे जैसा महामन्द मति भला किस प्रकार जान सकता है? फिर भी हे भगवति! तुम्हारी भक्ति ही तुम्हारी स्तुति के लिए विवश करती है अतः मेरे इस अपराध को क्षमा करो, क्योंकि मेरे जैसे अज्ञ जीवों पर तुम्हारा क्रोध करना उचित नहीं है।।९।।

समन्तादापीनस्तनजघनदृग्यौवनवती ,
रतासक्तो रक्तं यदि जपति भक्तस्तव मनुम्।

विवासास्त्वां ध्यायन्गलितचिकुरस्तस्य वशगाः,
समस्ताः सिद्धौघा भुवि चिरतरं जीवति कविः॥१०॥

हे भगवति! रात्रि के समय वस्त्ररहित एवं बिखरे केशोंवाला जो भक्त पीन स्तन एवं पीन जघनवाली युवती के साथ संभोग करता हुआ तुम्हारा ध्यान कर तुम्हारे मन्त्र का जप करता है उसके वश में सभी सिद्धियाँ होती हैं और वह साधक कवि एवं चिरञ्जिवी होता है॥१०॥

समाः स्वस्थीभूतां जपति विपरीतां यदि सदा,
विचिन्त्य त्वां ध्यायन्नतिशयमहाकालसुरताम्।
तदा तस्य क्षोणीतलविहरमाणस्य विदुषः,
कराम्भोजे वश्या हरवधु महासिद्धिनिवहः॥११॥

हे शिवप्रिये! महाकाल से विपरीत रति में प्रसक्त तुम्हारे रूप का ध्यान करता हुआ जो भक्त तुम्हारे मन्त्र का संवत्सर पर्यन्त अथवा सदैव जप करता है, समस्त पृथ्वी तल में विहार करनेवाले उस विद्वान् भक्त के हाथ में समस्त महासिद्धियाँ वशीभूत हो जाती हैं॥११॥

प्रसूते संसारं जननि! जगतीं पालयति च,
समस्तं क्षित्यादि प्रलयसमये संहरति च।
अतस्त्वां धाताऽपि त्रिभुवनपतिः श्रीपतिरपि,
महेशोऽपि प्रायः सकलमपि किं स्तौति भवतीम्॥१२॥

हे माता! समस्त संसार को आप उत्पन्न करती हैं, पालन करती हैं एवं संहार करती हैं, इसलिए ब्रह्मा, तीनों लोकों के पति विष्णु और शङ्कर भी आपकी सदैव स्तुति करते है, जब ये तीनों देव आपके एक एक अंश की स्तुति करते हैं तो मैं सर्व शक्ति सम्पन्न आपकी किस प्रकार स्तुति करने में समर्थ हो सकता हूँ॥१२॥

अनेके सेवन्ते भवदधिकगीर्वाणनिवहान्,
विमूढास्ते मातः! किमपि नहि जानन्ति परमम्।
समाराध्यामाद्यां हरिहरविरञ्च्यादि विबुधैः,
प्रपन्नोऽस्मि स्वैरं रतिरसमहानन्दनिरताम्॥१३॥

हे माता! अनेक लोग देवताओं को तुम्हारे से अधिक जान कर उनकी सेवा करते हैं, वे लोग महामूर्ख हैं, कुछ भी नहीं जानते हैं अतः यह उनकी दुर्बुद्धि है, पर मैं तो ब्रह्मा, विष्णु और शिवादि देवताओं से समाराधन के योग्य आदि एवं रति रस रूप महान् आनन्द में निरत आपकी शरण में स्वच्छन्द होकर आया हूँ॥१३॥

धरित्री कीलालं शुचिरपि समीरोऽपि गगनं,
त्वमेका कल्याणी गिरिशरमणी कालिसकलम्।

स्तुतिः का ते मातर्निजकरुणया मामगतिकम्,
प्रसन्ना त्वां भूया भवमनु न भूयान्मम जनुः॥१४॥

हे माता! तुम पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश रूपवाली हो, इस प्रकार हे गिरीशमणि, हे कालिके! हे संसार के सभी पदार्थ भी तुम्हीं हो, मैं तुम्हारी स्तुति करने में किस प्रकार समर्थ हो सकता हूँ, हे माता! अशरण मुझ पर करुणा करके तुम प्रसन्न हो जाओ, जिससे मेरा जन्म इस संसार में न हो॥१४॥

श्मशानस्थः स्वस्थो गलितचिकुरा दिक्पटधरः,
सहस्रं त्वर्काणां निजगलितवीर्येण कुसुमम्।
जपस्तत् प्रत्येकं मनुमपि तव ध्याननिरतो,
महाकाली! स्वैरं स भवति धरित्री परिवृढः॥१५॥

हे माता! श्मशान में निवास करता हुआ, विवस्त्र एवं विखरित केशोंवाला होकर जो भक्त स्वस्थ चित्त से अपने वीर्य से युक्त हजार अर्क पुष्पों से ध्यान करता हुआ तुम्हारे प्रति पुष्प मन्त्र द्वारा हजार आहुति प्रदान करता है वह इस पृथ्वी तल का राजा बन जाता है॥१५॥

गृहे सम्मार्जन्या परिगलितवीर्यं हि चिकुरं,
समूलं मध्याह्ने वितरति चितायां कुजदिने।
समुच्चार्य प्रेम्णा मनुमपि सकृत् कालिसततं,
गजारूढो याति क्षितिपरिवृढः सत्कविवरः॥१६॥

हे कालि! मङ्गलवार के दिन जड़ से केश को उखाड़ कर संमार्जनी के साथ अपने वीर्य से उसे युक्त कर तुम्हारे मन्त्र का उच्चारण कर प्रेम के साथ एक बार भी चिता में हवन कर देता है तो वह साधक मस्त हाथी पर सवार हो जाता है तथा सत्कवि और राजा हो जाता है॥१६॥

स्वपुष्पैराकीर्णं कुसुमधनुषो मन्दिरमहो,
पुरो ध्यायन्ध्यायन् यदि जपति भक्तस्तव मनुम्।
स गन्धर्व श्रेणी पतिरपि कवित्वामृत् नदी,
न दीनः पर्यन्ते परमपदलीनः प्रभवति॥१७॥

जो भक्त ऋतु से युक्त योनि का ध्यान करता हुआ भक्ति पूर्वक तुम्हारे मन्त्र का जप करता है वह गाने में गन्धर्वों का पति हो जाता है, एवं कविता रूप अमृत नदियों का वह समुद्र के समान पति हो जाता है, तथा मरण काल में वह भगवती महाकालिका के परम पद को प्राप्त कर लेता है॥१७॥

त्रिपञ्चारे पीठे शवशिवहृदि स्मेरवदना,
महाकालेनोच्चैर्मदनरसलावण्यनिरताम् ।
समासक्तो नक्तं स्वयमपि रतानन्दानिरतो,
जनो यो ध्यायेत्त्वामपि जननि! स स्यात्स्मरहरः॥१८॥

हे माता! पञ्चदश कोण के पीठ में शवरूपी शिव के हृदय पर महाकाल के साथ रत्यानन्द में आसक्त एवं मन्द हास से युक्त मुखवाली, तुम्हारे रूप का ध्यान स्वयं एकाग्र मन से जो भक्त रात्रि में स्वयं रत्यानन्द में आसक्त होकर करते हैं वे भक्त साक्षात् शिव हो जाते हैं।।१८।।

सलोमास्थि स्वैरं पललमपि मार्जारमसिते!,
परं वौष्ट्रं मैषं नरमहिषयोश्छागमपि वा।
बलिं ते पूजायामपि वितरतां मत्स्यवसतां,
सतां सिद्धिः सर्वा प्रतिपदमपूर्वा प्रभवति।।१९।।

हे असिते! तुम्हारी पूजा में मार्जार, उष्ट्र, मेष, नर, महिष एवं छाग के लोम एवं हड्डियों के सहित मांस की बलि स्वच्छन्दता से करनेवाले मनुष्यों को प्रतिदिन अपूर्व सिद्धि प्राप्त होती है।।१९।।

वशी लक्षं मन्त्रं प्रजपति हविश्याशनरतो,
दिवा मातर्युस्मच्चरणकमलध्याननिरतः।
परं नक्तं नग्नो निधुवनविनोदेन च मनुः,
जपेल्लक्षं सम्यक्स्मरहरसमानः क्षितितले।।२०।।

हे माता! जो साधक हविष्यान्न भोजन करके दिन में तुम्हारे चरण कमल का ध्यान करता हुआ तुम्हारे मन्त्र का एक लाख जप करता है तथा रात्रि में भी नंगा होकर रतिक्रीडा में आसक्त होकर तुम्हारे मन्त्र का एक लाख जप करता है वह साधक इस पृथ्वी तल पर निश्चय ही शिव के समान हो जाता है।।२०।।

इदं स्तोत्रं मातस्तव मनु समुद्धारणजपं,
स्वरूपाख्यं पादाम्बुजयुगलपूजाविधियुतम्।
निशार्धे वा पूजासमयमधि वा यस्तु पठति,
प्रलापस्तस्याऽपि प्रसरति कवित्वामृतरसः।।२१।।

हे माता! जो मन्त्रोद्धार पूर्वक तुम्हारे युगलचरणों की सविधि पूजा एवं ध्यान करते हुए इस स्वरूपाख्य स्तोत्र का पाठ महानिशा में अथवा पूजा के समय करता है उनके मुख विवर से निकला हुआ अनर्थक प्रलाप भी कवित्वरूप अमृतरस से परिपूर्ण रहता है।।२१।।

कुरङ्गाक्षी वृन्दे तमनुसरति प्रेमतरलं,
वशस्तस्य क्षोणीपतिरपि कुबेरप्रतिनिधिः।
रिपुः कारागारं कलयति च तं केलिकलया,
चिरं जीवन्मुक्तः प्रभवति स भक्तः प्रतिजनुः।।२२।।

हे माता! इस स्तोत्र का पाठ करनेवाले साधक के पीछे पीछे तरुणी वृन्दों का समूह प्रेम रस से उन्मत्त होकर चलता है। कुबेर के समान धनी राजा भी उसके वश में हो जाते

हैं तथा प्रतापी शत्रु भी कारागार में विलाप करते हैं। वह भक्त केलिकला से युक्त होकर बहुत कालपर्यन्त जीवित रहता है और जीता हुआ भी वह जीवन मुक्त हो जाता है॥२२॥

श्रीकर्पूरस्तवराजं परिपूर्णम्

❀

कालिकाक्षमापनस्तोत्रम्

विनियोग:—**ॐ अस्य श्रीकालिकाक्षमापनस्तोत्रमन्त्रस्य श्रीमहाकालऋषिः उष्णिक्छन्दः श्रीकालिकादेवता क्रीँबीजं ह्रीँशक्तिः हूँकीलकं श्रीकालिकादेवताप्रीत्यर्थे पाठे विनियोगः।**

प्राग्देहस्थो यदाऽहं तव चरणयुगलं नाश्रितो नार्चितोऽहम्,
तेनाद्यै कीर्तिवर्गैः जठरदहनैर्बाद्ध्यर्यमानो बलिष्ठैः।
क्षिप्त्वा जन्मान्तरान्नः पुनरिह भविता क्वाश्रयः क्वाऽपि सेवा,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥१॥

पूर्व में देह धारण (जन्म लेने) करने पर हमने तुम्हारे चरण युगल का आश्रय नहीं लिया और न ही अर्चनादि ही किया, जिससे प्रारम्भिक कर्मफल से जठर के बलवान् घोरतम ताप में पड़ गया, पुन: जठर से गिरकर इस जन्म को प्राप्त किया, इस जन्म में भी किसका आश्रय लें, किसकी सेवा करें, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें॥१॥

बाल्ये बालाऽभिलाषैर्जडितजडमतिर्बाललीलाप्रसक्तो,
न त्वां जानामि मातः! कलिकलुषहरां भोगमोक्षप्रदात्रीम्।
नाचारो नैव पूजा न च यजन कथा न स्मृतिर्नैव सेवा,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥२॥

इस जन्म में भी पूर्व में बाल्यकाल में बाल्यकालिक अभिलाषाओं में ही ग्रस्त रहा, कालुष्य का हरणकर भोग और मोक्ष को प्रदान करनेवाली माता तुम्हे जानता ही नहीं था, तुम्हारे आचार और पूजा तथा तुम्हारे यजन की बात, तुम्हारा ध्यान और सेवा जानता ही नहीं था, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें॥२॥

प्राप्तोऽहं यौवनं चेद् विषधरसदृशैरिन्द्रियैर्दंष्ट्रगात्रो,
नष्टप्रज्ञः परस्त्री परधनहरणे सर्वदा साऽभिलाषः।
त्वत्पादाम्भोजयुग्मं क्षणमपि मनसा नतोऽहं कदाऽपि,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥३॥

जब हमने यौवनावस्था प्राप्त की तब विषधर के सदृश इन्द्रियों के मुखस्थित दाँतों में

फँसा रहा (इन्द्रिय भोग में सदैव लगा रहा) तथा बुद्धि को नष्ट करके दूसरे का धन तथा दूसरे की स्त्री हरणादि की सदा सर्वदा अभिलाषा करता रहा, तुम्हारे चरण का क्षण मात्र ध्यान कभी भी हमने नहीं किया, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।३।।

प्रौढा भिक्षाभिलाषी सुतदुहितकलत्रादिमन्नादिचेष्टः,
क्व प्राप्स्ये कुत्र यामीत्यनुदिनमनिशं चिन्तया भग्नदेहः।
न ते ध्यानं न चास्था न च भजनविधिर्नामसङ्कीर्तनं वा,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।४।।

प्रौढा अवस्था आने पर घूम-घूमकर भिक्षा माँगने की अभिलाषा करनेवाला हो गया, पुत्रदुहिता, कलत्रादि तथा अन्नादि प्राप्ति की चेष्टा में लगा रहा, हमने तुम्हारा कभी कोई ध्यानादि नहीं किया तथा तुम्हारे प्रति कोई आस्था भी कभी नहीं की, कभी तुम्हारा भजन, कीर्तनादि भी नहीं किया, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालस्वरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।४।।

वृद्धत्वे बुद्धिहीनः कृशविवशतनुः श्वासकासातिसारैः,
कर्मानर्होऽक्षिहीनः प्रगलितदशनः क्षुत्पिपासाभिभूतः।
पश्चात्तापेन दग्धो मरणमनुदिनं ध्येयमात्रं न चाऽन्यत्,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।५।।

वृद्धावस्था आने पर बुद्धिहीन, अत्यन्त कृश शरीरवाला, वात-पित्त-कफ तथा अतिसारादि रोगों से ग्रस्त हो गया, कार्य करने में भी अक्षम, तथा आँखों से हीन तथा दाँतों से विहीन, भूख और प्यास से ग्रस्त होकर तड़पनेवाला होकर पश्चात्ताप की अग्निज्वाला में दग्ध होता हुआ मरण-दिन के भय से ग्रस्त होने पर आपके सिवाय कोई ध्येय नहीं है, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।५।।

कृत्वा स्नानं दिनादौ क्वचिदपि सलिलो न कृतं नैव पुष्पं,
ते नैवेद्यादिकं च क्वचिदपि न कृतं नाऽपि भावो न भक्तिः।
न न्यासो नैव पूजा न च गुणकथनं नाऽपि चाऽर्चा कृतास्ते,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।६।।

दिन के प्रात: काल में कभी स्नान नहीं किया, कभी आपके लिए सुन्दर कोमल फूल भी नहीं लाया, कभी आपके लिए भोग भी नहीं लाया, कभी आपके प्रति भाव भक्ति भी नहीं किया, कभी आपकी न्यास पूजा आपके स्तोत्रपाठ तथा अर्चना भी नहीं किया, अत: प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूपकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।६।।

जानामि त्वां न चाऽहे भवभयहरणीं सर्वसिद्धिप्रदात्रीम्,
नित्यानन्दोदयाढ्यं त्रितयगुणमयीं नित्यशुद्धोदयाढ्यम्।

मिथ्याकर्माभिलाषैरनुदिनमभितः पीडितो दुःखसङ्घैः,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥७॥

सर्व सिद्धि को प्रदान करनेवाली, भवभय का हरण करनेवाली माता तुम्हें जाना तक नहीं, नित्य आनन्द और दया की वर्षा करनेवाली, तीन गुणों (सत्त्व-रज-तम) में अभिव्यक्त नित्य शुद्ध, दया का वर्षण करनेवाली, कभी तुम्हारी सेवा की अभिलाषा नहीं की, हमेशा असत्य कर्म में लगा रहा तथा दुःखों के समुदाय में फँसा रहा, अतः प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें॥७॥

कालाभ्रां श्यामलाङ्गीं विगलितचिकुरां खड्गमुण्डाभिराभां,
त्रासत्राणेष्टदात्रीं कुणपगण शिरोमालिनीं दीर्घनेत्राम्।
संसारस्यैकसारं भवजननहरा भावितो भावनाभिः,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥८॥

मेघ के समान कृष्ण वर्णवाली, श्यामल अङ्गोंवाली, बिखरे हुए बालोंवाली, हाथों में खड्ग और मुण्ड धारण करनेवाली, दुःखों से सदैव छुटकारा करानेवाली, कुणपगण को शिर पर धारण करनेवाली, दीर्घ नेत्रोंवाली, संसार की एक मात्र सारभूता, भव सागर में जन्ममृत्यु के बन्धन से छुटकारा दिलानेवाली, भावनाओं में भावित महादेवी, ध्यान मात्र से ही प्रसन्न होनेवाली माता हमने आपकी सेवा कभी नहीं की अतः प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें॥८॥

ब्रह्माविष्णु तथेशः परिणमति सदा त्वत्पदाम्भोजयुग्मम्,
भाग्याभावान्न चाऽहं भवजननि भवत्पादयुग्मं भजामि।
नित्यं लोभप्रलोभैः कृतवशमतिः कामुकस्त्वां प्रयाचे,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥९॥

आपके दोनों चरण में ब्रह्माविष्णु तथा महेश सभी नित्य प्रणाम करते हैं, भाग्य से हीन होकर हमने आपकी चरण युगल की कभी सेवा नहीं की, मैं अत्यन्त कामुक तथा काम, क्रोध तथा लोभादि के अधीन बुद्धि वाला हूँ, अतः प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें॥९॥

रागद्वेषैः प्रमत्तः कलुषयुततनुः कामनाभोगलुब्धः,
कार्याऽकार्याविचारी कुलमतिरहितः कौलसङ्घैर्विहीनः।
क्व ध्यानं ते क्व चाऽर्चा क्व च मनु जपन्नैवकिञ्चित्कृतोऽहं,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले॥१०॥

मैं राग-द्वेष से मदोन्मत्त, पापी, कालुष्ययुक्त शरीरवाला, निरन्तर कामादि भोगों में लिप्त, कार्याकार्य(करने योग्य न करने योग्य)विवेक से अनभिज्ञ, अकुलीन, अपने स्वजन (कुटुम्ब)से रहित हूँ, इसीलिए तो आपका ध्यान, पूजन, जपतपादि से हीन हूँ, अतः हे

प्रकटितवदनकामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।१०।।

रोगी दुःखी दरिद्रः परवशकृपणः पांशुलः पापचेताः,
निद्रालस्यप्रसक्तः सुजठरभरणे व्याकुलः कल्पितात्मा।
किं ते पूजाविधानं त्वयि क्व च मनुमिति क्वानुरागः क्व चास्था,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।११।।

मैं रोगी, दुःखी, दरिद्र, दूसरों के अधीन, व्यभिचारी, पापी, निद्रा, आलस्य से युक्त, एकमात्र अपना उदर-पोषण करने में ही लगा रहता हूँ, इसलिए आपके पूजन में मेरी बुद्धि आपके प्रति प्रेम, अनुराग, भक्ति तथा आस्था नहीं है, अतः हे प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप माता महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।११।।

मिथ्याव्यामोहरागैः परिवृतमनसः क्लेशसङ्घान्वितस्य,
क्षुन्निद्रौघान्वितस्य स्मरणविरहिणः पापकर्मप्रवृत्तेः।
दारिद्र्यस्य क्व धर्मः क्व च जननिरुचिः क्व स्थितः साधुसङ्गैः,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।१२।।

मिथ्या असत्य व्यामोहादि राग में पड़े हुए चित्तवाले क्लेशसमूह से पीडित, क्षुधा, निद्रा तथा आलस्य से पीड़ित, आपके ध्यान से हीन, पाप कर्म में प्रवृत्त, हे जननि! ऐसे मुझ दरिद्र का न तो कोई धर्म है, न आपसे प्रेम ही है और न सज्जनों की सङ्गति ही है, अतः हे प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप माता महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।१२।।

मातस्तातस्य देहज्जननिजङ्गरगः संस्थितस्त्वद्वशेऽहं,
त्वं हर्ता कारयित्री करणगुणमयी कर्महेतुस्वरूपा।
त्वं बुद्धिश्चित्तसंस्थाऽप्यहमति भवती सर्वमेतत्क्षमस्व,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।१३।।

हे माता! पिता के देह द्वारा माता के उदर गर्भ में स्थित होने से आपके ही अधीन मायाग्रस्त हूँ, आप ही जगत् की हर्ता, जगत् की सृष्टि करनेवाली, त्रिगुणोंवाली कर्म की हेतुभूतरूपा हैं, यद्यपि आप मेरे बुद्धि, चित्त में स्थित हैं, तथापि आपको मैं पहचान नहीं सका, अतः हे माता! प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।१३।।

त्वं भूमिस्त्वं जलञ्च त्वमसि हुतवहस्त्वं जगद्वायुरूपा,
त्वञ्चाऽऽकाशं मनश्च प्रकृतिरसि महत्पूर्विका पूर्वरूपा।
आत्मा त्वञ्चाऽसि मातः! परमसि भवती त्वत्परन्नैव किञ्चित्,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।१४।।

हे माता! आप ही भूमिरूप हैं, आप ही जलरूप हैं, आप ही अग्निरूप हैं, आप ही

वायुरूप हैं तथा आप ही आकाशरूप हैं, आप ही मनरूप हैं, आप ही प्रकृतिरूप हैं, आप ही महद्‌रूप हैं, आप ही पूर्व तथा उत्तररूप हैं, आप ही पहले थीं तथा बाद में भी आप ही हैं, आप ही आत्मारूप हैं, आप ही परस्थान स्थित पररूप हैं, आप ही सबसे परे हो परन्तु आपसे परे कुछ भी नहीं है, अत: हे माता! प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।१४।।

त्वं काली त्वञ्च तारा त्वमसि गिरिसुता सुन्दरी भैरवी त्वम्,
त्वं दुर्गा छिन्नमस्ता त्वमसि भुवना त्वं तु लक्ष्मीः शिवा त्वम्।
धूमामातङ्गिनीस्त्वं त्वमसि च बगला मङ्गलादिस्तवाख्या,
क्षन्तव्यो मेऽपराधः प्रकटितवदने कामरूपे कराले।।१५।।

हे माता! काली, तारा, पार्वती, सुन्दरी, भैरवी, दुर्गा, छिन्नमस्तिका, भुवनेश्वरी, लक्ष्मी, शिवा, धूमावती, मातङ्गिनी, बगला, मङ्गला आपकी ही आख्यायें (विभूतियाँ) हैं अर्थात् आप ही के स्वरूप हैं, अत: हे माता! प्रकटित वदनवाली कामरूप, करालरूप महाकालिके! हमारे इस घोर अपराध को क्षमा करें।।१५।।

स्तोत्रेणाऽनेन देवीं परिणमति जनो यः सदा भक्तियुक्तो,
दुष्कृत्या दुर्गसङ्घं परितरति शतं विघ्नतां नाशमेति।
नाधिर्व्याधिः कदाचिद्भवति यदि पुनः सर्वदा सापराधः,
सर्वं तत्कामरूपे त्रिभुवनजननी क्षामये पुत्रबुध्या।।१६।।

जो साधक श्रद्धाभक्तिपूर्वक देवी के इस स्तोत्र का निरन्तर पाठ करता है, उसके समस्त दुष्कर्म तथा सैकड़ों विघ्न स्वत: नष्ट हो जाते हैं, उसे कभी भी आधि-व्याधि नहीं होती है। साधक सदा अपराधी होने पर भी कामरूपा, कराला भगवति कालिका त्रैलोक्यजननी माँ उसे अपना पुत्र समझकर, उसके समस्त अपराधों को क्षमा कर देती हैं तथा समस्त तापों-पापों को नष्ट कर देती हैं।।१६।।

ज्ञाता वक्ता कवीशो भवति धनपतिर्दानशीलो दयात्मा,
निष्पापी निष्कलङ्को कुलपतिकुशलः सत्यवाग्धार्मिकश्च।
नित्यानन्दो दयाढ्यः पशुगणविमुखः सत्पथाचारशीलः,
संसाराब्धिं सुखेन प्रतरति गिरिजापादयुग्मावलम्बात्।।१७।।

इस स्तोत्र के जाननेवाले साधक ज्ञानी, वक्ता, कवीश्वर, दयालु, दानी, धनपति, पाप-कलंक से रहित, सत्यवादी, धार्मिक, अपने कुल की रक्षा करने में कुशल कुलपति, नित्यानन्दरूप, दया की वर्षा करनेवाले, पशुबुद्धि से रहित, सन्मार्ग का आश्रय लेने वाले होते हैं, जो साधक गिरिजा पार्वती के सेवक होते हैं, वे इस संसाररूपी समुद्र को अनायास ही पार कर जाते हैं।।१७।।

वन्देऽहं कालिका देवि! सर्वज्ञानकरे शुभे।
रक्ष मां जगत् कारिणि पाहि मां जगदम्बिके॥१८॥

हे कालिका देवि! आपकी ध्यान, पूजन तथा स्तोत्र वन्दना करता हूँ, सभी प्रकार का शुभ और ज्ञान प्रदान करनेवाली, जगत् का निर्माण करनेवाली हे माता कालिका! संसार के समस्त दु:खों से हमारी हमारी रक्षा करे, जगत् को उत्पन्न करनेवाली, हे माता! हमारा पालन करें॥१८॥

इस प्रकार से क्षमापनस्तव पाठ करके देवि को पाठ समर्पित करे।

अनेन स्तोत्रपाठाख्येन विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेवता प्रीयतां न मम।

क्षमापनस्तव: परिपूर्णम्

⁂

महादेवीस्तवेन्द्रम्

नमामि ते कालिपदारविन्दं त्वामाश्रयामि प्रणमामि नित्यम्।
ध्यायामि गायामि वदामि नित्यमेवं कुरु त्वं मम चित्तवृत्तिम्॥१॥

हे कालिके! आपको नित्य ही नमस्कार है, आपके चरणकमलों में नित्य ही प्रणाम करता हूँ, उसी का नित्य ध्यान करता हूँ, नित्य उसकी वन्दन करता हूँ, नित्य उसका गुणगान करता हूँ, आप नित्य ही हमारे चित्त में वास करें तथा हमारे ऊपर कृपा करें॥१॥

सीमन्तिनीसुन्दरि! कान्तिकम्रा कादम्बरी घूर्णितनेत्रपद्मा।
कदम्बमालाञ्छितकेशपाशा कलावती कौलिकचक्रमध्ये॥२॥

हे महाकालिके! सीमन्तिनीसुन्दरी, नम्रकान्तिवाली, कादम्बरी, नेत्र कमल में सदैव घूमनेवाली, कदम्ब के फूलों से गुथे हुए केशपाशोंवाली, कौलिक चक्र के मध्य में सदैव कलना करनेवाली, आपको शतश: नमस्कार है॥२॥

कन्दर्पदर्पोदरदीर्घबाहू कुमुद्वती बान्धवचारुनेत्रा।
कलाकलापा कलहंसनादा कलावती कामकलाविलासा॥३॥

हे कालिके! कन्दर्पदर्प (सर्वोच्चाभिमान) जिसके भीतर भरा है, बड़ी-वड़ी नेत्रोंवाली, कमल को धारण करनेवाली, बान्धवों, भक्तों की आखों को अच्छी लगनेवाली, कलाओं के रूप में विकसित होनेवाली, कलहंस का नाद करनेवाली, कलाओंवाली, कामकला में विलास करनेवाली, तुमको नित्य नमस्कार है॥३॥

यत्रैव सङ्ग: कुलसुन्दरीणां तत्रैव गङ्गा यमुना च तत्र।
वाराणसी मोक्षकरी तथा च तत्रैव गङ्गाम्बुधिसङ्गमश्च॥४॥

हे कालिके! जहाँ कुलसुन्दरियों के बीच तुम्हारा स्थान है वहीं गङ्गा-यमुना है, वहीं

वाराणसी तीर्थ है, वही मोक्ष करनेवाली है, वहीं गङ्गाजल का सङ्गम है, वहीं अमृत प्रवाह है, तुमको नित्य नमस्कार है।।४।।

पादारविन्दं कुलसुन्दरीणां देशान्तरे भावितसिद्धमार्गे।
विहारलोकस्तरुणानुभावं गृहान्धकूपे विमलं विभाति॥५॥

हे कालिके! तुम्हारा जो कुलसुन्दरियों के बीच पादारविन्द है वही अन्यत्र मार्गों सम्प्रदायों में सिद्धि का मार्ग है, तुम्हारा लोक में विहार करनेवाला यौवन युक्त भाव है, वहीं इस गृह (शरीर) में स्थित अन्धकूप में विमल लगता है, तुमको नित्य नमस्कार है।।५।।

कुरङ्गनेत्रातिकुरङ्गनेत्रा शिवाभवानीति शिवाभवानिः।
मृगेन्द्रमध्याति मृगेन्द्रमध्या गौरीति गौरीति वचस्तु भूयात्॥६॥

हे कालिके! तुम कुरङ्गनेत्रों में अतिकुरङ्गनेत्रोंवाली हो, तुम्हीं शिवाओं में (शक्तियों) भवानियों (स्त्रीयों) में शिवा (कलिका) और भवानी (पार्वती) रूप हो, मृगेन्द्रों के मध्य मृगेन्द्रमध्या हो, तुम्हे ही गौरी, महागौरी नामों से बार-बार कहा जाता है, तुमको नित्य नमस्कार है।।६।।

त्वं तारिणी नारकहारिणी त्वं त्वं कालिकातारणकारिका त्वम्।
वैरोचिनी दुःखविमोचिनी त्वं त्वं भैरवी त्वं भुवनेश्वरी त्वम्॥७॥

हे कालिके! तुम्हीं संसार के भवसागर से तारनेवाली हो, तुम्हीं नरक का हरण करने (नरक से बाहर निकालने) वाली हो, तुम्हीं तारनेवाली कालिका हो, तुम्हीं भैरवी हो, तुम्हीं भुवनेश्वरी हो, तुमको नित्य नमस्कार है।।७।।

दिगम्बरी पीनपयोधरा सा स्मराभिलाषा परिमुक्तकेशा।
सदा शिवाङ्कस्थितिरर्चिता सा श्यामाभिरामा परिपूर्णकामा॥८॥

हे कालिके! तुम दिगम्बरी पीनपयोधरा हो, काम की अभिलाषा करनेवाली, खुले हुए केशोंवाली हो, सदैव शिव के ही अङ्ग में रहनेवाली हो, श्यामल प्रकाश वाली हो, समस्त कामनाओं की परिपूर्णता करनेवाली हो, तुमको नित्य नमस्कार है।।८।।

श्री सुन्दरीणां चरणारविन्दं विना न मन्ये न च पूजयामि।
न च जल्पयामो न च कल्पयामो न चाश्रयामो न च देवमन्यम्॥९॥

हे कालि! श्रीस्वरूपिणी त्रिपुरसुन्दरी के चरण-कमलों का कभी कोई ध्यान नहीं किया, न कभी मान ही दिया और न कभी पूजन ही किया, हे त्रिपुरसुन्दरीस्वरूपिणी कालिके! तुम्हारे बिना कोई जप नहीं है न ही कोई पूजा की कल्पना ही की जा सकती है, तुम्हारे बिना कोई आश्रय नहीं है, तुम्हारे अतिरिक्त कोई देव भी नहीं है, तुमको नित्य नमस्कार है।।९।।

जपावली यावकजालवर्णा सौदामिनी दाडिमबीजवर्णा।
सुवर्णकाञ्ची परिबद्धमध्या सिद्धार्चिता सिद्धमयी विभाति॥१०॥

हे कालिके! तुम ही जपकाल की अक्षमाला में वर्णरूपा हो, तुम ही सौदामिनी हो,

तुम ही दाडिमफल में बीज के वर्णवाली हो, तुम ही सुवर्ण की आभा से युक्त हो कर मध्य में रहनेवाली हो, तुम ही सिद्धमयी तथा सिद्धों के द्वारा अर्चित हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१०॥

कादम्बरी पानपरायणानां कुलाङ्गनानां वदनारविन्दम्।
ध्यानं ममैतत् स सदैव भूयात् तद्भावनाभावितभूरिभक्तिः॥११॥

हे कालिके! तुम कादम्बरी हो, तुम अमृतपानपरायणा हो, तुम ही कुलाङ्गनाओं में प्रभारूप से विराजमान हो, सदैव तुम्हारा ही रूप हमें ध्यान में प्रत्यक्ष हो, तुम्हारी ही भावना से भावित भक्ति से ओतप्रोत रहूँ, तुमको नित्य नमस्कार है॥११॥

त्वमेव बुद्धिश्च त्वमेव वृद्धिस्त्वमेव सिद्धिश्च त्वमेव ऋद्धिः।
प्रमात्मिका त्वं परमात्मिका त्वं प्रमाणमाता परमेश्वरी त्वम्॥१२॥

हे कालिके! तुम ही बुद्धि हो, तुम ही वृद्धि हो, तुम ही सिद्धि हो, तुम ही ऋद्धि हो, तुम ही प्रमारूपिणी हो, तुम ही परमात्मिका हो, तुम ही प्रमाण हो, तुम ही माता हो, तुम ही परमेश्वरी हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१२॥

त्वं कार्तिकी कौतुकमूर्तिराद्या मयूरपृष्टार्पितपादपद्मा।
चन्द्रानना चारुचकोरनेत्रा किं स्तौमि मातस्तव पादपद्मे॥१३॥

हे कालिके! तुम ही कार्तिकी हो, तुम ही आद्या कौतुकरूपी मूर्ति हो, तुम ही मयूर के पीठ पर चिन्हित चरण कमल हो, तुम्हारे मुखकमल चन्द्रमा के सदृश हैं, तुम्हारे नेत्र सदैव अच्छे लगनेवाले हैं, हे माता! तुम्हारे चरणकमल के अतिरिक्त किसका पूजन करे, तुमको नित्य नमस्कार है॥१३॥

अत्युग्रदन्ताग्रधृता च नित्यं घोरानना घोरगभीरनादा।
संहारनिस्तारविधानकर्त्री वाराहि मातः स्तव एव सर्वम्॥१४॥

हे कालिके! तुम अति उग्र दाँतों को धारण करनेवाली हो, घोर आननवाली हो, घोर गम्भीर नाद करनेवाली हो, तुम संहार, निस्तार तथा विधान करनेवाली हो, हे माता! तुम वाराही रूपिणी हो, तुम्हारा ही सब स्तवन करते हैं, तुमको नित्य नमस्कार है॥१४॥

कालस्त्वमेव त्वमपीह काष्ठा त्वमेव चात्मा च मनस्त्वमेव।
श्रीब्रह्मशक्तिः खलुसत्यरूपा ज्योतिःस्वरूपा जगतः करोषि॥१५॥

हे कालिके! तुम ही काल हो, तुम ही काष्ठ के सदृश जड़रूप हो, तुम ही आत्मा हो, तुम ही मनरूप हो, तुम ही श्री हो, तुम ही ब्रह्म हो, तुम ही शक्ति हो, तुम ही ब्रह्मशक्ति हो, तुम ही सत्यरूप हो, तुम ही ज्योतिस्वरूपा हो, इस संसार में तुम ही प्रकाश करनेवाली हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१५॥

त्वं वैष्णवी विष्णुस्वरूपिणी त्वं त्रैलोक्यरक्षाकरणैकदक्षा।
खगेन्द्ररूढा घननीलवर्णा विश्वेशरक्षानिलया त्वमेव॥१६॥

हे कालिके! तुम वैष्णवी तथा विष्णुस्वरूपिणी हो, तुम ही इस तीनों लोकों की रक्षा करने में समर्थ हो, तुम ही गरुड़ पर आरूढ़ हो, तुम ही मेघ के समान नील वर्णवाली हो, तुम ही विश्वेश की निलया, सृष्टि की रक्षा करनेवाली हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१६॥

नानाकलाकेलिकुलालसङ्गी पीनस्तनी चन्द्रमुखी कदाचित्।
न विस्मरामो न च विस्मरामो न विस्मरामः कलहंसनादाम्॥१७॥

हे कालिके! तुम ही नाना प्रकार की कलाओं से केलि करनेवाली सङ्गी हो, तुम ही पीन स्तनवाली हो, तुम ही कहीं पर चन्द्रमुखी रूप से स्थित हो, तुम्हारे यह कलहंस नाद कभी विस्मरण न हो, कभी विस्मरण न हो, कभी भी विस्मरण न हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१७॥

गतिस्त्वमेवासि गतिस्त्वमेव मतिस्तवमेवासि मतिस्त्वमेव।
धृतिस्त्वमेवासि धृतिस्त्वमेव श्रुतिस्त्वमेवासि श्रुतिस्त्वमेव॥१८॥

हे कालिके! तुम ही गतिरूप हो, तुम ही गति हो, तुम ही मतिरूप हो, तुम ही मति हो, तुम ही धृतिरूप हो, तुम ही धृति हो, तुम ही श्रुतिरूप हो, तुम ही श्रुति हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१८॥

तमाललालाञ्छितमुण्डमाला काली करालाननलोलजिह्वा।
विमर्दयन्ति जगदादिमाता प्रचण्डचण्डासुरमुण्डखण्डान्॥१९॥

हे कालिके! तुम लालिमायुक्त मुण्डमाला को धारण करके शोभायमान हो, तुम ही काली हो, तुम ही कराल आननवाली हो, तुम लोल जिह्वा हो, हे आदि माता! इस जगत् का तुम ही विमर्दन करती हो, तुम ही प्रचण्डचण्डा (छिन्नमस्तिका) हो, तुम ही असुरों का मुण्ड छेदन करनेवाली चामुण्डा हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥१९॥

चतुर्भुजाप्याष्टभुजा त्वमेव षड्बाहुका षोडशहस्तयुक्ता।
सहस्त्रहस्ता शतपाणिवल्ली त्वं कालिके दशहस्तकासि॥२०॥

हे कालिके! तुम ही चार भुजाओंवाली हो, तुम ही आठ भुजाओंवाली हो, तुम ही सहस्त्रों हाथोंवाली हो, तुम ही शतपाणिवल्ली (सौ हाथों वाली) हो, तुम ही दश हाथों वाली कालिका हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२०॥

युगोऽपि वर्षः कल्पाश्च मासो नक्तं दिवा त्वं प्रलयो मुहूर्तम्।
त्वं कालरात्री विरला त्वमेव राकार्णवी कालमयी च काली॥२१॥

हे कालिके! तुम ही युग, वर्ष, कल्प, मासरूप हो, तुम ही रात्रि, दिवा तथा मुहूर्तरूपिणी हो, तुम ही प्रलय करनेवाली हो, तुम ही कालरात्रि हो, तुम ही विरला हो, तुम ही आकार धारण करनेवाली हो, तुम ही कालमयी हो और तुम ही काली हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२१॥

वर्णेश्वरी त्वं पुरवासिनी त्वं पुरान्तका त्वं परिपूर्णता त्वम्।
त्वमुग्रतारैकजटा त्वमेव सुसम्मुखी नीलसरस्वती च॥२२॥

हे कालि! तुम ही वर्णों की ईश्वरी हो, तुम ही शरीरों में निवास करनेवाली हो, तुम ही शरीरों का अन्त करनेवाली हो, तुम ही परिपूर्णता हो, तुम ही उग्रतारा हो, तुम ही एकजटातारा हो, तुम ही सुमुखी हो, तुम ही नीलसरस्वती रूपिणी हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२२॥

सर्पासना सर्पविभूषणैका धूमावती त्वं भवसीति मातः।
मातङ्गिनी त्वं बगला च माता त्वमेव काली करवालिनी च॥२३॥

हे कालिके! तुम सर्पासना हो, सर्परूप से विभूषित हो, तुम ही धूमावती हो, तुम ही मातङ्गिनी हो, तुम ही बगला हो, तुम ही करवालिनी काली हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२३॥

आधारलग्नं खलु मेरुदण्डं तद्धामयुक्तापि च पिङ्गला च।
इडा च दक्षेषु निरन्तरेषु सुषुम्नमध्या ग्रथितार्चकस्य॥२४॥

हे कालिके! तुम मेरुदण्ड के मूलाधार में निवास करनेवाली हो, तुम्हारा ही वाम धामयुक्त पिङ्गला हो, दक्षिण भाग में इडा रूप से निरन्तर प्रवाहित होती हो, तुम ही मध्य में सुषुम्ना रूप से ग्रथित होकर भक्तों की अर्चना ग्रहण करती हो अर्थात् तुम ही इडा-पिङ्गला-सुषुम्ना में प्रवाहित होती हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२४॥

चित्रान्तरस्था खलुवज्रनाड़ी मृणालतन्त्वर्धसुशूकसूक्ष्मा।
तन्मध्यगा येन विसूक्ष्मरूपा सा ब्रह्मनाड़ी तदनन्तरेऽपि॥२५॥

हे कालिके! तुम ही अन्तस्थ चित्रा नाड़ी और वज्रा नाड़ी स्वरूपिणी हो, तुम ही मृणलतन्तु के समान अतिसूक्ष्मा हो, उसमें भी मध्य में रहनेवाली जो अतिसूक्ष्म रूप है, वह ब्रह्मनाड़ी तुम ही हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२५॥

सहस्त्रपत्राम्बुजमेयगात्रा सुधासुरापानरतिप्रयुक्ता।
त्वं सर्व जीवा जननीस्वरूपा ब्रह्मस्वरूपा भवदेहमध्या॥२६॥

हे कालिके! तुम ही इस शरीर के अन्त:करण के चिदाकाश में, सहस्रार में सहस्र पत्रों के स्वरूप हो, तुम सुधारूपिणी हो, सुरा के पान में सदैव रतिप्रीति रखनेवाली हो, अमृतपान में सदैव उद्यत रहनेवाली हो, तुम सभी जीवों की जननीस्वरूपा हो, तुम ही भव के शरीर में रहनेवाली ब्रह्मस्वरूपा हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२६॥

त्वं कुण्डलिन्यर्ककोटीन्दुदीप्ता कोटीन्दुकान्तिर्भुजगप्रमाणा।
आधारयुक्ता कुलकुण्डसुप्ताप्यर्धस्वयम्भूवदनप्रकाशी॥२७॥

हे कालिके! तुम सूर्य-चन्द्र के समान दीप्त कुण्डलिनी स्वरूपिणी हो, तुम ही चन्द्र की कान्ति के समान सर्पाकृतिवाली हो, तुम मूलाधार में रहनेवाली हो, तुम शरीररूपी कुण्ड

के मूलाधार में सोई हुई हो, तुम ही स्वयंभू लिङ्गस्वरूपी शिवशरीर के आधे भाग में प्रकाश करनेवाली हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२७॥

कात्यायनी कामकला जयन्ती सावित्री पूर्णा मधुमांसलुब्धा।
त्वमेव पूर्णा वनदुर्गका च कामात्मिका कामवती त्वमेव॥२८॥

हे कालिके! तुम कात्यायनी हो, तुम कामकला हो, तुम जयन्ती हो, तुम ही सावित्री हो, तुम ही पूर्णा हो, तुम ही मधुरस तथा मांस का लोभ करनेवाली हो, तुम ही वनदुर्गा हो, तुम ही कामात्मिका, कामवती हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२८॥

गणेश्वरः षड्वदनः कुबेरो धनेशपुत्रो रविजो जयन्तः।
त्वं चित्रगुप्तश्च सुकर्मकर्ता यतीश्वरी देवमयी त्वमेव॥२९॥

हे कालिके! तुम ही गणेश्वर, षड्वदन(कार्तिकेय), कुबेर, धनेशपुत्र, रविपुत्र, जयन्त, चित्रगुप्त, सुकर्मकर्ता, यतीश्वरी तथा देवमयी हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥२९॥

त्वमेव सर्वासि वदामि तत्त्वं त्वमेव सर्वस्तवकस्त्वमेव।
लिङ्गोऽप्यलिङ्गो यत एव सर्वे यतस्ततः सर्वमयी त्वमेव॥३०॥

हे कालिके! तुम ही सर्वमयी तत्त्वस्वरूपिणी हो, सभी तुम्हारा ही स्तबक है, सभी लिङ्गों-अलिङ्गों में तुम ही हो, जहाँ-तहाँ सर्वत्र तुम ही हो, तुमको नित्य नमस्कार है॥३०॥

इदं स्तवेन्द्रं नित्यं च देव्या भक्त्यैकचिह्नं सततं पठेद् यः।
पिकस्वरः सर्वजनानुरागी दाता पुनीतो गुरुदेवभक्तः॥३१॥

यह देवी का स्तवेन्द्र भक्तिपूर्वक जो सतत मुक्त कण्ठ होकर मधुर स्वर से पाठ करता है, वह संसार में सभी लोगों को प्रिय, दातापुनीत तथा गुरुदेव का भक्त होता है॥३१॥

विघ्ने गणेशो भयदुर्गनाशो भोगी सुखी पूरितलोकभर्ता।
सदामुदः सर्वगणेश्वरोऽपि दयाचितो रत्नयुतश्चिरायुः॥३२॥

उस पाठकर्ता के विघ्नों का गणेश तथा भयों का दुर्गा नाश करती है, वह समस्त भोगों का भोग करनेवाला तथा सबकी पूर्ति करनेवाला भर्ता होता है, सदैव ही प्रसन्न तथा सेवकों से युक्त होता है, दया करनेवाला, सभी रत्नों से युक्त, चिरायु होता है॥३२॥

शतावधानो रणकालरुद्रो लोकाभिरामो भुवि सर्वदा सः।
जिह्वाग्रवाणीं युवतीं सृजन्तीं सुशीलयन्तीं परलोकविद्यः॥३३॥

वह शतावधान, रण में महाकालरुद्र होता है, वह लोक में लोकाभिराम होकर सर्वदा विचरण करता है, उसके जिह्वा के अग्रभाग में वाणी (सरस्वती) का निवास होता है, वह युवतियों से युक्त होता है तथा सुशील परलोक का जानकार होता है॥३३॥

महादेवीस्तवेन्द्रं परिपूर्णम्

❁

ब्रह्मगाथास्तवः

नमामि कृष्णरूपिणी कृशाङ्गयष्टिधारिणीम्।
समस्ततत्त्वसागरामपारगह्वरां शिवाम्॥१॥

हे कृष्णरूपिणी आपको नमस्कार है, कृश-अङ्गोंवाली, यष्टि (दण्ड) धारण करनेवाली नमस्कार है, समस्त तत्त्वों की अनन्त गहरे सागर के समान महादेवी शिवा को नमस्कार है॥१॥

प्रवालकन्धराञ्चितां स्फुरच्छशाङ्कशेखराम्।
ललाटनेत्रभास्वरां ज्वलत्प्रदीप्तमूर्धजाम्॥२॥

प्रवाल के समान प्रभावाली, चन्द्रमा के समान प्रकाशित, ललाट में नेत्र की शोभावाली, जलते हुए तेजवान मूर्धावाली कालिका को नमस्कार है॥२॥

महेशकश्यपार्चितां सनत्कुमारसंस्तुताम्।
सुरासुरेन्द्रवन्दितां यथार्थनिर्मिताद्भुताम्॥३॥

महेश तथा कश्यपादि ऋषियों के द्वारा अर्चित सनत्कुमारादि के द्वारा संस्तुत सुर तथा असुरों से वन्दित यथार्थ निर्मित अद्भुत देवी कालिका को नमस्कार है॥३॥

अतर्क्यचारुवेष्टितां विकारदोषवर्जिताम्।
मुमुक्षुभिर्विचेष्टितां विशेषतत्त्वशोचिताम्॥४॥

अतर्क्य, चारुवेष्टित, विकारादि दोषों से वर्जित, मुमुक्षुओं की चेष्टाओंवाली, विशेष तत्त्वोंवाली कालिका देवी को नमस्कार है॥४॥

नरास्थिनिर्मितस्रजं मृगेन्द्रवाहनाग्रजाम्।
प्रदुष्टसत्त्वभीषणां सदोदितैकलक्षणम्॥५॥

नरास्थिनिर्मित मालिका धारण करनेवाली, मृगेन्द्र (सिंह) वाहना, अग्रजा, प्रदुष्टसत्त्वभीषण (भयंकर काला), सदा उदित लक्षणोंवाली कालिका को नमस्कार है॥५॥

सुलक्षणां विलक्षणां भुजङ्गहारहारिणीम्।
कपालखड्गधारिणीं सुधार्मिकोपकारिणीम्॥६॥

सुन्दर लक्षणोंवाली, विशेष लक्षणोंवाली, सर्प के हार को धारण करनेवाली, कपालखड्ग धारण करनेवाली, सद्धर्म करनेवालों का उपकार करनेवाली कालिका को नमस्कार है॥६॥

ॐ पुरुषऽएवेदꣳसर्व्वंय्यद्भूतंयच्चभाव्व्यम्॥ उतामृतत्त्वस्येशानोयदन्नेनातिरोहति॥

विचित्ररत्नखचितं दिव्यास्तरणसंयुतम्।
स्वर्णसिंहासनं चारु गृह्णीष्व सुरपूजित!॥

विचित्र रत्नों से जटित तथा दिव्य कलाकृतियों से संयुक्त स्वर्णनिर्मित दिव्य रुचिकर सिंहासन देवताओं के द्वारा अग्रपूजित गणेश ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पाद्यम्—दोनों हाथों से पाद्यपात्र ग्रहणकर समर्पित करे—

ॐ एतावानस्यमहिमातोज्ज्यायाँश्श्चपूरुषः॥ पादोऽस्यविश्श्वाभूतानित्रिपादस्यामृतन्दिवि॥

सर्वतीर्थसमुद्भूतं पाद्यं गन्धादिभिर्युतम्।
विघ्नराज गृहाणेदं भगवान् भक्तवत्सल!॥

हे भक्तवत्सल विघ्नराज भगवान् गणेश! सभी तीर्थों से लाये गये गन्धादि से युक्त पाद्य ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः पादयोः पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्यम्—दोनों हाथों से अर्घ्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ त्रि॒पादू॒र्द्ध्वऽउदै॒त्पुरु॑षः॒पादो॑ऽस्ये॒हाभ॑व॒त्पुनः॑॥ ततो॒विष्व॒ङ्व्य॒क्रामत्साशनानश॒नेऽअ॒भि॥

गणाध्यक्ष नमस्तेऽस्तु गृहाण करुणाकर।
अर्घ्यञ्च फलसंयुक्तं गन्धमाल्याक्षतैर्युतम्॥

हे करुणाकर गणाध्यक्ष! गन्ध-माला-अक्षत से युक्त फल के सहित अर्घ्य को ग्रहण करें, आपको नमस्कार है।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः अर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनम्—दोनों हाथों से आचमनीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ ततो॑वि॒राडजायतवि॒राजो॒ऽअधि॒पूरु॑षः॥ सजा॒तोऽअत्य॑रिच्च्यतप॒श्चाद्भूमि॒मथो॑पु॒रः॥

विनायकं नमस्तुभ्यं त्रिदशैरभिवन्दित।
गङ्गोदकेन देवेश कुरुष्वाचमनं प्रभो॥

देवताओं से अभिवन्दित देवेश विनायक को नमस्कार है, हे प्रभु विनायक गणेश! आचमन करने के लिए गङ्गा का जल आपको समर्पित है।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः आचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

स्नानीयम्—दोनों हाथों से स्नानीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मा॑द्य॒ज्ञात्स॑र्व्व॒हुत॒ः सम्भृ॑तम्पृषदा॒ज्ज्यम्॥ प॒शूँस्ताँश्च॑क्रेवा॒य॒व्या॒नार॒ण्या ग्रा॒म्म्याश्च॒ये॥

मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम्।
तदिदं कल्पितं देव स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

सभी प्रकार के पापों को हरनेवाला, सभी प्रकार का शुभ करनेवाला, मन्दाकिनी का जल आपके सम्मुख कल्पित (समर्पित) है, हे देव! स्नान के लिए आप ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः स्नानीयं जलं समर्पयामि।

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मा॑द्य॒ज्ञात्स॑र्व्व॒हुत॒ऽऋचः॒ सामा॑निजज्ञिरे॑॥ छन्दा॑ᳬसिजज्ञिरे॒तस्मा॒द्यजु॒स्तस्मा॑दजायत॥

गङ्गोदकस्य यद्वारि सर्वमलहरं परम्।
तदिदं समर्पितं देव पुनराचमनं शुभम्॥

सभी प्रकार के मल को पूर्ण नष्ट करने में जो गङ्गाजल समर्थ है, वह जल यहाँ पुन: आचमन करने के लिए आपको समर्पित है।

ॐ भूर्भुव: स्व: गणेशाम्बिकाभ्यां नम: पुनराचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

पय:स्नानम्—दोनों हाथों से पय: पात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पय॑÷पृथि॒व्यांपय॒ऽओष॑धीषु॒पयो॑दि॒व्य॒न्तरि॑क्षे॒पयो॑धाः॥ पय॑स्वतीः॒प्प्र॒दिश॑÷सन्तु॒मह्य॑म्॥

कामधेनुसमुद्भूतं सर्वेषां जीवनं परम्।
पावनं यज्ञहेतुश्च पय: स्नानार्थमर्पितम्॥

कामधेनु गो से समुत्पन्न, सभी को परम जीवन प्रदान करनेवाला, यज्ञ का कारक, परम पवित्र दूध हे देव! आपको स्नान के लिए समर्पित है।

ॐ भूर्भुव: स्व: गणेशाम्बिकाभ्यां नम: पय:स्नानं समर्पयामि।

दधिस्नानम्—दोनों हाथों से दधिपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ द॒धि॒क्राव्णो॑ऽअकारिषंजि॒ष्णोरश्व॑स्यवा॒जिन॑÷॥ सु॒र॒भिनो॒मुखा॑कर॒त्प्रण॒ऽआयू॑ꣳषितारिषत्॥

पयसस्तु समुद्भूतं मधुराम्लं शशिप्रभम्।
दध्यानीतं मया देव! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध से समुत्पन्न (निर्मित) मीठा-अम्लयुक्त चन्द्रमा के समान धवल दही मेरे द्वारा आपके स्नान के लिए लाया गया है, हे देव! आपको स्नान के लिए समर्पित है।

ॐ भूर्भुव: स्व: गणेशाम्बिकाभ्यां नम: दधिस्नानं समर्पयामि।

घृतस्नानम्—दोनों हाथों से घृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ घृ॒तम्मि॑मिक्षेघृ॒तम॑स्य॒योनि॑र्घृ॒तेश्रि॒तोघृ॒तम्व॑स्य॒धाम॑॥ अ॒नु॒ष्व॒धमाव॑हमा॒दय॑स्व॒स्वाहा॑कृतंवृ॑षभवक्षिह॒व्यम्॥

नवनीतसमुत्पन्नं सर्वसन्तोषकारकम्।
घृतं तुभ्यं प्रदास्यामि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

नवनीत (मक्खन) से उत्पन्न सभी को सन्तोष प्रदान करनेवाला घी हे देव! आपको समर्पित करता हूँ, स्नान के लिए ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुव: स्व: गणेशाम्बिकाभ्यां नम: घृतस्नानं समर्पयामि।

मधुस्नानम्—दोनों हाथों से मधुपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ मधु॒वाता॑ऽऋताय॒तेमधु॑क्षरन्ति॒सिन्ध॑वः॥ माध्वी॑र्न्नः स॒न्त्वोष॑धीः॥ मधु॒नक्त॑मु॒तोषसो॒मधु॑म॒त्पार्त्थि॑व॒ꣳरज॑÷॥ मधु॒द्यौर॑स्तुनः पि॒ता॥ मधु॑मान्नो॒वन॒स्प्पति॒र्म्मधु॑माँ॒ऽअस्तु॒सूर्य्य॑÷॥ माध्वी॒र्ग्गावो॑भवन्तुनः॥

पुष्परेणुसमुद्भूतं सुस्वादु मधुरं मधु।
तेजः पुष्टिकरं दिव्यं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

पुष्पकणों से उत्पन्न, सुन्दर मधुर स्वादवाला, पुष्टि तथा दिव्य तेज प्रदान करनेवाला, शहद स्नान के लिए आपके सम्मुख समर्पित है, हे देव! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः मधुस्नानं समर्पयामि।

शर्करास्नानम्—दोनों हाथों से शर्करापात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अ॒पाꣳरस॒मुद्द्व॑यस॒ꣳसूर्य्ये॒सन्त॒ꣳस॒माहितम्॥ अ॒पाꣳरस॑स्य॒योर॑स॒स्तंवो॑ गृह्णाम्म्युत्त॒मम्मुपया॒मगृहीतो॒ऽसीन्द्राय॑त्त्वा॒जुष्ट॑ङ्गृह्णाम्म्ये॒षते॒योनि॒रिन्द्राय॑त्वा॒जुष्ट॑तमम्॥

इक्षुरससमुद्भूतां शर्करां पुष्टिदां शुभाम्।
मलापहारिकां दिव्यां स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ईख के रस से निर्मित, सभी प्रकार के मल को नष्ट करनेवाला, शुभ और पुष्टि को प्रदान करनेवाला, दिव्यशर्करा आपके प्रति स्नान के लिए समर्पित है, हे देव! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः शर्करास्नानं समर्पयामि।

पञ्चामृतस्नानम्—दोनों हाथ से पञ्चामृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पञ्च॑न॒द्युःसर॑स्वती॒मपि॑यन्ति॒सस्रो॑तसः॥ सर॑स्वती॒तुप॑ञ्च॒धासोदे॒शेभ॑वत्स॒रित्॥

पञ्चामृतं मयाऽऽनीतं पयो दधि घृतं मधु।
शर्करा च समायुक्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध-दही-घृत-मधु और शर्करा से निर्मित पञ्चामृत स्नान के लिए मैं लाया हूँ, हे देव! स्नान के लिए ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदकस्नानम्—दोनों हाथों से जलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ शु॒द्धवा॑लःस॒र्व्वशु॑द्धवालोमणि॒वाल॒स्तऽआ॑श्वि॒नाःश्येतः॑श्येता॒क्षो॒रु॒णस्ते॑रु॒द्राय॑ पशु॒पत॑येकर्ण्णा॒यामाऽअ॑विलि॒प्तारौ॒द्रानभो॑रूपाःपार्ज्ज॒न्याः॥

गङ्गा च यमुना चैव गोदावरि सरस्वती।
नर्मदासिन्धुकावेरी स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गङ्गा-यमुना-गोदावरी-सरस्वती-नर्मदा-सिन्धु तथा कावेरी दिव्य नदियों का दिव्य जल स्नान के लिए समर्पित है, हे देव! ग्रहण करे।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

वस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथों से वस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मा॒दश्श्वाऽअ॑जायन्त॒येके॑चोभ॒याद॑तः॥ गावो॑हजज्ञिरे॒तस्मा॒त्तस्मा॑ज्जा॒ताऽ अ॑जा॒वयः॑॥

ॐ युवासुवासाः परिवीतऽआगात्सऽउत्श्रेयान्भवतिजायमानः।
तंधीरासः कवयऽउन्नयन्ति स्वाध्योमनसा देवयन्तः॥

शीतवातोष्णसन्त्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।
देहालङ्करणं वस्त्रमतः शान्तिं प्रयच्छ मे॥

शीतल और उष्ण वायु के ताप और शैत्य से रक्षा के लिए तथा परमलज्जा के रक्षार्थ, शरीर को अलंकृत करने के लिए वस्त्र समर्पित है, हे देव! यह वस्त्र आपको प्रसन्न करे, आप हमें शान्ति प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः वस्त्रं समर्पयामि।

वस्त्राङ्गाचमनीयजलम्—दोनों हाथों से आचमनीय लेकर समर्पित करे—

ॐ आपोहिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्जेदधातन॥ महेरणायचक्षसे॥

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः वस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

उपवस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथों से उपवस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तंय्यज्ञम्बर्हिषिप्प्रौक्षन्पुरुषञ्जातमग्ग्रतः॥ तेनदेवाऽअयजन्तसाध्याऽऋषयश्श्चये॥ ॐ सुजातोज्ज्योतिषासहशर्म्मवरूथमासदत्स्वः॥ वासोअग्नेविश्श्वरूपꣳसंव्ययस्वविभावसो॥

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः उपवस्त्रं समर्पयामि।

उपवस्त्राङ्गाचमनीयजलम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ योवःशिवतमोरसस्तस्यभाजयतेहनः॥ उशतीरिवमातरः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः उपवस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतनिवेदनम्—दोनों हाथों से यज्ञोपवीत पकड़कर समर्पित करे—

ॐ यत्पुरुषंव्यदधुःकतिधाव्यकल्पयन्॥ मुखङ्किमस्यासीत्किम्बाहूकिमूरूपादाऽउच्च्येते॥ ॐ यज्ञोदेवानाम्प्रत्त्येतिसुम्म्नमादित्त्यासोभवतामृडयन्तः॥ आवोर्वाची सुमतिर्ववृत्त्यादꣳहोश्चिद्याव्वरिवोवित्तरासदादित्त्येब्भ्यस्त्वा॥

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥

पूर्वकाल में प्रजापति ब्रह्मा ने सहज ही परम पवित्र यज्ञोपवीत का निर्माण किया था, वह शुभ्र यज्ञोपवीत शरीर में बल, मन में तेज तथा ओज और सबसे पहले आयुष्य प्रदान करता है, वह यज्ञोपवीत हे देव! आपको प्रसन्नता के लिए समर्पित है।

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।
उपवीतं मया दत्तं गृहाण गणनायक॥

नवतन्तुओं से निर्मित, त्रिगुण (त्रिरावृत्तिवाला) देवतामय यज्ञ में पहने जानेवाला उपवीत मैं आपको समर्पित करता हूँ, हे गणनायक! प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

यज्ञोपवीताङ्गाचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्वथ॥ आपोजनयथाचनꣳ॥

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः यज्ञोपवीतान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

सुगन्धिद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से सुगन्धिद्रव्य लेकर समर्पित करे—

ॐ त्वाङ्गन्धर्वाऽअखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वाम्बृहस्पतिः॥ त्वामोषधेसोमोराजाविद्वान्यक्ष्मादमुच्च्यत॥

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।
विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम्॥

दिव्य सुमनोहर सुगन्धित श्रीखण्ड से युक्त चन्दन लेप आपके विलेपन के लिए है, यह आपके प्रसन्नता की लिए आपको समर्पित है, हे देवश्रेष्ठ! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः गन्धानुलेपनं समर्पयामि।

अक्षतसमर्पणम्—दोनों हाथों से अक्षत लेकर समर्पित करे—

ॐ अक्षन्नमीमदन्तह्यवप्प्रियाऽअधूषत॥ अस्तोषतस्वभानवोविप्प्रानविष्ठयामती योजान्विन्द्रतेहरी॥

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठा कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।
मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वर!॥

कुङ्कुम से सुशोभित अक्षत आपको निवेदित करता हूँ, हे सुरश्रेष्ठ परमेश्वर गणेश! प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः अलङ्करणार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पुष्पमालासमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्पमाला लेकर समर्पित करे—

ॐ ओषधीꣳप्रतिमोदध्वंपुष्प्पवतीꣳप्रसूवरीꣳ॥ अश्श्वाऽइवसजित्त्वरीर्व्वीरुधः-पारयिष्ण्णवः॥

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो!।
मयाहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

मालती आदि के सुगन्धित पुष्पों के द्वारा निर्मित माला आपकी पूजा के लिए लाया हूँ, हे देव! प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः पुष्पमालां परिधापयामि।

दूर्वासमर्पणम्—दोनों हाथों से दूर्वा लेकर समर्पित करे—

ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्तीपरुषःपरुषष्परि।। एवानोदूर्वेप्रतनुसहस्रेणशतेनच।।

दूर्वाङ्कुरान्सुहरितान् अमृतान्मङ्गलप्रदान्।
आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक!।।

अमृतरूपी मङ्गल प्रदान करनेवाले सुन्दर हरे-हरे दूर्वा के अङ्कुर आपकी पूजा के लिए लाया हूँ, हे गणनायक देव! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।

नानापरिमलद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से अबीरबुक्का लेकर समर्पित करे—

ॐ अहिरिवभोगैःपर्य्येतिबाहुंज्यायाहेतिंप्परिबाधमानः।। हस्तघ्नोविश्वावयुनानिविद्वान्पुमान्पुमाꣳसंपरिपातुविश्वतः।।

अबीरं च गुलालं च चोवा चन्दनमेव च।
अबीरेणार्चितो देवमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।१।।
नानापरिमलैर्द्रव्यैर्निर्मितं चूर्णमुत्तमम्।
अबीरनामकं चूर्णं गन्धं चारुप्रगृह्यताम्।।२।।

शान्ति प्रदान करनेवाला अबीर-गुलाल चन्दनादि से निर्मित विभिन्न सुगन्धित द्रव्य नाना प्रकार के दिव्य द्रव्यों से निर्मित उत्तम अबीर नाम का सुगन्धित सुरुचिकर चूर्ण समर्पित है, हे देव! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

सिन्दूरसमर्पणम्—दोनों हाथों से सिन्दूर लेकर समर्पित करे—

ॐ सिन्धोरिवप्राद्ध्वनेशूघनासोवातप्रमियःपतयन्तियह्वाः। घृतस्यधाराऽअरुषोनवाजीकाष्ठाभिन्दन्नूर्म्मिभिःपिन्वमानः।।

सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्।
शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्।।

सर्व शोभायमान रक्तसिन्दूर, सभी सौभाग्य तथा सुख का वर्धन करनेवाला, सभी प्रकार के शुभ की कामना के लिए सिन्दूर समर्पित करता हूँ, हे देव! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः सिन्दूराभरणं समर्पयामि। ततः नैवेद्यं पुरतः संस्थाप्य धूपदीपौ प्रज्वाल्य। धूपदीप जला करके नैवेद्य समर्पित करे।

धूपसमर्पणम्—दोनों हाथों से धूपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ ब्राह्मणोऽस्यमुखमासीद्बाहूराजन्यःकृतः।। ऊरूतदस्ययद्वैश्यःपद्भ्याꣳशूद्रोऽअजायत।। ॐ धूरसिधूर्वधूर्वन्तंय्योऽस्मान्धूर्वतितंधूर्वयंवयंधूर्वामः।। देवानामसिवह्नितमꣳसस्नितमंपप्रितमंजुष्टतमंदेवहूतमम्।।

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्धमुत्तमः।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥

विभिन्न वनस्पतियों के रसों से निर्मित गन्धों में अत्युत्तम गन्धयुक्त धूप सभी देवताओं को सुगन्धि प्रदान करने के लिए है, हे देव! आपको समर्पित है।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः धूपं समर्पयामि।

दीपसमर्पणम्—दोनों हाथों से दीपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ चन्द्रमामनसोजातश्चक्षोःसूर्य्योऽअजायत॥ श्श्रोत्राद्वायुश्चप्राणश्चमुखादग्निरजायत॥ ॐ अग्निर्ज्ज्योतिर्ज्ज्योतिरग्निःस्वाहासूर्य्योज्ज्योतिर्ज्ज्योतिःसूर्य्यःस्वाहा॥ अग्निर्व्वर्च्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चःस्वाहासूर्य्योवर्च्चोज्ज्योतिर्व्वर्च्चःस्वाहा॥ ज्ज्योतिःसूर्य्यःसूर्य्योज्ज्योतिःस्वाहा॥

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।
दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्यतिमिरापहम्॥१॥
भक्त्या दीपं प्रयच्छामि देवाय परमात्मने।
त्राहि मां निरयाद् घोराद् दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते॥२॥

तीनों लोकों के अन्धकार को दूर करनेवाली, घृतयुक्त वर्तियों को अग्नि में प्रज्वलित किया है, हे देवेश! प्रसन्नता के लिए ग्रहण करें, भक्तिपूर्वक परमात्मदेव आपको समर्पित है, इसे ग्रहण करके इस घोरतम अज्ञानान्धकार से हमारी रक्षा करें, दीपज्योति को नमस्कार है।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः दीपज्योतिः समर्पयामि।

नैवेद्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से नैवेद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ नाभ्भ्याऽआसीदन्तरिक्षꣳशीर्ष्णोद्यौःसमवर्त्तत॥ पद्भ्याम्भूमिर्द्दिशःश्श्रोत्रात्तथालोकाँ२॥ऽअकल्प्पयन्॥ ॐ अन्नपतेऽन्नस्यनोदेह्यनमीवस्यशुष्मिणः॥ प्रप्रदातारंतारिषऊर्ज्जन्नोधेहिद्विपदेचतुष्पदे॥

नैवेद्यं गृह्यतां देव भक्तिं मे ह्यचलां कुरु।
ईप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम्॥१॥
शर्कराखण्डखाद्यानि दधिक्षीरघृतानि च।
आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्॥२॥

शर्कराखण्ड खाद्य दधि-दूध एवं घृत से युक्त भक्ष्य-भोज्य आहाररूपी नैवेद्य ग्रहण करके हमारी भक्ति को अचल करें और हमारी समस्त कामनाओं की पूर्ति करें तथा अन्त में परमगति प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः नैवेद्यं समर्पयामि। ॐ प्राणाय स्वाहा।

ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। ॐ उदानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। मध्ये पानीयं जलं उत्तरापोशनं समर्पयामि।

करोद्वर्तनसमर्पणम्—दोनों हाथ से करोद्वर्तन लेकर समर्पित करे—

ॐ अ॒ꣳशुना॑तेअ॒ꣳशुः पृच्च्यतां॒परु॑षा॒परुः॥ ग॒न्धस्ते॒सोम॑मवतु॒मदा॑य॒रसो॒ऽअच्च्यु॑तः॥

चन्दनं मलयोद्भूतं कस्तूर्यादिसमन्वितम्।
करोद्वर्तनकं देव! गृहाण परमेश्वर!॥

मलयाचल में उत्पन्न श्वेत चन्दन कस्तूरी इत्यादि गन्धों से युक्त हाथों को शुद्ध करने के लिए उद्वर्तन के रूप में ग्रहण कर प्रसन्न हों।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः करोद्वर्तनार्थे चन्दनानुलेपनं समर्पयामि।

ताम्बूलादिसमर्पणम्—दोनों हाथों से ताम्बूल लेकर समर्पित करे—

ॐ यत्पुरु॑षेणह॒विषा॑दे॒वाय॒ज्ञमत॑तन्वत॥ व॒स॒न्तो॒ऽस्यासी॒दाज्ज्यं॑ग्ग्री॒ष्मऽइ॒ध्मः श॒रद्ध॒विः॥

पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्लीदलैर्युतम्।
एलादिचूर्णसंयुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्॥

महादिव्य पूगीफल (सुपाड़ी) नागवल्लीदल (पान के पत्ते से) युक्त एलादिचूर्ण (इलाइची इत्यादि) से सम्पृक्त ताम्बूल ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः मुखशुद्ध्यर्थे पूङ्गीफलमेलालवङ्गादि-नागवल्लिदलयुक्तताम्बूलवीटिकां समर्पयामि।

फलादिसमर्पणम्—दोनों हाथों से फलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ याः फ॒लिनी॒र्य्याऽअ॑फ॒लाऽअ॑पु॒ष्प्यायाश्च॑पु॒ष्प्पिणीः॥ बृह॒स्प्पति॑प्प्रसूता॒स्तानो॑ मुञ्च॒त्वꣳ हं॑सः॥

इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।
तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि॥

हे देव! हमने यह फल आपके सम्मुख स्थापित किया है, जिसे ग्रहण करके जन्म-जन्मान्तरों तक हमारी समस्त कामनाओं की पूर्ति करें तथा हमें यज्ञफलवान् करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः ऋतुकालोद्भवफलानि समर्पयामि।

दक्षिणासमर्पणम्—दोनों हाथों से दक्षिणा लेकर समर्पित करे—

ॐ हि॒र॒ण्य॒ग॒र्भः सम॑वर्त्त॒ताग्ग्रे॑भूतस्य॑जा॒तः पति॒रेक॑ऽआसीत्॥ सदा॑धारपृथि॒वीं द्यामु॒तेमां कस्म्मै॑दे॒वाय॑ह॒विषा॑विधेम॥

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः।
अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे॥

हिरण्यगर्भ से निकले हेमबीज के समान (सुवर्ण के सदृश) शोभायमान अनन्त पुण्य फल को प्रदान करनेवाली, शान्ति प्रदान करनेवाली, सुवर्णमयी दक्षिणा ग्रहणकर शान्ति प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

नीराजनसमर्पणम्—दोनों हाथों से नीराजन लेकर घुमाये—

ॐ आरात्रिपार्थिवꣳरजः पितुरप्रायिधामभिः॥ दिवः सदाꣳसिबृहतीवितिष्ठसऽ आत्वेषंवर्त्ततेतमः॥ ॐ इदꣳहविः प्रजननंमेऽअस्तुदशवीरꣳसर्वगणꣳस्वस्तये॥ आत्मसनिप्रजासनिपशुसनिलोकसन्यभयसनिः॥ अग्निः प्रजांबहुलांमेकरोत्वन्नं पयोरेतोऽअस्मासुधत्त॥

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव॥

कदली (केला) के गर्भ से उत्पन्न (निर्मित) कर्पूर (जलता हुआ) से आरती करता हूँ, हमें कृपापूर्वक दृष्टि से देख करके वर प्रदानकर्ता बनें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।

पुष्पाञ्जलिसमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ यज्ञेनयज्ञमयजन्तदेवास्तानिधर्म्माणिप्रथमान्यासन्॥ तेहनाकम्महिमानः सचन्तयत्रपूर्वेसाध्याः सन्तिदेवाः॥

नानासुगन्धिपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च।
पुष्पाञ्जलिर्मया दत्त गृहाण परमेश्वर!॥

अपने-अपने ऋतुओं में उत्पन्न नाना प्रकार के सुगन्धित पुष्पों से युक्त पुष्पाञ्जलि प्रदान करता हूँ, हे परमेश्वर! ग्रहणकर प्रसन्न हों।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

परिक्रमासमर्पणम्—दोनों हाथों सें पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ सप्तास्यासन्परिधयस्त्रिः सप्तसमिधः कृताः॥ देवायद्यज्ञन्तन्वानाऽअबध्नन्पुरुषम्पशुम्॥

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे॥१॥

जन्म-जन्मान्तर में किये हुए सभी प्रकार के पाप एक-एक कदम हे देव! प्रदक्षिणा करने से नष्ट हो जाते हैं॥१॥

पदे पदे या परिपूजकेभ्यः सद्योऽश्वमेधादिफलं ददाति।
तां सर्वपापक्षयहेतुभूतां प्रदक्षिणां ते परितः करोमि॥२॥

पूजन करने के बाद एक-एक कदम जो यज्ञकर्ता देव की परिक्रमा करता है, वह निश्चय ही अश्वमेधादि यज्ञों का फल प्राप्त करता है। अतः अपने जन्म-जन्मान्तरकृत समस्त पापों के क्षय के लिए आपकी परिक्रमा करता हूँ॥२॥

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः परिक्रमां समर्पयामि।

परिक्रमा के पश्चात् जल, गन्ध, अक्षत, फल, पुष्प, दूर्वा, कुशा, दधि, दुग्ध, सर्षपादि द्रव्यों को अर्घ्यपात्र में लेकर विशेषार्घ्य प्रदान करे।

विशेषार्घ्यसमर्पणम्—दोनों हाथों में विशेषार्घ्य लेकर समर्पित करे—

ॐ रक्ष रक्ष गणाध्यक्ष रक्ष त्रैलोक्यरक्षक!।
भक्तानामभयं कर्ता त्राता भव भवार्णवात्॥१॥

हे गणों के अध्यक्ष! रक्षा करें-रक्षा करें, हे त्रिलोकी के रक्षक! हमारी रक्षा करें, भक्तों को अभय प्रदान करनेवाले हमारे लिए इस भवसागर से त्राता हो जायें॥१॥

द्वैमातुर कृपासिन्धो षाण्मातुरग्रज प्रभो!।
वरदस्त्वं वरं देहि वाञ्छितं वाञ्छितार्थद॥२॥

हे कृपासिन्धु, दो माताओं से उत्पन्न, हे छः माताओं वाले स्कन्द के अग्रज! वर प्रदान करनेवाले वरदाता! हमारी वांछित कामनाओं के लिए वांछित वर प्रदान करें॥२॥

अनेन सफलार्घ्येण फलदोऽस्तु सदा मम।

इस प्रकार फल के सहित अर्घ्य ग्रहण करके कामनापूर्ति रूपी फलप्रदाता सदा हमारे लिए हो जायें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः विशेषार्घ्यं समर्पयामि।

प्रार्थनासमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥१॥

हे विघ्नों को नष्ट करनेवाले विघ्नेश्वर श्रीगणेश! वरप्रदान करनेवाले वरदाता, देवताओं के प्रिय देवता, लम्बे पेटवाले लम्बोदर, समस्त जगत् का हित करनेवाले पार्वतीनन्दन, हाथी के आनन(सिर)वाले, श्रुतियों में वर्णित यज्ञवाले श्रुतियज्ञ(शब्दब्रह्म स्वरूप), विभिन्न शोभाओं से विभूषित, गौरी के पुत्र तथा समस्त गणों के स्वामी गणेश आपको नमस्कार है, नमस्कार है, नमस्कार है॥१॥

भक्तार्तिनाशनपराय गणेश्वराय सर्वेश्वराय शुभदाय सुरेश्वराय।
विद्याधराय विकटाय च वामनाय भक्तप्रसन्नवरदाय नमो नमस्ते॥२॥

भक्तों के आर्त (दीनता) को नाश करनेवाले, परब्रह्म गणेश्वर, सर्वेश्वर, समस्त शुभों के प्रदाता, देवताओं के ईश्वर, समस्त विद्याओं को धारण करनेवाले विद्याधर, विकट वामस्वरूप, भक्तों पर प्रसन्न रहनेवाले, वर प्रदान करनेवाले गणेश्वर आपको नमस्कार है, नमस्कार है, नमस्कार है।।२।।

नमस्ते ब्रह्मरूपाय विष्णुरूपाय ते नमः।
नमस्ते रुद्ररूपाय करिरूपाय ते नमः॥३॥

हे गणेश्वर! आपको ब्रह्मरूप में नमस्कार है, विष्णुरूप में नमस्कार है, रुद्ररूप में नमस्कार है तथा हस्तिमुखरूप (हाथी के मुख के रूप) में नमस्कार है।।३।।

विश्वरूपस्वरूपाय नमस्ते ब्रह्मचारिणे।
भक्तप्रियाय देवाय नमस्तुभ्यं विनायक!॥४॥

विश्वरूप के स्वरूपवाले गणेश आपको नमस्कार, ब्रह्मचारी रूपवाले गणेश आपको नमस्कार, भक्तों का प्रिय करनेवाले देव, विनायक गणेश आपको नमस्कार है।।४।।

लम्बोदर नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय!।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥५॥

सदैव मोदकप्रिय (खाने में लड्डू से प्रेम करनेवाले) लम्बोदर गणेश नमस्कार है, आप सभी कार्यों में सर्वदा हमें निर्विघ्न करें।।५।।

त्वां विघ्नशत्रुदलनेति च सुन्दरेति भक्तप्रियेति सुखदेति फलप्रदेति।
विद्याप्रदेत्यघहरेति च ये स्तुवन्ति तेभ्यो गणेश वरदो भव नित्यमेव॥६॥

हे गणेश! आप विघ्नों का विनाश करनेवाले हैं, शत्रुओं का दलन करनेवाले हैं, सुन्दरों में सुन्दर, भक्तों का प्रिय करनेवाले हैं, भक्तों को सदैव सुख प्रदान करनेवाले हैं, समस्त यज्ञफलों को प्रदान करनेवाले हैं, विद्या (ज्ञान) प्रदान करनेवाले हैं, समस्त अघों का हरण करनेवाले हैं, आपका जो स्तवन करते हैं, उनको नित्य ही वर प्रदान करनेवाले होते हैं।।६।।

गणेशपूजने कर्म यन्न्यूनमधिकं कृतम्।
तेन सर्वेण सर्वात्मा प्रसन्नोऽस्तु सदा मम॥७॥

गणेश के पूजन में जो कम अथवा अधिक कर्म किया गया हो, उन सभी कर्मों से सर्वात्मा गणेश हमारे ऊपर सदैव प्रसन्न हों।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि! पाहि विश्वं त्वमीश्वरी देवि! चराचरस्य॥१॥

शरण में आये हुए भक्तों के पीड़ा का निवारण करनेवाली देवी हमारे ऊपर प्रसन्न होइये,

सम्पूर्ण जगत् की जननी हम पर प्रसन्न हो जाइये। हे विश्वेश्वरि! विश्व का त्राण करें। हे देवी! तुम्हीं चराचर विश्व की अधिष्ठात्री हो।।१।।

रक्षांसि यत्रोग्रविषाश्च नागा यत्राऽरयो दस्युबलानि यत्र।
दावानलो यत्र तथाऽब्धिमध्ये तत्र स्थिता त्वं परिपासि विश्वम्॥२॥

हे देवि! जहाँ दैत्य, भयंकर विषधर सर्प, शत्रुओं, लुटेरों के समुदाय और दावाग्नि हो, वहाँ तथा समुद्र के बीच में नित्य निरन्तर साथ रहकर निरन्तर कल्याण करती हो, वैसे ही हमारा कल्याण करो।।२।।

मुखे ते ताम्बूलं नयनयुगले कज्जलकला,
ललाटे काश्मीरं विलसति गले मौक्तिकलता।
स्फुरत्काञ्ची-शाटी पृथुकटितटे हाटकमयी,
भजामि त्वां गौरीं नगपतिकिशोरीमविरतम्॥३॥

मुख में ताम्बूल, दोनों आँखों में काजल धारण की हुई, गले में मौक्तिक मणि की माला धारण की हुई, सुवर्ण के समान साड़ी धारण की हुई, कमर में करधनी शोभित करती हुई, पर्वत की पुत्री महागौरी को सतत (बिना विराम किये) भजता हूँ।।३।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाम्बिकाभ्यां नमः प्रार्थनापूर्वकं स्तुतिपाठं समर्पयामि।

गणेशाथर्वशीर्षपाठः

ॐ लँ नमस्ते गणपतये। त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि। त्वमेव केवलं कर्तासि। त्वमेव केवलं धर्तासि। त्वमेव केवलं हर्तासि। त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रह्मासि। त्वं साक्षदात्मासि नित्यम्। ऋतं वच्मि। सत्यं वच्मि। अव त्वं माम्। अव वक्तारम्। अव श्रोतारम्। अव दातारम्। अव धातारम्। अवानूचानम्। अव शिष्यम्। अव पश्चात्तात्। अव पुरस्तात्। अव चोत्तरात्। अव दक्षिणात्तात्। अव चोर्ध्वात्तात्। अवाधरात्तात्। सर्वतो मां पाहि पाहि समन्तात्। त्वं वाङ्मयः। त्वं चिन्मयः। त्वमानन्दमयः। त्वं ब्रह्ममयः। त्वं सच्चिदानन्दाद्वितीयोऽसि। त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि। सर्वं जगदिदं त्वत्तो जायते। सर्वं जगदिदं त्वत्तस्तिष्ठति। सर्वं जगदिदं त्वयि लयमेष्यति। सर्वं जगदिदं त्वयि प्रत्येति। त्वं भूमिरापोऽनलोऽनिलोनभः। त्वं चत्वारि वाक्पदानि। त्वं गुणत्रयातीतः। त्वं कालत्रयातीतः। त्वं देहत्रयातीतः। त्वं मूलाधारस्थितोऽसि नित्यम्। त्वं शक्तित्रयात्मकः। त्वां योगिनो ध्यायन्ति नित्यम्। त्वं ब्रह्मा। त्वं विष्णुः। त्वं रुद्रः। त्वं इन्द्रः। त्वं अग्निः। त्वं वायुः। त्वं सूर्यः। त्वं चन्द्रमा। त्वं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्। गणादिं पूर्वमुच्चार्य वर्णादिं तदनन्तरम्। अनुस्वारः परतरः। अर्धेन्दुलसितम्। तारेण रुद्धम्। एतत्तव मनुस्वरूपम्। गकारः पूर्वरूपम्। अकारो मध्यमरूपम्। अनुस्वारश्चान्त्यं रूपम्। बिन्दुरुत्तररूपम्।

नादः सन्धानम्। संहिता सन्धिः। सैषा गणेशविद्या। गणक ऋषिः। निचृद्गायत्री छन्दः। श्रीमहागणपतिः देवता। ॐ गं गणपतये नमः। एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात्। एकदन्तं चतुर्हस्तं पाशमङ्कुशधारिणम्। अभयं च वरदं हस्तैर्बिभ्राणं मूषकध्वजम्। रक्तं लम्बोदरं शूर्पकर्णकं रक्तवाससम्। रक्तगन्धानुलिप्ताङ्गं रक्तपुष्पैः सुपूजितम्। भक्तानुकम्पिनं देवं जगत्कारणमच्युतम्। आविर्भूतं च सृष्ट्यादौ प्रकृतेः पुरुषात्परम्। एवं ध्यायति यो नित्यं स योगी योगिनां वरः। नमो व्रातपतये। नमो गणपतये। नमः प्रमथपतये। नमस्तेऽस्तु लम्बोदरायैकदन्ताय विघ्नविनासिने शिवसुताय श्रीवरदमूर्तये नमः॥

ॐ लँ (पृथ्वीतत्त्व) स्वरूपवाले गणपति के लिए नमस्कार है, तुम्हीं प्रत्यक्ष तत्त्व स्वरूप हो, एक तुम्हीं संसार के कर्त्ता हो, एक तुम्हीं संसार के धर्ता हो, एक तुम्हीं संसार का संहार करनेवाले हो, एक तुम्हीं सभी में ब्रह्मरूप हो, एक तुम्हीं साक्षात् आत्मस्वरूप हो। एक तुम्हीं नित्य हो, ऋत कहता हूँ, सत्य कहता हूँ, (अव धारणे अर्थ करने पर) तुम ही मुझमें हो, तुम ही वक्त्र में हो। तुम ही श्रोत्र में हो, तुम ही दाता हो, तुम ही धारण करते हो, तुम ही नीचें में हो, तुम ही शिष्य में हो, तुम ही बाद में हो, तुम ही चारो तरफ हो, तुम ही उत्तर दिशा में हो। तुम ही दक्षिण दिशा में हो, तुम ही ऊपर की तरफ हो, तुम ही आधार में हो, (अव रक्षणे अर्थ करने पर) (हमारी रक्षा करो, हमारे वक्त्र की रक्षा करो, हमारे श्रोत्र की रक्षा करो, हमारे दातृत्व की रक्षा करो, हमारे धारणत्व की रक्षा करो, हमें नीचे से रक्षा करो, हमारे शिष्य की रक्षा करो, बाद में रक्षा करो, चारो तरफ से रक्षा करो, उत्तर दिशा से रक्षा करो, दक्षिण दिशा से रक्षा करो, ऊपर से रक्षा करो, आधार में रक्षा करो) सर्वत्र सभी तरफ से हमारी रक्षा करो, पूर्णरूप से रक्षा करो, तुम ही वाणीरूप हो, तुम ही चिन्मयरूप हो, तुम ही आनन्दस्वरूप हो, तुम ही ब्रह्मस्वरूप हो, तुम ही अद्वितीय सच्चिदानन्द स्वरूप हो, तुम ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हो, तुम ही ज्ञानस्वरूप, विज्ञानस्वरूप हो, तुम से ही समस्त जगत् तत्त्वस्वरूप से उत्पन्न होता है, तुममें ही समस्त जगत् अवस्थित है, तुममें ही समस्त जगत् का लय होता है, समस्त जगत् तुममें ही प्रतीत होता है, तुम ही भूमि, जल, अग्नि, वायु तथा आकाशस्वरूप हो, तुम ही परा-पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी चार वाणी स्वरूप हो, तुम ही सत्त्व-रज-तम तीनों गुणों से अतीत (त्रिगुणों के पूर्व के) हो, तुम ही काल से भी (अतीत) पहले के हो, तुम ही तीनों शरीर (सूक्ष्म, कारण, स्थूल) से (अतीत) पहले के हो, तुम ही नित्य मूलाधार में स्थित हो, तुम ही तीन प्रकार की शक्तियाँ सत्त्व-रज-तमात्मक महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वत्यात्मक तथा ओज, तेज, बलस्वरूप हो, तुम्हारा ही योगीजन नित्य ध्यान करते हैं, तुम ही ब्रह्मा हो, तुम ही विष्णु हो, तुम ही रुद्र हो, तुम ही इन्द्र हो, तुम ही अग्नि हो, तुम ही वायु हो, तुम ही सूर्य हो, तुम ही चन्द्रमा हो, तुम ही ब्रह्म भूर्भुवः स्वः हो, तुम ही गणों में पूर्व उच्चार्य हो,

वर्णों में सर्वप्रथम तुम्हारा ही उच्चारण होता है अर्थात् ॐकारस्वरूप हो, तुम ही अनुस्वार तथा अनुस्वार के बाद आनेवाले विसर्ग स्वरूप हो, तुम ही अर्धेन्दु से लसित (अर्धचन्द्र स्वरूप से युक्त अर्द्धचन्द्र अर्थात् सानुनासिकानुस्वार) हो, तुम ही तार (प्रणव) से रुद्ध (युक्त) हो, इस प्रकार तुम ही मनुष्य स्वरूप हो, गं बीज में तुम ही गकार वर्णरूपी पूर्व (आगे आनेवाले प्रथम वर्ण) स्वरूप हो, गं बीज में तुम ही अकारस्वरूप मध्यम वर्णरूप हो, गं बीज में अनुस्वार वर्णरूपी तुम ही अनुस्वारस्वरूप (अन्त्य में आनेवाला वर्ण) हो, तुम ही उत्तररूप बिन्दु स्वरूप हो, तुम ही नादस्वरूप सन्धानयोग्य हो, तुम ही संहिता में सन्धिस्वरूप हो, तुम ही वह इस प्रकार की गणेश विद्या हो, तुम ही गणकसंज्ञक ऋषि हो, तुम ही निचिद् गायत्री (गायत्री छन्द से पहले का छन्द) स्वरूप हो, तुम ही महागणपति देवता हो, तुम ही ॐ गं गणपतये मन्त्रस्वरूप हो, तुम ही एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात् गायत्री मन्त्रस्वरूप हो, तुम ही एकदन्त (एक दाँत वाले), चतुर्हस्त (चार हाथों-वाले) हो, तुम ही चारों हाथों में पाश, अंकुश, अभय और वरद धारण करनेवाले हो, तुम ही मूषक ध्वजा से शोभायमान हो, तुम ही लाल, लम्बे उदरवाले, सूप जैसे कर्ण वाले और लाल वस्त्र धारण करने वाले हो, तुम ही अंगों में रक्त गन्ध का अनुलेपन करने-वाले हो, तुम ही रक्त पुष्पों से सुपूजित हो, तुम ही भक्तों पर अनुकम्पा करनेवाले हो, तुम ही जगत्कारणस्वरूप अच्युत देव हो, तुम ही सर्वप्रथम सृष्टि के आदि में आविर्भूत होकर प्रकृति-पुरुष स्वरूप हो, इस प्रकार जो योगी नित्य ध्यान करता है, वह योगी योगियों में वरण योग्य होता है, व्रतों (तपस्या के नियमों) के पति तुम्हें नमस्कार है, गणों के स्वामी तुम्हें नमस्कार है, प्रमथादि गणों के मालिक तुम्हें नमस्कार है, लम्बोदर को नमस्कार है, एकदन्त को नमस्कार है, हे विघ्नों के विनाशक शिव के पुत्र श्रीवरदमूर्ति नमस्कार है, पुन: नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है।

गणेशाथर्वशीर्षपाठमाहात्म्यम्

एतदथर्वशिरो योऽधीते स ब्रह्मभूयाय कल्पते। स सर्वविघ्नैर्न बाध्यते। स सर्वत: सुखमेधते। स पञ्चमहापातकोपपातकात् प्रमुच्यते। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायं प्रात: प्रयुञ्जानो अपापो भवति। सर्वत्राधीयानोऽपविघ्नो भवति। धर्मार्थ-काम-मोक्षं च विन्दति। इद अथर्वशीर्षमशिष्याय न देयम्। यो यदि मोहाद्दास्यति स पापीयान्भवति। सहस्रावर्तनाद्यं यं काममधीते तं तमनेन साधयेत्। अनेन गणपतिमभिषिञ्चति स वाग्मी भवति। चतुर्थ्यामनश्नन् जपति स विद्यावान्भवति। इत्यथर्वणमहावाक्यम्। ब्रह्माद्याचरणं विद्यात्। न बिभेति कदाचनेति। यो दूर्वाङ्कुरैर्यजति स वैश्रवणोपमो भवति। यो लाजैर्यजति स यशोवान्भवति स मेधावान्भवति। यो मोदकसहस्रेण यजति स वाञ्छितफलमवाप्नोति। य: साज्यसमिद्भिर्यजति स सर्वं लभते स सर्वं लभते।

अष्टौ ब्राह्मणान्सम्यग्ग्राहयित्वा सूर्यवर्चस्वी भवति। सूर्यग्रहे महानद्यां प्रतिमासन्निधौ वा जप्त्वा सिद्धमन्त्रो भवति। महाविघ्नात् प्रमुच्यते। महापापात् प्रमुच्यते। महादोषात् प्रमुच्यते। स सर्वविद्भवति। य एवं वेद॥

इस प्रकार अथर्वशीर्ष का जो पाठ करता है, वह ब्रह्मत्व की कल्पना करके ब्रह्मरूप हो जाता है, उसे कोई भी विघ्न बाधा नहीं पहुँचाते, वह सर्वत्र ही सुख पाता है, वह पाँच प्रकार के महापातक (महापाप), पातक (पाप), उपपातक (उपपाप) से छूट जाता है, सायंकाल पाठ करने से दिन भर का किया हुआ पाप नष्ट हो जाता है, प्रात:काल पाठ करने से रात्रिकाल में किये गये पाप नष्ट हो जाते हैं, इस अर्थर्वशीर्ष का सायंप्रात: पाठ करने से पाठकर्ता अपाप (निष्पाप) हो जाता है, सदा सर्वत्र पाठ करनेवाला सभी विघ्नों से मुक्त हो जाता है और उसे धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष चारों पुरुषार्थ प्राप्त होता है, इस अथर्वशीर्ष को अशिष्य को कभी नहीं देना चाहिए, यदि मोहवश कोई अशिष्य को देता है, तो वह पापी होता है, सहस्र आवृत्ति पाठ करने से जो-जो कामनाएँ होती हैं, उन-उन कामनाओं की पूर्ति होती है, इस प्रकार से जो महागणपति का अभिसिंचन करता है वह वाणी का पति हो जाता है, चतुर्थी तिथि को सूर्योदय से सूर्योदयपर्यन्त अनवरत जपने से जप करने वाला विद्यावान् (ज्ञानवान्) हो जाता है, इस अथर्वशीर्ष का महावाक्य ब्रह्मविद्या (ब्रह्मत्व प्राप्ति) आचरण की विद्या है, इसमें भेद कभी नहीं मानना चाहिये। जो दुर्वाङ्कुरों से अर्चन करते हैं वे वैश्रवणोपम होते हैं, जो लाजा (लावा) से अर्चन करता है वह यशोवान् होता है, वह मेधावान् होता है, जो सहस्र मोदक (लड्डूओं) से अर्चन करते हैं वे अपनी अभिलषित कामनाओं की पूर्ति करते हैं, जो घी के साथ समिधा से हवन करते हैं, वे सभी कुछ प्राप्त कर लेते हैं, आठ ब्राह्मणों को पूर्णरूपेण ग्रहण कराने से सूर्य के समान वर्चस्ववाला होता है, सूर्यग्रहण के समय में महानदी में (समुद्रगामिनी नदी में) प्रतिमा (मूर्ति) के सांनिध्य में जपने से मन्त्र सिद्ध होता है, वह महाविघ्नों से छूट जाता है, वह महापापों से भी छूट जाता है, वह महादोषों से छूट जाता है, वह सर्वज्ञ हो जाता है, यही परम महाज्ञान है।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाय नमः स्तुतिपाठं समर्पयामि।

समर्पण के बाद देव्याथर्वशीर्ष का पाठ करे।

देव्याथर्वशीर्षपाठः

ॐ सर्वे वै देवा देवीमुपतस्थुः कासि त्वं महादेवीति॥१॥

सभी देवता देवी के समीप जाकर नम्रतापूर्वक पूछने लगे, हे महादेवि! तुम कौन हो?॥१॥

साब्रवीत्—अहं ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च॥२॥

इस प्रश्न के उत्तर में महादेवी ने कहा—मैं ब्रह्मस्वरूपा हूँ, मुझसे प्रकृतिपुरुषरूप सद्रूप और असद्रूप जगत् उत्पन्न हुआ है॥२॥

अहमानन्दानानन्दौ। अहं विज्ञानाविज्ञाने। अहं ब्रह्मा ब्रह्मणीवेदितव्ये। अहं पञ्चभूतान्यपञ्चभूतानि। अहमखिलं जगत्॥३॥

मैं आनन्द और अनानन्दरूपा हूँ, मैं विज्ञान और अविज्ञानरूपा हूँ, अवश्य जानने योग्य ब्रह्म और अब्रह्म (ब्रह्म से भिन्न माया) भी मैं ही हूँ, मैं ही पञ्चमहाभूत तथा विश्व में व्याप्त पञ्चभूत हूँ, मैं ही सम्पूर्ण जगत् स्वरूप हूँ॥३॥

वेदोऽहमवेदोऽहम्। विद्याहमविद्याहम्। अजाहमनजाहम्। अधश्चोर्ध्वं च तिर्यक्चाहम्॥४॥

वेद (ज्ञान) और अवेद (अज्ञान) मैं ही हूँ, विद्या (ब्रह्मज्ञान) और अविद्यारूप (माया) भी मैं ही हूँ। मैं अजा (जन्म न लेनेवाली मूलप्रकृति) और अनजा (जन्म लेनेवाली माया) भी हूँ, नीचे ऊपर तथा अगल-बगल भी मैं ही हूँ॥४॥

अहं रुद्रेभिः वसुभिश्चरामि। अहमादित्यैरुत विश्वदेवैः। अहं मित्रावरुणावुभौ बिभर्मि। अहमिन्द्राग्नी अहमश्विनावुभौ॥५॥

मैं रुद्रों और वसुओं के रूप में सञ्चार करती हूँ, मैं आदित्यों और विश्वेदेवों के रूपों में विचरण करती हूँ, मैं मित्र और वरुण दोनों देवताओं का भरण-पोषण करती हूँ, मैं ही इन्द्र, अग्नि तथा दोनों अश्विनीकुमारों का भी भरण-पोषण करती हूँ॥५॥

अहं सोमं त्वष्टारं पूषणं भगं दधामि। अहं विष्णुमुरुक्रमं ब्रह्माणमुत प्रजापतिं दधामि॥६॥

मैं सोम, त्वष्टा, पूषा और भग देवता को भी धारण करती हूँ। त्रैलोक्य को आक्रान्त करनेवाले विस्तीर्ण पादप्रच्छेप करनेवाले विष्णु, ब्रह्मदेव और प्रजापति को मैं ही धारण करती हूँ॥६॥

अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते। अहं राष्ट्री सङ्गमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्। अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन्मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे। य एवं वेद। स दैवीं सम्पदमाप्नोति॥७॥

मैं ही यजमान के द्वारा अग्नि में दिये गये विधिपूर्वक हवि को तथा सोमरस निकालने वाले यजमान के लिए धन को धारण करती हूँ, मैं ही सम्पूर्ण(राष्ट्र) जगत् स्वरूपा हूँ, वसुओं की कामनाओं से यजन करनेवालों को मैं ही धन प्रदान करती हूँ, मैं ही ब्रह्मरूप और यज्ञार्हों में मुख्य रूपा हूँ, मैं ही आत्मस्वरूप हूँ, मैं ही आकाशादि निर्माण करती हूँ, मेरा स्थान आत्मस्वरूप को धारण करनेवाली बुद्धिवृत्तियों(चित्त) में है, ऐसा इस प्रकार से जो मनुष्य जानता है, वह दैवी सम्पत्ति (समस्त सिद्धियों समस्त निधियों) को प्राप्त करता है॥७॥

ते देवा अब्रुवन्—तब उन देवताओं ने कहा—

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्॥८॥

देवी को नमस्कार है, महादेवी को नमस्कार है, शिव की पराशक्ति शिवा को नमस्कार है, मूलप्रकृति देवी को नमस्कार है, सबका कल्याण करने वाली भद्रा देवी को नमस्कार है, नियति देवी (जगत् को नियन्त्रित करनेवाली) को नमस्कार है, सभी रूपोंवाली देवी को बारबार प्रणाम है। गुणसाम्यावस्थारूपिणी मङ्गलमयी देवी को नमस्कार है, नियमयुक्त होकर प्रणाम करते हैं॥८॥

तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टाम्।
दुर्गां देवीं शरणं प्रपद्यामहेऽसुरान्नाशयित्र्यै ते नमः॥९॥

उस अग्निवर्ण वाली, तपस्या से उद्दीप्तमान दीप्तिमती कर्मफल की कामना से यजन की जानेवाली दुर्गा देवी की हम शरण में हैं, असुरों का नाश करनेवाली देवी को नमस्कार है॥९॥

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु॥१०॥

जिस विश्वरूपा देवी के कारण देवता लोग वाणीवान् होते हैं अर्थात् जिसे वैखरीरूप से बोलते हैं, वह कामधेनुसदृश आनन्ददायक और अन्न तथा बल देनेवाली वांग्रूपिणी भगवती उत्तम स्तुति से सन्तुष्ट होकर हमारे समीप आकर दर्शन दे॥१०॥

कालरात्रीं ब्रह्मस्तुतां वैष्णवीं स्कन्दमातरम्।
सरस्वतीमदितिं दक्षदुहितरं नमामः पावनां शिवाम्॥११॥

काल का भी नाश करनवाली, वेदों द्वारा स्तुति की गयी विष्णुशक्ति, स्कन्दमाता (शिवशक्ति), सरस्वती (ब्रह्मशक्ति), देवमाता (अदिति) और दक्षकन्या (सती), पापनाशिनी कल्याणकारिणी भगवती को हम प्रणाम करते हैं॥११॥

महालक्ष्म्यै च विद्महे सर्वशक्त्यै च धीमहि।
तन्नो देवी प्रचोदयात्॥१२॥

हम उस महालक्ष्मी को जानते हैं और उस सर्वशक्तिस्वरूपिणी का ही ध्यान करते हैं। वही देवी हमें उस विषय (ब्रह्मज्ञानादि ध्यान) में प्रवृत्त करे॥१२॥

अदितिर्ह्यजनिष्ट दक्ष या दुहिता तव।
तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतबान्धवः॥१३॥

हे दक्ष! आपकी जो कन्या अदिति है, वे प्रसूता हुई और उनसे मृत्युरहित कल्याणमय देव उत्पन्न हुए हैं॥१३॥

कामोयोनिः कमला वज्रपाणिः गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्यैषा विश्वमातादिविद्योम्॥१४॥

काम (क), योनि (ए), कमला (ई), वज्रपाणि (ल), गुहा (ह्रीं) ह-स वर्ण, मातरिश्वा वायु (क), अभ्र (ह), इन्द्र (ल), पुनः गुहा (ह्रीं), स, क, ल, वर्ण और माया (ह्रीं) यह सर्वात्मिका जगन्माता की मूल विद्या है और वह ब्रह्मस्वरूपिणी है॥१४॥

एषाऽऽत्मशक्तिः। एषा विश्वमोहिनी। पाशाङ्कुशधनुर्वाणधरा। एषा श्रीमहाविद्या। य एवं वेद स शोकं तरति॥१५॥

इस प्रकार की यही आत्मशक्ति हैं, ये ही विश्वमोहिनी महामाया हैं, ये पाश, अंकुश, धनुष और बाण धारण करनेवाली हैं, ये ही श्रीसंज्ञक महाविद्या हैं, जो ऐसा जानता है, वह शोकों को पार कर जाता है॥१५॥

नमस्ते अस्तु भगवति मातरस्मान् पाहि सर्वतः॥१६॥

हे भगवति! तुम्हें नमस्कार है, हे मातः! हम सभी की सभी प्रकार से सर्वत्र रक्षा करें॥१६॥

सैषाष्टौ वसवः। सैषैकादश रुद्राः। सैषा द्वादशादित्याः। सैषा विश्वेदेवाः सोमपा असोमपाश्च। सैषा यातुधाना असुरारक्षांसि पिशाचाः यक्षाः सिद्धाः। सैषा प्रजापतीन्द्र-मनवः। सैषा ग्रहनक्षत्रज्योतीषि। कलाकाष्ठादिकालरूपिणी। तामहं प्रणौमि नित्यम्॥१७॥

वे ही अष्टवसु हैं, वे ही एकादश रुद्र हैं, वे ही द्वादश आदित्य हैं, वे ही विश्वेदेव हैं, वे ही सोमरस पान करनेवाले देवता हैं, वे ही सोम रस का पान न करने वाले असुर हैं, वे ही यातुधानों, असुरों, पिशाचों, यक्षों और सिद्धों से रक्षा करती हैं, वे ही सत्त्व-रज-तम त्रिगुणरूप हैं, वे ही ब्रह्मा-विष्णु-रुद्ररूप हैं, वे ही प्रजापति, इन्द्र तथा मनु हैं, वे ही ग्रहनक्षत्रज्योतिस्वरूप हैं, वे ही कलाकाष्ठादियों में कालरूप हैं, उन सार्वभौम सर्वव्याप्त देवी को नित्य सदैव ही प्रणाम करता हूँ॥१७॥

पापापहारिणीं देवीं भुक्तिमुक्तिप्रदायिनीम्।
अनन्तां विजयां शुद्धां शरण्यां शिवदां शिवाम्॥१८॥

वे ही पाप से छुटकारा दिलानेवाली हैं, वे ही देवी भुक्ति और मुक्ति दोनों को प्रदान करती हैं, उन अन्तरहित, विजयाधिष्ठात्री, निर्दोष, शरण लेने योग्य, कल्याणदात्री और मङ्गलरूपिणी देवी को नित्य सदैव ही प्रणाम करता हूँ॥१८॥

वियदीकारसंयुक्तं वीतिहोत्रसमन्वितम्।
अर्धेन्दुलसितं देव्या बीजं सर्वार्थसाधकम्॥१९॥

वियत्-आकाश (ह) तथा (ई) कार से संयुक्त वीतिहोत्र-अग्नि (र) सहित, अर्धचन्द्र

(ँ) से अलंकृत जो देवी का बीज है, वह सब कामनाओं तथा मनोरथों को पूर्ण करनेवाला है॥१९॥

एवमेकाक्षरं ब्रह्म यतयः शुद्धचेतसः।
ध्यायन्ति परमानन्दमया ज्ञानाम्बुराशयः॥२०॥

इस प्रकार इस एकाक्षर (ह्रीं) स्वरूप का वे यतिमुनि साधक जन ध्यान करते हैं, जिनका चित्त शुद्ध है, जो निरतिशयानन्दपूर्ण और ज्ञान के सागर हैं। (यह मन्त्र देवी का प्रणव कहा जाता है। ॐकार के समान ही यह भी व्यापक है। संक्षेप में इसका अर्थ इच्छा-ज्ञान-क्रिया के आधार अद्वैत, अखण्ड, सच्चिदानन्द, समरसीभूत, शिवशक्त्यात्मक है)॥२०॥

वाङ्माया ब्रह्मसूस्तस्मात् षष्ठं वक्त्रसमन्वितम्।
सूर्योऽवामश्रोत्रबिन्दुसंयुक्ताष्टात्तृतीयकः ॥२१॥
नारायणेन सम्मिश्रो वायुश्चाधरयुक् ततः।
विच्चे नवार्णकोऽर्णः स्यान्महदानन्ददायकः॥२२॥

वाणी (ऐं), माया (ह्रीं), ब्रह्मसू काम (क्लीं), इसके बाद छठवाँ व्यञ्जन अर्थात् (च) वर्ण, वही वक्त्र अर्थात् आकार से युक्त (चा), सूर्य (म), अवाम श्रोत्र अर्थात् दक्षिण कर्ण (उ), और बिन्दु अर्थात् (आ) से मिश्रित (डा), वायु (य) अधर अर्थात् (ऐं) से युक्त (यै) और विच्चे यह नवार्ण मन्त्र उपासकों को आनन्द और ब्रह्मसायुज्य देनेवाला है। (इस मन्त्र का अर्थ यह है कि हम चित्स्वरूपिणी महासरस्वती-सद्रूपिणी महालक्ष्मी-आनन्दरूपिणी महाकाली, ब्रह्मविद्या पाने के लिए सदैव समय ध्यान करते हैं। हे महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती स्वरूपिणी चण्डिका देवि! तुम्हें नमस्कार है। अविद्यारूपी रज्जु की दृढ़ ग्रन्थि को खोलकर मुझे मुक्त करो)॥२१-२२॥

हृत्पुण्डरीकमध्यस्थां प्रातःसूर्यसमप्रभाम्।
पाशाङ्कुशधरां सौम्यां वरदाभयहस्तकाम्॥२३॥
त्रिनेत्रां रक्तवसनां भक्तकामदुघां भजे।

हृत्कमल के मध्य में रहनेवाली, प्रातःकालीन सूर्य के समान प्रभावाली, पाश और अङ्कुश धारण करनेवाली, मनोहर रूपोंवाली, वरद और अभयमुद्रा धारण किये हुए हाथों वाली, तीन नेत्रों से युक्त, रक्त वस्त्र परिधान करनेवाली और कामधेनु के समान भक्तों के मनोरथ पूर्ण करनेवाली महादेवी को भजता हूँ॥२३॥

नमामि त्वां महादेवीं महाभयविनाशिनीम्॥२४॥
महादुर्गप्रशमनीं महाकारुण्यरूपिणीम्।

हे महादेवि! महाभय का नाश करनेवाली, महासङ्कट को शान्त करनेवाली और महान् करुणा की साक्षात् मूर्ति को नमस्कार करते हैं॥२४॥

यस्याः स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मादुच्यते अज्ञेया। यस्या अन्तो न लभ्यते तस्मादुच्यते अनन्ता। यस्या लक्ष्यं नोपलक्ष्यते तस्मादुच्यते अलक्ष्या। यस्या जननं नोप लभ्यते तस्मादुच्यते अजा। एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मादुच्यते एका। एकैव विश्वरूपिणी तस्मादुच्यते नैका। अत एवोच्यते अज्ञेयानन्तालक्ष्याजैका नैकेति॥२५॥

जिसका स्वरूप ब्रह्मादि नहीं जानते, इसलिए अज्ञेया कहते हैं, जिसका अन्त कभी नही होता, इसलिए जिसे अनन्ता कहते हैं, जिसका लक्ष्य दिख नहीं पाता, इसलिए अलक्ष्या कहते हैं, जिसका जनन नहीं होता हैं, इसलिये अजा कहते हैं, एक ही सर्वत्र उपस्थित है (एक ही रूप में), इसलिए एका कहते हैं, जो सर्वत्र अकेली ही विश्वरूप हैं, इसलिए नैका कहते हैं, वह इसीलिए अज्ञेया, अनन्ता, अलक्ष्या, अजा, एका और नैका कहलाती है॥२५॥

मन्त्राणां मातृका देवी शब्दानां ज्ञानरूपिणी।
ज्ञानानां चिन्मयातीता शून्यानां शून्यसाक्षिणी॥२६॥

जो महादेवी सभी मन्त्रों में मातृका रूप (मूलाक्षर) है, शब्दों में ज्ञान (अर्थ) रूप से जो व्याप्त है, ज्ञानों में जो चिन्मयातीता है, शून्यों में शून्यसाक्षिणी हैं॥२६॥

यस्याः परतरं नास्ति सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता।
तां दुर्गां दुर्गमां देवीं दुराचारविघातिनीम्॥२७॥
नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम्।

जिनसे कुछ भी अन्य श्रेष्ठ नहीं है, वही दुर्गा नाम से प्रसिद्ध हैं, उस दुर्विज्ञेय (बहुत कठिनाई से जाना जाता है), दुराचारनाशक (अव्यवहारों को नष्ट करनेवाली), संसारसागर से तारनेवाली देवी को संसार से डरे हुए हम नमस्कार करते हैं॥२७॥

देव्याथर्वशीर्षपाठमाहात्म्यम्

इदमथर्वशीर्षं योऽधीते स पञ्चाथर्वशीर्षजपफलमाप्नोति। इदमथर्वशीर्षमज्ञात्वा योऽर्चां स्थापयति शतलक्षंप्रजप्त्वापि सोऽर्चासिद्धिं न विन्दति, शतमष्टोत्तरं चास्य पुरश्चर्याविधिः स्मृतः॥२८॥

इस अथर्वशीर्ष का जो अध्ययन तथा पाठ करता है, वह पाँचों अथर्वशीर्ष के पाठ-जपादि का फल प्राप्त करता है। इस अथर्वशीर्ष को बिना जाने जो अर्चनपूजनादि करता है, वह सैकड़ों, लाखों बार भी अर्चन-पूजन करता है, तो भी उसे सिद्धि नहीं मिलती है। एक सौ आठ बार पाठ करना ही इस अथर्वशीर्ष का पुरश्चरण कहा गया है॥२८॥

दशवारं पठेद्यस्तु सद्यः पापं प्रमुच्यते।
महादुर्गाणि तरति महादेव्याः प्रसादतः॥२९॥

इस अथर्वशीर्ष का दश बार पाठ जो करता है, वह पूर्ण रूप से पापों से मुक्त हो जाता

है और महादेवी का कृपाप्रसाद प्राप्त करके महानतम दुर्गम कठिनाइयों को भी पार कर जाता है॥२९॥

सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायं प्रातः प्रयुञ्जानो अपापो भवति। निशीथे तुरीयसंध्यायां जप्त्वा वाक् सिद्धिर्भवति। नूतनायां प्रतिमायां जप्त्वा देवतासान्निध्यं भवति। प्राणप्रतिष्ठायां जप्त्वा प्राणानां प्रतिष्ठा भवति। भौमाश्विन्यां महादेवीसन्निधौ जप्त्वा महामृत्युं तरति। स महामृत्युं तरति य एवं वेद॥२९॥

सायंकाल जो इस अथर्वशीर्ष का पाठ करता है, वह दिन भर के किये गये पापों से छूट जाता है। प्रात:काल जो इस अथर्वशीर्ष का पाठ करता हैं वह रात्रिकालीन किये गये पापों से छूट जाता है। जो इस अथर्वशीर्ष का सायंकाल तथा प्रात:काल पाठ करता है, वह पूर्णत: पापों से हीन होकर पुण्यवान् हो जाता है। निशाकाल में तुरीय सन्ध्या के समय (अर्धरात्रि के समय) जो इस अथर्वशीर्ष का पाठ करता है, उसके वाणी की सिद्धि हो जाती है, नूतन प्रतिमा में जो इस अथर्वशीर्ष का अष्टोत्तरशत पाठ करता है वह इष्ट देवता का सान्निध्य प्राप्त करता है, प्राण-प्रतिष्ठा के समय इस अथर्वशीर्ष का पाठ करने से प्राणों की प्रतिष्ठा होकर चैतन्यता आती है। भौमवार को अश्विनी नक्षत्र पड़ने पर जो लोग इस अथर्वशीर्ष का अष्टोत्तरशत पाठ करते हैं, वे महामृत्यु को भी पार कर जाते हैं, वह महामृत्यु को भी पार कर जाते हैं, यही वेद (शाश्वत ज्ञान) है, यही ज्ञान प्राप्त करना चाहिए॥२९॥

ॐ भूर्भुवः स्वः पराम्बिकायै नमः स्तुतिपाठं समर्पयामि।

अनेन यथोपलब्धद्रव्येण गणेशाम्बिकापूजनेन गणेशाम्बिके प्रीयेतां न मम॥

श्रीगणेशाम्बिकापूजनं परिपूर्णम्

❀

स्वस्तिकलशस्थापनम्

भूमिस्पर्श—ॐ महीद्यौःपृथिवीचनऽइमंय्यज्ञंमिमिक्षताम्।। पिपृतानोभरीमभिः।।

सप्तधान्य बिखेरना—ॐ ओषधयःसमवदन्तसोमेनसहराज्ञा।। यस्मैकृणोति ब्राह्मणस्तꣳराजन्पारयामसि।।

कलशस्थापन—ॐ आजिग्घ्रकलशंमह्यात्वाविशन्त्विन्दवः।। पुनरूर्ज्जानिवर्तस्वसानःसहस्रंधुक्ष्वोरुधारापयस्वतीपुनर्म्माविशताद्रयिः।।

कलश में जल भरना—ॐ व्वरुणस्योत्तम्भनमसिव्वरुणस्यस्कम्भसर्ज्जनीस्थोव्वरुणस्यऽऋतसदन्न्यसिव्वरुणस्यऽऋतसदनमसिव्वरुणस्यऽऋतसदनमासीद।

कलश में गन्ध डाले—ॐ त्वाङ्गन्धर्व्वाऽअखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वाम्बृहस्पतिः।। त्वामोषधेसोमोराजाव्विद्वान्न्यक्ष्मादमुच्च्यत।।

कलश में सर्वौषधि डाले—ॐ याओषधीःपूर्व्वाजातादेवेब्भ्यस्त्रियुगंपुरा।। मनैनुबब्भ्रुणामहꣳशतंधामानि सप्त च।।

कलश में दूर्वा डाले—ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्तीपरुषःपरुषष्प्परि।। एवानोदूर्व्वेप्प्रतनुसहस्रेण शतेन च।।

कलश में पञ्चपल्लव डाले—ॐ अश्वत्त्थेवोनिषदनंपर्ण्णेवोव्वसतिष्कृता।। गोभाजऽइत्किलासथयत्सनवथपूरुषम्।।

कलश में कुश डाले—ॐ पवित्रेस्त्थोव्वैष्ण्णव्व्यौसवितुर्व्वःप्प्रसवऽउत्पुनाम्म्यच्छिद्द्रेण पवित्रेणसूर्य्यस्यरश्म्मिभिः।। तस्यतेपवित्रपतेपवित्रपूतस्ययत्कामःपुनेतच्छकेयम्।।

कलश में सप्तमृत्तिका डाले—ॐ स्योनापृथिविनोभवानृक्षरानिवेशनी।। यच्छानःशर्म्मसप्प्रथाः।।

कलश में पूंगीफल डाले—**ॐ याः॒ फ॒लिनी॒र्य्या॑ऽअ॑फ॒लाऽअ॑पु॒ष्प्पायाश्श्च॑पु॒ष्प्पिणीः॑॥ बृह॒स्प्पति॑प्प्रसूता॒स्तानो॑मुञ्च॒त्वꣳह॑सः॥**

कलश में पञ्चरत्न डाले—**ॐ परि॑वाजप॑तिः क॒विर॒ग्निर्ह॒व्यान्य॑क्रमीत्॥ दध॒द्रत्ना॑नि दा॒शुषे॑॥**

कलश में हिरण्य (सुवर्णखण्ड) डाले—**ॐ हि॒र॒ण्ण्य॒ग॒र्ब्भः सम॑वर्त्त॒ताग्ग्रे॑भू॒तस्य॑जा॒तः पति॒रेक॑ऽआसीत्॥ सदा॑धारपृथि॒वीद्यामु॒तेमां अस्म्मै॑दे॒वाय॑ह॒विषा॑विधेम्॥**

युग्मवस्त्राच्छादन—**ॐ सु॒जा॑तो॒ज्ज्योति॑षा स॒ह शर्म्म॒व्वरू॑थ॒मास॑द॒त्त्स्वः॑॥ व्वासो॑अग्ग्ने व्वि॒श्श्वरू॑प॒ꣳ संव्व्य॑यस्व व्विभावसो॥**

पूर्णपात्रस्थापन—**ॐ पू॒र्ण्णा द॑र्व्वि॒ परा॑पत॒ सुपू॑र्ण्णा॒ पुन॒रापत॥ व॒स्नेव॒ व्विक्क्री॑णावहा॒ऽ इष॒मूर्ज्ज॑ꣳ शतक्क्रतो॥**

नारिकेलफलस्थापन—**ॐ याः॒ फ॒लिनी॒र्य्या॑ऽअ॑फ॒लाऽअ॑पु॒ष्प्पायाश्श्च॑पु॒ष्प्पिणीः॑॥ बृह॒स्प्पति॑प्प्रसूता॒स्तानो॑मुञ्च॒त्वꣳह॑सः॥**

वरुण का ध्यान, आवाहन, पञ्चोपचारपूजन—**ॐ तत्त्वा॑यामि॒ ब्ब्रह्म॑णा॒ व्वन्द॑मान॒स्तदा-शा॑स्ते॒ यज॑मानो ह॒विर्ब्भिः॑॥ अहे॑डमानो व्वरुणे॒ह बो॒ध्युरु॑श॒ꣳस॒ मा न॒ऽआयुः॒ प्प्रमो॑षीः॥**

प्रतिष्ठा—दोनों हाथ से स्पर्श करके प्रतिष्ठा करे—

ॐ मनो॑ जू॒तिर्ज्जु॑षता॒माज्ज्य॑स्य॒ बृह॒स्प्पति॑र्य्य॒ज्ञमि॒मन्त॑नो॒त्त्वरि॑ष्ट्टं॒ य्य॒ज्ञꣳ समि॒मन्द॑धातु॥ व्विश्श्वे॑दे॒वास॑ऽइ॒ह मा॑दयन्ता॒मो३म्प्रति॑ष्ठ॥

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।
अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥

इसी ईश्वरतत्त्व से प्राण प्रतिष्ठित होते हैं, इसी से शरीर में प्राणों का प्रवाह (संचरण) होता है, इसी से अर्चना के समय देवत्व आता है, इससे इतर कुछ नहीं है।

अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं सशक्तिकमावाहयामि स्थापयामि। इस जल में वरुण अपने आयुधशक्तिपरिवार सहित आकर स्थित हों।

ॐ अपांपते वरुणाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

गङ्गाद्यावाहनम्—

कला कला हि देवानां दानवानां कला कलाः।
संगृह्य निर्मितो यस्मात्कलशस्तेन कथ्यते॥१॥

देवताओं तथा दानवों के प्रत्येक कलाओं का संग्रह करके जो निर्मित होता है, उसे कलश कहते हैं॥१॥

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।
मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः॥२॥

कलश के मुख में विष्णु, कण्ठ में रुद्र तथा कुक्षि (पेट) में ब्रह्मा एवं मध्य में मातृकाएँ स्थित हैं॥२॥

कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा च मेदिनी।
अर्जुनी गोमती चैव चन्द्रभागा सरस्वती॥३॥

पेट में सप्तसागर तथा मेदिनी में सप्तद्वीप स्थित हैं। अर्जुनी, गोमती, चन्द्रभागा, सरस्वत्यादि महानदियाँ स्थित हैं॥३॥

कावेरी कृष्णवेणा च गङ्गा चैव महानदी।
तापी गोदावरी चैव माहेन्द्री नर्मदा तथा॥४॥

कावेरी, कृष्णा, वेणा, गङ्गादि महानदियाँ स्थित हैं, तापी, गोदावरी, माहेन्द्री, नर्मदादि नदियाँ स्थित हैं॥४॥

नदाश्च विविधा जाता नद्यः सर्वास्तथापराः।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि कलशस्थानि तानि वै॥५॥

विभिन्न प्रकार के नद तथा समस्त नदियाँ हैं, पृथ्वी जिसमें समस्त तीर्थ स्थित हैं, वे सभी कलश में विधिपूर्वक अवस्थित हों॥५॥

सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः।
आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः॥६॥

सभी समुद्रों के सहित समस्त तीर्थ नद, नदियाँ इस कलश में हमारी शान्ति के लिए आकर अवस्थित होकर समस्त दुरित के क्षयकारक हों तथा हमारे समस्त पापों को नष्ट करनेवाले हों॥६॥

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।
अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बुं समाश्रिताः॥७॥

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद अङ्ग रूप से कलश के जल में समाश्रित होकर हमारा कल्याण करें॥७॥

अत्र गायत्री सावित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा।
आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारकाः॥८॥

यहाँ गायत्री, सावित्री, शान्ति, पुष्टिकरी आकर हमारे सभी दुरित को समाप्त करके हमें शान्ति प्रदान करें, हमारे यज्ञ को पूर्णता प्रदान करें॥८॥

स्वस्तिकलशपूजनम्

ध्यानम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर वरुणादि देवताओं का ध्यान करे—

ॐ स॒हस्र॑शीर्षा॒पुरु॑षःसहस्रा॒क्षःस॒हस्र॑पात्॥ सभूमि॑ꣳस॒र्वत॑स्पृ॒त्वात्य॑तिष्ठद्दशाङ्गु॒लम्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः ध्यानार्थे पुष्पाणि समर्पयामि।

आसनम्—दोनों हाथों से अक्षत लेकर, आसन का ध्यान कर समर्पित करे—

ॐ पुरु॑षऽए॒वेद॒ꣳ सर्व्वं॒य्यद्भू॒तंयच्च॒भाव्य॒म्॥ उ॒तामृ॑त॒त्वस्येशा॑नो॒यदन्ने॑नाति॒रोह॑ति॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पाद्यम्—दोनों हाथों से पाद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ ए॒तावा॑नस्यमहि॒माता॒ज्ज्यायाँ॑श्च॒पूरु॑षः॥ पादो॑ऽस्य॒विश्वा॑भू॒तानि॑त्रि॒पाद॑स्या॒मृत॑न्दि॒वि॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः पादयोः पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्यम्—दोनों हाथों से अर्घ्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ त्रि॒पादू॒र्द्ध्वऽउदै॒त्पुरु॑षः॒पादो॑ऽस्ये॒हाभ॑व॒त्पुनः॑॥ ततो॒विष्व॒ङ्व्य॑क्रामत्साशनानश॒नेऽअ॒भि॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः अर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनम्—दोनों हाथों से आचमनीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ ततो॑वि॒राड॑जायतवि॒राजो॒ऽअधि॒पूरु॑षः॥ सजा॒तोऽअत्य॑रिच्च्यतप॒श्चाद्भूमि॒ मथो॑ पु॒रः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः आचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

स्नानीयम्—दोनों हाथों से स्नानीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मा॑द्य॒ज्ञात्स॑र्व्व॒हुतः॒सम्भृ॑तम्पृषदा॒ज्ज्यम्॥ प॒शूँस्ताँश्च॑क्क्रेवाय॒व्या॒नार॒ण्याग्रा॒म्म्याश्च॒ये॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः स्नानीयं जलं समर्पयामि।

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मा॑द्य॒ज्ञात्स॑र्व्व॒हुत॒ऽऋचः॒सामा॑निजज्ञिरे॥ छन्दा॑ꣳसिजज्ञिरे॒तस्मा॒द्यजु॒स्तस्मा॑दजायत॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः पुनराचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

पयःस्नानम्—दोनों हाथ से पयः पात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पयः॑पृथि॒व्यांपय॒ऽओष॑धीषु॒पयो॑दि॒व्य॒न्तरि॑क्षे॒पयो॑धाः॥ पय॑स्वतीः॒प्र॒दिशः॑सन्तु॒मह्य॑म्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः पयःस्नानं समर्पयामि।

दधिस्नानम्—दोनों हाथों से दधिपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ द॒धि॒क्राव्णो॑ऽअकारिषंजि॒ष्णोरश्व॑स्यवा॒जिनः॑॥ सु॒र॒भिनो॒मुखा॑कर॒त्प्रण॒ऽआयू॑ꣳषितारिषत्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः दधिस्नानं समर्पयामि।

घृतस्नानम्—दोनों हाथों से घृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ घृ॒तम्मि॑मिक्षेघृ॒तम॑स्य॒योनि॑र्घृ॒तेश्रि॒तोघृ॒तम्व॑स्य॒धाम॑॥ अ॒नु॒ष्व॒धमाव॑हमा॒दय॑स्व॒ स्वाहा॑कृतंवृषभवक्षिह॒व्यम्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः घृतस्नानं समर्पयामि।

मधुस्नानम्—दोनों हाथों से मधुपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ मधु॒वाता॑ऽऋताय॒तेमधु॑क्षरन्ति॒सिन्ध॑वः॥ माद्ध्वी॑र्नः॒स॒न्त्वोष॑धीः॥ मधु॒नक्त॑मु॒तो-

षसोमधुमत्त्पार्त्थिवꣳरजः॥ मधुद्यौरस्तुनःपिता॥ मधुमान्नोवनस्प्पतिर्म्मधुमाँऽअस्तुसूर्य्यः॥ माद्ध्वीर्ग्गावोभवन्तुनः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः मधुस्नानं समर्पयामि।

शर्करास्नानम्—दोनों हाथों से शर्करापात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अपाꣳरसमुद्द्वयसꣳसूर्य्येसन्तꣳसमाहितम्॥ अपाꣳरसस्ययोरसस्तंवोगृह्णाम्म्युत्तममुपयामगृहीतोऽसीन्द्रायत्त्वाजुष्टंगृह्णाम्म्येषतेयोनिरिन्द्रायत्वाजुष्टतमम्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः शर्करास्नानं समर्पयामि।

पञ्चामृतस्नानम्—दोनों हाथों से पञ्चामृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पञ्चनद्यःसरस्वतीमपियन्तिसस्रोतसः॥ सरस्वतीतुपञ्चधासोदेशेभवत्सरित्॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदकस्नानम्—दोनों हाथों से जलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ शुद्धवालःसर्व्वशुद्धवालोमणिवालस्तऽआश्विनाःश्येतःश्येताक्षोरुणस्तेरुद्द्रायपशुपतयेकर्ण्णायामाऽअविलिप्तारौद्द्रानभोरूपाःपार्ज्जन्याः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि।

वस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथों से वस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्मादश्श्वाऽअजायन्तयेकेचोभयादतः॥ गावोहजज्ञिरेतस्म्मात्तस्म्माज्जाताऽअजावयः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः वस्त्रं समर्पयामि।

वस्त्राङ्गाचमनीयजलम्—दोनों हाथों से आचमनीय लेकर समर्पित करे—

ॐ आपोहिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्जेदधातन॥ महेरणायचक्षसे॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः वस्त्रान्ते आचमनीयं जलं समर्पयामि।

उपवस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथों से उपवस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ तंय्यज्ञम्बर्हिषिप्प्रौक्षन्पुरुषञ्जातमग्ग्रतः॥ तेनदेवाऽअयजन्तसाध्याऽऋषयश्श्चये॥ ॐ सुजातोज्ज्योतिषासहशर्म्मवरूथमासदत्स्वः॥ वासोअग्ग्नेविश्श्वरूपꣳसंव्ययस्वविभावसो॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः उपवस्त्रं समर्पयामि।

उपवस्त्राङ्गाचमनीयजलम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ योवःशिवतमोरसस्तस्यभाजयतेहनः॥ उशतीरिव मातरः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः उपवस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतनिवेदनम्—दोनों हाथों से यज्ञोपवीत लेकर समर्पित करे—

ॐ यत्पुरुषंव्व्यदधुःकतिधाव्व्यकल्पयन्॥ मुखङ्किमस्यासीत्किम्बाहूकिमूरूपादाऽउच्च्येते॥ ॐ यज्ञोदेवानाम्प्रत्त्येतिसुम्म्नमादित्त्यासोभवतामृडयन्तः॥ आवोर्व्वाचीसुमतिर्व्व-

वृत्त्यादꣳहोश्श्रुद्यावरिवोवित्तरासदादित्त्येभ्यस्त्वा॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

यज्ञोपवीताङ्गाचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय लेकर समर्पित करे—

ॐ तस्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्वथ॥ आपोजनयथा च नः॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः यज्ञोपवीतान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

सुगन्धिद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से सुगन्धिद्रव्य लेकर समर्पित करे—

ॐ त्वाङ्गन्धर्वाऽअखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वाम्बृहस्पतिः॥ त्वामोषधेसोमोराजाविद्वान्यक्ष्माद्मुच्च्यत॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः गन्धानुलेपनं समर्पयामि।

अक्षतसमर्पणम्—दोनों हाथों से अक्षत लेकर समर्पित करे—

ॐ पूजाफलसमृद्ध्यर्थं तवाग्रे स्वर्णमीश्वरि!।
स्थापितं तेन मे प्रीता पूर्णान् कुरु मनोरथान्॥

पूजा के पूर्ण फल की समृद्धि के लिए स्वर्णमयी मुद्रा आपके सामने समर्पित भाव से स्थापित है, जिसे स्वीकार करके प्रसन्न मन होकर हमारे मनोरथ को पूर्ण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशसहितषोडशमातृकाभ्यो नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

नीराजनसमर्पणम्—दोनों हाथों से नीराजन लेकर घुमाये—

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव॥

कदली (केले के वृक्ष के) गर्भ से उत्पन्न कर्पूर प्रदीपित करके आपकी आरती हम करते हैं, जिसे देखकर आप प्रसन्न हों तथा हमारी समस्त कामनापूर्ति के लिए वर प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशसहितषोडशमातृकाभ्यो नमः कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।

परिक्रमासमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतिं गावो दास्योऽश्वां विन्देयं पुरुषानहम्॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे यहाँ उस जगत्विख्यात् लक्ष्मी को, जो मुझे छोड़कर अन्यत्र कहीं न जानेवाली हों, उन लक्ष्मी को प्राप्त कराओ, जिन लक्ष्मी के द्वारा मैं सुवर्ण, उत्तम ऐश्वर्य, गौ, दासी, घोड़े, और पुत्र-पौत्रादि को प्राप्त करूँ, अर्थात् अचला लक्ष्मी को प्राप्त करूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशसहितषोडशमातृकाभ्यो नमः प्रदक्षिणां समर्पयामि।

पुष्पाञ्जलिसमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
श्रियः पञ्चदशर्थञ्च श्रीकामः सततं जपेत्॥

जो मनुष्य शुचिता को प्राप्तकर अर्थात् शुद्ध होकर लक्ष्मी की कामना से श्रद्धापूर्वक पवित्र मन और सावधान होकर प्रतिदिन अग्नि में गौ के घृत का होम करे और उसके साथ लक्ष्मीसूक्त तथा श्रीसूक्त के पूर्वोक्त पन्द्रह ऋचाओं का प्रतिदिन निरन्तर जप करता रहे।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशसहितषोडशमातृकाभ्यो नमः मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

प्रार्थना—दोनों हाथों से पुष्प संग्रहण कर प्रार्थना करे—

मेधाऽसि देवि विदिताखिलशास्त्रसारा,
दुर्गाऽसि दुर्गभवसागरनौरसङ्गा।
श्रीः कैटभारिहृदयैककृताधिवासा,
गौरी त्वमेव शशिमौलिकृतप्रतिष्ठा॥१॥

हे देवि! जिनसे समस्त शास्त्रों के सार का ज्ञान होता है, वह मेधाशक्ति आप ही हैं, दुर्गम भवसागर से पार उतारने वाली नौकारूपी दुर्गादेवी भी आप ही हैं, कैटभ के शत्रु भगवान् विष्णु के हृदय की एकमात्र स्वामिनी लक्ष्मी और चन्द्रमा को सिर पर धारण करनेवाले भगवान् शङ्कर की प्रिया गौरी तुम्हीं हो॥१॥

देवि प्रसीद परमा भवती भवाय,
सद्यो विनाशयसि कोपवती कुलानि।
विज्ञातमेतदधुनैव यदस्तमेत-
न्नीतं बलं सुविपुलं महिषासुरस्य॥२॥

हे देवि! आप हमपर प्रसन्न हों, परमात्मस्वरूपा आपके प्रसन्न होने पर जगत् का अभ्युदय होता है और क्रोध में भर जाने पर आप तत्काल ही कितने कुलों का नाश कर डालती हैं, यह बात अभी अनुभव में आयी है; क्योंकि महिषासुर की यह विशाल सेना क्षणभर में आपके कोप से नष्ट हो गयी है॥२॥

गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया।
देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः॥१॥
धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिः आत्मनः कुलदेवताः।
गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्यास्तु षोडश॥२॥
आयुरारोग्यमैश्वर्यं ददध्वं मातरो मम।
निर्विघ्नं सर्वकार्येषु कुरुध्वं सगणाधिपः॥३॥

हे मातायें! गौरी, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देवसेना, स्वधा, स्वाहा, मातृकाएँ, लोकमातृकाएँ, धृति, पुष्टि, तुष्टि तथा अपने कुल की कुलदेवी गणेश के सहित पूजित होकर हमारे घर हमें आयु-आरोग्य-ऐश्वर्य सभी प्रदान करे तथा हमारे समस्त पूजन-अनुष्ठान को गणेश के सहित मातृकायें निर्विघ्न करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशसहितषोडशमातृकाभ्यो नमः स्तुतिप्रार्थनां समर्पयामि।

पूजनसमर्पणम्—दाहिने हाथ में जल लेकर पूजन समर्पित करे—

अनेन यथोपलब्धद्रव्येण यथाज्ञानेन यथापूजनेन गणेशसहितगौर्यादि आत्मनः कुलदेवतान्तावहितषोडशमातरः प्रीयन्तां न मम।

षोडशमातृकापूजनं परिपूर्णम्

❀

सप्तघृतमातृकापूजनम्

किसी पाटे पर कपड़ा बिछा करके उस पर अधोलिखित चक्र सिन्दूर से सप्तबिन्द्वात्मक (सबसे पहले नीचे सातबिन्दु बनाकर फिर उसके ऊपर छः बिन्दु, फिर उसके ऊपर पाँच बिन्दु, उसके ऊपर चार बिन्दु, उसके ऊपर तीन बिन्दु, उसके ऊपर दो बिन्दु, फिर उसके ऊपर एक बिन्दु चक्र) बनायें। नीचे के सात बिन्दुओं पर घृत धारा छोड़ कर गुड़ से एकीकरण करके उन पर आवाहन-स्थापन करके पूजन करे।



घृतधारा—घी से अधोलिखित मन्त्र पढ़ते हुए सप्तमातृका बिन्दुओं पर घृत धारा दें पश्चात् गुड़ से एकीकरण करके प्रत्येक धाराओं पर तत्तद् देवताओं का आवाहन करे।

ॐ व्वसोःपवित्रमसिशतधारंव्वसोःपवित्रमसिसहस्रधारम्॥ देवस्त्वासवितापुनातु व्वसोःपवित्रेणशतधारेणसुप्वा॥ ॐ कामधुक्षः॥

श्रियमावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ मनसःकाममाकूतिंव्वाचःसत्त्यमशीय॥ पशूनाꣳरूपमन्नस्यरसोयशःश्रीःश्श्रयतां-मयिस्वाहा॥

ॐ भूर्भुवः स्वः श्रियै नमः श्रियमावाहयामि स्थापयामि।

लक्ष्मीमावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ श्रीश्च्चतेलक्ष्मीश्च्चपत्न्यावहोरात्रेपार्श्श्वेनक्षत्राणिरूपमश्श्विनौव्व्यात्तम्॥ इष्ण्णन्निषाणामुम्मऽइषाणसर्व्वलोकम्मऽइषाण॥

ॐ भूर्भुवः स्वः लक्ष्म्यै नमः लक्ष्मीमावाहयामि स्थापयामि।

धृतिमावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ भद्रङ्कर्णेभिः श्शृणुयामदेवाभद्रम्पश्येमाक्षभिर्य्यजत्राः॥ स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहिदेवहितंय्यदायुः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः धृत्यै नमः धृतिमावाहयामि स्थापयामि।

मेधामावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ मेधांमेव्वरुणोददातुमेधामग्निः प्प्रजापतिः॥ मेधामिन्द्रश्च्चव्वायुश्च्चमेधां धातार्ददातुमेस्वाहा॥

ॐ भूर्भुवः स्वः मेधायै नमः मेधामावाहयामि स्थापयामि।

स्वाहामावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ प्प्राणायस्वाहाऽपानायस्वाहाव्व्यानायस्वाहा॥ चक्षुषेस्वाहाश्श्रोत्रायस्वाहा व्वाचेस्वाहामनसेस्वाहा॥

ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहायै नमः स्वाहामावाहयामि स्थापयामि।

प्रज्ञामावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ आयङ्गौःपृश्श्निरक्रमीदसदन्मातरंपुरः॥ पितरंचप्रयन्त्स्वः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः प्रज्ञायै नमः प्रज्ञामावाहयामि स्थापयामि।

सरस्वतीमावाहनम्—अक्षत लेकर आवाहन करे—

ॐ पावकानःसरस्वतीव्वाजेभिर्व्वाजिनीवतियज्ञंव्वष्टुधियावसुः॥

ॐ भूर्भुवः स्वः सरस्वत्यै नमः सरस्वतीमावाहयामि स्थापयामि।

प्रतिष्ठा—दोनों हाथों से स्पर्श करके प्रतिष्ठा करे—

ॐ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनोत्त्वरिष्टंय्यज्ञꣳसमि मन्दधातु॥ व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्तामो३म्प्रतिष्ठ॥

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।
अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥

इसी ईश्वर तत्त्व से प्राण प्रतिष्ठित होते हैं, इसी से प्राणों का क्षरण होता है, इसी से अर्चना के लिए देवत्व होता है, मेरे लिए इससे इतर कुछ नहीं है।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः आवाहिताः प्रतिष्ठिताः वरदाः भवन्तु।

ध्यानम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर ध्यान करे—

ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेदा अग्ने! आप सुवर्ण के समान पीतवर्णवाली, किञ्चित् हरितवर्णवाली, किञ्चित् हरिणी रूप धारण करनेवाली, सुवर्णमिश्रित रजत की माला धारण करनेवाली, सुन्दर वर्णवाले चाँदी के समान श्वेत पुष्पों की माला धारण करनेवाली, चन्द्रमा के सदृश प्रकाशवाली, चन्द्रमा के समान सबको प्रसन्न करनेवाली, चञ्चलता हिरण्यमयी रूपवाली एवं हिरण्यमय ही जिसका शरीर है, ऐसी सुवर्णमयी लक्ष्मी को मेरे लिए आवाहन करता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः ध्यानार्थे पुष्पाणि समर्पयामि।

आसनम्—दोनों हाथों से अक्षत लेकर आसन ध्यान कर समर्पित करे—

ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥

हे जातवेदा अग्निदेव! आप उन जगत्-विख्यात एवं अनपगामिंनी अर्थात् मुझको छोड़कर अन्यत्र न जानेवाली लक्ष्मी को मेरे लिए बुलाओ। मैं सुवर्ण, गौ, घोड़े और पुत्र-पौत्रादि को प्राप्त करने के लिए आवाहन करता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः आसनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पाद्यम्—दोनों हाथों से पाद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

जिन देवी के आगे घोड़े और बीच में रथ हैं अथवा जिनके आगे घोड़े जुटे हुए हैं, ऐसे रथ में सवार, हाथियों के निनाद से जगत् को आनन्दित करनेवाली दीप्यमान एवं समस्त जनों को आश्रय देनेवाली लक्ष्मी को मैं अपने समीप बुलाता हूँ, दीप्यमान तथा सबकी आश्रयदाता लक्ष्मी का अपने घर में सर्वदा निवास करने के लिए मैं आवाहन करता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः पाद्यं समर्पयामि।

अर्घ्यम्—दोनों हाथों से अर्घ्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ कांसोऽस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्ती तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मे स्थितां पद्मवर्णां तामिवोपह्वये श्रियम्॥

जिनका स्वरूप वाणी और मन का विषय न होने के कारण अवर्णनीय है तथा जो मन्द हास्ययुक्ता हैं, जो चारों ओर सुवर्ण से वेष्टित है एवं दयार्द्र हृदयवाली या समुद्र से उत्पन्न होने के कारण आर्द्र शरीरवाली होती हुई भी दीप्यमान हैं, अर्थात् जो लक्ष्मीजी दया से आर्द्र होते हुए तेज से देदीप्यमान हैं, स्वयं पूर्णकाम होने के कारण भक्तों के नानाविध मनोरथों को पूर्ण करनेवाली, कमल के ऊपर विराजमान तथा कमल के सदृश गृह में निवास करनेवाली, उन जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं अपने समीप बुलाता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः अर्घ्यं समर्पयामि।

आचमनम्—दोनों हाथों से आचमनीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्ती श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मनेमिं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि॥

चन्द्रमा के सदृश प्रकाशवाली, प्रकृष्ट कान्तिवाली, अपनी कीर्ति से देदीप्यमान, स्वर्गलोक में इन्द्रादि देवताओं से सेवित, अतिदानशीला, कमल के मध्य में रहनेवाली, सबकी रक्षा करनेवाली, भक्तों को आश्रय देनेवाली, जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं प्राप्त करता रहूँ। हे लक्ष्मि! तुम्हारी कृपा से मेरी दरिद्रता नष्ट हो, अतः मैं तुम्हें स्वीकार करता हूँ अर्थात् तुम्हारा आश्रय लेता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः आचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

स्नानीयम्—दोनों हाथों से स्नानीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्यो मया प्रार्थनयाहृतम्।
तोयमेतत्सुखस्पर्शं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गङ्गादि सभी तीर्थों से प्रार्थनापूर्वक मैं जल लाया हूँ, यह जल का स्पर्श सुख प्रदान करनेवाला है, इसे स्नान के लिए ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः स्नानीयं जलं समर्पयामि।

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ कर्पूरेण सुगन्धेन सुरभिस्वादु शीतलम्।
तोयमाचमनीयार्थं देवीदं प्रतिगृह्यताम्॥

कर्पूर के समान सुगन्धित, दूध के समान धवल, स्वाद में शीतल जल आचमन के लिए प्रस्तुत है, इस आचमनीय जल को हे देवि! ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः पुनराचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

पयःस्नानम्—दोनों हाथों से पयःपात्र लेकर समर्पित करे—

कामधेनुसमुद्भूतं सर्वेषां जीवनं परम्।
पावनं यज्ञहेतुश्च पयः स्नानार्थमर्पितम्॥

कामधेनु गाय से उत्पन्न सभी को जीवन प्रदान करनेवाला, यज्ञ के लिए अति पवित्र दूध आपके स्नान के लिए समर्पित है।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः पयःस्नानं समर्पयामि।

दधिस्नानम्—दोनों हाथों से दधिपात्र लेकर समर्पित करे—

पयसस्तु समुद्भूतं मधुराम्लं शशिप्रभम्।
दध्यानीतं मयादेवि! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध से उत्पन्न मधुर तथा अम्लयुक्त चन्द्रमा के समान धवल दही हे देवि! हम आपके स्नान के लिए लाये हैं, इस दही को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः दधिस्नानं समर्पयामि।

घृतस्नानम्—दोनों हाथों से घृतपात्र लेकर समर्पित करे—

नवनीतसमुत्पन्नं सर्वसन्तोषकारकम्।
घृतं तुभ्यं प्रदास्यामि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

मक्खन से उत्पन्न सभी को सन्तोष प्रदान करनेवाला घी आपको स्नान के लिए प्रदान करता हूँ, इस घृत को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः घृतस्नानं समर्पयामि।

मधुस्नानम्—दोनों हाथों से मधुपात्र लेकर समर्पित करे—

पुष्परेणुसमुद्भूतं सुस्वादु मधुरं मधु।
तेजःपुष्टिकरं दिव्यं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

पुष्पकणों से उत्पन्न सुन्दर स्वादवाला मधुर शहद, तेज और पुष्टि को प्रदान करने वाला, दिव्य शहद स्नान के लिए आपको समर्पित है।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः मधुस्नानं समर्पयामि।

शर्करास्नानम्—दोनों हाथों से शर्करापात्र लेकर समर्पित करे—

इक्षुरससमुद्भूतां शर्करां पुष्टिदां शुभाम्।
मलापहारिकां दिव्यां स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

इक्षुरस से उत्पन्न शर्करा शुभ पुष्टि प्रदान करनेवाली, सभी प्रकार के मल का अपहरण करनेवाली है, दिव्य स्नान के लिए इस शर्करा को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः शर्करास्नानं समर्पयामि।

पञ्चामृतस्नानम्—दोनों हाथों से पञ्चामृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पयो दधि घृतं चैव मधुं च शर्करायुतम्।
पञ्चामृतं गृहाण त्वं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध, दही, घी, मधु और शर्करा से युक्त पञ्चामृत दिव्य स्नान के लिए आपको समर्पित है, इस पञ्चामृत को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदकस्नानम्—दोनों हाथों से जलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ गङ्गा च यमुना चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदासिन्धुकावेरी स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु तथा कावेरी दिव्य नदियों के दिव्य जल आपके स्नान के लिए समर्पित है, इस जल को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथों से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तववृक्षोऽथबिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥

हे सूर्य के सदृश कान्तिवाली देवि! आपके तेज से वनस्पति विशेष बिना पुष्प के फल देने वाला एक वृक्ष उत्पन्न हुआ (आपके हाथ से बिल्ववृक्ष उत्पन्न हुआ) उस बिल्ववृक्ष का फल मेरे भीतर-बाहर की दरिद्रता को दूर करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः पुनराचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

वस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथों से वस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतो सुराष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे॥

हे लक्ष्मि! देवसखा अर्थात् श्रीमहादेव के सखा कुबेर या इन्द्रादि देवताओं की अग्नि मुझे प्राप्त हो अर्थात् मैं अग्नि की उपासना करूँ एवं मणि के साथ अर्थात् चिन्तामणि के साथ, कुबेर के मित्र मणिभद्र के साथ या रत्नों के साथ, कीर्ति अर्थात् दक्षकन्या, कुबेर की कोशशाला के सदृश यश मुझे प्राप्त हो अर्थात् कुबेर का धन और यश दोनों ही मुझे मिले, मैं इस सुन्दर राष्ट्र(शरीर) में उत्पन्न हुआ हूँ, अतः हे कुबेरदेव! आप यश और ऐश्वर्य मुझे प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः वस्त्रोपवस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतनिवेदनम्—दोनों हाथों से यज्ञोपवीत लेकर समर्पित करे—

ॐ क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात्॥

भूख तथा प्यासरूपी मल को धारण करनेवाली एवं लक्ष्मीजी की ज्येष्ठ बहन दरिद्रता का मैं नाश करता हूँ, हे लक्ष्मि! आप मेरे घर से अनैश्वर्य तथा धनवृद्धि के सभी प्रतिबन्धक विघ्नों को दूर करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि। यज्ञोपवीतान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

सुगन्धिद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से सुगन्धिद्रव्य लेकर समर्पित करे—

ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिवोपह्वये श्रियम्॥

सुगन्धित पुष्प के अर्पण करने से प्राप्त करने योग्य, किसी से भी दबाने योग्य नहीं, धन-धान्यादि से सदा परिपूर्ण, गौ-अश्वादि पशुओं की समृद्धि को देनेवाली, समस्त प्राणियों की स्वामिनी तथा जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं अपने घर में बुलाता हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः गन्धानुलेपनं समर्पयामि।

अक्षतसमर्पणम्—दोनों हाथों से अक्षत लेकर समर्पित करे—

ॐ मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः॥

हे लक्ष्मि! तुम्हारे प्रभाव से मानसिक इच्छा एवं सङ्कल्प, वाणी की सत्यता, गौ आदि पशुओं के रूप में अर्थात् दुग्ध-दध्यादि एवं यव, व्रीहि इत्यादि अन्नों के रूप में अर्थात् भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य, चतुर्विध भोज्यादि पदार्थों इन समस्त पदार्थों को प्राप्त करूँ। सम्पत्ति-यश मुझमें आश्रय लेकर रहे अर्थात् मैं धनवान् कीर्तिमान् बनूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः अलङ्करणार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पुष्पमालासमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्पमाला लेकर समर्पित करे—

ॐ कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम!।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥

कर्दम नामक ऋषि-पुत्र से लक्ष्मी प्रकृष्ट पुत्रवाली हुई हैं। हे कर्दम! आप मुझमें अच्छी तरह वास करें। इतनी ही प्रार्थना नहीं है, अपितु कमल की माला धारण करनेवाली, सम्पूर्ण जगत् की माता लक्ष्मी को मेरे कुल में निवास कराओ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः पुष्पमालां परिधापयामि।

दूर्वासमर्पणम्—दोनों हाथों से दूर्वा लेकर समर्पित करे—

दूर्वाङ्कुरान् सुहरितान् अमृतान् मङ्गलप्रदान्।
आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक!॥

हरे-हरे दूर्वाङ्कुर जो अमृतत्व तथा मङ्गल प्रदान करनेवाले हैं, आपके पूजा के लिए मैं लाया हूँ, आप प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।

नानापरिमलद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथों सें अबीरवुक्का लेकर समर्पित करे—

ॐ आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥

जिस प्रकार कर्दम ऋषि की सन्तति (ख्याति) से लक्ष्मी का अवतार हुआ है, उसी प्रकार अन्य कल्प में भी समुद्र से चौदह रत्नों के बाद लक्ष्मी का आविर्भाव हुआ है। उसी प्रकार जल देवता स्निग्ध एवं मनोहर पदार्थों को उत्पन्न करे (पदार्थों की सुन्दरता लक्ष्मी ही है) लक्ष्मी के आनन्द, कर्दम, चिक्लीत और श्रीत चार पुत्र हैं। जिसमें हे चिक्लीत! तुम मेरे गृह में निवास करो, केवल तुम ही नहीं, अपितु दिव्यगुणयुक्ता तथा सर्वाश्रयाभूता अपनी माता लक्ष्मी को भी मेरे घर में निवास कराओ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

सिन्दूरसमर्पणम्—दोनों हाथों से सिन्दूर लेकर समर्पित करे—

ॐ सिन्दूरमरुणाभासं जवाकुसुमसन्निभम्।
पूजितोऽसि मया देवि! प्रसीद परमेश्वरि!॥

अरुणकालिक प्रकाश के समान आभावाला सिन्दूर तथा जवाकुसुम के सदृश वर्ण (रंग) वाले सिन्दूर से हे देवि! मुझ पर प्रसन्न हो तथा पूजित हों।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः सिन्दूराभरणं समर्पयामि।

ततः नैवेद्यं पुरतः संस्थाप्य धूपदीपौ प्रज्वाल्य। सिन्दूरादि समर्पण करने के बाद देवता के सम्मुख नैवेद्य स्थापित करने के बाद धूप तथा घृतदीप प्रज्वलित करने के बाद सर्वप्रथम धूप निवेदन करने के बाद दीप निवेदन करे।

धूपसमर्पणम्—दोनों हाथों से धूपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ दशाङ्गं गुग्गुलं धूपं चन्दनाऽगरुसंयुतम्।
समर्पितं मया भक्त्या महादेवि! प्रगृह्यताम्॥

दशाङ्ग, गुग्गुल, चन्दन तथा अगुरु जैसे गन्धों से युक्त धूप भक्तिपूर्वक हम समर्पित करते हैं, हे महादेवि! इस धूप को ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः धूपं समर्पयामि।

दीपसमर्पणम्—दोनों हाथों से दीपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे घर में पुष्करिणी अर्थात् हाथियों के झुण्डाग्र से अभिषिच्यमाना, आर्द्रशरीरवाली, पुष्टि को देनेवाली, पुष्टिस्वरूपा, रक्त और पीत वर्णवाली, कमल की माला

धारणकर जगत् को प्रकाशित करनेवाली प्रकाशस्वरूपा लक्ष्मी को हमारे लिए प्रदान करो।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः दीपज्योतिं समर्पयामि।

नैवेद्यसमर्पणम्—दोनों हाथों से नैवेद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अन्नं चतुर्विधं स्वादु रसैः षड्भिः समन्वितम्।
नैवेद्यं गृह्यतां देवि! भक्तिं मे ह्यचला कुरु॥

चारोप्रकार का सुन्दर सुस्वादु षड्रसों से युक्त नैवेद्य हे देवि! भक्तिपूर्वक समर्पित करता हूँ, ग्रहण करके अपने में हमारी भक्ति को अचल करो।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः नैवेद्यं समर्पयामि। ॐ प्राणाय स्वाहा। ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। ॐ उदानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। मध्ये पानीयं जलं उत्तरापोशनं समर्पयामि।

करोद्वर्तनसमर्पणम्—दोनों हाथों से करोद्वर्तन लेकर समर्पित करे—

ॐ नानासुगन्धिद्रव्यं च चन्दनं रजनीयुतम्।
उद्वर्तनं मया दत्तं मातृकां प्रतिगृह्यताम्॥

विभिन्न प्रकार के सुगन्धित द्रव्य चन्दन तथा रजनी पुष्प से युक्त करोद्वर्तन हम प्रदान करते हैं, गणेश सहित मातृकाएँ प्रेमपूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः करोद्वर्तनार्थे चन्दनानुलेपनं समर्पयामि।

ताम्बूलादिसमर्पणम्—दोनों हाथों से ताम्बूल लेकर समर्पित करे—

ॐ आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे घर में भक्तों पर सर्वदा दयार्द्रचित्त, समस्त भुवन जिनकी याचना करते हैं, दुष्टों को दण्ड देनेवाली, यष्टिवत् अवलम्बनीया, सुन्दर वर्णवाली, सुवर्ण स्वरूपा एवं सुवर्ण की माला धारण करनेवाली सूर्यज्वाला अर्थात् जिस प्रकार सूर्य अपने प्रकाश और वृष्टि द्वारा जगत् का पालन-पोषण करता है, उसी प्रकार लक्ष्मी ज्ञान और धन के द्वारा जगत् का पालन पोषण करती है, अतः प्रकाशस्वरूपा लक्ष्मी को हमारे लिए प्रदान करो।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः मुखशुद्ध्यर्थे पूङ्गीफलमेलालवङ्गनागबल्लिदलादिसहितताम्बूलवीटिकां समर्पयामि।

फलादिसमर्पणम्—दोनों हाथों से फल लेकर समर्पित करे—

ॐ द्राक्षाखर्जूरकदलीपनसाऽऽम्रं कपित्थकम्।
नारिकेलेक्षुजम्ब्यादि फलानि प्रतिगृह्यताम्॥

हे देव! द्राक्षा (किसमिस), खर्जूर (खजूर), कदली (केला), पनस (कटहल), आम्र

(आम), कपित्थ (कैथ), नारिकेल (नारियल), इक्षु (गन्ना), जम्बूफल (जामुन) आदि फलों को आपके प्रसन्नता के लिए लाया हूँ, प्रेमपूर्वक ग्रहण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः ऋतुकालोद्भवफलानि समर्पयामि।

दक्षिणासमर्पणम्—दोनों हाथों से दक्षिणा लेकर समर्पित करे—

ॐ पूजाफलसमृद्ध्यर्थं तवाग्रे स्वर्णमीश्वरि!।
स्थापितं तेन मे प्रीता पूर्णान् कुरु मनोरथान्॥

हे ईश्वरि! पूजा फल की समृद्धि के लिए स्वर्णमयी मुद्रा आपके सामने समर्पित भाव से स्थापित है, जिसे स्वीकार करके जिससे प्रसन्न मन होकर हमारे मनोरथ को पूर्ण करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

नीराजनसमर्पणम्—दोनों हाथों से नीराजन लेकर घुमाये—

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव॥

कदली (केले के वृक्ष के) गर्भ से उत्पन्न कर्पूर प्रदीपित करके आपकी आरती हम करते हैं, जिसे देखकर आप प्रसन्न हों तथा हमारी समस्त कामनापूर्ति के लिए वर प्रदान करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः कर्पूरनीराजनं समर्पयामि।

परिक्रमासमर्पणम्—दोनों हाथों सें पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतिं गावो दास्योऽश्वां विन्देयं पुरुषानहम्॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे यहाँ उस जगद् विख्यात् लक्ष्मी को, जो मुझे छोड़कर अन्यत्र कहीं न जानेवाली हों, उन लक्ष्मी को प्राप्त कराओ, जिन लक्ष्मी के द्वारा मैं सुवर्ण, उत्तम ऐश्वर्य, गौ, दासी, घोड़े, और पुत्र-पौत्रादि को प्राप्त करूँ अर्थात् अचला लक्ष्मी को प्राप्त करूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः प्रदक्षिणां समर्पयामि।

पुष्पाञ्जलिसमर्पणम्—दोनों हाथों से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
श्रियः पञ्चदशर्चञ्च श्रीकामः सततं जपेत्॥

जो मनुष्य शुचिता को प्राप्तकर अर्थात् शुद्ध होकर लक्ष्मी की कामना से श्रद्धापूर्वक पवित्र मन और सावधान होकर प्रतिदिन अग्नि में गौ के घृत का होम करे और उसके साथ लक्ष्मीसूक्त तथा श्रीसूक्त के पूर्वोक्त पन्द्रह ऋचाओं का प्रतिदिन निरन्तर जप करता रहे।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्र्यादिसरस्वत्यन्तसप्तघृतमातृभ्यो नमः मन्त्रपुष्पाञ्जलीं समर्पयामि।

प्रार्थनासमर्पणम्—दोनों हाथों में पुष्प लेकर प्रार्थना समर्पण करे—

या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः,
पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।
श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा,
तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम्॥

जो पुण्यात्माओं के घरों में लक्ष्मीरूप से, पापियों के घर में दरिद्रतारूप से, शुद्ध अन्त:करणवाले पुरुषों के हृदय में बुद्धिरूप से, सत्पुरुषों में श्रद्धारूप से, तथा कुलीन मनुष्यों में लज्जारूप से निवास करती हैं, वे श्रीस्वरूपिणी महादेवी हमारा पालन करें।

श्रीर्लक्ष्मीर्धृतिर्मेधा स्वाहा प्रज्ञा सरस्वती।
माङ्गल्येषु प्रपूज्यन्ते सप्तैता घृतमातरः॥१॥

श्री, लक्ष्मी, धृति, मेधा, स्वाहा, प्रज्ञा तथा सरस्वत्यादि समस्त सप्तघृत मातृकायें मङ्गल कार्यों में सदैव पूजित होती हैं॥१॥

यदङ्गत्वेन भो देव्या पूजितो विधिमार्गतः।
कुर्वन्तु कार्यमखिलं निर्विघ्नेन क्रतूद्भवम्॥२॥

हे देवियों! अङ्ग के रूप में विधिपूर्वक पूजित होकर हमारे समस्त कार्यो को निर्विघ्न रूप से पूर्ण करानेवाली हो जाओ॥२॥

अनेन यथोपलब्धद्रव्येण यथाज्ञानेन पूजनेन श्र्यादिसरस्वन्त्यन्तसप्तघृतमातरः प्रीयन्तां न मम।

सप्त घृतमातृकाओं के पूजन के बाद सभी ब्राह्मण मिलकर आयुष्यमन्त्र का पाठ करें, यजमान ध्यानपूर्वक सपरिवार सुने।

सप्तघृतमातृकापूजनं परिपूर्णम्

◆

आयुष्यमन्त्रम्

यदायुष्यं चिरं देवाः सप्तकल्पान्तजीविषु।
ददुस्तेनायुषा युक्ता जीवेम शरदः शतम्॥१॥

जिससे लम्बी आयु प्राप्त करके देवता सप्तकल्प तक जीवित रहते हैं, उस आयुष्यकारक पुण्य को हमें प्रदान करें, जिससे हम सौ वर्ष की आयु प्राप्त करें॥१॥

दीर्घा नागा नगानद्योऽनन्ताः सप्तार्णवा दिशः।
अनन्तेनायुषा तेन जीवेम शरदः शतम्॥२॥

दीर्घ आयुष्य वाले समुद्रादि-पर्वतादि दिशायें अनन्त आयु प्राप्त करके जीवित रहते हैं, उन आयुष्य को प्राप्त करके सौ वर्ष पर्यन्त जीवन प्राप्त करे ॥२॥

सत्यानि पञ्चभूतानि विनाशरहितानि च।
आविनाश्यायुषा तद्वज्जीवेम शरदः शतम्॥३॥

जिससे पञ्चभूत सत्य और विनाशरहित होते हैं, वैसे ही नष्ट न होनेवाली आयु प्राप्त करके हम सौ वर्ष तक जीवित रहें॥३॥

ॐ आयुष्यंव्वर्च्चस्यꣳरायस्प्पोषमौद्भिदम्॥ इदꣳहिरण्ण्यंव्वर्च्चस्वज्जैत्रायाविशतादुमाम्॥ ॐ नतद्रक्षाꣳसिनपिशाचास्तरन्तिदेवानामोजःप्प्रथमजꣳह्येतत्॥ योबिभर्तिदाक्षायणꣳहिरण्यꣳसदेवेषुकृणुतेदीर्घमायुꣳसमनुष्य्येषुकृणुतेदीर्घमायुः॥ ॐ यदाबध्नन्दाक्षायणाहिरण्ण्यꣳशतानीकायसुमनस्यमानाः॥ तन्मऽआबध्नामिशतशारदायायुष्मान्जरदष्ट्टिर्य्यथासम्॥

आयुष्यमन्त्र का पाठ करते हुए यजमान को रक्षासूत्र बाँधे। आयुष्यमन्त्र के पाठ के बाद आचार्य यजमान को रक्षासूत्र बाँधे। आयुष्यमन्त्र का पाठ श्रवण करने के बाद यजमान दक्षिणा-संकल्प करके ब्राह्मणों को दक्षिणा प्रदान करे।

दक्षिणासंकल्पः—**ॐ तत्सदद्यपूर्वोच्चारितग्रहगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ-----गोत्रः-----प्रवरः-----नामाऽहं कृतस्य आयुष्यमन्त्रपाठकर्मणः समृद्ध्यर्थं तत्सम्पूर्णफलप्राप्त्यर्थं आयुष्यमन्त्रपाठकर्तृकेभ्यो ब्राह्मणेभ्य इमां करोपस्थितदक्षिणां विभज्य दातुमहमुत्सृजे।**

आयुष्यमन्त्रपाठः परिपूर्णम्

❁

साङ्कल्पिकेन विधिना नान्दीश्राद्धम्



आयुष्यमन्त्र पाठ के बाद किसी पत्तल या पाटे पर आकृति के अनुसार रेखाओं को बना कर उस पर कुशनिर्मित मोटक रखकर पूजन करे, ऊर्ध्व की रेखाओं पर विश्वेदेव का तथा नीचे की दक्षिण की तीनो रेखाओं पर मातृ-पितामही-प्रपितामही का तथा मध्य तीनो रेखाओं पर पितृ-पितामह-प्रपितामह एवं वाम तीनों रेखाओं पर मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमातामह का आवाहन पूजन करे, यह श्राद्ध सव्य हो कर ही किया जाता है, सर्वप्रथम विश्वेदेव के साथ पितरों का ध्यान करे, जिनके माता-पिता जीवित हों, वे माता पिता को छोड़कर ऊपर की पीढ़ी पितामहादि के लिए श्राद्ध करेंगे, विद्वान् कर्मकाण्डी तदनुसार ऊह करके श्राद्ध करायें।

विश्वेदेवावाहनम्—ऊपर के दोनो मोटकों पर आवाहन करे—

ॐ विश्श्वेदेवासऽआगतश्शृणुतामऽइमꣳहवम्।। एदम्बर्हिन्निषीदत।। उपयामगृहीतोसिविश्श्वेब्भ्यस्त्वादेवेब्भ्यऽएषतेयोनिर्व्विश्श्वेब्भ्यस्त्वादेवेब्भ्यः।। ॐ विश्श्वेदेवाऽअꣳशुषुन्न्युप्तोविष्ष्णुराप्प्रीतपाऽआप्प्याय्यमानोयमःसूयमानोविष्ष्णुःसम्भ्रियमाणोवायुःपूयमानःशुक्कःपूतःशुक्कःक्षीरश्श्रीर्म्मन्थीसक्तुश्श्रीर्व्विश्श्वेदेवाः।। ॐ विश्श्वेदेवाश्श्चमसेषून्नीतोसुर्होमायोद्यतोरुद्द्रोहूयमानोवातोब्भ्यावृत्तोनृचक्षाःप्प्रतिक्ख्यातोभक्षोभक्ष्यमाणःपितरोनाराशꣳसाःसन्नःसिन्धुः।। ॐ विश्श्वेदेवाःश्शृणुतेमꣳहवम्मेयेऽअन्तरिक्षेयऽउपद्यविष्ठ।। येऽअग्ग्निजिह्वाऽउतवायजत्त्राऽआसद्यास्मिन्बर्हिषिमादयध्वम्।।

पितृणां ध्यानम्—पितरों का ध्यान करे—

ॐ उशन्तस्त्वानिधीमह्युशन्तःसमिधीमहि॥ उशन्नुशतऽआवहपितॄन्हविषेऽअत्तवे॥ ॐ आयन्तुनःपितरःसोम्म्यासोऽग्निष्ष्वात्ताःपथिभिर्द्देवयानैः॥ अस्मिन्न्यज्ञेस्वधयामदन्तोधिब्ब्रुवन्तुतेवन्त्वस्मान्॥

मातृपितामहिप्रपितामह्यावाहनम्—माता, दादी और वृद्धदादी का ध्यान करे—

ॐ अत्रपितरोमादयध्वँय्यथाभागमावृषायध्वम्॥ अमीमदन्तपितरोयथाभागमावृषायिषत॥ ॐ नमोवःपितरोरसायनमोवःपितरःशोषायनमोवःपितरोजीवायनमोवःपितरःस्वधायैनमोवःपितरोघोरायनमोवःपितरोमन्न्यवेनमोवःपितरःपितरोनमोवोगृहान्नःपितरोदत्तसतोवःपितरोदेष्म्मैतद्वःपितरोवास॥ आधत्तपितरोगर्ब्भङ्कुमारम्पुष्करस्रजम्॥ यथेहपुरुषोसत्॥ ऊर्ज्जंवहन्तीरमृतंघृतम्पयःकीलालम्परिस्रुतम्॥ स्वधास्त्थतर्प्पयतमेपितॄन्॥

पितृपितामहप्रपितमहानामावाहनम्—पिता, दादा और परदादा का ध्यान करे—

ॐ उदीरतामवरऽउत्त्परासऽउन्मद्ध्यमाःपितरःसोम्म्यासः॥ असुँय्यऽईयुरवृकाऽऋतज्ञास्त्तेनोवन्तुपितरोहवेषु॥ ॐ अङ्गिरसोनःपितरोनवग्ग्वाऽअथर्व्वाणोभृगवःसोम्म्यासः॥ तेषांव्वयꣳसुमतौयज्ञियानामपिभद्द्रेसौमनसेस्याम॥ ॐ आयन्तुनःपितरःसोम्म्याऽसोग्निष्ष्वात्ताःपथिभिर्द्देवयानैः॥ अस्मिन्न्यज्ञेस्वधयामदन्तोधिब्ब्रुवन्तुतेवन्त्वस्मान्॥ ॐ ऊर्ज्जंवहन्तीरमृतंघृतम्पयःकीलालम्परिस्रुतम्॥ स्वधास्त्थतर्प्पयतमेपितॄन्॥ ॐ पितृब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमःपितामहेब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमःप्रतितामहेब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमः॥ अक्क्षन्पितरोऽमीमदन्तपितरोतीतृपन्तपितरःपितरःशुन्धद्ध्वम्॥ ॐ येचेहपितरोयेचनेहयाँश्चविद्मयाँ२॥ऽउचनप्प्रविद्म॥ ॐ मधुव्वाताऽऋतायतेमधुक्क्षरन्तिसिन्धवः॥ माद्ध्वीर्नःसन्त्वोषधीः॥ ॐ मधुनक्तमुतोषसोमधुमत्त्पार्त्थिवꣳरजः॥ मधुद्यौरस्तुनःपिता॥ ॐ मधुमान्नोव्वनस्प्पतिर्म्मधुमाँऽअस्तुसूर्य्यः॥ माद्ध्वीर्ग्गावोभवन्तुनः॥

मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहानामावाहनम्—नाना, परनाना और वृद्धपरनाना का ध्यान करे—

ॐ पितृब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमःपितामहेब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमःप्रतितामहेब्भ्यःस्वधायिब्भ्यःस्वधानमः॥ अक्षन्पितरोऽमीमदन्तपितरोऽतीतृपन्तपितरःपितरःशुन्धद्ध्वम्॥

पाद्यसमर्पणम्—सभी के कुशाओं पर जल प्रदान करे—

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः। (ऊपर के दोनों कुशाओं पर जल प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।** (नीचे दहिने तरफ के तीनो कुशाओं पर आवाहन करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।** (नीचे मध्य के तीनो कुशाओं पर आवाहन करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं वः पाद्यं पादावनेजनं पादप्रक्षालनं वृद्धिः।** (नीचे बाये तरफ के तीनो कुशाओं पर आवाहन करे।)

आसनदानम्—कुश का बना मोटक रूप आसन प्रदान करे—

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इमे आसने वो नमो नमः नान्दीश्राद्धे क्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः। (ऊपर के दोनों कुशाओं पर मोटक रूप आसन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः इमे आसने वो नमो नमः नान्दीश्राद्धे क्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।** (नीचे दहिने तरफ के तीनो कुशाओं पर मोटक रूप आसन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इमे आसने वो नमो नमः नान्दीश्राद्धे क्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।** (मध्य के तीनो कुशाओं पर मोटक रूप आसन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इमे आसने वो नमो नमः नान्दीश्राद्धे क्षणौ क्रियेतां यथा प्राप्नुवन्तो भवन्तः तथा प्राप्नुवामः।** (बाये तीनो कुशाओं पर मोटक रूप आसन प्रदान करे।)

षोडशोपचारपूजनम्—मौन होकर सामग्री चढ़ाकर गन्धादिदान का सङ्कल्प करे—

इदं स्नानीयं सुस्नानीयम्। स्नान के लिए जल प्रदान करे।

इदमाचमनीयं स्वाचमनीयम्। आचमनीय जल प्रदान करे।

इदं वस्त्रं सुवस्त्रम्। वस्त्र प्रदान करे।

इदमाचमनीयं स्वाचमनीयम्। आचमनीय जल प्रदान करे।

इमे यज्ञोपवीते सुयज्ञोपवीते। यज्ञोपवीत प्रदान करे।

इदमाचमनीयं स्वाचमनीयम्। यज्ञोपवीताङ्गाचमनीय जल प्रदान करे।

एष गन्धः सुगन्धः। चन्दन प्रदान करे।

इमे तिलाक्षताः सुतिलाक्षताः। अक्षत प्रदान करे।

इदं माल्यं सुमाल्यम्। पुष्पमाला प्रदानकर नैवेद्य स्थापित करे।

एष धूपः सुधूपः। धूप आघ्रापितकर प्रदान करे।

एष दीपः सुदीपः। दीप दिखाकर प्रदान करे।

हस्तप्रक्षालनम्। दोनों हाथ प्रक्षालित करे।

इदं नैवेद्यं सुनैवेद्यम्। नैवेद्य प्रदान करे।

इदमाचमनीयं स्वाचमनीयम्। आचमनीय जल प्रदान करे।

इदं ऋतुफलं सुफलम्। ऋतुफल प्रदान करे।

इदमाचमनीयं स्वाचमनीयम्। आचमनीय जल प्रदान करे।

इदं ताम्बूलं सुताम्बूलम्। ताम्बूल प्रदान करे।

एषा दक्षिणा सुदक्षिणा। दक्षिणा प्रदान करे।

इदं पुष्पाञ्जलि सुपुष्पाञ्जलि। पुष्पाञ्जलि प्रदान करे।

गन्धाद्यार्चनदानम्—

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यदक्षिणाद्यार्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः। (ऊपर के दोनों मोटकों पर गन्धाद्यार्चन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यदक्षिणाद्यार्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे दाहिने के तीनो मोटकों पर गन्धाद्यार्चन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यदक्षिणाद्यार्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे मध्य के तीनो मोटकों पर गन्धाद्यार्चन प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामहप्रमातामह वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यदक्षिणाद्यार्चनं स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे बाये के तीनो मोटकों पर गन्धाद्यार्चन प्रदान करे।)

भोजननिष्क्रयदानम्—

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्मब्राह्मण भोजनपर्याप्ताऽऽमान्ननिष्क्रयभूतं द्रव्यं अमृतरूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः। (ऊपर के दोनों मोटकों पर भोजननिष्क्रय प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्मब्राह्मणभोजनपर्याप्ताऽऽमान्ननिष्क्रयभूतं द्रव्यं अमृतरूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे दाहिने के तीनो मोटकों पर भोजननिष्क्रय प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्मब्राह्मणभोजनपर्याप्ताऽऽमान्ननिष्क्रयभूतं द्रव्यममृतरूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे मध्य के तीनो मोटकों पर भोजननिष्क्रय प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामहप्रमातामह-वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः ॐ भूर्भुवः स्वः इदं युग्मब्राह्मणभोजन पर्याप्ताऽऽमान्ननिष्क्रयभूतं द्रव्यममृतरूपेण स्वाहा सम्पद्यतां वृद्धिः।** (नीचे बाये के तीनो मोटकों पर भोजननिष्क्रय प्रदान करे।)

सक्षीरयवमुदकदानम्—अर्घ्यपात्र में दूध-जौ-जल मिश्रित करके प्रदान करे।

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः प्रीयन्ताम्। (ऊपर के दोनों मोटकों पर दूधजौजल मिश्रण प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः प्रीयन्ताम्।** (नीचे दाहिने के तीनो मोटकों पर दूधजौजल मिश्रण प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः प्रीयन्ताम्।** (नीचे मध्य के तीनो मोटकों पर दूधजौजल मिश्रण प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामहप्रमातामह-वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः प्रीयन्ताम्।** (नीचे बाये के तीनो मोटकों पर दूधजौजल मिश्रण प्रदान करे।)

उत्तरपूजनम्—चारों जगहों पर जल, पुष्प तथा अक्षत समर्पित करे—

शिवा आपः सन्तु। बोलकर जल प्रदान करे।

सौमनस्यमस्तु। बोलकर पुष्प प्रदान करे।

अक्षतं चारिष्टं चास्तु। बोलकर अक्षत प्रदान करे।

अघोरकरणम्—चारों जगहों पर पूर्वाग्र जलधारा प्रदान करे।

ॐ अघोराः पितरः सन्तु।

दक्षिणादानम्—सभी के लिए आसनों पर दक्षिणा प्रदान करे।

ॐ सत्यवसुसंज्ञकाः विश्वेदेवाः नान्दीमुखाः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फलप्रतिष्ठा-

सिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूलनिष्क्रयिणीं दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे। (ऊपर के दोनों मोटकों पर दक्षिणा प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यः नान्दीमुख्यः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फलप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूलनिष्क्रयिणीं दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे।** (नीचे दाहिने के तीनो मोटकों पर दक्षिणा प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपना गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मत् पितृपितामहप्रपितामहाः नान्दीमुखाः कृतस्य नान्दीश्राद्धस्य फलप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूलनिष्क्रयिणीं दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे।** (नीचे मध्य के तीनो मोटकों पर दक्षिणा प्रदान करे।)

ॐ अमुक (अपने नाना का गोत्र उच्चारित करे) **गोत्र अस्मन्मातामह प्रमातामहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः नान्दीमुखाः कृतस्यनान्दीश्राद्धस्य फलप्रतिष्ठासिद्ध्यर्थं द्राक्षाऽऽमलकयवमूलनिष्क्रयिणीं दक्षिणां दातुमहमुत्सृजे।** (नीचे बाये के तीनो मोटकों पर दक्षिणा प्रदान करे।)

यजमान प्रार्थना करे—यजमान अपने पितरों से हाथ जोड़ कर प्रर्थना करे—

ॐ गोत्रन्नो वर्धतां दातारो नोऽभिवर्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च।
श्रद्धा च नो मा व्यगमद् बहुदेयं च नोऽस्तु॥
अन्नं च नो बहु भवेदतिथींश्च लभेमहि।
याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्मकञ्चन॥

गोत्रन्नो वर्धतां (हमारा कुल बढ़े), **दातारो नोऽभिवर्धन्तां** (उस गोत्र में दाता और भी बढ़ें), **वेदाः सन्ततिरेव च** (हमारी सन्तति ज्ञानवान् हो), **श्रद्धा च नो मा व्यगमद्** (वे सभी श्रद्धावान् हों), **बहुदेयं च नोऽस्तु** (उनके पास दान देने के लिए बहुत धन-धान्यादि हो), **अन्नं च नो बहु भवेत्** (उनके पास अन्नादि बहुत हो), **अतिथींश्च लभेमहि** (उनके पास दान लेने के लिए बहुत अतिथि आयें), **याचितारश्च नः सन्तु** (दान लेने के लिए याचक भी आयें), **मा च याचिष्मकञ्चन** (हमारे कुल में कोई भी याचक न हो)। (हमारा कुल बढ़े, सभी दाता हों, वे अत्यधिक बढ़े, हमारे कुल की समस्त सन्तान ज्ञानवान् हों, सभी श्रद्धावान् तथा आदर करनेवाले हों, वे कभी किसी का निरादर न करें, उनके पास अतिथि तथा याचक आयें, जिन्हें दान देकर गौरव प्राप्त करें, हमारे कुल में कोई याचक न हो।)

यजमान ब्राह्मणों से कहे—**एताः सत्या आशिषः सन्तु॥**

ब्राह्मण बोलें—**सन्त्वेताः सत्या आशिषः।**

ॐ उपा॑स्मैगायतान॒रः॑पव॑माना॒येन्द॑वे॥ अ॒भिदे॒वाँ२ ॥इय॑क्षते॥ ॐ इडा॑मग्ने॒पुरु॒दꣳस॑ꣳस॒निंगोः॑शश्व॒त्त॒मꣳहव॑माना॒यसाध॥ स्यान्नः॑सू॒नुस्तन॑योवि॒जावाग्ने॒सातेसु॒म॒तिर्भू॒त्व॒स्मे॥

यजमान बोले—**नान्दीश्राद्धं सुसम्पन्नम्।**

ब्राह्मण बोलें—**सुसम्पन्नम्।**

विसर्जनम्—मातृ-पितामही-प्रपितामही, पिता-पितामह-प्रपितामह तथा सपत्नीक मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमातामह के सहित आसन के ऊपर यवाक्षत छिड़ककर विसर्जन करे—

ॐ व्वाजे॑वाजेऽवतव्वाजिनोनो॒धने॑षुव्विप्प्राऽअमृताऽऋतज्ञाः॥ अ॒स्यमद्ध्व॑ःपिबत मा॒दय॑द्ध्वंतृ॒प्तायात्तप॒थिभि॑र्द्देव॒यानैः॥ ॐ आ मा॒ व्वाज॑स्यप्प्रस॒वोज॑गम्म्या॒देमे॒द्यावा॑ पृथि॒वीव्विश्श्वरू॑पे॥ आ मा॑ गन्तां पि॒तरा॑मा॒तरा॒ चा मा॒ सोमो॑ऽअमृत॒त्वेन॑ गम्म्यात्॥

विश्वेदेव का विसर्जन करे—**ॐ विश्वेदेवाः प्रीयन्ताम्।**

यजमान बोले—**मयाऽऽचरिते साङ्कल्पिकेन विधिना नान्दीश्राद्धे न्यूनातिरिक्तो यो विधिः स उपविष्टब्राह्मणानां वचनात् श्रीगणेशप्रसादाच्च परिपूर्णोऽस्तु।**

ब्राह्मण बोलें—**अस्तु परिपूर्णः।**

समर्पणम्—**अनेन साङ्कल्पिकेन विधिना नान्दिश्राद्धकृतेन पितृस्वरूपीमहाविष्णुः प्रीयतां न मम।**

साङ्कल्पिकेन विधिना नान्दीश्राद्धं परिपूर्णम्

❖

आचार्यादिवरणम्

वरण सामग्री के पूजन के साथ सर्वप्रथम आचार्य का पूजन करके वरण के पश्चात् ब्रह्मादि का पूजन वरण करे।

ॐ वरणसामग्रीभ्यो नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

एकतन्त्रेण आचार्यादिब्राह्मणानां वरणानि—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पुर्वोच्चारितग्रहगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकामुकगोत्रोत्पन्नान् अमुकामुकप्रवरान्विंतां शुक्ल यजुर्वेदान्तर्गतवाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनां अमुकामुकशर्मणां ब्राह्मणानां अस्मिन् विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः आचार्यत्वेन ब्रह्मात्वेन उपद्रष्टात्वेन गाणपत्यत्वेन सदस्यत्वेन ऋत्विक्त्वेन युष्मान् वृणे।**

आचार्यादि बोलें—**वृताः स्मः।**

आचार्यादिवरण शास्त्रानुसार अलग अलग ही करना चाहिए।

आचार्यवरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत वाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहा-प्रत्यङ्गिरापुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः आचार्यत्वेन त्वामहं वृणे।**

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

आचार्यस्तु यथा स्वर्गे शक्रादीनां बृहस्पतिः।
तथा त्वं मम यज्ञेस्मिन्नाचार्यो भव सुव्रत!॥

जिस तरह से स्वर्ग में इन्द्रादि देवताओं के आचार्य बृहस्पति हैं, उसी तरह से आप मेरे इस यज्ञ के आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हों।

आचार्य बोलें—**वृतोऽस्मि।**

ब्रह्मावरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पुर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत-**

वाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे।

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

यथा चतुर्मुखोब्रह्मा सर्वलोकपितामहः।
तथा त्वं मम यज्ञेऽस्मिन् ब्रह्माभव द्विजोत्तम!॥

जैसे सभी लोक के पितामह चतुर्मुख ब्रह्मा है, उसी प्रकार मेरे इस यज्ञ के लिए हे द्विजोत्तम! आप ब्रह्मा के पद पर प्रतिष्ठित हों।

ब्रह्मा बोलें—**वृतोऽस्मि।**

उपद्रष्टावरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गतवाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः उपद्रष्टात्वेन त्वामहं वृणे।**

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

भगवन् सर्व धर्मज्ञ सर्वधर्म परायण!।
वितते मम यज्ञेऽस्मिन्नुपद्रष्टा भव द्विज!॥

हे सभी धर्म को जानने वाले द्विजोत्तम! सभी धर्म में परायण हमारे इस यज्ञ में उपद्रष्टा पद पर प्रतिष्ठित हों।

उपद्रष्टा बोलें—**वृतोऽस्मि।**

गाणपत्यवरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत वाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा पुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः गाणपत्यत्वेन त्वामहं वृणे।**

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

वाञ्छितार्थफलावाप्त्यै पूजितोऽसि सुराऽसुरैः।
निर्विघ्नं क्रतुसंसिद्ध्यै त्वामऽहं गणपं वृणे॥

वाञ्छित कामना के निर्विघ्नतापूर्वक फल प्राप्ति के लिए देवता दानव सर्वप्रथम पूजा करते हैं, हे द्विजश्रेष्ठ! हम आपकी गणप पद पर वरण करते हैं।

गणप बोलें—**वृतोऽस्मि।**

सदस्यवरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत वाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहा-प्रत्यङ्गिरा पुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः सदस्यत्वेन त्वामहं वृणे।**

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

भगवन् सर्वधर्मज्ञ सर्वधर्मभृतां वर।
वितते मम यज्ञेऽस्मिन् सदस्यो भव सुव्रत!॥

हे भगवन्! सभी धर्म को जाननेवाले द्विजोत्तम! सभी धर्म में परायण हमारे इस यज्ञ में सदस्य पद पर प्रतिष्ठित हों।

सदस्य बोलें—**वृतोऽस्मि।** अधिक सदस्य हों, तो **वृतास्मः** बोले।

ऋत्विक्वरणम्—यजमान सङ्कल्प बोले—

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकप्रवरान्वितं शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत वाजसनेयमाध्यान्दिनीयशाखाध्यायिनममुक शर्माणं ब्राह्मणं अस्मिन् विपरीतमहा-प्रत्यङ्गिरा पुरश्चरणकर्मणि एभिः करोपस्थितवरणद्रव्यैः ऋत्विक्त्वेन त्वामहं वृणे।**

प्रार्थना—हाथ जोड़ करके यजमान प्रार्थना करे—

भगवन् सर्वधर्मज्ञ सर्वधर्मपरायण!।
वितते मम यज्ञेऽस्मिन्नृत्विक्त्वं मे मखे भव॥

हे भगवन्! सभी धर्म को जानने वाले द्विजोत्तम! सभी धर्म में परायण हमारे इस यज्ञ में ऋत्विक् पद पर प्रतिष्ठित हों।

ऋत्विक बोलें—**वृतोऽस्मि।**

नियमनिवेदनम्—यजमान हाथ जोड़ करके सभी ब्राह्मणों से निवेदन करे—

अक्रोधनाः शौचपराः सततं ब्रह्मचारिणः।
ग्रहध्यानरताः नित्यं प्रसन्नमनसः सदा॥१॥

क्रोध का परित्याग करके, नित्य शुद्धता का आचरण करते हुए, हमेशा ब्रह्मचारी रह कर, ग्रहादि के ध्यान में सदैव रत रहते हुए, सदैव ही प्रसन्न मन रहने हुए॥१॥

अदुष्टभक्षणाः सन्तु मा सन्तु परनिन्दकाः।
ममापि नियमा ह्येते भवन्तु भवतामपि॥२॥

सदैव अपशब्द का परित्याग करके, सुन्दर मधुर भाषण करते हुए, दूसरों की निन्दादि

करने की आदत का परित्याग करके, कर्म में प्रवृत्त रहने के लिए जो हमारे लिए शास्त्रीय नियम है, वे सभी नियम आप सभी द्विजश्रेष्ठों के लिए भी हों॥२॥

ऋत्विजश्च यथा पूर्वं शक्रादीनां मखेऽभवन्।
यूयं तथा मे भवत ऋत्विजो द्विजसत्तमाः॥३॥

पूर्व में इन्द्रादि देवताओं के यज्ञ में ऋत्विकादि थे, वैसे ही इस यज्ञ में भी आप सभी ऋत्विक् हो॥३॥

अस्मिन् कर्मणि ये विप्राः वृता गुरुमुखादयः।
सावधानाः प्रकुर्वन्तु स्वं स्वं कर्म यथोदितम्॥४॥

इस कर्म में प्रवृत्त जो विप्रादि मेरे द्वारा नियुक्त हैं, वे जो कुछ अपने गुरुओं के मुख से सीखे जाने हैं, उसी के अनुसार अपने-अपने कर्म में प्रवृत्त रह कर इस यज्ञ का सम्पादन करे॥४॥

अस्य यागस्य निष्पत्तौ भवन्तोऽभ्यर्थिता मया।
सुप्रसन्नैः प्रकर्तव्यं कर्मेदं विधिपूर्वकम्॥५॥

इस यज्ञ कर्म के लिए हमने आपकी नियुक्ति जो की है। उसे सुप्रसन्न मन से इस यज्ञ के कर्म को विधिपूर्वक सम्पादित करें॥५॥

यजमान बोले—**यथा विहितं कुरुध्वम्।**

सभी विप्र बोलें—**यथा ज्ञानं करवामः।**

आचार्यादिवरणं परिपूर्णम्

⁂

रक्षोघ्नकर्मम्

आचार्य आचमन-प्रणायाम करके सङ्कल्प पूर्वक दिगरक्षण करे—

सङ्कल्पः—ॐ विष्णुः-विष्णुः-विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वत-मन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशे (यदि वाराणसी में अनुष्ठान कर रहे हो तो वाराणसीक्षेत्रे महाश्मशाने त्रिकंटकविराजिते भागीरथ्याः पश्चिमे तीरे) विक्रमशके बौद्धावतारे अमुकनामसंवत्सरे अमुकायने अमुकऋतौ महामाङ्गल्यप्रदमासोत्तमे मासे पुण्यपवित्रमासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकयोगे अमुककरणे अमुकराशि-स्थिते श्रीचन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते श्रीदेवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथा-यथा राशिस्थानस्थितेषु सत्सु एवं ग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकशर्मा नामाऽहं अस्मिन् विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणे अमुकगोत्र नामधेय यजमानेन वृतोऽहम् आचार्य कर्म करिष्ये। आचार्य पीली सरसों से रक्षोघ्न कर्म करे।

ॐ र॒क्षो॒हणं॑व्वलग॒हनं॑व्वैष्ण॒वीमि॒दम॒हंतंव्वल॒गमुत्कि॑रामि॒यंमे॒निष्ट्यो॒यम॒मात्यो॑निच॒खाने॒दम॒हंतंव्वल॒गमुत्कि॑रामि॒यंमे॑समा॒नोयमस॑मानोनिच॒खाने॒दम॒हंतंव्वल॒गमुत्कि॑रामि॒यंमे॒सब॑न्धुर्य्य॒मस॑बन्धुर्निच॒खाने॒दम॒हंतंव्वल॒गमुत्कि॑रामि॒यम्मे॑सजा॒तोयमस॑जातोनिच॒खानोत्कृत्यांकि॑रामि॥१॥ आचार्य पूर्व दिशा में पीली सरसों का प्रक्षेप करे।

ॐ र॒क्षो॒हणो॑वोव्वलग॒ह॒नः॒प्प्रोक्षामिव्वैष्ण॒वान्न्रक्षो॒हणो॑वोव्वलग॒हनोऽव॑नयामिव्वैष्ण॒वान्न्रक्षो॒हणो॑वोव्वलग॒हनोऽव॑स्तृणामिव्वैष्ण॒वान्न्रक्षो॒हणौ॑वांव्वलग॒हना॒ऽउप॑दधामिव्वैष्ण॒वीरक्षो॒हणौ॑ वां व्वलग॒हनौ॒पर्य्यू॑हामिव्वैष्ण॒वीव्वैष्ण॒वम॑सिव्वैष्ण॒वास्त्थ॥२॥ आचार्य दक्षिण दिशा में पीली सरसों का प्रक्षेप करे।

ॐ रक्षसांभा॒गो॒ऽसि॒निर॑स्त॒ꣳरक्ष॑ऽइ॒दम॒हꣳरक्षो॒ऽभितिष्ठामी॒दम॒हꣳरक्षोऽव॑बाधऽइ॒दम॒ꣳरक्षो॑ऽध॒मन्तमो॑नयामि॥ घृतेनद्यावापृथिवी॒प्प्रोर्णुवाथां॒व्वायो॒व्वेस्तो॒कानाम॒ग्ग्निराज्ज्य॑स्यव्वेतु॒स्वाहा॒स्वाहा॑कृते॒ऽऊ॒र्ध्वनभसम्मारु॒तङ्गच्छ॒तम्॥३॥ आचार्य पश्चिम दिशा में पीली सरसों का प्रक्षेप करे।

ॐ र॒क्क्षो॒हाव्वि॒श्श्वच॑र्षणिर॒भियोनि॒मयो॑हते॥ द्रोणे॑स॒धस्त्थ॒मास॑दत्॥४॥ आचार्य उत्तर दिशा में पीली सरसों का प्रक्षेप करे।

ॐ यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा।
स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥

जो भूत-प्रेतादि इस स्थान का आश्रय लेकर निवास करते हैं, वे सभी इस स्थान का परित्याग करके इधर-उधर कहीं पर भी अन्यत्र चले जायें। अग्निकोण में पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥

जो भूत-प्रेतादि इस भूमि में स्थित हैं, वो सभी इस स्थान से कहीं पर भी अन्यत्र चले जायें, जो भूत-प्रेतादि विघ्न करनेवाले हैं, वे सभी भगवान् शिव की आज्ञा से अन्यत्र चले जाये; अन्यथा नष्ट हो जायें, नैर्ऋत्यकोण में पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

ॐ अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।
सर्वेषामविरोधेन पूजाकर्म समारभे॥

इस स्थान की सभी दिशाओं में जो भूत-प्रेतादि पिशाचों का वास है, वे सभी बिना विरोध के इस स्थान का परित्याग करके चले जायें, हम पूजाकर्म का प्रारम्भ कर रहे हैं। वायव्यकोण में पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

ॐ भूतानि राक्षसा वाऽपि येऽत्र तिष्ठन्ति केचन।
ते सर्वेऽप्यपगच्छन्तु पुरश्चरणं करोम्यहम्॥

जो कोई भूतगण, राक्षसगण इस स्थान का आश्रय लेकर निवास करते हैं, वे सभी इस स्थान को छोड़कर अन्यत्र कहीं चले जायें, जिससे हम निर्विघ्न पुरश्चरण करें। ईशानकोण में पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

ॐ हुँ फट्। ऊपर ऊर्ध्वदिशा में पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

ॐ हुँ फट्। अधोदिशा भूमि पर नीचे पीली सरसों का प्रक्षेप करें।

चारो तरफ क्रोधमयी दृष्टि डालकर चारो तरफ के विघ्नों का निस्सारण करे, तथा तीन बार पैर की एड़ी से भूमि पर प्रहार करके भूमिस्थित विघ्नकर्ताओं से रक्षार्थ विघ्नों का निस्सारण करें।

रक्षोघ्नकर्म परिपूर्णम्

❀

पञ्चगव्यकरणम्

ॐ गायत्रीत्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्पङ्क्त्यासह॥ ब्बृहत्युष्णिहाककुप्सूचीभिःशम्म्यन्तुत्त्वा॥ आचार्य इस मन्त्र से गोमूत्र स्थापित करें।

ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्॥ आचार्य इस मन्त्र से गोमय मिश्रित करें।

ॐ आप्प्यायस्वसमेतुतेव्विश्श्वतःसोमव्वृष्ण्ण्यम्॥ भवाव्वाजस्यसङ्गथे॥ आचार्य इस मन्त्र से गोदुग्ध मिश्रित करें।

ॐ दधिक्क्राव्ण्णोऽअकारिषञ्जिष्ष्णोरश्श्वस्यव्वाजिनः॥ सुरभिनोमुखाकरत्त्प्रणऽआयूꣳषितारिषत्॥ आचार्य इस मन्त्र से दही मिश्रित करें।

ॐ तेजोऽसिशुक्क्रमस्यऽमृतमसिधामनामाऽसिप्प्रियंदेवानामनाधृष्ट्टन्देवयजनमसि॥ आचार्य इस मन्त्र से गोघृत मिश्रित करें।

ॐ देवस्यत्वासवितुःप्रसवेऽश्श्विनोर्बाहुभ्यांपूष्णोहस्ताभ्याम्॥ इस मन्त्र से कुशोदक मिश्रित करके यज्ञकाष्ठ से आलोडित करें।

ॐ आपोहिष्ठामयो भुवस्तानऽऊर्ज्जेदधातन॥ महेरणायचक्षसे॥ योवःशिवतमोरसस्तस्यभाजयतेहनः॥ उशतीरिवमातरः॥ तस्म्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्वथ॥ आपोजनयथाचनः॥

पञ्चगव्य निर्माण के बाद अपवित्रः पवित्रोवा० मन्त्र से तीन बार यज्ञभूमि तथा यज्ञ-सामग्री का मार्जन प्रोक्षण करें फिर अञ्जलि बनाकर स्वस्त्यवाचन दो बार करें।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

ॐ स्वस्तिनऽइन्द्रोव्वृद्धश्श्रवाꣳस्वस्तिनःपूषाव्विश्श्ववेदाꣳ॥ स्वस्तिनस्ताक्ष्र्योऽअरिष्टनेमिꣳस्वस्तिनोबृहस्प्पतिर्द्दधातु॥ इस मन्त्र का दो बार पाठ करें।

देवाः आयान्तु॥ यातुधानाः अपयान्तु॥ विष्णोर्देव भूम्यमिमं रक्षस्व॥

पञ्चगव्यकरणं परिपूर्णम्

❀

सर्वतोभद्रपूजनम्



किसी चौकोर चौकी पर कपड़ा बिछाकर अष्टादश कोष्ठक बनाकर चित्रानुसार विभिन्न रंगों से रञ्जित चावलादि रखकर उस पर नियत स्थान पर सुपाड़ी रखकर सर्वतोभद्रमण्डल के देवताओं का आवाहन-पूजन करे।

सर्वतोभद्रदेवतानां स्थापनम्

ब्रह्मावाहनम्—**ॐ ब्रह्मजज्ज्ञानम्प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतऽसुरुचोव्वेनऽआवः॥ सबुद्ध्न्याऽउपमाऽअस्यविष्ठाऽसतश्चयोनिमसतश्चविवः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मणे नमः ब्रह्माणमावाहयामि स्थापयामि।

सोममावाहनम्—**ॐ व्वयꣳसोमव्व्रतेतवमनस्तनूषुबिब्भ्रतꣳ॥ प्रजावन्तꣳसचेमहि॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः सोमाय नमः सोममावाहयामि स्थापयामि।

ईशानमावाहनम्—**ॐ तमीशानंजगतस्तस्थुषस्प्पतिंधियंजिन्वमवसेहूमहेव्वयम्॥ पूषानोयथाव्वेदसामसद् धेरक्षितापायुरदब्धये॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः ईशानाय नमः ईशानमावाहयामि स्थापयामि।

इन्द्रमावाहनम्—**ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रꣳहवेहवेसुहवꣳशूरमिन्द्रम्॥ ह्वयामिशक्रंपुरुहूतमिन्द्रꣳस्वस्तिनोमघवाधात्त्विन्द्रः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि स्थापयामि।

अग्न्यामावाहनम्—**ॐ त्वन्नोऽअग्नेतवपायुभिर्म्मघोनोरक्षतन्न्वश्श्चवन्द्य॥ त्रातातोकस्यतनयेगवामस्यनिमेषꣳरक्षमाणस्तवव्व्रते॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः अग्नये नमः अग्निमावाहयामि स्थापयामि।

यममावाहनम्—**ॐ यमायत्त्वाङ्गिरस्वतेपितृमतेस्वाहा॥ स्वाहाघर्म्मायस्वाहाघर्म्मः-पित्रे।**

ॐ भूर्भुवः स्वः यमाय नमः यममावाहयामि स्थापयामि।

निर्ऋतिमावाहनम्—**ॐ असुन्न्वन्तमयजमानमिच्च्छस्तेनस्येत्यामन्न्विहितस्करस्य॥ अन्न्यमस्म्मदिच्च्छसातऽइत्यानमोदेविनिर्ऋतेतुब्भ्यमस्तु॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः निर्ऋतये नमः निर्ऋतिमावाहयामि स्थापयामि।

वरुणमावाहनम्—**ॐ तत्त्वायामिब्ब्रह्मणाव्वन्दमानस्तदाशास्तेयजमानोहविर्ब्भिः॥ अहेडमानोव्वरुणेहबोद्ध्युरुशꣳसमानऽआयुꣳप्प्रमोषीꣳ॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः वरुणाय नमः वरुणमावाहयामि स्थापयामि।

वायुमावाहनम्—**ॐ आनोनियुद्भिःशतिनीभिरध्वरꣳसहस्रिणीभिरुपयाहियज्ञम्॥ व्वायोऽअस्म्मिनत्सवनेमादयस्वयूयंपातस्वस्तिभिःसदानः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः वायवे नमः वायुमावाहयामि स्थापयामि।

अष्टवसूनामावाहनम्—**ॐ व्वसुब्भ्यस्त्वारुद्द्रेब्भ्यस्त्वाऽऽदित्येब्भ्यस्त्वासञ्जानाथां द्यावापृथिवीमित्रावरुणौत्वाव्वृष्ट्यावताम्॥ व्यन्तुव्वयोक्तꣳरिहाणामरुतांपृषतीर्ग्गच्छव्वशापृश्निर्ब्भूत्वादिवंगच्छततोनोव्वृष्टिमावह॥ चक्षुष्प्पाऽअग्नेऽसिचक्षुर्म्मेपाहि॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः अष्टवसुब्भ्यो नमः अष्टवसूनावाहयामि स्थापयामि।

एकादशरुद्रानामावाहनम्—**ॐ नमस्तेरुद्द्रमन्न्यवऽउतोतऽइषवेनमः॥ बाहुब्भ्यामुततेनमः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः एकादशरुद्रेभ्यो नमः एकादशरुद्रानावाहयामि स्थापयामि।

द्वादशादित्यनामावाहनम्—**ॐ य॒ज्ञोदे॒वानां॑प्रत्यै॑तिसु॒म्नमादि॑त्यासो॒भव॑तामृड॒यन्त॑ः॥ आवो॒ऽर्वाची॑सुम॒तिर्व्व॑वृत्याद॒ꣳहोश्चि॒द्याव्व॑रिवो॒वित्त॒रास॑त्॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः द्वादशादित्येभ्यो नमः द्वादशादित्यानावाहयामि स्थापयामि।

अश्विनीकुमार-आवाहनम्—**ॐ अ॒श्विना॒तेज॑सा॒चक्षु॑ःप्प्रा॒णेन॒सर॑स्वतीव्वी॒र्य्य॑म्॥ व्वा॒चेन्द्रो॒बले॒नेन्द्रा॑यदधुरिन्द्रि॒यम्॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः अश्विभ्यां नमः अश्विनौ आवाहयामि स्थापयामि।

सपैतृकविश्वान्देवानावाहनम्—**ॐ विश्श्वे॑देवास॒ऽआग॑तश्रृणु॒ताम॑ऽइ॒मꣳहव॑म्॥ एदंब॒र्हिन्निषी॑दत॥ उ॒प॒या॒मगृ॑हीतोऽसि॒व्विश्श्वे॑ब्भ्यस्त्वादे॒वेब्भ्य॑ऽए॒षते॒योनि॒र्व्विश्श्वे॑ब्भ्यस्त्वादे॒वेब्भ्य॑ः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः सपैतृकविश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः सपैतृकविश्वान्देवानावाहयामि स्थापयामि।

सप्तयक्षानावाहनम्—**ॐ अ॒भित्यंदे॒वꣳस॑वि॒तार॑मो॒ण्यो॒ःक॒विक्र॑तु॒मर्च्चा॑मिस॒त्त्यस॑वꣳरत्क॒धाम॒भिप्प्रि॒यंम॒तिंक॒विम्॥ ऊ॒र्द्ध्वायस्या॒ऽमति॒र्भाऽअदि॑द्युत॒त्सवी॑मनि॒हिर॑ण्यपाणिरमिमीतसु॒क्रतु॑ःकृ॒पास्व॑ः॥ प्र॒जाब्भ्य॑स्त्वाप्प्र॒जास्त्वा॑नु॒प्प्राण॑न्तुप्र॒जास्त्वम॑नु॒प्प्राणि॑हि॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः सप्तयक्षेभ्यो नमः सप्तयक्षानावाहयामि स्थापयामि।

सर्पानावाहनम्—**ॐ नमो॑स्तुस॒र्प्पेब्भ्यो॒येकेच॑पृथि॒वीमनु॥ येऽअ॒न्तरि॑क्षे॒येदि॒वितेब्भ्य॑ःस॒र्प्पेब्भ्यो॒नम॑ः॥**

ॐ भूर्भुवः स्वः सर्पेभ्यो नमः सर्पानावाहयामि स्थापयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ विजयाशक्तिभ्यो नमः विजयाशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ अजिताशक्तिभ्यो नमः अजिताशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ अपराजिताशक्तिभ्यो नमः अपराजिताशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ नित्याशक्तिभ्यो नमः नित्याशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ विलासिनीशक्तिभ्यो नमः विलासिनीशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ दोग्ध्राशक्तिभ्यो नमः दोग्ध्राशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ अघोराशक्तिभ्यो नमः अघोराशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मङ्गलाशक्तिभ्यो नमः मङ्गलाशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ कालिकायोगपीठात्मने नमः कालिकाशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं आँ ह्रीँ क्रौँ सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः प्रेतासनाशक्ति-श्रीपादुकां पूजयामि।

ध्यानम्

ॐ रक्ताब्धिपोतारुणपद्मसंस्थां पाशाङ्कुशेष्वासशराऽसिबाणान्,
शूलं कपालं दधतं कराब्जै रक्तां त्रिनेत्रां प्रणमामि देवीम्।
पाशाश्चापासृक्कपाले ऋणीपूच्छूलं हस्तैर्बिभ्रतीं रक्तवर्णाम्,
रक्तोदिन्वत्पोतरक्ताम्बुजस्थां देवीं ध्यायेत्प्राणशक्तिं त्रिनेत्राम्॥१॥

रक्त महासागर में अरुणकालिक सूर्य के वर्ण के समान अरुण वर्णवाले कमल पर विराजमान हाथ में पाश-अंकुश-खड्ग-शर-बाण-शूल-कपाल धारण किये हुए तीन नेत्रवाली भगवती को प्रणाम करता हूँ। हाथों में पाशचापसृक्कपालशूल धारण किये हुए रक्त वर्णवाली रक्तवर्ण के कमल के आसन पर बैठी हुई प्राणशक्ति का ध्यान करता हूँ॥१॥

शरण्ये वरण्ये सुकारुण्यपूर्णे हिरण्योदराद्यैरगम्येऽतिपुण्ये।
भवारण्यभीतं च मां पाहि भद्रे नमस्ते नमस्ते नमस्ते भवानि॥२॥

शरणागत होने, वरण करने पर सुकारुण्यपूर्ण, हिरण्यगर्भ से आदि, किसी भी उपाय से न जानी जानेवाली, पुण्यस्वरूपा, भवसागर के भय से भयभीत, हमारी कल्याणकर्ती रक्षा करो, हे भवानि! आपको नमस्कार है, पुनः नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है॥२॥

मानसोपचारपूजनम्—लेलिहान मुद्रा से हृदय प्रदेश का स्पर्श करते हुए तत्तद् भावनाओं का चिन्तन करते हुए मानस पूजन करे—

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं लँ पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हँ आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं यँ वायवात्मकं धूपं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं रँ वह्न्यात्मकं दीपं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं सँ सर्वात्मकं मन्त्रपुष्पं समर्पयामि कालिकायै नमः।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालिकायोगपीठात्मने नमः कालिकायोगशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं सर्वशक्तिकमलासनाय नमः कमलासनशक्तिश्रीपादुकां पूजयामि।

पीठ शक्तियों का पूजन करने के बाद प्रधान कलश स्थापन करे।

पीठस्थापनं परिपूर्णम्

❀

इष्टदेवतापूजनम्



भूमिस्पर्श—ॐ म॒हीद्यौःपृ॒थि॒वीच॑नऽइ॒मंय्य॒ज्ञंमि॑मिक्षताम्।। पि॒पृ॒तानो॒भरी॑मभिः।।

सप्तधान्य विखेरना—ॐ ओष॑धय॒ःसम॑वदन्त॒सोमे॑नस॒हराज्ञा।। यस्म्मै॑कृ॒णोति॑ ब्राह्म॒णस्तꣳराजन्न्पारयामसि।।

कलशस्थापन—ॐ आजिग्घ्रक॒लशं॑म॒ह्यात्वाव्विश॒न्त्विन्द॑वः।। पुन॑रू॒र्ज्जानिव॑र्त्त स्व॒सान॑ःस॒हस्रंधुक्क्ष्वो॒रुधा॑रा॒पय॑स्वती॒पुन॒र्म्माविश॑ताद्र॒यिः।।

कलश में जल भरना—ॐ व्वरु॑णस्यो॒त्तम्भ॑नमसि॒व्वरु॑णस्यस्कम्भ॒सर्ज्जनी॑स्त्थो॒ व्वरु॑णस्यऽऋत॒सद॑न्न्यसि॒व्वरु॑णस्यऽऋत॒सद॑नमसि॒व्वरु॑णस्यऽऋत॒सद॑नमासीद।

कलश में गन्ध डाले—ॐ त्वाङ्ग॑न्ध॒र्व्वाऽअ॑खन॒ँस्त्वामिन्द्र॒स्त्वाम्बृह॒स्पतिः॑।। त्वामो॑षधे॒सोमो॒राजाव्वि॒द्वान्न्यक्ष्मा॑दमुच्च्यत।।

कलश में सर्वौषधी डाले—ॐ याओष॑धी॒ःपूर्व्वाजा॒तादे॒वेब्भ्य॑स्त्रियु॒गंपु॒रा।। मनै॒नुब॒ब्भ्रुणा॑म॒हꣳश॒तंधामा॑नि स॒प्त च।।

कलश में दूर्वा डाले—ॐ काण्डा॑त्काण्डात्प्र॒रोह॑न्ती॒परु॑षःपरु॒षष्प्परि॑।। ए॒वानो॑दूर्व्वे॒प्प्रत॑नुस॒हस्रे॑ण श॒तेन॑ च।।

कलश में पञ्चपल्लव डाले—ॐ अ॒श्वत्त्थेवो॑नि॒षद॑नंप॒र्ण्णेवो॑व्वस॒तिष्कृ॒ता।। गो॒भाज॒ऽइत्किला॑सथ॒यत्स॒नव॑थ॒पूरु॑षम्।।

कलश में कुश डाले—ॐ प॒वित्त्रे॑स्त्थोव्वैष्ण॒व्व्यौ॑सवि॒तुर्व्वः॑प्प्रस॒वऽउत्पु॑ना॒म्म्यच्छि॑द्द्रेण प॒वित्त्रे॑ण॒सूर्य्य॑स्यर॒श्मिभिः॑।। तस्य॑तेप॒वित्त्रपतेप॒वित्त्र॑पूतस्य॒यत्का॑मःपु॒नेतच्छ॑केयम्।।

कलश में सप्तमृत्तिका डाले—ॐ स्यो॒नापृ॑थिवि॒नोभवानृक्ष॒रानि॒वेश॑नी।। यच्छा॑नः॒शर्म्म॑स॒प्प्रथाः॑।।

कलश में पूंगीफल डाले—**ॐ याः फलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्प्पायाश्श्चपुष्प्पिणीः॥ बृहस्प्पतिप्प्रसूतास्तानोमुञ्चन्त्वꣳहसः॥**

कलश में पञ्चरत्न डाले—**ॐ परिवाजपतिःकविरग्ग्निर्हव्यान्यक्क्रमीत्॥ दधद्रत्नानि दाशुषे॥**

कलश में हिरण्य (सुवर्णखण्ड) डाले—**ॐ हिरण्यगर्ब्भःसमवर्त्तताग्ग्रेभूतस्यजातः पतिरेकऽआसीत्॥ सदाधारपृथिवीद्यामुतेमां अस्म्मैदेवायहविषाविधेम्॥**

युग्मवस्त्राच्छादन—**ॐ सुजातोज्योतिषासहशर्म्मवरूथमासदत्स्वः॥ वासोअग्ग्ने-व्विश्श्वरूपꣳसंव्ययस्वव्विभावसो॥**

पूर्णपात्रस्थापन—**ॐ पूर्ण्णादर्व्विपरापतसुपूर्ण्णापुनरापत॥ व्वस्नेवव्विक्क्रीणावहाऽइष-मूर्ज्जꣳशतक्रतो॥**

नारिकेलफलस्थापन—**ॐ याःफलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्प्पायाश्श्चपुष्प्पिणीः॥ बृहस्प्पतिप्प्रसूतास्तानोमुञ्चन्त्वꣳहसः॥**

वरुणध्यानावाहनपञ्चोपचारपूजन—**ॐ तत्त्वायामिब्ब्रह्मणाव्वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानोहविर्ब्भिः॥ अहेडमानोव्वरुणेहबोध्युरुशꣳसमानऽआयुःप्प्रमोषीः॥**

अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सवाहनं सायुधं सशक्तिकं आवाहयामि स्थापयामि। ॐ अपांपते वरुणाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

गङ्गाद्यावाहनम्—दक्षिण हाथ के स्पर्श से आवाहन करे—

कला कला हि देवानां दानवानां कला कलाः।
संगृह्य निर्मितो यस्मात्कलशस्तेन कथ्यते॥१॥

देवताओं तथा दानवों की प्रत्येक कलाओं का संग्रह करके जो निर्मित हुआ है, उसे कलश कहते हैं॥१॥

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रिताः।
मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणा स्मृताः॥२॥

कलश के मुख में विष्णु, कण्ठ में रुद्र तथा कुक्षि (पेट) में ब्रह्मा एवं मध्य में मातृकाएँ होती हैं॥२॥

कुक्षौ तु सागराः सप्त सप्तद्वीपा च मेदिनी।
अर्जुनीगोमती चैव चन्द्रभागा सरस्वती॥३॥

पेट में सप्तसागर तथा सप्तद्वीप मेदिनी स्थित है, अजुनी, गोमती, चन्द्रभागा, सरस्वत्यादि महानदियाँ स्थित हैं॥३॥

कावेरी कृष्णवेणा च गङ्गा चैव महानदी।
तापीगोदावरी चैव माहेन्द्री नर्मदा तथा॥४॥

कावेरी, कृष्णा, वेणा, गङ्गादि महानदियाँ स्थित हैं, तापी, गोदावरी, माहेन्द्री, नर्मदादि नदियाँ स्थित हैं॥४॥

नदाश्च विविधा जाता नद्यः सर्वास्तथापराः।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि कलशस्थानि तानि वै॥५॥

इसी से विभिन्न प्रकार के नद तथा समस्त नदियाँ उत्पन्न होती हैं। पृथ्वी जिसमें समस्त तीर्थ स्थित हैं, वह सभी कलश में विधिपूर्वक अवस्थित हों॥५॥

सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः।
आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः॥६॥

सभी समुद्रों के सहित समस्त तीर्थ नद, नदियाँ इस कलश में हमारी शान्ति के लिए आकर अवस्थित होकर समस्त दुरित के क्षय-कारक हो, समस्त पापों को नष्ट करनेवाले हों॥६॥

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।
अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बुं समाश्रिताः॥७॥

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद अङ्ग रूप से कलश के जल में समाश्रित होकर हमारा कल्याण करें॥७॥

अत्र गायत्री सावित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा।
आयन्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः॥८॥

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गङ्गादिभ्यः आवाहिताः सुप्रतिष्ठिताः वरदाः भवन्तु।

यहाँ गायत्री, सावित्री, शान्ति, पुष्टिकरी आकर हमारे सभी दुरित को समाप्त करके हमें शान्ति प्रदान करें॥८॥

प्रतिष्ठा—दोनों हाथ से स्पर्श करके प्रतिष्ठा करे—

ॐ मनो॒जू॒तिर्जु॑षता॒माज्ज्य॑स्य॒बृह॒स्पति॑र्य्य॒ज्ञमि॒मन्त॑नो॒त्त्वरि॑ष्टं॒य्य॒ज्ञꣳ समि॒मन्द॑धातु॥ व्विश्वे॑दे॒वास॑ऽइ॒हमा॑दयन्ता॒मो३म्प्रति॑ष्ठ॥

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।
अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥

इसी ईश्वरतत्त्व से प्राण प्रतिष्ठित होते हैं, इसी से शरीर में प्राणों का प्रवाह (संचरण) होता है, इसी से अर्चना के समय देवत्व आता है, इससे इतर कुछ नहीं है।

कलश-प्रार्थना—दोनों हाथों में पुष्प लेकर प्रार्थना करे—

ॐ देवदानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ।
उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्॥१॥

हे कुम्भ! देवताओं और दानवों के बीच समुद्र-मन्थन से तुम उत्पन्न हुए, तुम्हें स्वयं विष्णु ने धारण किया॥१॥

त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः।
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः॥२॥

जल से ही सभी तीर्थों की प्रतिष्ठा है, सभी तीर्थों के जल में देवताओं का वास है, जल ही सभी भूतों में प्रतिष्ठित है, जल ही सभी प्राणों में प्रतिष्ठित हो॥२॥

शिवः स्वयं त्वमेवाऽसि विष्णुस्त्वं प्रजापतिः।
आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवाः स पैतृकाः॥३॥

तुम स्वयं शिव हो, तुम ही विष्णु और प्रजापति हो, तुम ही आदित्य, रुद्र, वसु, विश्वेदेव तथा पितर हो॥३॥

त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः।
त्वत्प्रसादादिमं यज्ञं कर्तुमीहे जलोद्भव॥४॥

तुम ही सभी में प्रतिष्ठित हो, जिससे समस्त कामनाएँ फलवान् होती हैं, हे जलोद्भव! कुम्भ तुम्हारी कृपा से ही यह यज्ञ कर रहा हूँ॥४॥

सर्वकामसमृद्ध्यर्थं अक्षयवरदायकम्।
सान्निध्यं कुरु मे देव! प्रसन्नो भव सर्वदा॥५॥

सर्व कामनाओं की समृद्धि के लिए तथा अक्षयवर प्रदान करनेवाले आपका यज्ञ कर रहा हूँ, आप सदा सर्वदा प्रसन्न होकर हमें सान्निध्य प्रदान करें॥५॥

नमो नमस्ते स्फटिकप्रभाय सुश्वेतहाराय सुमङ्गलाय।
सुपाशहस्ताय झषासनाय जलाधिनाथाय नमो नमस्ते॥६॥

स्फटिक के समान प्रभावाले, सुन्दर श्वेत हारों से सुशोभित, सुन्दर मङ्गल प्राप्ति के लिए, हाथ में सुन्दर पाश लिए हुए, झषासन पर आसीन रहनेवाले हे जलाधिनाथ! आपको बार-बार नमस्कार है॥६॥

पाशपाणे! नमस्तुभ्यं पद्मिनीजीवनायक!।
यावत्कर्मसमाप्तिस्यात्तावत्त्वं सन्निधो भव॥७॥

पाश को हाथ में धारण करनेवाले आपको नमस्कार है, कमलादि को जीवन प्रदान करनेवालों के नायक, जबतक यज्ञ कर्म की परिसमाप्ति नहीं हो जाती, तब तक सानिध्य प्रदान करो॥७॥

नमः आद्याय बीजाय ज्ञानविज्ञानमूर्तये।
प्राणेन्द्रियमनोबुद्धिर्विकारैर्व्यक्तिमीयुषे ॥८॥

आदिबीज ज्ञानविज्ञानमूर्ति प्राणइन्द्रियमनबुद्धि के विकारों को समाप्त करने के लिए आपको नमस्कार है॥८॥

प्रधानकलशस्थापनं परिपूर्णम्

❀

प्रधानदेवताप्रतिष्ठा

अग्न्युत्तारणविधिः—विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरा की सुवर्णमयी प्रतिमा बना करके उसे अग्नि में तपा कर घृत लेपन करके उसपर अधोलिखित मन्त्र पाठपूर्वक जलधारा गिराये।

ॐ समुद्रस्यत्त्वावकयाग्ग्नेपरिंव्ययामसि॥ पावकोऽअस्म्मब्भ्यꣳशिवोभव॥ ॐ हिमस्यत्वाजरायुणाग्ग्नेपरिंव्ययामसि॥ पावकोअस्म्मब्भ्यꣳशिवोभव॥ ॐ उपज्ज्मनुपवेतसेऽवतरनदीष्ष्वा॥ अग्ग्नेपित्तमपामसिमण्डूकिताभिरागहि सेमंनोयज्ञंपावकवर्ण्णꣳशिवंकृधि॥ ॐ अपामिदंन्ययनꣳसमुद्रस्यनिवेशनम्॥ अन्न्याँस्तेऽअस्म्मत्तपन्तुहेतयः पावकोऽअस्म्मब्भ्यꣳशिवोभव॥ ॐ अग्ग्नेपावकरोचिषामन्द्रयादेवजिह्व्वया॥ आदेवान्वक्षियक्षिच॥ ॐ सनःपावकदीदिवोऽग्ग्नेदेवाँ२॥ऽइहावह॥ उपयज्ञꣳहविश्श्चनः॥ ॐ पावकयायश्श्चितयन्त्याकृपाक्षामन्नुरुचऽउषसोनभानुना॥ तूर्व्वन्नयामन्नेतशस्यनूरणऽआयोघणेनततृषाणोऽअजरः॥ ॐ नमस्तेहरसेशोचिषेनमस्तेऽअस्त्वर्च्चिषे॥ अन्न्याँस्तेऽअस्म्मत्तपन्तुहेतयःपावकोऽअस्म्मब्भ्यꣳशिवोभव॥ ॐ नृषदेवेडप्सुषदेवेड्बर्हिषदेवेड्वनसदेवेट्स्वर्व्विदेवेट्॥ ॐ येदेवादेवानांय्यज्ञियायज्ञियानाꣳसंवत्सरीणमुपभागमासते॥ अहुतादोहविषोयज्ञेऽअस्मिन्न्त्स्वयंपिबन्तुमधुनोघृतस्य॥ ॐ येदेवादेवेष्वधिदेवत्वमायन्न्येब्रह्मणःपुरऽएतारोऽअस्य॥ येब्भ्योनऋतेपवतेधामकिञ्चननतेदिवोनऽपृथिव्याऽअधिस्नुषु॥ ॐ प्राणदाऽअपानदाव्यानदावर्च्चोदावरिवोदाः॥ अन्न्याँस्तेऽअस्म्मत्तपन्तुहेतयपावकोऽअस्म्मब्भ्यꣳशिवोभव॥

अग्न्युत्तारण के पश्चात् बीज मन्त्र से प्राणप्रतिष्ठा करे।

ॐ आं ह्रीं क्रो यं रं लं वं शं षं सं सोऽहं हंसः अस्यां विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेव्याः सुवर्ण प्रतिमायां प्राणाः इह प्राणाः॥

ॐ आं ह्रीं क्रो यं रं लं वं शं षं सं सोऽहं हंसः अस्यां विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेव्याः सुवर्ण प्रतिमायां जीव इह स्थितः।

ॐ आं ह्रीं क्रो यं रं लं वं शं षं सं सोऽहं हंसः अस्यां विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेव्याः सुवर्ण प्रतिमायां सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनस्त्वक्चक्षुःश्रोत्रजिह्वाघ्राणपाणिपादपायूपस्थानि इहैवागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा॥

ॐ मनोजूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्यबृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमन्तनोत्त्वरिष्टंय्यज्ञꣳसमिमन्दधातु॥ व्विश्श्वेदेवासऽइहमादयन्तामोꣳम्प्रतिष्ठ॥

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।
अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥

इसी ईश्वरतत्त्व से प्राण प्रतिष्ठित होते हैं, इसी से शरीर में प्राणों का प्रवाह (संचरण) होता है, इसी से अर्चना के समय देवत्व आता है, इससे इतर कुछ नहीं है।

इष्टदेवतापूजनम्

ध्यानम्—दोनों हाथ से पुष्प लेकर ध्यान करे—

ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्यमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेदा अग्ने! आप सुवर्ण के समान पीतवर्णवाली, किञ्चित् हरितवर्णवाली, किञ्चित् हरिणी रूप धारण करनेवाली, सुवर्णमिश्रित रजत की माला धारण करनेवाली, सुन्दर वर्णवाले चाँदी के समान श्वेतपुष्पों की माला धारण करनेवाली, चन्द्रमा के सदृश प्रकाशवाली, चन्द्रमा के समान सबको प्रसन्न करनेवाली, चञ्चलता हिरण्यमयी रूपवाली एवं हिरण्यमय ही जिसका शरीर है, ऐसी सुवर्णमयी लक्ष्मी को मेरे लिए आवाहन करता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा ध्यायामि ध्यानोपचारार्थे गन्धाक्षत-पुष्पाणि समर्पयामि। ध्यान करके यन्त्र पर पुष्प चढ़ाये।

आसनम्—दोनों हाथ से अक्षत लेकर आसन ध्यान कर समर्पित करे–

ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥

हे जातवेदा अग्निदेव! आप उन जगत्-विख्यात एवं अनपगामिनी अर्थात् मुझको छोड़कर अन्यत्र न जानेवाली लक्ष्मी को मेरे लिए बुलाओ। मैं सुवर्ण, गौ, घोड़े और पुत्र-पौत्रादि को प्राप्त करने के लिए उनका आवाहन करता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा आसनं समर्पयामि, आसनार्थे पुष्पं निवेदयामि।

पाद्यम्—दोनों हाथ से पाद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

जिन देवी के आगे घोड़े और बीच में रथ हैं अथवा जिनके आगे घोड़े जुटे हुए हैं, ऐसे रथ में सवार, हाथियों के निनाद से जगत् को आनन्दित करनेवाली दीप्यमान एवं समस्त जनों को आश्रय देनेवाली लक्ष्मी को मैं अपने समीप बुलाता हूँ, दीप्यमान तथा सबकी आश्रयदाता लक्ष्मी को अपने घर में सर्वदा निवास करने के लिए मैं आवाहन करता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा पादयोः पाद्यं समर्पयामि।

गन्ध, उसीर, गोरोचन, श्यामक, विष्णुकान्ता, कमल एवं दुर्वा युक्त जल अनामिका अङ्गुष्ठ मिलाकर यन्त्र स्थित भगवती के युगल चरणों में समर्पित करे।

अर्घ्यम्—दोनों हाथ से अर्घ्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ कांसोऽस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्ती तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मे स्थितां पद्मवर्णां तामिवोपह्वये श्रियम्॥

जिनका स्वरूप वाणी और मन का विषय न होने के कारण अवर्णनीय है तथा जो मन्दहास्ययुक्ता हैं, जो चारों ओर सुवर्ण से वेष्टित हैं एवं दयार्द्र हृदयवाली या समुद्र से उत्पन्न होने के कारण आर्द्र शरीरवाली होती हुई भी दीप्यमान हैं, अर्थात् जो लक्ष्मीजी दया से आर्द्र होते हुए तेज से देदीप्यमान हैं, स्वयं पूर्णकाम होने के कारण भक्तों के नानाविध मनोरथों को पूर्ण करनेवाली, कमल के ऊपर विराजमान तथा कमल के सदृश गृह में निवास करनेवाली, उन जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं अपने समीप बुलाता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा अर्घ्यं समर्पयामि। हाथ में अर्घ्य प्रदान करे।

आचमनम्—दोनों हाथ से आचमनीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मनेमिं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि॥

चन्द्रमा के सदृश प्रकाशवाली, प्रकृष्ट कान्तिवाली, अपनी कीर्ति से देदीप्यमान, स्वर्गलोक में इन्द्रादि देवताओं से सेवित, अतिदानशीला, कमल के मध्य में रहने वाली, सबकी रक्षा करनेवाली, भक्तों को आश्रय देनेवाली, जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं प्राप्त करता रहूँ, हे लक्ष्मि! तुम्हारी कृपा से मेरी दरिद्रता नष्ट हो, अत: मैं तुम्हें स्वीकार करता हूँ अर्थात् तुम्हारा आश्रय लेता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा मुखे आचमनीयं समर्पयामि। हीनोन्नत समस्ताङ्गुलियों से आचमन मुद्रा के द्वारा चन्दन, पुष्प, जाती, कर्पूर, कंकोल, लवङ्ग चूर्ण जल में मिलाकर मुख में आचमन निवेदन करे।

स्नानीयम्—दोनों हाथ से स्नानीयपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्यो मया प्रार्थनयाहृतम्।
तोयमेतत्सुखस्पर्शं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गङ्गादि सभी तीर्थों से प्रार्थनापूर्वक मैं जल लाया हूँ, इस जल का स्पर्श सुख प्रदान करनेवाला है, इसे स्नान के लिए ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा स्नानीयं जलं समर्पयामि।

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथ से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ कर्पूरेण सुगन्धेन सुरभिस्वादु शीतलम्।
तोयमाचमनीयार्थं देवीदं प्रतिगृह्यताम्॥

कर्पूर के समान सुगन्धित, दूध के समान धवल, स्वाद में शीतल जल आचमन के लिए प्रस्तुत है, इस आचमनीय जल को हे देवि! ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा स्नानाङ्गाचमनीयं जलं समर्पयामि।

पयःस्नानम्—दोनों हाथ से पयःपात्र लेकर समर्पित करे—

कामधेनुसमुद्भूतं सर्वेषां जीवनं परम्।
पावनं यज्ञहेतुश्च पयः स्नानार्थमर्पितम्॥

कामधेनु गाय से उत्पन्न सभी को जीवन प्रदान करनेवाला, यज्ञ के लिए अति पवित्र दूध आपके स्नान के लिए समर्पित है।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा पयःस्नानं समर्पयामि।

दधिस्नानम्—दोनों हाथ से दधिपात्र लेकर समर्पित करे—

पयसस्तु समुद्भूतं मधुराम्लं शशिप्रभम्।
दध्यानीतं मया देव! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध से उत्पन्न मधुर तथा अम्लयुक्त चन्द्रमा के समान धवल दही हे देव! हम आपके स्नान के लिए लाये हैं, इस दही को ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा दधिस्नानं समर्पयामि।

घृतस्नानम्—दोनों हाथ से घृतपात्र लेकर समर्पित करे—

नवनीतसमुत्पन्नं सर्वसन्तोषकारकम्।
घृतं तुभ्यं प्रदास्यामि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

मक्खन से उत्पन्न सभी को सन्तोष प्रदान करनेवाला घी आपको स्नान के लिए प्रदान करता हूँ, इस घृत को स्नान हेतु ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा घृतस्नानं समर्पयामि।

मधुस्नानम्—दोनों हाथ से मधुपात्र लेकर समर्पित करे—

पुष्परेणुसमुद्भूतं सुस्वादु मधुरं मधु।
तेजः पुष्टिकरं दिव्यं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

पुष्प कणों से उत्पन्न सुन्दर स्वादवाला मधुर शहद, तेज और पुष्टि को प्रदान करने वाला, दिव्य शहद स्नान के लिए आपको समर्पित है।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा मधुस्नानं समर्पयामि।

शर्करास्नानम्—दोनों हाथ से शर्करापात्र लेकर समर्पित करे—

इक्षुरससमुद्भूतां शर्करां पुष्टिदां शुभाम्।
मलापहारिकां दिव्यां स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

इक्षुरस से उत्पन्न शर्करा शुभ पुष्टि प्रदान करनेवाली, सभी प्रकार के मल का अपहरण करनेवाली है, दिव्य स्नान के लिए इस शर्करा को ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतपरब्रह्ममहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा शर्करा स्नानं समर्पयामि।

पञ्चामृतस्नानम्—दोनों हाथ से पञ्चामृतपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ पयो दधि घृतं चैव मधु च शर्करायुतम्।
पञ्चामृतं गृहाण त्वं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

दूध, दही, घी, मधु और शर्करा से युक्त पञ्चामृत दिव्य स्नान के लिए आपको समर्पित है, इस पञ्चामृत को ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतपरप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा मिलितपञ्चामृतस्नानं समर्पयामि।

शुद्धोदकस्नानम्—दोनों हाथ से जलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ गङ्गा च यमुना चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदासिन्धुकावेरी स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु तथा कावेरी दिव्य नदियों के दिव्य जल आपके स्नान के लिए समर्पित है, इस जल को ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा शुद्धोदकस्नानं समर्पयामि

पुनराचमनीयम्—दोनों हाथ से आचमनीय जल लेकर समर्पित करे—

ॐ आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथबिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥

हे सूर्य के सदृश कान्तिवाली देवि! आपके तेज से वनस्पति विशेष बिना पुष्प के फल देनेवाला एक वृक्ष उत्पन्न हुआ (आपके हाथ से बिल्ववृक्ष उत्पन्न हुआ) उस बिल्ववृक्ष का फल मेरे भीतर-बाहर की दरिद्रता को दूर करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा पुनराचमनार्थे गङ्गोदकं समर्पयामि।

वस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथ से वस्त्र लेकर समर्पित करे—

ॐ उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतो सुराष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे॥

हे लक्ष्मि! देवसखा अर्थात् श्रीमहादेव के सखा कुबेर या इन्द्रादि देवताओं की अग्नि मुझे प्राप्त हो अर्थात् मैं अग्नि की उपासना करूँ एवं मणि के साथ अर्थात् चिन्तामणि के

साथ, कुबेर के मित्र मणिभद्र के साथ या रत्नों के साथ, कीर्ति अर्थात् दक्षकन्या, कुबेर की कोशशाला के सदृश यश मुझे प्राप्त हो अर्थात् कुबेर का धन और यश दोनों ही मुझे मिले, मैं इस सुन्दर राष्ट्र (शरीर) में उत्पन्न हुआ हूँ, अत: हे कुबेरदेव! आप यश और ऐश्वर्य मुझे प्रदान करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा वस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

उपवस्त्रनिवेदनम्—दोनों हाथ से उपवस्त्र लेकर समर्पित करे—

शीतवातोष्णसन्त्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।
देहालङ्करणं वस्त्रमत: शान्तिं प्रयच्छ मे॥

शीतवायु से रक्षा के लिए, लज्जा की सतत रक्षा के लिए, शरीर पर अलङ्करण के लिए, सदैव शान्ति प्रदान करने के लिए वस्त्र समर्पित करता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा उपवस्त्रं समर्पयामि। उपवस्त्रान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

यज्ञोपवीतनिवेदनम्—दोनों हाथ से यज्ञोपवीत लेकर समर्पित करे—

ॐ क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वा निर्णुद मे गृहात्॥

भूख तथा प्यास रूपी मल को धारण करनेवाली एवं लक्ष्मी जी की ज्येष्ठ बहन दरिद्रता का मैं नाश करता हूँ। हे लक्ष्मि! आप मेरे घर से अनैश्वर्य तथा धनवृद्धि के सभी प्रतिबन्धक विघ्नों को दूर करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा यज्ञोपवीतं समर्पयामि। यज्ञोपवीतान्ते आचमनीयं समर्पयामि।

सुगन्धिद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथ से सुगन्धि द्रव्य लेकर समर्पित करे—

ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिवोपह्वये श्रियम्॥

सुगन्धित पुष्प के अर्पण करने से प्राप्त करने योग्य, किसी से भी दबाने योग्य नहीं, धन-धान्यादि से सदा परिपूर्ण, गौ-अश्वादि पशुओं की समृद्धि को देनेवाली, समस्त प्राणियों की स्वामिनी तथा जगत्प्रसिद्ध लक्ष्मी को मैं अपने घर में बुलाता हूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा गन्धानुलेपनं समर्पयामि।

अक्षतसमर्पणम्—दोनों हाथ से अक्षत लेकर समर्पित करे—

ॐ मनस: काममाकूतिं वाच: सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्री: श्रयतां यश:॥

हे लक्ष्मी! तुम्हारे प्रभाव से मानसिक इच्छा एवं सङ्कल्प, वाणी की सत्यता, गौ आदि पशुओं के रूप अर्थात् दुग्ध-दध्यादि एवं यव, व्रीहि इत्यादि अन्नों के रूप अर्थात् भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य, चतुर्विध भोज्यादि पदार्थों—इन समस्त पदार्थों को प्राप्त करूँ। सम्पत्ति-यश मुझमें आश्रय लेकर रहे अर्थात् मैं धनवान् कीर्तिमान् बनूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा अलङ्करणार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

पुष्पमालासमर्पणम्—दोनों हाथ से पुष्पमाला लेकर समर्पित करे—

ॐ कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम!।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥

कर्दम नामक ऋषि-पुत्र से लक्ष्मी प्रकृष्ट पुत्रवाली हुई है। हे कर्दम! आप मुझमें अच्छी तरह वास करे। इतनी ही प्रार्थना नहीं है, अपितु कमल की माला धारण करनेवाली, सम्पूर्ण जगत् की माता लक्ष्मी को मेरे कुल में निवास करायें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा पुष्पमालां परिधापयामि।

दूर्वासमर्पणम्—दोनों हाथ से दूर्वा लेकर समर्पित करे—

दूर्वाङ्कुरान् सुहरितान् अमृतान् मङ्गल प्रदान्।
आनीतां स्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक!॥

हरे-हरे दूर्वाङ्कुर जो अमृतत्व तथा मङ्गल प्रदान करनेवाले हैं, आपके पूजा के लिए लाया हूँ, आप प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा दूर्वाङ्कुरान् समर्पयामि।

नानापरिमलद्रव्यसमर्पणम्—दोनों हाथ से अबीरबुक्का लेकर समर्पित करे—

ॐ आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥

जिस प्रकार कर्दम ऋषि की सन्तति (ख्याति) से लक्ष्मी का अवतार हुआ है, उसी प्रकार अन्य कल्प में भी समुद्र से चौदह रत्नों के बाद लक्ष्मी का आविर्भाव हुआ है। उसी प्रकार जल देवता स्निग्ध एवं मनोहर पदार्थों को उत्पन्न करे (पदार्थों की सुन्दरता लक्ष्मी ही है) लक्ष्मी के आनन्द, कर्दम, चिक्लीत और श्रीत चार पुत्र हैं, जिसमें हे चिक्लीत! तुम मेरे गृह में निवास करो, केवल तुम ही नहीं, अपितु दिव्यगुणयुक्ता तथा सर्वाश्रयाभूता अपनी माता लक्ष्मी को भी मेरे घर में निवास करायें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

सिन्दूरसमर्पणम्—दोनों हाथ से सिन्दूर लेकर समर्पित करे—

ॐ सिन्दूरमरुणाभासं जवाकुसुमसन्निभम्।
पूजितोऽसि मया देवि! प्रसीद परमेश्वरि!॥

अरुणकालिक प्रकाश के समान आभावाला सिन्दूर तथा जवाकुसुम के सदृश वर्ण (रंग) वाले सिन्दूर से हे देवि! मुझ पर प्रसन्न हो तथा पूजित हों।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा सिन्दूराभरणं समर्पयामि।

ततः नैवेद्यं पुरतः संस्थाप्य धूपदीपौ प्रज्वाल्य। सिन्दूरादि समर्पण करने के बाद देवता के सम्मुख नैवेद्य स्थापित करने के बाद धूप तथा घृतदीप प्रज्वलित करने के बाद सर्वप्रथम धूप निवेदन करने के बाद दीप निवेदन करे।

धूपसमर्पणम्—दोनों हाथ से धूपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ दशाङ्गं गुग्गुलं धूपं चन्दनाऽगरुसंयुतम्।
समर्पितं मया भक्त्या महादेवि! प्रगृह्यताम्॥

दशाङ्ग, गुग्गुल, चन्दन तथा अगुरु जैसे गन्धों से युक्त धूप भक्तिपूर्वक हम समर्पित करते हैं, हे महादेवि! इस धूप को ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा धूपं समर्पयामि।

दीपसमर्पणम्—दोनों हाथ से दीपपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेदा अग्ने! आप मेरे घर में पुष्करिणी अर्थात् हाथियों के शुण्डाग्र से अभिषिच्यमाना, आर्द्रशरीरवाली, पुष्टि को देनेवाली, पुष्टिस्वरूपा रक्त और पीत वर्णवाली, कमल की माला धारणकर जगत् को प्रकाशित करनेवाली प्रकाशस्वरूपा लक्ष्मी को हमारे लिए प्रदान करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा दीपज्योतिं समर्पयामि।

नैवेद्यसमर्पणम्—दोनों हाथ से नैवेद्यपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ अन्नं चतुर्विधं स्वादु रसैः षड्भिः समन्वितम्।
नैवेद्यं गृह्यतां देवि! भक्तिं मे ह्यचलां कुरु॥

चारो प्रकार का सुन्दर सुस्वादु षड्रसों से युक्त नैवेद्य हे देवि! भक्तिपूर्वक समर्पित करता हूँ, ग्रहण करके अपने में हमारी भक्ति को अचल करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा नैवेद्यं समर्पयामि।

ॐ प्राणाय स्वाहा। ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। ॐ उदानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। मध्ये पानीयं जलं उत्तरापोशनं समर्पयामि।

करोद्वर्तनसमर्पणम्—दोनों हाथ से करोद्वर्तन लेकर समर्पित करे—

ॐ नानासुगन्धिद्रव्यं च चन्दनं रजनीयुतम्।
उद्वर्तनं मया दत्तं मातृकां प्रतिगृह्यताम्॥

विभिन्न प्रकार के सुगन्धित द्रव्य चन्दन तथा रजनी पुष्प से युक्त करोद्वर्तन हम प्रदान करते हैं, गणेश सहित मातृकायें प्रेमपूर्वक ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा करोद्वर्तनार्थे चन्दनानुलेपनं समर्पयामि।

ताम्बूलादिसमर्पणम्—दोनों हाथ से ताम्बूल लेकर समर्पित करे—

ॐ आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरणमयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे घर में भक्तों पर सर्वदा दयार्द्रचित्त रहें, समस्त भुवन जिनकी याचना करते हैं, दुष्टों को दण्ड देनेवाली, यष्टिवत् अवलम्बनीया, सुन्दर वर्णवाली, सुवर्ण स्वरूपा एवं सुवर्ण की माला धारण करनेवाली सूर्यज्वाला अर्थात् जिस प्रकार सूर्य अपने प्रकाश और वृष्टि द्वारा जगत् का पालन-पोषण करता है, उसी प्रकार लक्ष्मी ज्ञान और धन के द्वारा जगत् का पालन-पोषण करती है, अतः प्रकाशस्वरूपा लक्ष्मी को हमारे लिए प्रदान करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा मुखशुद्ध्यर्थे पूङ्गीफलमेलालवङ्गादि-नागवल्लिदलसहितताम्बूलवीटिकां समर्पयामि।

फलादिसमर्पणम्—दोनों हाथ से फलपात्र लेकर समर्पित करे—

ॐ द्राक्षाखर्जूरकदलीपनसाऽऽम्रं कपित्थकम्।
नारिकेलेक्षुजम्ब्यादि फलानि प्रतिगृह्यताम्॥

हे देव! द्राक्षा (किसमिस), खर्जूर (खजूर), कदली (केला), पनस (कटहल), आम्र (आम), कपित्थ (कैथ), नारिकेल (नारियल), इक्षु (गन्ना), जम्बूफल (जामुन) आदि फलों को आपके प्रसन्नता के लिए लाया हूँ, प्रेमपूर्वक ग्रहण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा ऋतुकालोद्भवफलानि समर्पयामि।

दक्षिणासमर्पणम्—दोनों हाथ से दक्षिणा लेकर समर्पित करे—

ॐ पूजाफलसमृद्ध्यर्थं तवाग्रे स्वर्णमीश्वरि!।
स्थापितं तेन मे प्रीता पूर्णान्कुरु मनोरथान्॥

पूजा के पूर्ण फल की समृद्धि के लिए स्वर्णमयी मुद्रा आपके सामने समर्पित भाव से स्थापित है, जिसे स्वीकार तथा प्रसन्न मन होकर हमारे मनोरथों को पूर्ण करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा कृतायाः पूजायाः साद्गुण्यार्थे द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

नीराजनसमर्पणम्—दोनों हाथों से नीराजन लेकर घुमाये—

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं तु प्रदीपितम्।
आरार्तिकमहं कुर्वे पश्य मे वरदो भव॥

कदली (केले के वृक्ष के) गर्भ से उत्पन्न कर्पूर प्रदीपित करके आपकी आरती हम करते हैं, जिसे देखकर आप प्रसन्न हों तथा हमारी समस्त कामनापूर्ति के लिए वर प्रदान करें।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा नीराजनं समर्पयामि।

परिक्रमासमर्पणम्—दोनों हाथ से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतिं गावोदास्योऽश्वां विन्देयं पुरुषानहम्॥

हे जातवेद अग्ने! आप मेरे यहाँ उस जगद्‌विख्यात लक्ष्मी को, जो मुझे छोड़कर अन्यत्र कहीं न जानेवाली हों, उन लक्ष्मी को प्राप्त करायें। जिन लक्ष्मी के द्वारा मैं सुवर्ण, उत्तम ऐश्वर्य, गौ, दासी, घोड़े, और पुत्र-पौत्रादि को प्राप्त करूँ, अर्थात् अचला लक्ष्मी को प्राप्त करूँ।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा प्रदक्षिणां समर्पयामि।

पुष्पाञ्जलिसमर्पणम्—दोनों हाथ से पुष्प लेकर समर्पित करे—

ॐ यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
श्रियः पञ्चदशर्थञ्च श्रीकामः सततं जपेत्॥

मनुष्य शुचिता को प्राप्तकर अर्थात् शुद्ध होकर लक्ष्मी की कामना से श्रद्धापूर्वक पवित्र मन और सावधान होकर प्रतिदिन अग्नि में गौ के घृत का होम करे और उसके साथ लक्ष्मीसूक्त तथा श्रीसूक्त के पूर्वोक्त पन्द्रह ऋचाओं का प्रतिदिन निरन्तर जप करता रहे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

प्रार्थना—दोनों हाथ से पुष्प लेकर प्रार्थना करके समर्पित करे—

उद्यच्छीतांशुरश्मिद्युतिचयसदृशी फुल्लपद्मोपविष्टां,
वीणानागेन्द्रशंखाऽऽयुधपरशुधरां दोर्भिरीड्यैश्चतुर्भिः।
मुक्ताहारांशुनानामणियुतहृदयां सिन्धुपात्रं वहन्तीं,
वन्देऽभीड्यां भवानीं प्रहसितवदनां साधकेष्टप्रदात्रीम्॥

उदयकालिक चन्द्रमा के प्रकाश के समान खिले हुए कमल पर बैठी हुई, चारो हाथों में क्रमशः वीणा, नाग, शङ्ख, आयुध, परशु धारण की हुई, हृदय पर मुक्तामणि जटित हार धारण की हुई, अमृतपात्र को हाथ में धारण की हुई, प्रसन्न मन से मधुर-मधुर हास्य करती हुई, साधकों के मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाली भवानी की मैं वन्दना करता हूँ।

देवि प्रसीद परमा भवती भवाय,
सद्यो विनाशयसि कोपवती कुलानि।
विज्ञातमेतदधुनैव यदस्तमेत-
न्नीतं बले सुविपुलं महिषासुरस्य॥२॥

हे देवि! हम पर प्रसन्न हों, परमात्मास्वरूपा आपके प्रसन्न होने पर जगत् का अभ्युदय

होता है और महिषासुर की यह विशाल सेना क्षणभर में आपके कोप से नष्ट हो गयी इससे स्पष्ट है कि क्रोध में भर जाने पर आप तत्काल सम्पूर्ण कुलों को नाश कर डालती हैं॥१॥

पूजनसमर्पणम्—दोनों हाथ से जल लेकर पूजन समर्पित करे—

अनेन पूजनेन विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेवता प्रीयतां न मम।

समर्पण के बाद योनिमुद्रा प्रदर्शित करते हुए प्रणाम करे। पुष्पाञ्जलि प्रदान कर देवी के सहस्रनामों से पुष्पादिकों से अर्चन करे।

प्रधानदेवतापूजनं परिपूर्णम्

❁

दैनिकबलिदानम्

सङ्कल्पः—**ॐ विष्णुः-विष्णुः-विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्रीब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्द्धे विष्णुपदे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे युगे कलियुगे कलिप्रथमचरणे भूर्लोके भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तैकदेशे** (यदि वाराणसी में कर्म कर रहे है तो **अविमुक्तवाराणसीक्षेत्रे महाश्मशाने गौरीमुखे त्रिकंटकविराजिते भागीरथ्याः पश्चिमे तीरे**) **विक्रमशके बौद्धावतारे अमुकनामसंवत्सरे अमुकायने अमुकऋतौ महामाङ्गल्यप्रद मासोत्तमे मासे पुण्यपवित्रमासे अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकयोगे अमुककरणे अमुकराशिस्थिते श्रीचन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते श्रीदेवगुरौ शेषेषु सर्वेषु ग्रहेषु यथा-यथाराशिस्थानस्थितेषु सत्सु एवं ग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकशर्मा नामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये श्रीइष्टदेवताप्रीतये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरापुरश्चरणसिद्धये नारिकेलबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं नारिकेलबलिमण्डलाय नमः। नारिकेलबलिमण्डल पर जल छोड़े।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं नारिकेलबलिमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि **समर्पयामि।** नारिकेलबलिमण्डल पर गन्धाक्षतपुष्प छोड़े।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं नारिकेलदेयबलये नमः। नारिकेलबलि को मण्डल पर स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं नारिकेलदेयबलये नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि **समर्पयामि।** नारिकेलबलि पर गन्धाक्षतपुष्प छोड़े।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतपरब्रह्ममहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा नारिकेलदेयबलिं तुभ्यं समर्पयामि। हाथ में जल लेकर नारिकेलबलि समर्पित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हुं फट्। नारिकेलबलि पूजन के बाद वीरासन मुद्रा से एक हाथ से एक ही बार में बलि का स्फोटन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतपरब्रह्ममहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा प्रत्यङ्गिरां तर्पयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं चरकीं तर्पयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विदारीं तर्पयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं पूतनां तर्पयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं पापराक्षसीं तर्पयामि।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरायै स्वाहा नारिकेलबलिं समर्पयामि।

बलिदानसमर्पणम्—दोनों हाथ से जल लेकर बलिदान समर्पित करे—

अनेन बलिदानेन विपरीतमहाप्रत्यङ्गिरादेवता प्रीयतां न मम।

समर्पण के बाद योनिमुद्रा प्रदर्शित करते हुए प्रणाम कर पुष्पाञ्जलि प्रदान करे—

वटुकबलिदानम्

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये वटुकायपायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**



ईशानकोण में वटुक के लिए बलिप्रदान करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिपात्राधारमण्डलाय नमः। मण्डल स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिपात्राधारमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। ईशानकोण में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिपात्राय नमः। बलिपात्र स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र का पूजन करके वामाङ्गुष्ठानामिका अङ्गुलि से बलि रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिद्रव्याय नमः। बलिद्रव्य स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं वँ वटुकबलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिद्रव्य का पूजन करके संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं एह्येहि देविपुत्र बटुकनाथ कपिलजटाभारभास्वर त्रिनेत्र ज्वालामुख सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान्कामाश्च पूरय पूरय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हुँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

ॐ करकलितकपालः कुण्डली दण्डपाणिः,
तरुणतिमिरनीलव्यालयज्ञोपवीती ।

क्रतुसमयसपर्या विघ्नविच्छेदहेतु:,
जयति वटुकनाथ: सिद्धिद: साधकानाम्॥१॥

हाथों में कपाल और दण्ड लिए हुए, कानों में कुण्डल धारण किये हुए, तरुण अवस्थावाले, घोर अन्धकार के समान नीले बालों वाले, यज्ञोपवीत को धारण किये हुए, यज्ञ के समय पूजित, विघ्नों को नष्ट करने के लिए, साधकों को सिद्धि प्रदान करने वाले, वटुकभैरव का पूजन करता हूँ॥१॥

श्रीभैरवो रुद्रमहेश्वरो यो महामहाकाल अधीश्वरोऽथ।
यो जीवनाथोऽत्र विराजमान: श्रीभैरवं तं शरणं प्रपद्ये॥२॥

जो श्रीभैरव, महेश्वररुद्र, महामहाकाल, अधीश्वर, जीवों के स्वामी विराजमान हैं अपनी रक्षा के लिए हम उन श्रीभैरव की शरण में है॥२॥

पुष्पाञ्जलि:

बलिदानेन सन्तुष्टो बटुक: सर्वसिद्धिद:।
शान्तिं करोतु मे नित्यं भूतवेतालसेवित:॥

बलिदान से सभी सिद्धियों को देने वाले भूतवेतालों से सेवित बटुकभैरव प्रसन्न हों और सदैव शान्ति प्रदान करें।

बलिदानसमर्पणम्—**अनेन बलिदानेन बटुक: प्रीयतां न मम।**

योगिनीबलिदानम्



सङ्कल्प:—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्र: अमुकप्रवर: अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये योगिनीभ्य: पायसान्नद्रव्यै: पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं यॉं योगिनीबलिपात्राधारमण्डलाय नम:। मण्डल स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं यॉं योगिनीबलिपात्राधारमण्डलाय नम: सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षत-पुष्पाणि समर्पयामि नम:। अग्निकोण में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र को अग्नि कोण में रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ योगिनीबलिपात्राय नमः। बलिपात्र स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ योगिनीबलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र का पूजन करके वामाङ्गुष्ठानामिका अङ्गुलि से बलिपदार्थ रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ योगिनीबलिद्रव्याय नमः। बलिद्रव्य स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ योगिनीबलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिद्रव्य का पूजन करके संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं याँ सर्वेभ्यो योगिनीभ्यो फट् सर्ववर्णयोगिनीभ्यो नमः सर्वशक्तिभ्यः त्रिनेत्रसर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामांश्च पूरय पूरय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हुँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

ॐ ऊर्ध्वं ब्रह्माण्डतोया दिवि गगनतले भूतले निष्कले वा,
पाताले वाऽनले वा सलिलपवनयोः यत्र कुत्र स्थितो वा।
क्षेत्रे पीठोपपीठे दिशि च कृतपदा धूपदीपादिकेभ्यः,
प्रीता देव्या सदा नः शुभविधिबलिभिः पातु वीरेन्द्रवन्द्या॥

ऊपर ब्रह्माण्ड में, द्युलोक में, आकाश में, भूतल पर, निष्कल अवस्था में, जल में, स्थल पर, पाताल में, अनल में, सुन्दर शीतल उपवन में जहाँ तहाँ रहनेवाली योगिनी वर्ग, क्षेत्र, पीठ, उपपीठ, दिशाओं में रहनेवाली, धूप-दीपादि के द्वारा पूजित होकर, प्रसन्न होकर, वीरों के द्वारा पूजित योगिनियाँ प्रसन्न हों और सभी प्रकार का हमें शुभता प्रदान करें।

पुष्पाञ्जलिः

योगिनीयोगमाया च योगिनां सिद्धिदायिनी।
षड्चक्रभेदिनी देवि सर्वविघ्नविनाशिनी॥१॥

योगमायायोगिनी, योगियों को सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करनेवाली, षड्चक्रों का भेदन करनेवाली, सभी विघ्नों का विनाश करनेवाली॥१॥

योगिनी योगमाया च सर्वभैरवमोहिनी।
सर्ववीर्यमहातेजाः सर्वत्र शुभदायिनी॥२॥

सभी भैरवों को मोहित करनेवाली योगमाया योगिनी, सभी प्रकार की बलशालिनी महानतम तेजवाली, सभी हमें शुभता प्रदान करें॥२॥

या काचिद्योगिनी रौद्रा सौम्या घोरा परात्परा।
द्यु-व्योम-भूमिचारिण्यः सर्वाः प्रीतास्तु मे सदा॥३॥

जो कोई योगिनी भी रौद्र, सौम्या, घोर, परात्परा, द्युव्योमभूमिचारी समस्त योगिनियाँ सभी प्रसन्न होकर हमें शुभता प्रदान करें॥३॥

बलिदान समर्पणम्—**अनेन बलिदानेन सर्वयोगिन्यः प्रीयतां न मम।**

गणेशबलिदानम्



सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये गणशायपायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिपात्राधारमण्डलाय नमः। मण्डल स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिपात्राधारमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। नैर्ऋत्यकोण में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिपात्राय नमः। बलिपात्र स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र का पूजन करके वामाङ्गुष्ठानामिका अङ्गुलि से बलि रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिद्रव्याय नमः। बलिद्रव्य स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गणेशबलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिद्रव्य का पूजन करके संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं गँ गाँ गीँ गूँ गैँ गौँ गः गणेशाय नमः भो गणेश! सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामाश्च पूरय पूरय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हुँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

ॐ ॐ ॐकाररूपं त्र्यमिति च परं यत् स्वरूपं तुरीयं,
त्रैगुण्यातीतनीलं कलयति मनसस्तेज-सिन्दूर-मूर्तिम्।
योगीन्द्रैर्ब्रह्मरन्ध्रैः सकलगुणमयं श्रीहरेन्द्रेण सङ्गं,
गं गं गं गं गणेशं गजमुखमभितो व्यापकं चिन्तयन्ति॥१॥

ओंकारत्रय रूप से परमतुरीय जो ब्रह्मरूप, सत्त्वरजतम तीनों गुणों से अतीत रूपोंवाले, मन से भी तेज, सिन्दूर के रूप(वर्ण)वाले, जिसकी मूर्तिमान्, योगियों के द्वारा वन्द्य, सकल

गुणों के खान, ब्रह्मरन्ध्र में रहनेवाले, श्रीहरि के साथ गं गं गं गं बीजरूपी गज मुखवाले व्यापक गणेश का ध्यान करता हूँ॥१॥

विदेहरूपं भवबन्धहारं सदा स्वनिष्ठं स्वसुखप्रदत्तम्।
अमेयसांख्येन च लक्ष्यमीशं गजाननं भक्तियुतं भजामः॥२॥

विदेह रूपवाले, भवसागर के बन्धन को समाप्त करनेवाले, सदा अपने (ब्रह्मभाव) में ही स्थित रहने वाले, आत्म सुख को प्रदान करनेवाले, मायाविहीन, सांख्य के द्वारा बोधगम्य, ईश्वर गजानन का भक्ति पूर्वक भजन करता हूँ॥२॥

कल्पद्रुमाधः स्थितं कामधेनुं चिन्तामणिं दक्षिणपाणिशुण्डम्।
विभ्राणमत्यद्भुतचित्तरूपं यः पूजयेत् तस्य समस्तसिद्धिः॥३॥

कल्पवृक्ष के समान, कामधेनु के सदृश, कामनाओं की पूर्ति करने में दक्ष, चित्त में अत्यद्भुत रूप से जो पूजन करता है, उसकी समस्त कामनायें सिद्धि होती है॥३॥

पुष्पाञ्जलिः

ॐ गजाननाय पूर्णाय सांख्यरूपमयाय ते।
विदेहेन च सर्वत्र संस्थिताय नमो नमः॥१॥

सांख्यरूपमय पूर्ण ब्रह्म गजानन बिना देह के निष्कल भाव से सर्वत्र संस्थित, हे गणेश! आपको नमस्कार है, पुनः नमस्कार है॥१॥

अमेयाय च हेरम्ब परशुधारकाय ते।
मूषकवाहनायैव विघ्नेशाय नमो नमः॥२॥

माया विहीन, परशु धारण करनेवाले, हेरम्व, मूषक जिसका वाहन है, सम्पूर्ण विश्व के मालिक आपको नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है॥२॥

अनन्तविभवायैव परेशां पररूपिणे।
शिवपुत्राय देवाय गुहाग्रजाय ते नमः॥३॥

अनन्तविभवों से युक्त, परईश्वर, परस्वरूपवाले, शिव के पुत्र, गुहाग्रज देवता के लिए नमस्कार है॥३॥

पार्वतीनन्दनायैव देवानां पालकाय ते।
सर्वेषां पूज्यदेहाय गणेशाय नमो नमः॥४॥

पार्वतीनन्दन, देवताओं के पालक, सभी शरीरधारियों में परमपूज्य श्रीगणेश को नमस्कार है॥४॥

विघ्नेशवीर्याणि विचित्रकाणि बन्दीजनैर्मागधकैः स्मृतानि।
श्रुत्वा समुत्तिष्ठ गजानन त्वं ब्राह्मैर्जगन्मङ्गलकं कुरुष्व॥५॥

हे विघ्नेश! आपके पराक्रम विचित्र है, बन्दीजन आपका अगाधरूप से स्मरण करते

हैं, जिसे सुन कर आप उठें और हे गजानन रूपी ब्रह्म! जगत् का मङ्गल करें।।५।।

बलिदानसमर्पणम्—**अनेन बलिदानेन गणेशः प्रीयतां न मम।**

क्षेत्रपालबलिदानम्



सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये क्षेत्रपालायपायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिपात्राधारमण्डलाय नमः। मण्डल स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिपात्राधारमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। वायव्यकोण में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिपात्राय नमः। बलिपात्र स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र पूजन करके वामाङ्गुष्ठानामिका अङ्गुलि से बलिपदार्थ रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिद्रव्याय नमः। बलिद्रव्य स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षँ क्षेत्रपालबलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिद्रव्य का पूजन करके संकल्प करके समर्पित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं क्षाँ क्षीँ क्षूँ क्षैँ क्षौँ क्षः क्षेत्रपालाय नमः भो स्थानक्षेत्रपाल सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामाश्च पूरय पूरय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हुँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

वन्दे बालं स्फटिकसदृशं कुण्डलोद्भासिताङ्गं,
दिव्याकल्पैर्नवमणिमयैः किङ्किणीनूपुराद्यैः।
दीप्ताकारं विशदवदनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रं,
हस्ताग्राभ्यां वटुकसदृशं शूलदण्डोपधानाम्॥१॥

स्वच्छ स्फटिक के सदृश, कुण्डल से सुशोभित, दिव्यमणियों से बने हुए नूपूर और

किंकिणी से सुशोभित, प्रसन्न, शिव की भाँति पुलकित मुखवाले, कमलवत् करों में सदा शूल और तलवार धारण करनेवाले, बालस्वरूप क्षेत्रपाल का ध्यान करता हूँ॥१॥

उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागस्रजं,
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः।
नीलग्रीवमुदारभूषणयुतं शीतांशुखण्डो ज्वलं,
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावये॥२॥

उदयकालीन सूर्य के समान लाल कान्तिवाले, तीन नेत्रोंवाले, रक्त पुष्पमाला से युक्त, पुलकित मुखवाले, वरदाता, कपाली, निर्भय, हाथ में शूल धारण करनेवाले, नील ग्रीवावाले, आभूषणों से युक्त, खण्ड चन्द्रमा के समान उज्ज्वल मधूक पुष्प के समान लाल वस्त्र धारण किये हुए, भय को दूर भगानेवाले क्षेत्रपाल का ध्यान करता हूँ॥२॥

वन्दे नीलाद्रिकान्तं शशिशकलधरं मुण्डमालं महेशं,
दिग्वस्त्रं पिङ्गकेशं डमरुमथसृणिं खड्‌गपाशाभयानि।
नागं घण्टां कपालं करसरसिरुहैर्बिभ्रतं भीमदंष्ट्रं,
दिव्याकल्पं त्रिनेत्रं मणिमयविलसत्किङ्किणीनूपुराढ्य॥३॥

त्रिलोक के स्वामी, द्वितीया के चन्द्रकला को धारण करनेवाले, मुण्डमाला पहने हुए, महेश्वर, दिगम्बर, पीत केशवाले, हाथ में डमरु, शूल, खड्‌ग, पाश और अभय धारण करनेवाले तथा नाग, घण्टा, कपाल हाथ में सुशोभित, विशाल दाँतोंवाले, दिव्य आभूषणों से सुसज्जित, त्रिनेत्र तथा नाना मणियों से जटित किंकिणी और नूपूर धारण किये हुए क्षेत्रपाल का ध्यान करता हूँ॥३॥

ॐ यं यं यं यक्षरूपं दशदिशिवदनं भूमिकम्पायमानं,
सं सं संहारमूर्तिं शुभमुकुटजटाशेखरं चन्द्रबिम्बम्।
दं दं दं दीर्घकायं विकृतनखमुखं चोर्ध्वरोमं करालं,
पं पं पं पापनाशं प्रणमत सततं भैरवं क्षेत्रपालम्॥४॥

यक्षरूप वदनवाले, दशों दिशाओं में भूमि को कम्पित करनेवाले, संहार के मूर्ति चन्द्रबिम्बवाले सुन्दर शुभ मुकुट को धारण करनेवाले, जटा जिसके सिर पर स्थित है, दीर्घशरीरवाले, विशाल नखमुखवाले, ऊपर की तरफ विकराल रोमोंवाले, समस्त पापों के स्मरण मात्र से नष्ट करनेवाले, क्षेत्रपाल को सतत प्रणाम करता हूँ॥४॥

पुष्पाञ्जलिः

ॐ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्तदहनोपम।
क्षेत्रपाल नमस्तुभ्यं, अनुज्ञां दातुमर्हसि॥१॥

तीक्ष्ण दातों वाले, महाकाय, कल्पान्त में सृष्टि का संहार करनेवाले, क्षेत्रपाल को नमस्कार है, हे क्षेत्रपाल! हमें पूजन की अनुमति प्रदान करें तथा हमारी सर्वत्र सर्वदा रक्षा करें॥१॥

ॐ यस्मिन् क्षेत्रे निवासी च क्षेत्रपालः सकिङ्करः।
प्रीतोऽयं बलिदानेन सर्वरक्षां करोतु मे॥२॥

इस क्षेत्र के निवासी क्षेत्रपाल के सेवकगण हमारे द्वारा प्रदत्त इस बलिदान से सन्तुष्ट और प्रसन्न होकर हमारी सभी तरफ से रक्षा करें॥२॥

बलिदानसमर्पणम्—**अनेन बलिदानेन क्षेत्रपालः प्रीयतां न मम।**

राजराजेश्वरबलिदानम्



सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये राजराजेश्वरायपायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिपात्राधारमण्डलाय नमः। मण्डल स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिपात्राधारमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। मध्य में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिपात्राय नमः। बलिपात्र स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र का पूजन करके वामाङ्गुष्ठानामिका अङ्गुलि से बलि रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिद्रव्याय नमः। बलिद्रव्य स्थापित करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं हौं राजराजेश्वरबलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिद्रव्य का पूजन करके संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं ह्राँ ह्रीँ ह्रूँ ह्रैँ ह्रौँ ह्रः ह्सौँ स्हौँ राजराजेश्वर! सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामाश्च पूरय पूरय वरवरद सर्वजनं मे वशमानय वशमानय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हुँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

हे चन्द्रचूड मदनान्तक शूलपाणे स्थाणो गिरीश गिरिजेश महेश शम्भो।
भूतेश भीतभयसूदन मामनाथं संसार-दुःख-गहनाज्जगदीश रक्ष॥१॥

हे मस्तक की जटाओं में चन्द्रमा को धारण करनेवाले! हे कामदेव का दहन करनेवाले मदनान्तक! त्रिशूल धारण करनेवाले शूलपाणि! हे स्थाणु! हे पर्वतों के ईश्वर गिरीश! हे गिरिजा के पति गिरिजेश! हे महा ईश्वर! हे समस्त भूतों का कल्याण करनेवाले शम्भु! भूतगणों के मालिक भूतेश! समस्त भयों का नाश करनेवाले भयभीतसूदन! हे जगदीश! मुझ अनाथ की इस संसार के गहन दुःखों से रक्षा करें॥१॥

हे पार्वतीहृदयवल्लभ चन्द्रमौले भूताधिप प्रमथनाथ गिरीशजाय।
हे वामदेव भव रुद्र पिनाकपाणे संसार-दुःख-गहनाज्जगदीश रक्ष॥२॥

हे पार्वती के हृदय में निवास करने वाले! हे चन्द्रमौलि! भूतों के अधिपति! प्रमथादि गणों के नाथ! हे गिरीश! हे वामदेव! हे भव! हे रुद्र! हे पिनाक धनुष को हाथ में धारण करनेवाले! हे जगदीश! मुझ अनाथ की इस संसार के गहन दुःखों से रक्षा करें॥२॥

हे नीलकण्ठ वृषभध्वज पञ्चवक्त्र लोकेश शेषवलय प्रमथेश शर्व।
हे धूर्जटे पशुपते गिरिजापते मां संसार-दुःख-गहनाज्जगदीश रक्ष॥३॥

हे नीलकण्ठ! हे वृषभध्वज! हे पञ्चवक्त्र! हे लोकों के स्वामि! हे प्रलय काल में भी शेष रहने वाले! हे प्रमथादि गणों के ईश्वर! हे शर्व! हे धूर्जटि! हे पशुपति! हे गिरिजा के पति! हे जगदीश! मुझ अनाथ की इस संसार के गहन दुःखों से रक्षा करें॥३॥

हे विश्वनाथ शिवशङ्कर देवदेव गङ्गाधर प्रमथनायक नन्दिकेश।
विश्वेश्वरान्धकरिपो हर लोकनाथ संसार-दुःख-गहनाज्जगदीश रक्ष॥४॥

हे विश्वनाथ! हे शिवशङ्कर! हे देवदेव! हे गङ्गाधर! हे नन्दिकेश! हे विश्वेश्वर! हे अन्धक के रिपु, हे हर! हे लोक के नाथ! हे जगदीश! मुझ अनाथ की इस संसार के गहन दुःखों से रक्षा करें॥४॥

पुष्पाञ्जलिः

गौरीविलासभवनाय महेश्वराय पञ्चाननाय शरणागतरक्षकाय।
शर्वाय सर्वजगतामधिपाय तस्मै दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय॥१॥

गौरी के साथ सम्पूर्ण भुवन में विलास करनेवाले, महेश्वर, पाँच मुखोंवाले, शरण में आनेवाले भक्तों की रक्षा करनेवाले, हे शर्व! समस्त जगत के अधिपति, मैं अपने दुःखदारिद्र्य को नष्ट करने के लिए, हे शिव! आपको नमस्कार है॥१॥

भक्तिप्रियाय भय-रोग-भयापहाय उग्राय दुर्गभव-सागरतारणाय।
ज्योतिर्मयाय गुणनामसुनृत्यकाय दारिद्र्यदुःखदहनाय नमः शिवाय॥२॥

भक्ति से प्रसन्न होनेवाले, भय-रोगादि को हटानेवाले, उग्रस्वरूप दुर्गम भवसागर से तरने के लिए, गुणों के द्वारा प्रसिद्धि पानेवाले ज्योतिमय, मैं अपने दुःखदारिद्र्य को नष्ट करने के लिए, हे शिव! आपको नमस्कार है॥२॥

रामप्रियाय रघुनाथवरप्रदाय नागप्रियाय नरकार्णवतारणाय।
पुण्येषु पुण्यभरिताय सुरार्चिताय दारिद्र्यदु:खदहनाय नम: शिवाय॥३॥

रघुकुलनाथ श्रीराम को परमप्रिय लगनेवाले तथा वरप्रदान करनेवाले, नाग से प्रेम करनेवाले तथा नरक रूपी महासमुद्र से तारनेवाले, देवताओं के द्वारा सदैव अर्चित, पुण्यों में परमपुण्य स्वरूप महेश्वर का अपने दु:खदारिद्र्य को नष्ट करने के लिए हे शिव! आपकों नमस्कार है॥३॥

बलिदानसमर्पणम्—**अनेन बलिदानेन श्रीराजराजेश्वर: प्रीयतां न मम।**

राजराजेश्वर को बलिदान प्रदान करने के बाद वेदी के उत्तर काल को बलिदान करे।

कालबलिदानम्



सङ्कल्प:—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्र: अमुकप्रवर: अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये कालायपायसान्नद्रव्यै: पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिपात्राधारमण्डलाय नम:। कलश से उत्तरदिशा बलि-पात्राधार मण्डल पर जल छोड़े।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिपात्राधारमण्डलाय नम: सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नम:। कलश से उत्तरदिशा में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिपात्राय नम:। बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिपात्राय नम: सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नम:। बलिपात्र पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिद्रव्याय नम:। वाम अङ्गुष्ठ तथा अनामिका अङ्गुलि से बलि रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं कालबलिद्रव्याय नम: सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नम:। द्रव्यपूजन कर संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं काल! सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामाश्च पूरय पूरय वरवरद

सर्वजनं मे वशमानय वशमानय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हूँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

एह्येहि दण्डायुधधर्मराज कालाञ्जनाभासविशालनेत्र।
विशालवक्ष:स्थलरुद्ररूप गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते॥

हे हाथों में दण्डरूपी आयुध धारण करनेवाले धर्मराज! काले-काले अञ्जन के समान विशाल नेत्रोंवाले, विशाल वक्ष:स्थलवाले और भयंकर रूपवाले आपको नमस्कार है, हमारी पूजा को ग्रहण करें।

पुष्पाञ्जलिः

कालाय कालरूपाय कालाञ्जनसमप्रभो।
दक्षिणस्यां कृतावासं कालदेव नमोऽस्तु ते॥१॥

काल, कालरूप, काले अञ्जन के समान, प्रभु, दक्षिण दिशा में वास करनेवाले, कालरूपी देव आपको नमस्कार है।

यमो निहन्तापितृधर्मराजो वैवस्वतो दण्डधरश्च कालः।
प्रेताधिपो दत्तकृपानुसारी कृतान्त एतद्दशभिर्जपन्ति॥२॥

यम, निहन्ता, पितृ, धर्मराज, वैवस्वत, दण्डधारी, काल, प्रेताधिपति, कृपाकरने में उदार, अन्त करनेवाले नामों को धारण करनेवाले हमारे ऊपर कृपावान् हों तथा हम इस दीनदशा में आपका यजन करते हैं आप हमारे ऊपर कृपा करें।

धर्मराज महाबाहो दक्षिणाधिपतये नमः।
रक्तेक्षण महाबाहो मम पीडां निवारय॥३॥

हे महाबाहु धर्मराज! दक्षिण दिशा के अधिपति आपको नमस्कार है, आप इसी क्षण हमारी पीड़ाओं से निवारण कीजिए।

बलिदानसमर्पणम्—हाथ में जल लेकर समर्पण करे—

अनेन बलिदानेन श्रीकालः प्रीयतां न मम।

मृत्युबलिदानम्



सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये मृत्यवेपायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिपात्राधारमण्डलाय नमः। कलश से दक्षिण दिशा में बलिपात्राधार मण्डल पर जल छोड़े।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिपात्राधारमण्डलाय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। कलश से दक्षिणदिशा में मण्डल का पूजन करके बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिपात्राय नमः। बलिपात्र रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिपात्राय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। बलिपात्र पूजन करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिद्रव्याय नमः। वाम अङ्गुष्ठ तथा अनामिका अङ्गुलि से बलि रखे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्योर्बलिद्रव्याय नमः सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि नमः। द्रव्यपूजन कर संकल्प करे।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं मृत्यु! सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वान् कामांश्च पूरय पूरय वरवरद सर्वजनं मे वशमानय वशमानय सर्वोपचारसहित इमां पूजाबलिं गृहाण गृहाण हूँ फट् स्वाहा।

प्रार्थना

अनन्तसंसारमहासमुद्रे मग्नं समंविग्रह अन्तरूप।
अन्तविरूपे विनियोगकारी मृत्युस्वरूपाय नमो नमस्ते॥

हे अन्तरूप! इस अनन्त संसार रूपी महासमुद्र में फँसें हुए हमारी रक्षा कीजिए, हे अन्तरूप! हे विरूप! विनियोग करनेवाले, हे मृत्युस्वरूप! आपको नमस्कार है।

पुष्पाञ्जलिः

मृत्यवे मृत्युरूपाय अन्ताञ्जनसमप्रभो।
दक्षिणस्यां कृतावासं मृत्युदेव नमोऽस्तुते॥

हे मृत्यु! हे मृत्युरूप! जीवन का अन्त करनेवाले, घोर अन्धकार के समान, प्रभु, दक्षिण दिशा में रहनेवाले मृत्युदेव आपको नमस्कार है।

बलिदानसमर्पणम्—हाथ में जल लेकर समर्पण करे—

अनेन बलिदानेन श्रीमृत्युः प्रीयतां न मम।

पीठस्थदिग्पालादिबलिदानम्



पुरश्चरण गृह अथवा मण्डप के बाहर चारो तरफ दिग्पालों को बलिदान प्रदान करे, पूर्व में इन्द्र, अग्निकोण में अग्नि, दक्षिण में यम, नैर्ऋत्यकोण में निर्ऋति, पश्चिम में वरुण, वायुकोण में वायु, उत्तर में सोम, ईशानकोण में ईशान तथा पूर्व और ईशानकोण के बीच में ब्रह्मा तथा अन्त में नैर्ऋत्यकोण तथा पश्चिम के बीच में अनन्त के लिए बलि प्रदान करे।

सङ्कल्पः—**पूर्वोच्चारितग्रहगुणगणविशेषणविशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकनामाऽहं कल्पोक्तफलावाप्तये विपरीतमहाप्रत्यङ्गिराप्रीतये सर्वार्थसिद्धये दशदिग्पालेभ्यः पायसान्नद्रव्यैः पञ्चमहाभूतबलिदानं करिष्ये।**

ऐरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबलः।
शतयज्ञाभिधो देवस्तस्मादिन्द्राय ते नमः॥

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं यो मे पूर्वगतः पाप्मापापकेनेह कर्मणा इन्द्रस्तं देवराजो भञ्जयतु खञ्जयतु मोहयतु नाशयतु मारयतु बलिन्तस्मै प्रयच्छतु कृतं मम शिवं मम शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु।

ॐ हूं ह्रीं क्लीं ऐं यो मे आग्नेयगतः पाप्मापापकेनेह कर्मणा अग्निस्तं तेजराजो भञ्जयतु खञ्जयतु मोहयतु नाशयतु मारयतु बलिन्तस्मै प्रयच्छतु कृतं मम शिवं मम शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु।

